छत्तीसगढ़ विकास
अनुक्रमणिका

क्र.		विवरण	पृश्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना		i
2.	भूमिका		iii
3.	संक्षेपिका		vi
		खण्ड I – सामान्य	
4.	अध्याय – 1	छत्तीसगढ़ – एक परिचय	01
5.	अध्याय – 2	राज्य में वित्तीय संसाधनों का विकास	04
		खण्ड II – प्राकृतिक संसाधन एवं आजीविका	
6.	अध्याय – 3	कृशि एवं खाद्यान्न	
	–	कृशि	20
	–	उद्यानिकी	26
	–	प ुपालन	44
	–	मत्स्यपालन	50
	–	सहकारिता	54
	–	खाद्यान्न सुरक्षा	59
7.	अध्याय – 4	वन – वन एवं वन आधारित उद्योग	67
8.	अध्याय – 5	खनिज संसाधन विभाग	96
9.	अध्याय – 6	जल संसाधन विकास	104
10.	अध्याय – 7	ऊर्जा विकास	120
11.	अध्याय – 8	भू–अभिलेख	147

क्र.		विवरण	पृश्ठ संख्या
		खण्ड III – सामाजिक विकास	
12.	अध्याय – 9	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक विकास	149
13.	अध्याय – 10	ि क्षा एवं मानव संसाधन विकास	
	–	स्कूल ि क्षा एवं साक्षरता	177
	–	उच्च ि क्षा	199
	–	तकनीकी ि क्षा	203
14.	अध्याय – 11	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	233
15.	अध्याय – 12	समाज कल्याण	259
16.	अध्याय – 13	महिला एवं बाल विकास	268
17.	अध्याय – 14	श्रम एवं श्रमिक कल्याण	287
18.	अध्याय – 15	रोजगार	302
19.	अध्याय – 16	पंचायत एवं ग्रामीण विकास	312
20.	अध्याय – 17	खेल एवं संस्कृति	340

क्र.		विवरण	पृश्ठ संख्या
		खण्ड IV – उद्योग एवं अद्योसंरचना विकास	
21.	अध्याय – 18	उद्योग	349
22.	अध्याय – 19	परिवहन	414
23.	अध्याय – 20	नगरीय विकास	430
24.	अध्याय – 21	राजधानी विकास, नगरीय नियोजन एवं ग्राम विकास	446
25.	अध्याय – 22	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	
	–	विज्ञान एवं तकनीकी विकास	457
	–	सूचना एवं प्रौद्योगिकी विकास	461
26.	अध्याय – 23	पर्यटन	478
27.	अध्याय – 24	अन्य – जेल, विधिक सहायता	482
28.	परिि ाश्ट		485

प्रस्तावना

अविभाजित मध्यप्रदेश के एक हिस्से के रूप में छत्तीसगढ़ अंचल की सबसे बड़ी पहचान पिछड़ापन रही है । यहां अधोसंरचना की काफी कमजोर स्थिति, जीवन स्तर की कमजोर स्थिति, शिक्षा और विकास के लिये जरूरी साधनों का जबरदस्त अभाव आदि जानकारियां इस अंचल के पिछड़ेपन को तथ्य और आंकड़ों के साथ प्रमाणित करते रहे हैं । इस तरह छत्तीसगढ़ का प्रमाणित पिछड़ापन आजादी के बाद आधी शताब्दी से ज्यादा समय तक देश के भाग्यविधाताओं के लिए किसी तरह की चिंता या प्राथमिकता का विषय नहीं बन पाया था । केन्द्र में प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार आई तो वास्तव में छत्तीसगढ़ और इसके जैसे देश के तीन अंचलों को पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्त करने के लिए तीन नए राज्यों का गठन किया गया, जो आकार में भले छोटे हो, लेकिन संभावनाओं और अपेक्षाओं के दृष्टि से काफी बड़े है । इस तरह पिछड़ेपन की पहचान समाप्त करने के लिये 1 नवम्बर, 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया ।

मुझे यह कहते हुए हर्ष और गर्व की अनुभूति होती है कि जिस व्यापक सोच और महान सपने के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ था, वह सोच और वह सपना अब साकार होता दिखाई पड़ता है । उस दौर में छोटे राज्य की जरूरत और छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को लेकर भी सवाल उठाए गए थे । लेकिन जिस दृढ़ निश्चय के साथ राज्य गठन का निर्णय लिया गया था, उसी दृढ़ संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ के विकास के रास्ते बनाने में हमें सफलता मिली है ।

जब राज्य की आधी से ज्यादा आबादी गरीब हो, 80 फीसदी आबादी अजीविका के लिए कृषि या वनोपज पर निर्भर हो, जब बिजली, पानी, स्कूल, किताबें, अस्पताल, दवाएं सड़क, पक्की गलियां जैसी बुनियादी जरूरतों का इंतजाम नहीं हुआ हो, तब राज्य की बेहतरी की प्राथमिकता स्वयं तय हो जाती है । हमने साफतौर पर माना कि बुनियादी अधोसंरचना और बुनियादी आवश्यकताएं पूरा करके ही हम छत्तीसगढ़ की दो करोड़ आठ लाख आबादी को विकास के रास्ते पर चलने में समर्थ बना सकते हैं । पिछले पौने पांच सालों के प्रयास इसकी मिसाल है । हमने बेहतरी के मर्म को पहचाना । लोककल्याण की भावनों को शासन और प्रशासन की नसों में उतारा । सीधे असर करने वाली नई योजनाएं बनाई तथा योजना बजट को कई गुना बढ़ाया । योजना के क्रियान्वयन हेतु सतत निरीक्षण एवं कसावट पर ध्यान दिया गया। ग्राम सुराज एवं विकास यात्रा के द्वारा विकास को गति देने का सार्थक पहल किया गया ।

अरबों की लागत से किया गया विकास अब जमीन पर दिख रहा है । मै यह नहीं कहता कि सब कुछ बदल गया है । मै यह भी नहीं कहता कि इतनी जल्दी सब कुछ बदल जाएगा । लेकिन यह बात मैं विश्वास–पूर्वक कह सकता हूं कि हमने जो किया, उसकी तुलना पिछले पचास बरस के साथ की जा सकती है ।

मुझे प्रसन्नता है कि राज्य योजना मंडल ने राज्य गठन से लेकर अब तक की विकास यात्रा के दस्तावेजीकरण का बीड़ा उठाया है । इस बड़े कार्य को "छत्तीसगढ़ विकास" नामक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाना सराहनीय प्रयास है । मैं डॉ. दीनानाथ तिवारी, उपाध्यक्ष, राज्य योजना मंडल और उनकी टीम को यह जिम्मेदारी उठाने के लिये साधुवाद देता हूं । मै चाहता तो था कि राज्य के विकास का दस्तावेज बने, श्री तिवारी ने मेरी सोच को साकार कर दिया है ।

यह पुस्तिका जिज्ञासुओं और सर्वसंबंधितों के लिए उपयोगी होगी । प्रकाशन की सफलता हेतु मेरी शुभकामनाएं ।

(डॉ. रमन सिंह)

भूमिका

महात्मा गांधी ने कहा था कि "भारत गावों का देश है और कृषि भारत की आत्मा है"। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण करते समय श्री अटल जी ने कहा था कि, "नैसर्गिक साधनों से सम्पन्न इस प्रदेश के विकास की अपार संभावनाएं हैं"। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार, "सभी व्यस्कों को उत्पादित एवं लाभकारी कार्य की सुविधा ही आर्थिक लोकतंत्र है। लोकमत का परिष्कार किया जाना चाहिए। प्रकृति एवं मानव के लिए हितकर समरस विकास को अपनाकर ही हम सुख, शान्ति एवं आर्थिक विकास की आशा कर सकते हैं। हमे नीतियों और नीयत में बदलाव लाना होगा। विकास हेतु संकल्प लेना जरूरी है"।

योजना बनाते समय हमारा मुख्य ध्यान गांव, गरीब, किसान वनवासी, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अल्प–संख्यकों की ओर था। जल–जंगल–जमीन–जुवान (छत्तीसगढ़ी) और जीविका के संबंध में हमने उन्हें सभी प्रकार के लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। शहरो की बसाहट सुधारने एवं सभी प्रकार की सुविधाएं देने हेतु विशेष योजनाएं चालू की गई। झोंपड़–पट्टियों में रह रहे लोगों के विकास पर समुचित ध्यान दिया गया। विकास का लाभ समाज के हर वर्ग और प्रदेश के हर अंचल को दिया गया। छत्तीसगढ़ को देश का उत्तम प्रदेश बनाने हेतु योजनाबद्ध विकास पर जोर दिया गया।

कृषि को लाभकारी बनाने का प्रयास किया गया। किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलाने और फसल नष्ट होने अथवा नुकसान होने पर समुचित राहत दी गई। सिंचाई की कारगर व्यवस्था, बेहतर बीज, खाद, तकनीक, कृषि ऋण 3 प्रतिशत की दर पर, पशुपालन एवं, डेयरी विकास, मछलीपालन तथा कृषि आधारित उद्योगों के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पर्याप्त सुधार हुआ।

गांव सड़कों से जुड़े तथा बिजली, पानी, टेलीफोन की सुविधा मिलने लगी। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार की सुविधा मिलने से लोगों के गांव से पलायन में बहुत कमी आई। गरीबों की बुनियादी जरूरतों को समझते हुए उन्हे 3 रूपये किलो की दर से 35 किलो चावल प्रतिमाह, प्रति परिवार दिया गया। आदिवासी अपनी कीमती वनोपज नमक से बदलते थे अतः उन्हें शोषण से बचाने हेतु 25 पैसे प्रति किलो के हिसाब से अमृत नमक (आयोडाईज्ड नमक) दिया गया। गरीब परिवारों को बिना राशनकार्ड के मिट्टी तेल, 9 लाख से अधिक गरीब परिवारों को एकल बत्ती द्वारा मुफ्त बिजली एवं 49 लाख राशनकार्ड धारकों को रियायती दरो पर खाने का तेल दिया जा रहा है ताकि उन्हें मंहगाई से राहत मिल सके।

वनवासियों को वनभूमि के अधिकार पत्र दिये जा रहे हैं। वनग्रामों का समन्वित विकास किया गया। वनोपज के संग्रहण एवं विपणन से उन्हें आर्थिक लाभ मिला। बायोडीजल एवं बांस अभियान से उन्हें बड़ा लाभ मिला। नये स्कूल, आश्रम शाला, मुफ्त गणवेश, बालिकाओं को साईकिलें, मध्यान्ह भोजन आदि से वनवासी बालक/बालिकाओं की साक्षरता में व्यापक सुधार हुआ।

शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है आज हर गांव शिक्षा से जुड़ा हैं। उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा में भारी परिवर्तन आया हैं। प्रदेश के युवाओं के लिए उज्जवल भविष्य की नई राहें खुली हैं।

अभाव और संकट की हर स्थिति में महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित होती हैं और जब अभाव दूर हो रहा हो तो इसका सीधा असर वे महसूस कर रही हैं। राज्य में महिला सशक्तिकरण की ऐसी अलख जगी है कि हर महिला अपनी शक्ति को पहचान कर घर और समाज के साथ प्रदेश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। पंचायतीराज में 50 प्रतिशत महिलाओं के प्रतिनिधित्व को आरक्षण देकर उनकी स्थिति अधिक मजबूत की जा रही हैं।

सभी के स्वास्थ्य रक्षा हेतु प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के क्षेत्र में नये आयाम जुड़े है। भारतीय चिकित्सा पद्धति की सुविधायें जन-जन को मिल रही है। स्वच्छता देवत्व-तुल्य हैं। हरियाली तथा पर्यावरण के प्रति सभी गांवों को 2012 तक हम निर्मल-गांव बनाने हेतु प्रयासरत है। जल संरक्षण, जल संवर्धन, जल उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। इस संबंध में जन-सहभागिता हेतु जल-महोत्सव अभियान चलाया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली ठीक की गई, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में शानदार उपलब्धि रही, बिजली उत्पादन मे हम आगे हैं, औद्योगिक विकास तेजी से बढ़ रहा है एवं रोजगार के अवसर बढ़े हैं। पुल, सड़क, भवन एवं सिंचाई योजनाएं समय से पूर्व ही बनकर विकास के प्रति लोगों का विश्वास अर्जित कर रही हैं।

अरबों की लागत से किया गया विकास जमीन पर दिख रहा है परन्तु तुलसीदास जी के शब्दो में, "जाने बिनु ना होई परतीती"। अतः "छत्तीसगढ़ विकास" पुस्तक के द्वारा हम जन–जन तक विकास की जानकारी देकर उनका विश्वास अर्जित करना चाहते हैं। जन–जागरण से जन–कल्याण की प्रक्रिया अपनाकर ही गरीबी, निरक्षरता, बीमारी, विषमता, शोषण, भष्ट्राचार एवं नक्सलवाद से छुटकारा मिलेगा।

हम डॉ. रमन सिंह की समरसता, आत्मीयता, सौहार्द के साथ विश्वास हेतु आभारी हैं। उनके मार्गदर्शन में ही करिश्माई विकास संभव हो सका। हम सभी मंत्रियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के सहयोग हेतु कृतज्ञ हैं। जनता जर्नादन से हमारा सीधा सबंध रहा तथा मीडिया ने विकास को सदैव वरीयता दी जिसके लिए हम आभारी है। योजना आयोग, भारत सरकार का हमे पूरा समर्थन मिला जिसके लिए हम कृतज्ञ हैं।

योजना मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पुस्तक के तैयार करने में सराहनीय कार्य किया एवं श्रीमती शोभा सुब्रमण्यम, सदस्य सचिव, श्री विनोद कुमार लाल, सुश्री डॉ0 सुलोचना हबलानी, एवं श्री जे.एस.विरदी, का विशेष योगदान रहा। आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि पुस्तक द्वारा प्रदत्त जानकारी से जहां लोगों का ज्ञानवर्धन होगा वही भविष्य में जनसहयोग से विकास में तेजी आयेगी। आइये छत्तीसगढ़ राज्य को अव्वल प्रदेश बनाने का संकल्प ले।

डॉ0 दीनानाथ तिवारी
उपाध्यक्ष
राज्य योजना मंडल

छत्तीसगढ़ विकास – संक्षेपिका

परिचय

1 नवम्बर, सन् 2000 को भारत वर्श के 26 वें राज्य के रूप में "छत्तीसगढ़" का उदय हुआ। पूर्व में अंग्रेजों के भाासन में छत्तीसगढ़ सेंट्रल प्राविन्स एण्ड बरार का हिस्सा था। 1956 में जब भाशायी आधार पर राज्यों का निर्माण हुआ तब छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदे ा में भाामिल किया गया।

छत्तीसगढ़ प्राकृति संसाधनों से भरपूर आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जो कृषि में धान की अधिकता के कारण धान के कटोरे के नाम से जाना जाता है । गत 8 वर्षों में राज्य ने प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करते हुए आम जनता के हित को ध्यान में रखकर विकास के नये आयामों को अर्जित किया है । परिणाम स्वरूप रोजगार के लिए पलायन में कमी, आजीविका में सुधार, लघु वनोपज के व्यापार से आर्थिक संपन्नता, सिंचित क्षेत्र में वृद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, साक्षरता में वृद्धि के साथ–साथ ऊर्जा उत्पादन में स्वाबलंबी बनकर शानदार सफलता अर्जित की है।

राज्य में वित्तीय एवं आर्थिक संसाधनों का विकास

परंपरागत ज्ञान में विकास की परिभाशा को केवल आर्थिक विकास के परिपेक्ष्य में ही माना जाता है। मानव विकास की अवधारणा के प्रार्दुभाव के साथ ही विकास की अवधारणा को सामाजिक एवं आर्थिक संकेतांकों के साथ संबद्ध किया गया ।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद के तीनों क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि हो रही है । प्रचलित भावों पर प्राथमिक क्षेत्र का सकल घरेलू राज्य उत्पाद प्रचलित दरो पर वर्श 2006–07 में 17,56,055 लाख रू. द्वितीयक क्षेत्र का सकल घरेलू राज्य उत्पाद वर्श 2006–07 में 19,97,970 लाख रू. एवं तृतीय क्षेत्र का सकल घरेलू राज्य उत्पाद वर्श 2006–07 में 21,78,103 लाख रू. हो गया है। कुल सकल घरेलू राज्य उत्पाद वर्श 2000–01 के 26,08,500 लाख रू. से बढ़कर वर्श 2006–07 में 59,32,128 लाख रू. हो गया है एवं इसमें 127.42 प्रति ात वृद्धि दर्ज की गई ।

प्रचलित भावों के आधार पर प्रतिव्यक्ति आय 12,601 रू. से बढ़कर 25,680 रू. हो गई है। इस प्रकार प्रचलित भावों के आधार पर प्रतिव्यक्ति आय में 103.79 प्रति ात वृद्धि दर्ज की गई ।

वित्तीय संसाधनों का विकास

राज्य सरकार द्वारा मध्यम अवधि राजकोशीय सुधार कार्यक्रम बनाया गया है तथा केन्द्र सरकार से इस हेतु दिये गये प्रोत्साहन कोष का महत्वपूर्ण राजकोशीय चरों (Variables) में सुधार कर लाभ लिया गया है । बारहवें वित्त आयोग के अनुशंसाओं के अनुरूप राज्य में 'छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंध अधिनियम–2005' प्रभावशील है तथा राज्य द्वारा वर्श 2007–08 में ''आऊटकम बजट'' तथा वर्श 2008–09 में ''परफार्मेन्स बजट'' प्रस्तुत किया जा चुका है ।

राज्य के परिप्रेक्ष्य में राजस्व घाटे का स्तर शुरूआत के तीन वर्शों में 2% से भी कम रहा है तथा तदोपरान्त छत्तीसगढ़ राज्य में राजस्व आधिक्य की स्थिति रही है।

राज्य में राजकोशीय घाटे की स्थिति बारहवें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा 3 प्रतिशत के अन्दर रखने में सफलता प्राप्त की गयी है । राज्य के आयोजनेत्तर राजस्व व्यय का शतप्रतिशत भार विगत तीन वर्शों से राज्य अपने स्वयं के राजस्व से वहन करने में सफल रहा है, जो इसकी बेहतर वित्तीय अनुशासन का द्य ोतक है ।

राज्य के राजस्व प्राप्तियों का लगभग 60 प्रति ात राजस्व स्वयं के संसाधनों से प्राप्त किया जाता है । इसके अलावा लगभग 25–26 प्रति ात केन्द्रीय करों के अं ा के रूप में तथा 14–15 प्रति ात केन्द्र से सहायक अनुदान के रूप में प्राप्त होता है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के समय राज्य का कुल बजट प्रावधान रूपये 5704.51 करोड़ था जो वर्श 2008–09 में बढ़कर रू. 18,285.80 करोड़ हो गया, इसमें वार्शिक राज्य आयोजना लगभग रूपये 1312.27 करोड़ की थी, जो सात गुना से अधिक बढ़कर वर्श 2008–09 में रूपये 9600.00 करोड़ हो गई। राज्य के

आयोजना का कम से कम 38% अनुसूचित जनजाति उपक्षेत्र योजना के लिये तथा 12% अनुसूचित जाति उपक्षेत्र योजना के लिये किया जा रहा है जो उनकी जनसंख्या के अनुपात से अधिक है।

राज्य के वित्त का यह सुखद पहलू यह है कि उसके पूंजीगत व्यय में तीव्र वृद्धि हुई है तथा वर्श 2001–02 में जहां यह रू. 575.94 करोड़ था वहीं वर्श 2008–09 में बढ़कर रू. 3903.46 करोड़ हो गया है जो लगभग 7 गुना अधिक है ।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद की तुलना में राज्य का लोक ऋण अन्य गैर–वि ोश श्रेणी राज्यों की तुलना में काफी संतोशजनक है। वर्तमान में मार्च 2008 की स्थिति में राज्य की कुल देयता सकल राज्य घरेलू उत्पाद का लगभग 18 प्रति ात है । वहीं राज्य के कुल राजस्व प्राप्ति के तुलना में ब्याज भुगतान कम होकर वर्श 2008–09 में 7.37 प्रति ात रह गया है तथा स्वयं के राजस्व प्राप्ति के तुलना में ब्याज भुगतान निरंतर कम होकर वर्श 2008–09 में 13.81 प्रति ात रह गया है। राज्य सरकार अपनी चालू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये कभी भी ओव्हर ड्राफ्ट अथवा अर्थोपाय अग्रिम पर निर्भर नहीं रही है । कुल मिलाकर सार्वजनिक ऋण के संबंध में राज्य सरकार की स्थिति काफी सुखद एवं धारक्षम है ।

राज्य में बैंकिंग का विकास

मार्च 2008 की स्थिति में बैंको की कुल संख्या 62 है, जिनकी 1416 भााखाएं पूरे राज्य में संचालित है । राज्य में प्रति भााखा सेवित औसत जनसंख्या 14,954 है, अतः अधिक बैंक भााखाओं के लिए अवसर हैं । प्रति व्यक्ति डिपॉजिट राज्य में लगभग रू. 14,226 है तथा प्रति व्यक्ति–साख रू. 8,514 है ।

एक राज्य सहकारी बैंक तथा 06 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक संचालित है, जिनकी कुल 198 भााखाएं हैं । इनमें से 142 ग्रामीण एवं 20 अर्धनगरीय क्षेत्र में कार्यरत है । राज्य में प्राथमिक सहकारी कृशि साख समितियों की कुल संख्या 1333 है । कृशकों की वित्तीय आव यकताओं की पूर्ति के लिए बैंको द्वारा 31 मार्च 2008 की स्थिति में 13,48,814 किसान क्रेडिट कार्ड निर्गमित किये गये, जिसकी ऋण सीमा रू. 3530.49 करोड़ थी । राज्य में कृशि के क्षेत्र में ऋण साख का प्रवाह विगत तीन वर्शों में वर्श 2003–04 की स्थिति की तुलना में दुगुना से अधिक हो गया है।

अप्रैल 2007 से कृशकों को 6 प्रति ात ब्याज दर पर कृशि ऋण दिया जा रहा था जिसे वर्श 2008 में कम करके 3 प्रति ात कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ में नाबार्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में जुलाई 2001 से संचालित है । अल्पकालीन सहकारी साख संरचना (STCCS) के सुधार पैकेज हेतु राज्य भाासन, भारत सरकार एवं नाबार्ड के मध्य एम. ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये, जिससे सहकारी बैंको का सुदृढ़ीकरण होगा तथा किसानों के ऋण की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सकेगा। वैद्यनाथन कमेटी की अनु ंसा को लागू करने हेतु दिनांक 25.09.2007 को राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं नाबार्ड के साथ त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किये गये हैं।

कृषि

छत्तीसगढ़ का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 137.90 लाख हेक्टेयर है। जिसमे से 47.22 लाख हेक्टेयर एक फसली क्षेत्र और 57.32 लाख हेक्टेयर दो फसली क्षेत्र को मिलाकर फसलों का कुल क्षेत्रफल है। प्रदे ा की 78 प्रति ात आबादी कृशि पर निर्भर है। कृषि क्षेत्र में विकास के लिए उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग, सुनिश्चित सिंचाई, फसल विविधता एवं सस्ते कृषि ऋण पर विशेष बल दिया गया ।

धान प्रदे ा की प्रमुख फसल है। धान के उन्नत बीजों के उपयोग तथा उर्वरकों के उपयोग में वृद्धि से वर्ष 2007–08 में उत्पादन 2001–02 की तुलना में 50.04 लाख टन से बढ़कर 61.30 लाख टन हो गया है। इसी अवधि में दलहन का उत्पादन 2.7 लाख मी. टन से बढ़कर 9.89 मी. टन एवं तिलहन का उत्पादन 0.96 मी. टन से बढ़कर 5.20 लाख टन हो गया है। व्यावसायिक फसल जैसे गन्ना, सोयाबीन के क्षेत्र एवं उत्पादन दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है ।

गुणवत्ता बीजों का उत्पादन तथा वितरण वर्ष 2001–02 की तुलना में 2007–08 में 66 क्विंटल से बढ़कर 1.87 लाख क्विंटल हो गया। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग 2000–01 में 32 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 2007–08 में 71 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर हो गया है।

विभिन्न योजनाओं के तहत 2007–08 तक 39515 नलकूपों का खनन कर 98841 हेक्टेयर में सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी । 17644 पंप सेट्स का भी वितरण किया गया है। भााकम्भरी योजना के अंतर्गत 2007–08 तक 3145 कूओं का खनन एवं सूक्ष्म सिंचाई योजना के अंतर्गत 2008 तक 222 तालाबों का निर्माण किया गया है। कृषि ऋण जो पहले 7 प्रतिशत की दर पर उपलब्ध कराया जा रहा था उसे कम कर 6 प्रतिशत और अब 3 प्रतिशत की दर पर किसानों को दिया जाएगा ।

उद्यानिकी

फल सब्जी एवं मसाले वाली फसलों से कृशकों को सीमित भूमि से अधिक आमदनी प्राप्त होती है एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने का अच्छा साधन है। राश्ट्रीय बागवानी मि ान के माध्यम से उद्यानिकी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता को आगामी पांच वर्शो में दो गुना करने के लक्ष्य के साथ पोस्ट हारवेस्ट मैनेजमेंट योजनाओं से कृशको को उनके उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदे ा में उद्यानिकी फसलों, फल, सब्जी, मसालों, पुश्प तथा औशधीय एवं सुगंधित फसलों के क्षेत्राच्छादन तथा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उद्यानिकी के विकास पर वर्श 2000–01 में रू. 3.85 करोड़ का व्यय किया गया था जो 2007–08 में बढ़कर रू. 65.23 करोड़ हो गया है तथा इस अवधि में उत्पादन 13.44 लाख मी. टन से बढ़कर 49.97 लाख मी. टन हो गया है। फलों में मुख्य रूप से आम, केला, पपीता, काजू, लीची का उत्पादन किया जाता है तथा सब्जियों में प्रमुख रूप से फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, टमाटर, भिण्डी, आलू, कददू, लौकी, प्याज, म ारूम का उत्पादन होता है। मसालों के अंतर्गत प्रमुख रूप से अदरक, धनिया, मिर्च, लहसुन, हल्दी, फूलों में प्रमुख रूप से गेंदा, गुलाब, गुलदाउदी, चमेली, औशधीय एवं सुगंधित फसलों में प्रमुख रूप से लेमनग्रास, सफेद मुसली, बच, सर्पगंधा, अ वगंधा आदि का उत्पादन होता है।

पशुपालन

राज्य में संपन्न 17 वीं प ु गणना 2003 (संदर्भ तिथि 15 अक्टूबर 2003) के अनुसार प्रदे ा में कुल प ुधन 1,34,92,954 है, जिसमें गौवं ीय 88,81,729, भैसवं ीय 15,95,041 एवं भोश प ुधन 30,13,184 है। इसमें भेड़ बकरी, घोड़े खच्चर एवं अन्य प ु भाामिल है। राज्य में पक्षी धन (कुक्कुट, बतख, जापानी बटेर एवं अन्य) की संख्या 81,81,324 है।

यद्यपि राश्ट्रीय स्तर पर दूध की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपलब्धता 245 ग्राम के विरूद्ध छत्तीसगढ़ में उपलब्धता 112 ग्राम है, अण्डों की उपलब्धता 45 अण्डे प्रति व्यक्ति प्रतिवर्श के विरूद्ध प्रदे ा में अण्डे की उपलब्धता 43 अण्डे प्रति व्यक्ति प्रतिवर्श है तथा मांस उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्श 1.62 कि.ग्रा. के विरूद्ध राज्य में प्रति व्यक्ति प्रति वर्श 0.57 कि.ग्रा. ही वर्तमान में उपलब्ध है तथापि राज्य ने इनके उत्पादन में विशेष वृद्धि दर्ज की है। 2000–01 में 777 हजार मी. टन दुध का उत्पादन था, जो 2007–08 में बढ़कर 866 हजार मी. टन हो गया है, अण्डे का उत्पादन 2000–01 के 7326 लाख से बढ़कर 2007–08 में 9182 लाख हो गया। इसी प्रकार प्रदे ा में मांस का उत्पादन 2000–01 में 70.60 लाख कि.ग्रा. से बढ़कर 2007–08 में 132.60 लाख कि.ग्रा. हो गया है।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले ग्रामीण अनुसूचित जनजातीय परिवारों को कृशि कार्य में आत्म निर्भर बनाने के लिये गाय एवं बैल जोड़ी का वितरण किया जा रहा है। वर्श 2007–08 तक 83,765 बैल जोड़ी एवं 15,994 गायों का वितरण किया गया है।

उन्नत प्रजनन सुविधा विहीन प्रदे ा के सभी ग्राम पंचायतों में राज्य द्वारा उन्नत नस्ल के सांड का वितरण किया जा रहा है। योजना के प्रारंभिक वर्श से 2007–08 तक कुल 2662 सांडों का वितरण किया गया है।

प्रदे ा के 76 प्रति ात किसान सीमान्त और छोटे कृशक हैं जिनके पास औसतन डेढ़ हेक्टेयर से भी कम जमीन है। अतएव कृशि के साथ–साथ पूरक आय के स्रोत विकसित करने हेतु डेयरी, बकरी, सूकर, कुक्कुट व्यवसाय को बढ़ावा दिया गया।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सूकर पालकों को विनिमय के आधार पर सूकर त्रयी एवं नर सूकरों का वितरण किया जाता है। वर्श 2000–01 से लेकर 2007–08 तक कुल 8350 सूकर त्रयी तथा 6775 नर सूकरो का वितरण किया गया है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में बकरी पालकों को विनिमय के आधार पर बकरी इकाइयों का वितरण किया जाता है। वर्श 2000–01 से 2007–08 तक इस योजना के अंतर्गत कुल 15620 बकरी इकाइयों का वितरण किया गया।

राज्य में कुक्कुट पालन एक पारम्परिक व्यवसाय है। कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित करने तथा बी.पी.एल. परिवारों की आय में वृद्धि के लिये कुक्कुट इकाइयों का वितरण किया गया। राज्य निर्माण के बाद से 2007–08 तक कुल 61886 कुक्कुट इकाइयों का वितरण किया गया।

प ु परिरक्षण एवं कल्याण हेतु 3 मार्च 2003 को छत्तीसगढ़ गोसेवा आयोग का गठन किया गया। प ु कल्याण एवं गौवं ीय प ुओं की रक्षा हेतु कृशक प ु परिरक्षण अधिनियम 2004 लागू किया गया है। गौसेवा आयोग द्वारा गौ ालाओं में रखे अ क्त, बूढ़े तथा कत्ल खाने ले जाये जा रहे, प ुओं के कल्याण के लिये प्रदे । में 38 गौ ालाओं का पंजीयन कर उन्हें अनुदान उपलब्ध कराया गया। छत्तीसगढ़ गोसेवा आयोग द्वारा गठन के बाद से अब तक कुल रू. 268.97 करोड़ का अनुदान विभिन्न मदों में गौ ालाओं को प्रदान किया गया है।

मत्स्यपालन

राज्य की भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु मछली पालन हेतु उपयुक्त होने के कारण, मत्स्य पालन व्यवसाय एक वि ि ष्ट स्थान रखता है। मछली पालन कम लागत और कम समय में अधिक आय देने वाले सहायक धन्धे के रूप में ग्रामीण अंचलों में अत्यंत लोकप्रिय है। मछली पौश्टिक खाद्य पदार्थ भी हैं जिससे कुपोशण को दूर किया जा सकता हैं । मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में वर्श 2007–08 में 83 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन हुआ है।

राज्य में मत्स्यपालन को बढ़ावा देने के लिये मत्स्य बीज उत्पादन हेतु कुल 50 चायनीज हैचरीज, 32 मत्स्य बीज प्रक्षेत्र और 258 संवर्धन पोखर है जिनके अंतर्गत 209.47 हेक्टेयर जलक्षेत्र है। वर्श 2000–01 में 46,817 तालाबों में 1.44 लाख हेक्टेयर क्षेत्र मत्स्य उत्पादन के लिये उपलब्ध था। जबकि, वर्श 2007–08 में तालाबों की संख्या बढ़कर 58,861 होने से मत्स्य उत्पादन के लिये उपलब्ध जल क्षेत्र 1.58 लाख हेक्टेयर हो गया।

वर्श 2000–01 में 93,000 मी. टन मत्स्य का उत्पादन हुआ था, जो वर्श 2007–08 में बढ़कर 1,37,753 मी. टन हो गया।

मत्स्य कृशक विकास अभिकरण योजना के अंतर्गत वर्श 2007–08 में मत्स्य कृशकों को रू. 366.55 लाख के ऋण प्रदान किये गये एवं स्वयं की भूमि पर 200 नये तालाबों के निर्माण तथा अन्य आगतों पर व्यय किये जाने हेतु रू. 98.92 लाख का अनुदान दिया गया।

मत्स्य पालकों को प्रि ाक्षण, मत्स्य कृशकों का अध्ययन, भ्रमण, मत्स्य कृशक विकास अभिकरण तथा विस्तार एवं प्रि ाक्षण योजनाओं के अंतर्गत प्रदे ा के मत्स्य कृशकों को प्रि ाक्षण दिया गया। इन योजनाओं के अंतर्गत जहां वर्श 2000–01 में 1814 मत्स्य कृशकों को प्रि ाक्षण दिया गया वही 2007–08 में प्रि ाक्षण प्राप्त हितग्राहियों की संख्या बढ़कर 6147 हो गयी है।

सहकारिता

छत्तीसगढ़ के कृशि विकास में सहकारिता आंदोलन का महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य सरकार विभिन्न समितियों के माध्यम से इन समितियों से जुड़े किसानों को ऋण एवं अनुदान के रूप में सहायता प्रदान करती है।

प्रदे ा में अल्पकालीन साख संरचना का त्रिस्तरीय ढाचां कार्यरत है। राज्य सहकारी बैंक (एपेक्स बैंक) तथा राज्य सहकारी कृशि एवं ग्रामीण विकास बैंक राज्य स्तर पर कार्य ील है। जिला स्तर पर 06 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा 12 जिला सहकारी कृशि तथा ग्रामीण विकास बैंक कार्य कर रहे है। 1333 प्राथमिक कृशि सहकारी साख समितियां और 14 भाहरी ऋण समितियां जिला स्तरीय संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं। प्राथमिक कृशि साख सहकारी समितियों के माध्यम से सहकारी बैंकों द्वारा कृशकों को नगद एवं वस्तु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। रासायनिक खाद, कीटना ाक औशधि, कृशि यंत्र, उन्नत बीज वितरण, कृशि उपज

विपणन एवं भाासन की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के कियान्वयन में इन समितियों द्वारा मुख्य भूमिका निभाई जा रही है। प्रदे ा में कुल 1333 प्राथमिक कृशि साख सहकारी समितियां कार्यरत है, जिसमें 857 प्राथमिक कृशि सहकारी समितियां (पैक्स) एवं 476 वृहद आदिवासी बहुउद्दे ीय समितियां (लैम्पस) हैं। सहकारिता विभाग का वर्श 2000–01 में रू. 9.43 करोड़ का बजट प्रावधान था, जो वर्श 2008–09 में बढ़कर रू. 147.32 करोड़ का हो गया है।

प्रदे ा में 1 अप्रेल 2007 से कृशकों को 6 प्रति ात ब्याज दर पर कृशि ऋण दिया जा रहा था। अब 3 प्रति ात की दर पर कृशि ऋण दिये जाने की घोशणा की गयी है। कृशकों को ऋण की पात्रता अधिकतम 75 हजार से 1 लाख तक थी, जिसे बढ़ाकर 3 लाख कर दिया गया है। फसल ऋण में नगद एवं वस्तु का अनुपात पूर्व में 60:40 था, उसे 2007–08 से सं ोधित कर 40:60 कर दिया गया है। वर्श 2000–01 में कुल रू. 8.44 करोड़ के अल्पकालीन ऋण दिये गये थे। वर्श 2007–08 में रू. 588.36 करोड़ के अल्पकालीन ऋण दिये गये।

वैद्यनाथन कमेटी की अनु ांसा को लागू करने दिनांक 25.09.2007 को राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं नाबार्ड के साथ त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किये गये हैं। जिसके अनुसार प्रदे ा के राज्य सहकारी बैंक, 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं 1333 प्राथमिक कृशि साख सहकारी संस्थाओं को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। इस समझौते के तहत लगभग रू. 263.75 करोड़ का आर्थिक पैकेज प्राप्त होगा। प्रदे ा गठन के बाद प्रथम बार सहकारी संस्थाओं का निर्वाचन कराया गया।

प्रदे ा का प्रथम भाक्कर कारखाना, भोरमदेव, कवर्धा में कार्य ील है जिसे 2002–03 में स्थपित किया गया था। प्रदे ा में दो और भाक्कर कारखाने सहकारिता के क्षेत्र में बालोद, दुर्ग और केरता, अंबिकापुर में स्थापित किये जा रहे हैं। दोनो में दिसंबर 2008 तक उत्पादन प्रारंभ होने की संभावना है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

समाज के कमजोर वर्गो को खाद्यान सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना 1 अप्रेल 2007 से प्रारंभ की गयी। प्रारंभ में इस योजना के अंतर्गत 7 लाख अंत्योदय परिवारो तथा 12 लाख अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारो को 3 रू. किलो चावल प्रदान किया जा रहा था। 1 जनवरी 2008 से सभी वर्गों के 34 लाख परिवारों को प्रति परिवार 35 किलो चावल 3 रू. प्रति किलोग्राम की दर से दिया जा रहा है।

किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य प्रदान किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाती है। वर्श 2000–01 में सामान्य श्रेणी के धान का समर्थन मूल्य रू. 510 प्रति क्विंटल तथा 'ए' श्रेणी के धान के लिये रू. 540 प्रति क्विंटल था जो 2007–08 में बढ़कर सामान्य श्रेणी के लिये रू. 580 प्रति क्विंटल तथा 'ए' श्रेणी के लिये 675 रू. प्रति क्विंटल हो गया है। वर्श 2007–08 में दोनो ही श्रेणी के धान उर्पाजन पर रू. 100 प्रति क्विंटल बोनस भी दिया गया।

वर्श 2000–01 में केवल 5.87 लाख टन धान का उपार्जन और उस पर रू. 363.78 करोड़ का व्यय किया गया था। वर्श 2007–08 में धान का उपार्जन बढ़कर 31.59 लाख टन हो गया और इस पर रू. 3137.75 करोड़ व्यय किये गये। साथ ही धान उपार्जन में होने वाले व्यय की तुलना में हानि के प्रति ात में भी कमी आयी है। वर्श 2000–01 में 376 करोड़ की तुलना में 2006–07 में 191 करोड़ की हानि हुई है।

वस्तु विनिमय प्रणाली के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के लोगों के भोशण को रोकने तथा घेंघा रोग पर नियंत्रण लगाने के लिये प्रदे ा के समस्त विकासखण्डों में छत्तीसगढ़ अमृत नमक योजना लागू की गयी है। इसके अंतर्गत प्रदे ा के 23 लाख परिवारों को प्रति परिवार 2 किग्रा आयोडाईज्ड नमक 25 पैसे प्रति किग्रा की दर से उपलब्ध कराया जाता है।

निर्धन और जरूरतमंद लोगों को न्यूनतम मूल्य पर पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिये प्रदे ा में जनवरी 2004 से अन्नपूर्णा दाल भात योजना प्रारंभ की गयी है। इस योजना के अंतर्गत 300 ग्राम चावल और 90 ग्राम दाल 5 रू0 में उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में 178 अन्नपूर्णा दाल भात केन्द्र सामाजिक संस्थाओ, स्वसहायता समूहों तथा अन्य द्वारा चलाये जा रहे हैं। अन्नपूर्णा दाल भात केन्द्रो से प्रतिदिन 30000 से 35000 व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय प्रदे ा में 6501 उचित मूल्य की दूकानें संचालित थी। इनके अतिरिक्त 3899 नयी दुकानें स्थापित की गयी है। राज्य में फरवरी 2008 की स्थिति में 10400 उचित मूल्य की दुकाने संचालित हैं, जिनमें से 4148 पंचायत, 658 लेम्प्स, 1672 सेवा सहकारी समिति, 1395 अन्य सहकारी समिति, 2295 महिला स्वसहायता समूह तथा 232 वन सुरक्षा समितियों द्वारा संचालित की जा रही है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की रा न सामग्री के वितरण में पारदर् िता तथा जनभागीदारी बढ़ाने के उद्दे य खाद्य विभाग द्वारा काल सेंटर, जनभागीदारी बेबसाइट एवं निगरानी समितियों का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदे ा, 2004 के प्रावधानों के अनुरूप, जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर एवं प्रत्येक उचित मुल्य दुकान स्तर पर निगरानी समितियॉ गठित की गयी हैं।

प्रदे ा के समस्त जिलों में जिला उपभोक्ता फोरम स्थापित है जिनमें से 09 जिलों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, राजनांदगांव, रायगढ़, सरगुजा, कोरिया एवं कोरबा में पूर्णकालिक जिला उपभोक्ता फोरम तथा भोश 07 जिलों महासमुन्द, धमतरी, जांजगीर चांपा, कबीरधाम, ज ापुर, कांकेर एवं दंतेवाड़ा में अं ाकालिक जिला फोरम कार्यरत हैं। नवीन जिलों नारायणपुर एवं बीजापुर में अं ाकालिक जिला फोरम गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोशण आयोग, रायपुर का गठन दिनांक 01.11.2002 को किया गया है।

वन, वन्यजीवन एवं वन आधारित उद्योग

प्रदे ा का 44.2 प्रति ात भौगोलिक क्षेत्रफल जो लगभग 59772 वर्ग कि.मी. है, वनों से आच्छादित है । यह दे ा के वन क्षेत्रफल का 7.77 प्रति ात है। छत्तीसगढ़ में साल वन सबसे अधिक पाये जाते हैं । वनों का लगभग 11 प्रतिशत क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र है । राज्य के 50 प्रतिशत से अधिक गांव वन से 5 कि.मी. की परिधि के अंदर अवस्थित हैं तथा आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण अधिकांश ग्रामीण जीविकोपार्जन हेतु वनों पर आश्रित हैं । इसे ध्यान में रखकर राज्य की वन नीति 2001 बनाई गई ।

राज्य के वनों से प्रति वर्ष औसतन 1.55 लाख घनमीटर ईमारती लकड़ी, लगभग 2 लाख लट्ठे, औसतन 21 हजार टन वाणिज्यिक बांस एवं 35 हजार टन औद्योगिक बांस का उत्पादन हो रहा है। ग्रामीण निस्तार हेतु रू. 7–8 करोड़ के लट्ठे एवं जलाऊ लकड़ी, औसतन 26 लाख नग बांस तथा बसोड़ों को औसतन 20 लाख नग बांस प्रतिवर्ष प्रदाय किया जा रहा है । वन क्षेत्रों में उपलब्ध विपुल हरबल संसाधन के टिकाऊ दोहन, प्रसंस्करण एवं विपणन को ग्रामीणों की आय का निश्चित स्त्रोत बनाने के उद्देश्य से राज्य को हरबल राज्य घोषित किया गया ।

छ0ग0 लघु वनोपज संघ द्वारा राष्ट्रीयकृत लघु वनोपज क्रमशः तेंदूपत्ता, सालबीज, हर्रा, गोंद के अतिरिक्त अन्य अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज जैसे लाख, शहद, इमली, वनौषधि इत्यादि का संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन का कार्य किया जा रहा है। राज्य में लाख के संग्रहण में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है कुसुम लाख का उत्पादन 1708 टन से बढ़कर 4005 टन हो गया । वहीं पलाश लाख का संग्रहण 2562 टन से बढ़कर 4890 टन हो गया है। राज्य में शहद का उत्पादन लगभग 3500 क्विन्टल है । बस्तर, दंतेवाड़ा तथा कांकेर जिलों में इमली का संग्रहण एवं प्रसंस्करण किया जा रहा है। महुलई पत्ते से दोना–पत्तल बनाने के 8 केन्द्र हैं, इस प्रकार अराश्ट्रीयकृत लघुवनोपज में मूल्य संवर्धन द्वारा स्थानीय निवासियों के आय में वृद्धि का प्रयास किया जा रहा है ।

वन संरक्षण एवं सामाजिक वानिकी के अंतर्गत बिगड़े वनों का सुधार, बिगड़े बांस वनों का सुधार, पौधा प्रदाय योजना, हरियाली प्रसार योजना, नदी तट वृक्षारोपण योजना एवं बायोडीजल हेतु रतनजोत वृक्षारोपण योजनाओं का कियान्वयन किया जा रहा है ।

संयुक्त वन प्रबंधन को प्रदेश में वन प्रबंधन का आधार बनाया गया है । प्रदेश के कुल 19720 ग्रामों में वन क्षेत्रों की सीमा से 5 कि.मी. के भीतर लगभग 11185 ग्राम स्थित है। राज्य के 33,190 वर्ग कि0मी0 वन क्षेत्र का प्रबंधन 7,887 वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से किया जा रहा है, जिनमें 27.63 लाख ग्रामीण सदस्य हैं । वन प्रबंधन समिति को आबंटित वन क्षेत्र में कार्य आयोजना के प्रावधान के अनुरूप बांस या काश्ठ कूप के मुख्य पातन/वन वर्धनिक विरलन से प्राप्त होने वाले वनोत्पाद की स्थल पर कुल कीमत की 15 प्रतिशत राशि अथवा 15 प्रतिशत मूल्य तक का वनोत्पाद या 15 प्रतिशत मूल्य की सीमा तक राशि एवं वनोत्पाद समिति को प्रदाय किया जा रहा है ।

राज्य में 425 वन ग्राम हैं । इनमें एकीकृत वनग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अधोसंरचना विकास, पहुंच मार्ग निर्माण, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं । धमतरी जिले में ''धमतरी मॉडल'' के रूप में एक विशेष योजना लागू की गई है जिसमें वन से पांच कि.मी. की परिधि के अंदर आने वाले गांवों के विकास के लिए विशेष योजना बनाते हुए कियान्वयन वनमण्डलाधिकारी के माध्यम से किया गया । यह मॉडल शासन की जनकल्याणकारी एवं विकास की योजनाओं को सुदूर क्षेत्रों तक ले जाने में अत्यधिक सफल रहा ।

राज्य में बांसों के संवर्धन एवं बांस आधारित उत्पादों के विकास के लिए कई विभागों के समन्वय से वर्ष 2007 में बांस मिशन लागू किया गया ।

वन विकास निगम के अधीन 1,90,496.054 हेक्टेयर वन क्षेत्र वन विभाग से लीज पर लिया गया है तथा राज्य के कम उत्पादक वाले वन क्षेत्रों में मूल्यवान सागौन एवं बांस वन तैयार कर, उत्पादक क्षमता को बढ़ाया जा रहा है ।

जैव विविधता की दृश्टि से छ.ग. राज्य काफी सम्पन्न राज्य है तथा जैव विविधता संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड का गठन किया गया है।

औशधीय पादपों के सरंक्षण, संवर्धन, विना ा विहीन विदोहन, प्रसंस्करण एवं निर्माण तथा विपणन से संबंधित नीति बनाने एवं विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय के लिए छत्तीसगढ़ राज्य वनौशधि बोर्ड की स्थापना की गई है, जो राज्य में उपयोगी वनौषधियों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रही है ।

वनौषधि के विपणन के लिए मार्केटिंग सेंटर स्थापित कर विपणन लिंकेज स्थापित किया जा रहा है ।

राज्य में वनौषधियों से प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने वाले 1000 परम्परागत चिकित्सकों एवं 127 वैद्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है ।

राज्य में वन आधारित उद्योगों में निजी क्षेत्र में लगभग 1421 आरामिलें, 114 प्लाईवुड, फ्लश डोर तथा ब्लैक बोर्ड निर्माण ईकाईया, 2115 लघु फर्नीचर उद्योग स्थापित है । राज्य में लगभग 1.08 लाख जलाऊ चटटों का उपयोग चारकोल बनाने के लिए किया जाता है, जिसकी औद्योगिक प्रयोजनों में काफी मांग है ।

वानिकी क्षेत्र में जन कल्याणकारी योजनाऍं

- जीवन बीमा निगम के सहयोग से तेंदूपत्ता संग्राहको के लिए सामूहिक बीमा योजना संचालित है। जिसमें 18 से 60 वर्श तक के व्यक्तियों का बीमा किया जाता है । इसके अतिरिक्त तेंदूपत्ता संग्राहको एवं उनके परिवारो के लिए जनश्री सामूहिक बीमा योजना प्रारंभ की गई है। जनश्री सामूहिक बीमा योजना भारत के 09 वी से 12 वी या आई टी आई में पढ़ने वाले दो बच्चों को प्रति तिमाही रू. 300/– के मान से ि ाक्षा सहयोग योजना के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराई जाती है।
- तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रतिवर्श एक जोड़ी जूता निः ाुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई जिससे 12 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक प्रतिवर्श लाभांवित हो रहे हैं ।
- राज्य में 427 वनग्राम अधिसूचित हैं। इन वन ग्रामों में अब तक रू. 90 करोड़ से अधिक के अधोसंरचना विकास, सिंचाई, पीने के पानी की व्यवस्था जैसे मूलभूत विकास के कार्य करवाये गये ।

वन्यजीवन संरक्षण

राज्य में वन प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 03 राश्ट्रीय उद्यान एवं 11 अभ्यारण्य एवं गेम सेन्चुरी है, जिनका कुल क्षेत्रफल 8210.425 वर्ग किलोमीटर, जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का 7.30 प्रति ात तथा वन क्षेत्रफल का 16.80 प्रति ात है ।

राज्य के तपकरा क्षेत्र में तपकरा सर्प केन्द्र, कोटमी–सोनार में मगरमच्छों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए केन्द्र, राज्य के उत्तरी क्षेत्र के वनों में स्थाई रूप से रहने के कारण हाथियों के लिए हाथी रहवास स्थलों के विकास किया जा रहा है।

खनिज संसाधन विकास–

राज्य की अर्थ व्यवस्था एवं औद्योगिक प्रगति में खनिजों की अहम् भूमिका होती है। दे ा के कुल खनिज भंडारों का 37.69% टिन अयस्क, 28.26% हीरा, 18.67% लौह अयस्क, 16.36% कोयला एवं 11.24% डोलोमाइट राज्य में पाया जाता है। प्रमुख खनिज कोयला, लौह अयस्क, चूना पत्थर, बाक्साइट, डोलोमाइट, टिन अयस्क के उत्पादन में वृद्धि हुई है एवं ये राजस्व प्राप्ति के प्रमुख संसाधन है। खनिजों से प्राप्त राजस्व रू. 42,996 लाख से बढ़कर रू. 1,02,838 लाख हो गया है । यदि इन खनिजों का मूल्य **मूल्य**

आधारित पद्धति (एड–वालरम बेस) पर निर्धारित किया जाता हैं तो राजकोश मे इन संसाधनों से पर्याप्त आय वृद्धि हो सकती है।

जलसंसाधन विभाग

प्रदे ा में औसतन 1400 मि.मी. वर्शा होती है। प्रतिवर्श सतही जल की उपलब्धता लगभग 59900 मि. क्यूबिक मीटर (M cum) है। रिपेरियन अधिकार के अंतर्गत निम्नधारा वाले राज्यों के आरक्षण को ध्यान में रखते हुये छत्तीसगढ़ 41719 मि. क्यूबिक मीटर सतही जल का उपयोग कर सकता है जबकि वर्तमान में मात्र 13200 मि. क्यूबिक मीटर (31.64 प्रति ात) सतही जल का उपयोग कर रहा है। प्रदे ा में भूगर्भीय जल के स्रोत अनुमानतः 13678 मि. क्युबिक मीटर है, जिसमे से 2742 मि. क्युबिक मीटर (20.40 प्रति ात) जल स्रोतो का उपयोग किया जा रहा है।

एक नबंवर 2007 को विभाग की निर्मित सिंचाई क्षमता 13.28 लाख हेक्टेयर थी। मार्च 2007 की स्थिति में निर्मित एवं निर्माणाधीन योजनाओं से कुल 17.22 लाख हेक्टेयर में सिंचाई क्षेत्र का सृजन हुआ है जो कुल बोये गये क्षेत्र का 30 प्रति ात है। प्रदे ा में वर्तमान में 4 वृहद, 32 मध्यम एवं 2219 लघु योजनायें निर्मित हैं तथा 5 वृहद, 10 मध्यम एवं 645 लघु योजनायें निर्माणाधीन है। कृशि उत्पादन बढाने के उद्दे य से प्रदे ा की विभिन्न नदियों में 595 एनीकट बनाये जाने हेतु स्थल चिन्हांकित किये गये हैं। इनमे 61 एनीकट का निर्माण हो चुका है तथा 153 एनीकट निर्माणाधीन हैं।

सिंचाई प्रबंधन मे कृशको की सक्रिय भागीदारी सुनि चत किये जाने हेतु सिंचाई प्रबंधन में कृशकों की भागीदारी अधिनियम 2006 पारित किया गया है पूर्व अधिनियम में सं ोधन कर जल उपभोक्ता संस्थाओ में आरक्षण द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को अनिवार्य प्रतिनिधित्व दिया गया है। राजस्व वसूली के वित्तीय अधिकार देकर संस्थाओं को स्वावलम्बी बनाया गया है। वर्तमान में जल उपभोक्ता संस्थाओं की संख्या 1324 है जिनका 12.45 लाख हेक्टेयर विस्तार क्षेत्र है।

कृशकों के हितों को ध्यान में रखते हुये 31 मार्च 2008 तक सिंचाई कर जमा करने वाले कृशकों को सिंचाई कर के 50 प्रति ात रा ि को माफ करने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य के कुल 10.71 लाख कृशक लाभान्वित होगें।

पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता

प्रदे ा की ग्रामीण जनसंख्या को न्यूनतम 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से एवं नगरीय जनसंख्या को न्यूनतम 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन भुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है।

ग्रामीण जलप्रदाय

राज्य में कुल 19,744 ग्रामों में 72,775 बसाहटो में से 71,714 बसाहटों में पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। 2000 से अधिक जनसंख्या वाले कुल 1421 बड़े ग्रामों में से 1220 बड़े ग्रामों में टंकी युक्त नलजल योजनाऐं तथा जिन ग्रामों में ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर नीचे चला जाता है ऐसे 1,266 ग्रामों में स्पॉट सोर्स योजना के तहत् विद्युत पंप के माध्यम से छोटे टंकियों द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य में प्रति 88 व्यक्तियों पर एक हैण्डपंप स्थापित कर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है ।

राज्य में पेयजल की समस्याओं में जल गुणवत्ता की समस्या प्रमुख है। राज्य की 5021 बसाहटें जल गुणवत्ता से प्रभावित थी । इनमें से 4932 लौह अयस्क आधिक्य से, फ्लोराइड से 17, खारापन से 61 तथा आर्सेनिक से 11 बसाहटें चिन्हांकित की गई ।

राज्य में गिरता हुआ भू–जल स्तर पेयजल की समस्या को दूर करने में सबसे बड़ी बाधा के रूप में उपस्थित हुआ है । जिस हेतु 78 जलग्रहण कार्यक्रम में चलाये जा रहे हैं ।

स्कूलो में पेयजल व्यवस्था हेतु वि ोश प्रयास किये जा रहे हैं । वर्श 2007–08 तक 32796 स्कूलों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति तथा ऋण वाहिनी क्षमता को देखते हुए नगरीय निकायों में जलप्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य के अनुदान को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया गया है । राज्य में प्रत्येक भाहर/नगर के 30 वर्ष बाद की अनुमानित जनसंख्या के लिये 70–150 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से योजनाओं का रूपांकन किया गया है जिनमें से 43 पूर्ण, 31 प्रगतिरत् है।

संपूर्ण स्वच्छता अभियान

राज्य के 18 जिलों में 33.66 लाख सर्वेक्षित भौचालय विहीन परिवारों के लिए व्यक्तिगत जलवाहित भौचालय, सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भौचालय व मूत्रालय, सामुदायिक भवनों में भौचालय निर्माण तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरण व विभिन्न घटको में जागरूकता पैदा करने हेतु सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है । अब तक कुल 8,72,129 परिवारों में शौचालय निर्माण का कार्य एवं 24,337 शासकीय स्कूलों में शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है।

ऊर्जा विकास–

ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य आत्म निर्भर है। राज्य में परंपरागत तथा अपरांपरागत ऊर्जा के विकास की अपार संभावनाएं हैं इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल, छत्तीसगढ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा), छत्तीसगढ़ बायों–फ्यूल विकास प्राधिकरण (सी.बी.डी.ए.) व मुख्य विद्युत निरीक्षकालय कार्यरत् हैं। विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत भाासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग की भी स्थापना की गई है।

राज्य गठन के समय राज्य विद्युत मण्डल की स्थापित क्षमता 1,360 मेगावाट थी जो बढ़कर आज 1,923.85 मेगावाट हो गई है। राज्य में जनवरी, 2008 से जीरो पावर–कट लागू कर दिया गया है जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगातार विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में कोयला एवं पानी की उपलब्धता को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य को दे ा की ऊर्जा धुरी बनाने हेतु आकर्षक ऊर्जा नीति बनाई है जिसके फलस्वरूप दे ा की प्रतिष्ठित 51 कम्पनियों के साथ राज्य शासन द्वारा लगभग 40,095 मेगावाट के ताप विद्युत संयंत्र लगाने हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किये गये हैं जिसमें 1 लाख 90 हजार करोड़ रूपये का निवेश प्रस्तावित हैं।

विद्युत मण्डल दे ा का ऐसा पहला विद्युत मण्डल है जिसने सैप–ईआरपी योजना को लागू किया है एवं इसके क्रियान्वयन के फलस्वरूप विद्युत उपभोक्ताओं को इंटरनेट के माध्यम से विद्युत देयकों को देखने एवं भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त, ए.टी.पी. (ऑल टाईम पेमेंट) म ीन एवं ए.टी.एम. म ीनों के माध्यम से विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

राज्य में **लो वोल्टेज की समस्या** के निदान एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्ध कराने हेतु लगभग रू. 2,425 करोड़ से भी अधिक की धनराि ा का व्यय कर अधोसंरचना विकास के अंतर्गत् 3929 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईन, 340 नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ,4080 कि.मी. 11 के.व्ही. लाईन, 7035 नग 11/0.4 के.व्ही. उपकेन्द्र, 3315 कि.मी. निम्न दाब लाईन संबंधित कार्य किया गया।

राज्य में टी.एंड डी. लॉस 34.57 प्रति ात कम होकर 29.41 प्रति ात रहा गया है। ए.टी.एंड सी. लॉस 43.29 प्रति ात 31.49 प्रति ात रह गया, जो कि राष्ट्रीय औसत (35%) से कम है।

ग्रामीण विद्युतीकरण के अंतर्गत 96.20% ग्रामों एवं 55.40% मजरा–टोलों को विद्युतीकृत किया जा चुका है। राज्य में कुल एकल बत्ती कनेक ानों की संख्या बढ़कर 9,85,841 हो चुकी हैं। कुल 1,99,543 सिंचाई पम्पों का विद्युतीकरण किया गया।

राज्य अपने ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकताएं पूरी करने के लिए अक्षय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। यहां 800 से अधिक दूरस्थ गाँवों को सौर ऊर्जा से बिजली दी गई है एवं 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सौर प्रकाशवोल्टीय के माध्यम से विद्युतीकरण किया गया है।

अब तक क्रेडा ने 566.94 मेगावॉट की लघु पनबिजली परियोजनाओं, 324 मेगावॉट क्षमता वाले चावल की भूसी पर आधारित विद्युत संयंत्र, 24 गैसी फायर संयंत्र, लगभग 22,000 बायोगैस संयंत्रों, 5 लाख लीटर

प्रतिदिन क्षमता के सौर जल तापन प्रणालियों और जेट्रोफा के लगभग 3 करोड़ पौधों का रोपण किया है इस प्रकार राज्य दैनिक जीवन के हर क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा का उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है ।

राज्य में 3,000 मेगावॉट पनबिजली की संभावना है परंतु विशाल एवं लघु पनबिजली परियोजनाओं के माध्यम से अभी तक मात्र छोटे से अंश (320 मेगावॉट) को प्राप्त किया गया है। गंगरेल जलाशय में 10 मेगावॉट, सोंडूर में 04 मेगावॉट एवं कोरबा में 850 किलोवॉट क्षमता की परियोजनायें कार्यशील हैं।

कोयले के वाशरी अपशिष्टों से प्रदेश में लगभग 350 मेगावॉट विद्युत उत्पादन हो रहा है। यह नई तकनीक भारत में प्रथम बार राज्य में ही प्रयोग की गई है। इससे भविष्य में लगभग एक हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन की संभावना है। अब तक 07 शासकीय भवनों का निर्माण सोलर पेसिव आर्किटेक्चर पद्धति से किया गया है।

बायोफ्यूल विकास

राज्य में वर्ष 2012 तक राज्य में उपलब्ध 10 लाख हेक्टेयर पड़ती एवं निम्न कोटि की वन भूमि पर जेट्रोफा के पौधरोपण हेतु एक विस्तृत कार्यक्रम आरंभ किया है। इसमें किसानों से संबंधित वह भूमि भी शामिल है जो कि उपयुक्त भू–परिस्थिति के अभाव में अनुपयोगी पड़ी है। राज्य में बायो–ईंधन कार्यक्रम के संवर्द्धन हेतु 'छत्तीसगढ़ बायो–ईंधन विकास प्राधिकरण' की स्थापना की है। राज्य शासन द्वारा परियोजना को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न तेलीय बीजों तथा तेल हेतु समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

प्रदेश में विगत 03 वर्षों में लगभग 40 करोड़ रतनजोत पौध रोपण के सफल प्रयास व बीजों के संग्रहण की असीम संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए देश की कई नामी औद्योगिक इकाईंयों ने राज्य में बायोडीजल उत्पादन संयंत्र लगाने में रुचि दिखाई है। प्रदेश में बायोफ्यूल के क्षेत्र में समुचित विकास के लिए देश की प्रमुख तेल कम्पनियों इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के साथ संयुक्त उपक्रम गठित किया गया है। इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ गठित उपक्रम प्रथम चरण में रुपए 400 करोड़ का निवेश प्रदेश में करेगा। जबकि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के साथ गठित उपक्रम प्रथम चरण में रुपए 250 करोड़ का निवेश प्रदेश में करेगा। इन दोनों ही उपक्रमों में क्रेडा की भागीदारी 26 प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार इस कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2011 तक प्रदेश में लगभग रुपए 04 हजार करोड़ की अतिरिक्त आय ग्रामीण क्षेत्रों की होगी।

रायपुर में 3 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता के बायो–डीज़ल संयंत्र की स्थापना की गई। 1.5 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से जेट्रोफा/करंज तेलों तथा बायो–डीज़ल पर गुणवत्ता नियंत्रण रखने हेतु आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की गई। मुख्यमंत्री का अधिकारिक वाहन भी शुद्ध बायो–डीज़ल पर चल रहा है।

अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति विकास

राज्य में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 66.16 लाख है जो कि कुल जनसंख्या का 31.76 प्रति ात है तथा अनुसूचित जाति की जनसंख्या 24.18 लाख है, जो कि कुल जनसंख्या का 11.61 प्रति ात है । छत्तीसगढ़ में 42 अनुसूचित जनजाति समूह, 43 अनुसूचित जाति समूह तथा 87 अन्य पिछड़ी जातियां अधिसूचित हैं । राज्य में अबुझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, बैगा, कमार एवं पंडो 6 जनजातियों को वि ोश पिछड़ी जनजाति माना गया है ।

छ.ग. के 9 जिले संपूर्ण रूप से अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत तथा 9 जिले आं ाक रूप से अनुसूचित क्षेत्र में भाामिल हैं। राज्य के 146 विकासखंडो में से 85 विकासखंड आदिवासी उपक्षेत्र के अंतर्गत आता है जिसका क्षेत्रफल 88,000 वर्ग कि.मी. है। जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का 65.12 प्रति ात है । राज्य में 19 आईटीडीपी (एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना), 09 माडा पाकेट तथा 02 लघुअंचल संचालित है । अनुसूचित क्षेत्र में योजनाओं के कियान्वयन एवं निर्धारण के लिए आदिवासी मंत्रणा समिति का गठन किया गया है । जिसकी अनु ांसा के अनुरूप आदिवासी उपक्षेत्र योजना के लिए 38 प्रति ात तथा 12 प्रतिशत राशि अनुसूचित जाति उपक्षेत्र योजना के लिए रखी जा रही है ।

अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग का शैक्षणिक विकास

- राज्य में अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में आश्रम शालायें स्थापित की गई जो काफी कारगर साबित हुई । वर्ष 2007–08 तक 508 नवीन आश्रम शालाएं, 556 नये छात्रावास स्थापित किये गये है। 320 माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल तथा 199 हाई स्कूलों को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किया गया है।
- कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति की बालिकाओं को **''सरस्वती साइकिल प्रदाय योजना''** के अंतर्गत 75,000 साइकिल वितरित की गई।
- ''युवा कैरियर निर्माण योजना'' अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के स्नातकों को संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी हेतु वि ोष कोंचिंग प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित प्रि ाक्षण संस्थान का चयन कर उन संस्थाओं से रायपुर एवं बिलासपुर में प्रि ाक्षण दिलाया जा रहा है । छ.ग. राज्य सेवा परीक्षा में 8 युवाओं का चयन भी हो चुका है, इस योजना का पिछड़ा वर्गों के लिए भी विस्तार किया जा रहा है।
- युवतियों के लिए एयर होस्टेस प्रशिक्षण तथा युवाओं के लिए पायलट प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की है। यह प्रशिक्षण वर्ष 2007–08 से प्रारंभ किया गया है।
- अनुसूचित जनजाति के सांस्कृतिक धरोहरों एवं परम्पराओं की रक्षा करने के लिये विशेश प्रयास किये जा रहे हैं ।

वन ग्रामों में अधोसंरचना विकास, सिंचाई के साधनों का विकास तथा शुद्ध पेयजल जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य वाले क्षेत्रों के विकास लिये 3 विकास प्राधिकरणों क्रमशः बस्तर विकास प्राधिकरण, सरगुजा विकास प्राधिकारण एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई है। इन प्राधिकरणों के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में विकास तथा रोजगारोन्मुखी कार्यों की विशेष योजनाएं स्वीकृत की जाती हैं।

राज्य में वि ोश पिछड़ी जनजाति के विकास के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं जिनमें इनके भात–प्रति ात परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना प्रमुख है। इनके विकास के लिए पंडो विकास अभिकरण एवं भुंजिया जनजाति विकास अभिकरण की स्थापना की गई है ।

आदिमजाति अनुसंधान संस्थान का गठन राज्य भाासन द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत किया गया है ।

अनुसूचित जाति के हित प्रहरी के रूप में कार्य करने हेतु **अनुसूचित जाति आयोग** का गठन किया गया ।

राज्य में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जातियों के सांस्कृतिक विकास के लिए वि ोश प्रयास किये गये है। जहां अनुसूचित जनजातियों के देवगुड़ियों का विकास किया जा रहा है वहीं गिरौदपुरी एवं भंडारपुरी जो सतनामी समाज के आस्था का केन्द्र बिन्दु है इनका विकास किया जा रहा है। गिरौदपुरी में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखंभ का निर्माण किया जा रहा है। दामाखेड़ा कबीरपंथियों का आस्था का केन्द्र है, इसका समन्वित विकास किया जा रहा है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के जातियों के सतत् पहचान, खोजबीन तथा फर्जी जातियों के निश्कासन करने, शासकीय सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सुझाव देने तथा इस वर्ग के हितप्रहरी के रूप में कार्य करने हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया हैं । पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को अच्छे परिवेश में शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 04 पोस्ट–मैट्रिक कन्या छात्रावास एवं एक प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास संचालित है ।

अल्पसंख्यक कल्याण

राज्य अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए विभोश रूप से सचेश्ठ है। वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड का गठन किया गया है तथा वक्फ संपत्तियों संबंधी विषयों के निराकरण के लिए वक्फ न्यायाधिकरण का गठन किया गया है। उर्दू साहित्य के प्रोत्साहन, संरक्षण परिचर्चा, गोष्ठियां आदि के लिए उर्दू अकादमी का गठन किया गया।

शहरों एवं कस्बों में स्थित अल्प संख्यक समुदायों के कब्रिस्तानों को अतिक्रमण से बचाने तथा मकबरों की सुरक्षा हेतु योजना प्रारंभ की गई ।

शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास

राज्य में औसत साक्षरता 64.70 प्रति ात है, जिसमें पुरूश साक्षरता 77.40 प्रति ात, पुरूश जनजाति 60 प्रति ात एवं महिला साक्षरता 51.90 प्रति ात, महिला जनजाति 39.30 प्रति ात है। ि ाक्षा के लोकव्यापीकरण के लिए राज्य में निरंतर नामांकन दर भात–प्रति ात करने, ड्राप–आउट दर को 10 प्रति ात के अंदर तक सीमित करने, ि ाक्षा में गुणात्मक सुधार लाने तथा कम्प्यूटर ि ाक्षा के प्रचार–प्रसार करने का प्रयास किया जा रहा है।

ि ाक्षा के लोकव्यापीकरण के लिए राज्य में 37062 प्राथमिक भाालाऍं, 15038 पूर्व माध्यमिक भाालाऍं, 1987 हाईस्कूल भाालाऍं एवं 2100 हायर सेकेण्डरी भाालाऍं संचालित हैं । वर्ष 2001 की तुलना में प्राथमिक शालाओं की संख्या में 27 प्रतिशत, माध्यमिक शाला में 144 प्रतिशत, हाई स्कूल में 80 प्रतिशत तथा हायर सेकण्डरी स्कूल में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ि ाक्षकों की संख्या में 20 प्रति ात की वृद्धि हुई है। इसके अलावा 47,282 शिक्षाकर्मियों की नियुक्ति की गई है ।

छात्रों में कम्प्यूटर के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं कम्प्यूटर ि ाक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्लास योजना, क्लैप योजना, छत्तीसगढ़ सूचना शक्ति योजना संचालित की जा रही है।

छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अभिनव योजनाएं चलाई जा रही है जिनमें दत्तक पुत्री शिक्षा योजना, निःशुल्क गणवेश योजना, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण/बुक बैंक योजना तथा सरस्वती साइकिल प्रदाय योजना प्रमुख हैं तथा इनकी लोकप्रियता ने छात्राओं की शाला में उपस्थिति को बढ़ाया है । बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहेली ि ाक्षा योजना तथा कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय योजना लागू की गई है।

पंजीकृत दीनी मदरसों की धार्मिक ि ाक्षा (दीनी तालीम) के साथ–साथ उनमें अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को आधुनिक ि ाक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्यक्रमों का निर्धारण एवं उनका कियान्वयन करने के लिए इसका गठन किया गया।

मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम

32,081 प्राथमिक विद्यालयों एवं पूर्व माध्यमिक स्तर के भौक्षणिक रूप से पिछड़े 74 विकासखण्डों के 6,016 विद्यालयों में अध्ययनरत् 35 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन का लाभ दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल ि ाक्षा पर वर्श 2000–01 में 394.38 करोड़ रू. का प्रावधान उपलब्ध कराया गया वही वर्श 2007–08 में 1301.80 करोड़ का बजट प्रावधान उपलब्ध कराया गया।

उच्च ि ाक्षा

उच्च ि ाक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य में कुल 05 वि वविद्यालय क्रमशः पंडित रवि ांकर भाुक्ल वि वविद्यालय, रायपुर गुरू घासीदास वि वविद्यालय, बिलासपुर इंदिरा कला संगीत वि वविद्यालय, खैरागढ़ पंडित सुंदर लाल भार्मा (मुक्त) वि वविद्यालय, बिलासपुर कु ाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि वविद्यालय, रायपुर है ।

भारत सरकार द्वारा गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को केन्द्रीय वि वविद्यालय बनाने की ि ाोशणा की है। सरगुजा एवं जगदलपुर में दो विश्वविद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं।

वर्श 2002–03 में उच्च ि ाक्षा हेतु बजट प्रावधान रू. 102.09 करोड़ था । वर्श 2007–08 तक 76 प्रति ात की वृद्धि हुई तथा वर्श 2007–08 में उच्च ि ाक्षा के लिए रू. 180.07 करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

तकनीकी एवं व्यावसायिक ि ाक्षा

- राज्य गठन से पूर्व तक कुल विद्युतीकृत ग्राम – 17,926
- वर्श 2007–08 में विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या –215(20परंपरागत, (परंपरागत –अपरंपरागत स्त्रोत) 195 अपरंपरागत)
- 31.03.08 की स्थिति में कुल विद्युतीकृत ग्राम – 18,993
- विद्युतीकृत ग्रामों का प्रतिशत (31.03.08 की स्थिति में) – **96.20**
- 31.03.08 की स्थिति में अविद्युतीकृत ग्रामों की संख्या – 751
- राज्य के कुल 18 जिलों में से महासमुन्द्र, दुर्ग तथा जांजगीर–चांपा तीनों जिलों के भात–प्रतिशत ग्रामों का विद्युतीकरण हो चुका है।
- शेष ग्रामों में प्रत्येक आवास तक विद्युत पहुंचाने के लिए **आर.जी.जी.व्ही.वाई. योजना** के अंतर्गत कार्य किये जा रहे हैं जिसे ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक पूर्ण किया जाना संभावित है ।

ग्राम विद्युतीकरण की प्रगति को तालिका क्र.–7.8 एवं दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–

तालिका क्र.–7.08

राज्य में ग्राम विद्युतीकरण की प्रगति

वर्ष	ग्रामों की संख्या	कुल विद्युतीकृत ग्राम	शेष ग्राम
2000–01	19720	18076	1644
2001–02	19744	18092	1652
2002–03	19744	18199	1545
2003–04	19744	18444	1300
2004–05	19744	18506	1238
2005–06	19744	18630	1114
2006–07	19744	18830	914
2007–08	19744	18993	751



वर्श 2000–01 में जहां 18,076 ग्राम विद्युतीकृत थे वहीं वर्श 2007–08 में विद्युतीकृत ग्रामों की

संख्या बढ़कर 18,993 हो गई। वर्श 2000–01 में अविद्युतीकृत ग्रामों की संख्या 1,644 थी जो वर्श 2007–08 में घटकर 751 रह गई है।

राज्य बनने के बाद से वर्शवार परंपरागत एवं अपरंपरागत स्त्रोत से ग्राम विद्युतीकरण की तुलनात्मक प्रगति को तालिका क्र.–7.9 एवं दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–

तालिका क्र.–7.09

राज्य में ग्राम विद्युतीकरण (परंपरागत एवं अपरंपरागत स्त्रोत) की प्रगति

वर्ष	लक्ष्य (छ.रा.वि.मं.)	उपलब्धि			
		परंपरागत स्त्रोत	अपरंपरागत स्त्रोत		योग
		छ.रा.वि.मं.	छ.रा.वि.मं.	क्रेडा	
2000–01	–	1	–	–	1
2001–02	94	35	–	89	124
2002–03	86	83	–	24	107
2003–04	64	66	–	162	228
2004–05	60	50	7	17	74
2005–06	100	88	17	4	109
2006–07	20	22	13	174	209
2007–08	20	20	–	195	215
योग	**444**	**365**	**37**	**665**	**1067**



सर्वाधिक 105 ग्रामों का विद्युतीकरण वर्श 2005–06 में किया गया। वर्श 2001–02 से वर्श 2007–08 तक 444 ग्राम विद्युतीकरण के लक्ष्य के विरूद्ध 402 ग्रामों को विद्युतीकृत किया गया।

जिन ग्रामों में वनबाधा होने के कारण विद्युतीकरण का कार्य सम्भव नही है। उन ग्रामों का विद्युतीकरण गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। राज्य में राज्य बनने के बाद से गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से ग्राम विद्युतीकरण की प्रगति को ग्राफ में दर्शाया गया है। वर्श 2001–02 से वर्श 2007–08 तक क्रेडा द्वारा 665 ग्रामों को विद्युतीकृत किया गया।

(2) मजरा/टोलों का विद्युतीकरण–

छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी जनजाति बाहुल्य प्रदेश है जिसमें लगभग 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति तथा 12 प्रतिशत अनुसूचित जाति है जो छोटी–छोटी आबादी के मजरों/टोलों के रूप में ग्रामों के आसपास बसे हुए हैं।

केन्द्र भाासन की नीतियों के अनुसार 11वीं पंचवर्शीय योजना के अंत तक राज्य के सभी आवासों में विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रस्तावित है। इस संबध में मण्डल द्वारा विस्तृत योजना तैयार कर ली गई है।

राज्य में मजरा/टोलों के विद्युतीकरण की प्रगति

- मजरा–टोलों की अनुमानित संख्याा – 35,096
- राज्य गठन के पूर्व तक कुल विद्युतीकृत मजरा–टोलों की संख्या(परंपरागत स्त्रोत) –10,375
- राज्य गठन के पश्चात 31.03.08 तक विद्युतीकृत मजरा–टोलों की संख्या (परंपरागत + अपरंपरागत स्त्रोत) – 9,068
- वर्श 2007–08 हेतु मजरे–टोलों का विद्युतीकरण का लक्ष्य – 1,500
- वर्श 2007–08 में विद्युतीकृत मजरे–टोले – 1,149
- **राज्य में 31.03.08 तक विद्युतीकृत कुल मजरे–टोलों की संख्या 2+3 (अपरंपरागत स्त्रोत मिलाकर) – 19,443**
- विद्युतीकृत मजरा–टोलों का प्रतिशत – **55.40**
- **31.03.08 की स्थिति में अविद्युतीकृत मजरा–टोलों की संख्या – 15,653**



शेष मजरा–टोलों तक विद्युत पहुंचाने के लिए **आर.जी.जी.व्ही.वाई. योजना** के अंतर्गत् कार्य किये जा रहे हैं जिसे ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है । मजरा/टोलों के विद्युतीकरण की प्रगति को तालिका क्र.–7.10 में दर्शाया गया है –

तालिका क्र.–7.10
राज्य में मजरा/टोलों के विद्युतीकरण की प्रगति

वर्ष	मजरा/टोलों की संख्या	विद्युतीकरण		शेष
		लक्ष्य	उपलब्धि	
2000–01	35096	–	374	24347
2001–02	35096	946	805	23542
2002–03	35096	998	1080	22462
2003–04	35096	1200	1703	20759
2004–05	35096	1500	915	19844
2005–06	35096	2700	1723	18121
2006–07	35096	1259	1319	16802
2007–08	35096	1500	1149	15653

राज्य बनने के बाद से मजरा/टोलों के विद्युतीकरण की प्रगति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–



विभिन्न वर्शो में मजरा–टोलों के विद्युतीकरण के लक्ष्य एवं उपलब्धि में काफी उतार–चढ़ाव आया है। सर्वाधिक 1,723 मजरा–टोलों का विद्युतीकरण वर्श 2005–06 में किया गया है। आंकड़ो के विश्लेशण से यह भी स्पश्ट होता है कि लक्ष्य के विरूद्ध 87.86 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है।

राज्य के मजरा/टोलों के विद्युतीकरण की संख्यावार प्रगति को इस ग्राफ में दर्शाया गया है–



राज्य में 2001 की जनगणना के आधार पर कुल मजरा टोलों की अनुमानित संख्या 35,096 हैं। ग्राफ से स्पश्ट होता है कि वर्श 2000–01 में जहां 10,749 मजरा टोला विद्युतीकृत थे वहीं वर्श 2007–08 में विद्युतीकृत मजरा–टोलों की संख्या बढ़कर 19,443 हो गई। वर्श 2000–01 में अविद्युतीकृत मजर–टोलों की संख्या 24,347 थी जो वर्श 2007–08 में घटकर 15,653 रह गई है। इस प्रकार वर्श 2007–08 तक 55.40 प्रतिशत मजरा–टोलों विद्युतीकृत किया जा चुका है।

(3) एक बत्ती कनेक्शन–

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति/जनजाति के उपभोक्ताओं तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सामान्य वर्ग के लोगों को एक बत्ती कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है। उपरोक्त श्रेणी में आने वाले ग्रामवासियों को जिनके घर मण्डल की विद्यमान निम्नदाब लाईन से अधिकतम 30 मीटर की दूरी के भीतर है उनसे सर्विस कनेक्शन चार्ज तथा सुरक्षा निधी जमा कराये बगैर निःशुल्क एक बत्ती कनेक्शन प्रदाय किये जाते हैं।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों के पम्पों तथा बी.पी.एल. परिवारों के एकल बत्ती कनेक्शन(बी.पी.एल.) (अधिकतम 120 वाट विद्युत भार के लिये अधिकतम 30 यूनिट खपत तक) के विद्युत बिलों का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है ।

गरीब परिवारों के एकल बत्ती कनेक्शनों के विरूद्ध लम्बित देयकों के भुगतान हेतु एक मुश्त राशि रू. 54 करोड़ विद्युत मण्डल को प्रदाय किये गयें।

राज्य में एकल बत्ती कनेक्शन की प्रगति–

- राज्य गठन के पूर्व तक एकल बत्ती कनेक्शन (बी.पी.एल.) – 6,30,389
- राज्य गठन के पश्चात 31.03.08 तक बी.पी.एल कनेक्शन – 3,55,452
- छत्तीसगढ़ में 31.03.08 तक बी.पी.एल कनेक्शन – 9,85,841

राज्य बनने के बाद से बी.पी.एल. (एकल बत्ती कनेक्शन) के विद्युतीकरण की प्रगति को तालिका क्र.–7.11 एवं दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–

तालिका क्र.–7.11

एकल बत्ती कनेक्शन (बी.पी.एल.) की प्रगति

वर्ष	एकल बत्ती कनेक्शन		कुल एकल बत्ती कनेक्शन
	लक्ष्य	उपलब्धि	
2000–01	–	2417	2417
2001–02	30300	3804	6221
2002–03	30500	30498	36719
2003–04	60000	57607	94326
2004–05	80000	68666	162992
[illegible]	[illegible]	[illegible]	380
[illegible]	[illegible]	[illegible]	535
[illegible]	[illegible]	[illegible]	52



एकल बत्ती कनेक्शन (बी.पी.एल.) के लक्ष्य एवं उपलब्धि में

काफी उतार–चढ़ाव रहा है। सर्वाधिक 79,917 एकल बत्ती कनेक्शन (बी.पी.एल.) 2007–08 में दिया गया है। लक्ष्य के विरूद्व 86.53 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है।

राज्य बनने के बाद से कुल एकल बत्ती कनेक्शन (बी.पी.एल.) की प्रगति को इस ग्राफ में दर्शाया गया है–



जहां राज्य गठन के पूर्व 44 वर्षों में मात्र 6,30,389 एकल बत्ती कनेक्शन दिये गये वहीं 2007–08 तक 3,55,452 एकल बत्ती कनेक्शन दिये जा चुके हैं। इस प्रकार, कुल एकल बत्ती कनेक्शनों की संख्या 9,85,841 हो चुकी हैं।

(4) पम्प विद्युतीकरण–

बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि पम्पों के लिये विद्युत विस्तार हेतु मंडल द्वारा व्यय की जाने वाली प्रति पम्प की राशि की सीमा को रू. 30 हजार से बढ़ाकर रू. 40 हजार किया गया तथा कुछ ही समय बाद इसे पुनः बढ़ाकर रू. 50 हजार प्रति पम्प कर दिया गया।

राज्य में पम्प विद्युतीकरण की प्रगति–

- छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय उपलब्ध पंप कनेक ान (कार्य पूर्ण) – 72,400
- छत्तीसगढ़ गठन के पश्चात् 31.03.08 तक
  विद्युत लाईन विस्तार किये गये कुल पंप कनेक्शन – 1,27,143
- 31.03.08 तक विद्युतीकरण किये गये कुल पंप कनेक्शन (कार्य पूर्ण) – 1,99,543

राज्य बनने के बाद से पम्प विद्युतीकरण की प्रगति को तालिका क्र.–7.12 में दर्शाया गया है–

तालिका क्र. –7.12

राज्य में पम्प विद्युतीकरण की प्रगति

वर्ष	पम्प विद्युतीकरण		कुल पम्प विद्युतीकरण
	लक्ष्य	उपलब्धि (कार्य पूर्ण)	
2000–01	–	849	849
2001–02	8801	9416	10265
2002–03	7500	8058	18323
2003–04	9000	5330	23653
2004–05	15000	11396	35049
2005–06	25000	25645	60694
2006–07	35000	34417	95111
2007–08	40000	32032	127143

राज्य बनने के बाद से पम्प विद्युतीकरण की प्रगति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–



वर्ष 2007–08 तक थोड़े बहुत उतार–चढ़ाव के साथ पम्प विद्युतीकरण के लक्ष्य एवं उपलब्धि में वृद्धि देखने को मिल रही है। सर्वाधिक 34,417 पम्प विद्युतीकरण वर्ष 2006–07 में किया गया है। आंकड़ो के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि लक्ष्य के विरूद्व 91.26 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। वर्ष 2008–09 में 18,000 पम्प विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य बनने के बाद से एवं कुल पम्प विद्युतीकरण की प्रगति को इस ग्राफ में दर्शाया गया है–



राज्य गठन के पूर्व 72,400 सिंचाई पम्पों का विद्युतीकरण किया गया। राज्य गठन के बाद से वर्ष 2007–08 तक 1,27,143 सिंचाई पम्पों का विद्युतीकरण किया जाकर वर्ष 2007–08 तक कुल 1,99,543 सिंचाई पम्पों का विद्युतीकरण किया गया।

अटल ज्योति योजना–

राज्य के सात जिलों (रायपुर, महासमुन्द, धमतरी, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर–चांपा एवं राजनांदगांव), जिनमें पंप कनेक्शनों की संख्या अधिक है, के ग्रामों के रहवासी क्षेत्रों में सतत् विद्युत प्रदाय हेतु **"अटल ज्योति"** योजना का प्रारूप तैयार किया गया। जिसका उद्देश्य सिंचाई पम्पों की सप्लाई के फीडर को अलग करते हुए ग्रामों में नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति की जाना है ताकि ग्रामवासियों को बाधारहित विद्युत आपूर्ति होती रहे एवं ग्रामीणों के जीवनस्तर में सुधार व

समृद्धि हो सके। योजना के अंतर्गत 9,367 ग्रामों के रहवासी क्षेत्रों के विद्युत लाईनों को सिचाई पंपों के विद्युत लाईनों से अलग करने हेतु रूपये 618.51 करोड़ की लागत से लगभग 23,555 कि.मी. 11के.व्ही लाईन एवं 6,716 कि.मी निम्नदाब लाईनों के निर्माण के साथ 12,571 वितरण ट्रांसफार्मर्स की स्थापना के कार्य भाामिल किये गये।

उक्त योजना को प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया जाना है। परंतु संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर प्रथम चरण मे रूपये 200 करोड़ की लागत से पंपों की अधिक सघनता वाले क्षेत्रों के लिए प्रारंभिक योजना बनाई गई।

किसान समृद्धि योजना (पुरानी इंदिरा खेत गंगा योजना)–

योजना के अंतर्गत अल्प वर्शा (वृश्टि छाया) वाले जिलों में नलकूप खनन एवं उनमें पम्प ऊर्जीकरण के माध्यम से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। यह योजना पांच जिलों क्रमशः राजनांदगांव, दुर्ग, कबीरधाम, रायपुर एवं बिलासपुर के 25 विकासखण्डों क्रमशः राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, डोंगरगांव, बेरला, बेमेतरा, साजा, धमधा, नवागढ़, दुर्ग, पण्डरिया, कवर्धा, बोडला, लोहारा, तिल्दा, सिमगा, भाटापारा, बलौदाबाजार, कसडोल, बिलाईगढ़ मुंगेली, पथरिया, बिल्हा एवं तखतपुर में लागू है। इस योजना को वर्तमान में लघु एवं सीमांत कृशकों तक सीमित कर नलकूपों के विद्युतीकरण हेतु विद्युत लाईनों के विस्तार पर आने वाले व्यय की अधिकतकम राशि रू. 60,000 प्रति पम्प निर्धारित की गई है, जिसमें रू. 50,000 का व्यय मण्डल द्वारा वहन किया जाता है तथा भोश रू. 10,000 की राशि राज्य भाासन द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।



इस योजना की जिलावार प्रगति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है। विचाराधीन वर्श 2007–08 में इस योजना के तहत् कुल 2,435 नलकूपों के विद्युतीकरण के कार्यों हेतु विद्युत लाईनों को विस्तारित किया गया। इस प्रकार वर्शांत तक कुल 9,755 नलकूपों/पम्पों के लिए विद्युत लाईन विस्तार के कार्य पूर्ण किए गए।

7.6 विशिष्ट उपलब्धियॉं–

विशिष्ट उपलब्धियों की प्रगति की जानकारी निम्नानुसार है :–

- 4x2.5 मेगावाट गंगरेल जल विद्युत परियोजना वर्ष 2004 में सिंक्रोनाइज की गई।
  - 1x0.85 मेगावाट लघु जल विद्युत परियोजना, कोरबा पश्चिम, दिनांक 12.01.03 को सिंक्रोनाइज की गई ।
- 6 मेगावाट को–जेन परियोजना, कवर्धा दिनांक 10.08.2007 को सिंक्रोनाइज की गई ।
- 2x3.5 मेगावाट सिकासार जल विद्युत परियोजना दिनांक 03.09.07 को सिंक्रोनाइज की गई
  - 2x250 मेगावाट विस्तार परियोजन कोरबा पूर्व की इकाई क. 1 एवं दो को क्रम ाः 30.03.07 एवं 11.12.07 को सिंक्रोनाइज की गई ।

7.7 विद्युत अधिनियम 2003 का कियान्वयन–

केन्द्र सरकार द्वारा 10 जून, 2003 से विद्युत अधिनियम 2003 अधिसूचित किया गया । तद्नुसार उपरोक्त अधिनियम राज्य में 10 दिसम्बर, 2003 से प्रभावीाल हो गया है। विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत विद्युत मंडल का पुर्नगठन किया जाना है। अधिनियम की धारा–17 2 (ए) के द्वारा प्रदत्त भाक्तियों के अनुसार इसको आगामी 29 फरवरी, 2008 तक बढ़ाया गया है। विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार विद्युत मंडल के पुर्नगठन हेतु भाासन द्वारा अपेक्षित कार्यवाही की जा रही है।

7.8 केन्द्र प्रर्वतित योजनाएं एवं विकास

• राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (RGGVY)–

- राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत वर्श 2009 तक राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी आवासों तक विद्युत उपलब्ध कराया जाना है।

- राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के भात–प्रतिशत घरों तक विद्युतीकरण हेतु जिलेवार योजना बनाने से लेकर विद्य ुतीकरण तक के सम्पूर्ण कार्यो को संपादित करने हेतु केन्द्र भाासन के तीन उपक्रमों क्रमशः एन.एच.पी.सी., एन.टी.पी.सी. तथा पी.जी.सी.आई.एल. को अधिकृत किया है।
- राज्य के सभी 16 जिलों में रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कार्पोरेशन, छत्तीसगढ़ भाासन, छ.ग.रा.विद्युत मंडल एवं पृथक–पृथक उपक्रमों के साथ चार पक्षीय अनुबंध किये गये हैं। जिन्हें तालिका क्र.–7.13 में दर्शाया गया है:–

तालिका क्र. –7.13

सार्वजनिक उपक्रम अनुबंध की स्थिति

क्रं.	सार्वजनिक उपक्रम का नाम	अनुबंध की तिथि	आबंटित जिले
1	एन.एच.पी.सी.(National Hydal Power Corporation)	30.06.2005	सात जिले क्रमशः रायपुर, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, कबीरधाम, राजनांदगांव एवं कांकेर
2	एन.ई.एस.सी.एल. (NTPC Electric Supply Compny Ltd.)	08.08.2005	पांच जिले क्रमशः कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़, जशापुरनगर एवं जांजगीर–चांपा
3	पी.जी.सी.आई.एल. (Power Gride Corporation India Ltd.)	16.11.2005	चार जिले क्रमशः कोरिया, सरगुजा, बस्तर एवं दंतेवाड़ा

- राज्य के 3 जिलों कबीरधाम (कवर्धा), दुर्ग एवं जांजगीर–चांपा की योजनाएं 10वीं पंचवर्शीय योजना में ही स्वीकृत हो गई थीं। तीन जिलों के विद्युतीकरण की प्रगति को परिशिश्ट 01 में दर्शाया गया है

स्वीकृत प्रोजेक्ट की दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत प्रगति – वित्तीय प्रगति

10 वीं पंचवर्शीय योजना के अंतर्गत इस योजना में स्वीकृत लागत, प्रदायित लागत, केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को दी गई राशि एवं खर्च की गई राशि की प्रगति को इस दण्ड आरेख में प्रस्तुत किया गया है । जिसमें कुल स्वीकृत



लागत रू. 148.93 करोड़ प्रदायित लागतरू.,रू. 153. 40 करोड़ है, जिसमें से रू. 98.25 करोड़ केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों ने प्राप्त की और मात्र रू. 65.45 करोड़ ही खर्च किये जा सके।

भौतिक प्रगति– 10 वीं पंचवर्शीय योजना के अंतर्गत इस योजना में भाामिल बी.पी.एल. आवासों की प्रगति को इस दण्ड आरेख में प्रस्तुत किया गया है–



भाामिल 3 जिलों की योजनाओं के अंतर्गत कुल 1. 22.326 बी.पी.एल. परिवारों को लाभान्वित करने हेतु भाामिल किया गया है जिसमें सर्वाधिक परिवार दुर्ग जिलें के है जिसमें से कुल 39.574 बी.पी.एल. आवासों को कनेक्शन दिये गये है विस्तृत कार्य प्रगति को परिशिश्ट 01 में दर्शाया गया है।

- **11वीं पचंवर्षीय योजना हेतु स्वीकृत प्रस्ताव–**



11वीं पंचवर्षीय योजना में योजनांतर्गत 8 जिलों को भाामिल किया गया है। जिसकी जिलेवार स्वीकृत डी.पी.आर लागत को इस दण्ड आरेख में द र्ााया गया है–
8 जिलों के ग्रामीण विद्य ुतीकरण की कुल स्वीकृत लागत रू. 420.71 करोड़ है।

इस योजना के अंतर्गत विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत गांवों एवं मजरे/टोलों की स्थिति को इस दण्ड आरेख में प्रस्तुत किया गया हैः–



दण्ड आरेख से स्पश्ट होता है कि विद्य ुतीकरण हेतु स्वीकृत सर्वाधिक गांवो एवं मजरा/टोलों की संख्या रायपुर जिले से है। राज्य के कुल 9,848 गांवों एवं उनके मजरे/टोलों के विद्युतीकरण कार्य प्रावधानित हैं।

इस योजना में भाामिल कुल ग्रामीण आवासों की संख्या जिसमें बी.पी.एल. को भाामिल किया गया है विद्युतीकरण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे की स्थिति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया हैः–



इस योजना के अंतर्गत प्रस्तावित कुल 7,26,722 ग्रामीण आवासों में से 4,25,136 बी.पी.एल. ग्रामीण आवासों को भाामिल किया गया है जो विद्युतीकरण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इसके अलावा 74 अविद्युतीकृत ग्रामों एवं 38 डी–इलेक्ट्रीफाइड ग्रामों को भी इस योजना के अंतर्गत भाामिल किया गया है।

इस योजना में भाामिल जिलों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी परिशिश्ट 02 में प्रस्तुत की गई है।

- **ग्रामीण विद्युतीकरण आयोग के पास स्वीकृती हेत लम्बित डी.पी.आर.की स्थिति :–**



भोश 5 जिलों के प्रस्ताव ग्रामीण विद्युतीकरण आयोग के पास स्वीकृति हेतु लंबित हैं। जिनकी जिलेवार प्रस्तावित लागत को इस दण्ड आरेख में प्रस्तुत किया गया है– इन 5 आदिवासी बाहुल्य जिलों की प्रस्तावित डी.पी. आर. लागत रू. 560.91 करोड़ एवं संशोधित लागत 777.93 करोड़ रू.प्रस्तावित है।

लंबित 5 जिलों की योजनाओं में भाामिल गांवों तथा मजरे/टोलों की संख्या को जिलेवार इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–



इसके अंतर्गत पूर्व में प्रस्तावित ग्रामों की संख्या 4,868 तथा मजरों/टोलों की संख्या 10,107 थी जिसमें संशोधन कर क्रमशः 2,640 एवं 11,658 किया गया।

इसके अंतर्गत पूर्व में प्रस्तावित अन–इलेक्ट्रीफाइड एवं डी–इलेक्ट्रीफाइड ग्रामों की संख्या क्रमशः 461 एवं 250 थी जिसमें संशोधन कर क्रमशः 1,728 एवं 350 किया गया।

इसके अंतर्गत पूर्व में प्रस्तावित ग्रामीण घरेलू विद्युतीकरण एव बी.पी.एल. परिवार जो इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकेगे की कुल संख्या क्रमशः 5,93,683 एवं 3,59,000 थी जिसमें संशाोधन कर क्रमशः 3,29,303 एवं 3,14,673 किया गया।

इस योजना में लंबित जिलों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी परिशिष्ट 03 में दी गई है।

- **त्वरित ऊर्जा विकास सुधार कार्यक्रम (APDRP)**–

विद्युत वितरण के सुद्रढीकरण, ऊर्जा हानि कम किये जाने, विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में सुधार किये जाने आदि उद्देश्य हेतु केन्द्र भाासन ने "त्वरित ऊर्जा विकास सुधार कार्यक्रम" (ए.पी.डी.आर.पी.) योजना लागू की है। इस योजना के अंतर्गत समग्र योजना लागत की 25 प्रतिशत राशि को अनुदान के रूप में तथा 25 प्रतिशत को लंबी अवधि के ऋण के रूप में ऊर्जा मंत्रालय, केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाना है तथा भोश 50 प्रतिशत राि"ा की व्यवस्था विद्युत मण्डल द्वारा स्वयं के स्त्रोतों से किया जाना है।

वर्ष 2002–03 से कियाशील त्वरित ऊर्जा विकास सुधार कार्यक्रम की कुल 06 योजनायें:–

(1) रायपुर – इस योजना में जिला रायपुर, धमतरी एवं महासमुन्द समाहित हैं।
(2) बिलासपुर – इस योजना में जिला बिलासपुर, चांपा–जांजगीर एवं कोरबा समाहित हैं।
(3) राजनांदगांव – इस योजना में जिला राजनांदगांव एवं कवर्धा समाहित हैं।
(4) रायपुर (शहर)
(5) दुर्ग (ाहर)
(6) भिलाई (शहर)

उक्त स्वीकृत योजनाओं की स्वीकृत राशि, आबंटित राशि एवं दिनांक 30.04.08 तक किये गए कार्यो में व्यय की गई राि ा की प्रगति को तालिका क्र.–7.14 में दर्शाया गया है:–

तालिका क्र. –7.14

योजनाओं की स्वीकृत राशि, आबंटित राशि एवं व्यय राशि की प्रगति

(राशि करोड़ रू. में)

क.	स्वीकृत योजनाओं का नाम	स्वीकृत राशि	आबंटित राशि	30.04.08 तक व्यय की गई राशि	भोश राशि
1	श्रायपुर(संचा./संधा.) वृत्त	119.42	159.21	133.59	-14.17
2	बिलासपुर(संचा./संधा.) वृत्त	104.96		78.36	26.61
3	राजनांदगांव (संचा./संधा.) वृत्त	49.28		41.33	7.95
4	श्रायपुर (शहर)	47.20		23.65	23.55
5	दुर्ग (शहर)	13.32		7-07	6.25
6	भिलाई (शहर)	15.79		8.85	6.94
	कुल योग	**349.97**	**159.21**	**292.84**	**57.12**

इस योजना के अंतर्गत विभिन्न वर्शो में किये गये व्यय एवं प्रगतिभील व्यय को इस ग्राफ में दर्शाया गया है–



ग्राफ से स्पश्ट होता है कि विभिन्न वर्शों के दौरान इस योजना के क्रियान्वयन पर वर्श 2007–08 तक रू. 29,081.03 लाख राशि व्यय की गई है।

योजना के अंतर्गत रू. 34,996.29 लाख का प्रावधान किया गया है जिसमें से अप्रैल 2008 तक रू. 29,284. 28 लाख प्राप्त कर व्यय किया जा चुका है। भोश रू. 5,712 लाख प्राप्त कर व्यय किया जाना है।

त्वरित ऊर्जा विकास सुधार कार्यक्रम के तहत तीन नई योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी है। जिन्हें तालिका क्र.–7.15 में दर्शाया गया है:–

तालिका क्र.–7.15

स्वीकृत नवीन योजनाओं की प्रगति

कं.	शहर का नाम	राशि (करोड़ रू. में)
1	ज्गदलपुर	3.33
2	अम्बिकापुर	4.30
3	रायगढ़	3.86

इन तीनो योजनाओं में से जगदलपुर (शहर) की योजना प्रारंभ हो गई है तथा मार्च 2009 तक पूर्ण करने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं । ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार ग्यारहवीं पंचवर्शीय योजना के अंतर्गत त्वरित ऊर्जा विकास सुधार कार्यक्रम हेतु नये दिशा–निर्देशों (रूपरेखा) जारी होने के पश्चात ही दो योजनाओं क्रमशः अम्बिकापुर (शहर) और रायगढ़ (शहर) का क्रियान्वयन किया जाना संभव होगा।

गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों का विकास– अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)

गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों के दोहन तथा पारंपरिक ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से मई 2001 में अभिकरण का गठन किया गया। केन्द्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को नोडल एजेंसी के रूप में मान्यता प्राप्त है। प्रदेश में अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत पर आधारित विभिन्न परियोजनाओं एवं लघु विद्युत जल विद्युत परियोजनाओं का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकारण (क्रेडा) द्वारा किया जाता है।

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) का प्रधान कार्यालय रायपुर में है। इसके अंतर्गत पॉच क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, बस्तर व सरगुजा में है एवं पन्द्रह जिला कार्यालय रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, धमतरी, कांकेर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर–चांपा, जशपुरनगर, बस्तर, सरगुजा, कोरिया व दंतेवाड़ा में हैं।

अक्षय ऊर्जा का अर्थ है पुनर्जनित, समाप्त न होने वाले, पर्यावरण अनुकूल और गैर–जीवाश्म संसाधनों से उत्पन्न ऊर्जा। अनेक अक्षय ऊर्जा युक्तियों और प्रणालियों का विकास हुआ है । पिछले लगभग ढाई दशक से अधिक समय से भारत सरकार के साथ राज्य सरकारों द्वारा भी आम नागरिक, उद्योग, समुदाय और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अनेक राजकोषीय और वित्तीय प्रोत्साहनों द्वारा अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में ऊर्जा आवश्यकताएं पूरी करने के लिए अक्षय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। यहां 800 से अधिक दूरस्थ गाँवों को सौर ऊर्जा से बिजली दी गई है। अब तक क्रेडा ने 566.94 मेगावॉट की लघु पनबिजली परियोजनाओं, 324 मेगावॉट क्षमता वाले चावल की भूसी पर आधारित विद्युत संयंत्र, 24 गैसीफायर संयंत्र, लगभग 22,000 बायोगैस संयंत्रों तथा 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के सौर जल तापन प्रणालियों और जेट्रोफा के लगभग 3 करोड़ पौधों के साथ दैनिक जीवन के हर क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा का उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़कर अन्य राज्यों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

राज्य उन स्थलों की पहचान करने की प्रक्रिया में हैं जहां भू–तापीय संयंत्रों की स्थापना की जा सकती है। राज्य का तातापानी क्षेत्र विचारणीय संभाव्यता वाला क्षेत्र है जहां पर निवेश किया जा सकता है। जलशक्ति की तुलना में 80–85 प्रतिशत उच्च लोड फैक्टर भू–तापीय क्षेत्र में प्राप्त होता है जो प्रारंभिक उच्च पूंजीगत व्यय की प्रतिपूर्ति करता है इसके अलावा भू–तापीय संयंत्रों को चलाने में प्रचालन लागत काफी कम आती है।

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अधिकांश योजनाएं जैसे–बायोगैस विकास कार्यक्रम, सौर थर्मल, सौर प्रकाशवोल्टीय, ग्राम विद्युतीकरण तथा बायोमास गैसीफायर आदि क्रेडा द्वारा कार्यान्वित की जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने क्रेडा को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के प्रावधानों का समन्वय, नियमन एवं प्रवर्तन करने तथा राज्य के भीतर उक्त अधिनियम के तहत योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अधिसूचित किया है।

7.9 अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)– कार्यक्रमों का विवरण

- **राष्ट्रीय बायोगैस एवं खाद प्रबंधन कार्यक्रम**

क्रेडा राज्य/नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की वित्तीय सहायता से परिवार मूलक बायोगैस संयंत्रों के संवर्द्धन हेतु बायोगैस विकास पर राष्ट्रीय परियोजना तथा सामुदायिक एवं संस्थागत बायोगैस संयंत्र कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है। विभिन्न क्षमताओं के बड़े आकार वाले संयंत्रों को भी ग्रामों, गौशालाओं एवं इसी प्रकार की संस्थाओं में कुकिंग ईंधन एवं विद्युत उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगाया जा रहा है। पिछले छः वर्षों के दौरान (तलिका क्र.–16) क्रेडा द्वारा 24,329 परिवार प्रकार के बायोगैस संयंत्र लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक 25 संस्थागत संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। इनसे प्रतिदिन लगभग 230 टन लकड़ी की बचत हो रही है। इन संयंत्रों से राज्य के कृषकों को प्रतिदिन लगभग 250 टन उच्च स्तर की खाद् मिल रही है। रायपुर जिले के ग्राम–अभनपुर में स्थित जीवोदय संस्थान में प्रतिदिन लगभग 500 व्यक्तियों का खाना बनता है। पहले इस संस्थान में 50 गैस सिलैंण्डर प्रतिमाह की खपत थी। 50 घनमीटर क्षमता के बायोगैस संयंत्र, 1,000 लिटर का सौर गर्म जल संयंत्र एवं 01 गैसीफायर संयंत्र की स्थापना से LPG गैस का उपयोग बंद हो गया है। इसी प्रकार चांपा स्थित कुष्ठ आश्रम में लगभग 350 व्यक्तियों का खाना बायोगैस से ही बन रहा है। ईंधन के अतिरिक्त बायोगैस संयंत्र से निकलने वाली खाद् का प्रयोग कर, उक्त दोनों संस्थानों में 50 एकड़ से अधिक भूमि पर खेती की जा रही है। राज्य में स्थापित घरेलू बायोगैस संयंत्रों की प्रगति को तलिका क्र.–7.16 में दर्शाया गया हैः–

तलिका क्र.–7.16

घरेलू बायोगैस संयंत्रों की प्रगति

वर्ष	संयंत्रों की संख्या	कुल संयंत्रों की संख्या (तक)
2001-02	3000	3000
2002-03	4641	7641
2003-04	3243	10884
2004-05	3420	14304
2005-06	3881	18185
2006-07	4238	22423
2007-08	1906	24329



संस्थागत बायोगैस के क्षेत्र में क्रेडा ने कई अनूठे प्रयोग किये हैं। भाटापारा में जलकुंभी से बायोगैस उत्पादन व उत्पादित बायोगैस से विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। रायपुर जिले के ग्राम–अछोटी में अभ्योदय संस्थान में कम्प्रेशर के माध्यम से सिलेंण्डर में गैस भरने का सफल प्रयोग किया गया है। सिलेंण्डर में गैस भरने के पूर्व बायोगैस से कार्बन–डाय–आक्साइड व हाइडोजन–सल्फाइड गैस सेपरेटर में अलग कर दी जाती है।

राजनांदगांव में राजाराम मेज प्रोडक्ट स्टार्च का उत्पादन करता है। इस उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट से 2,200 घनमीटर प्रतिदिन बायोगैस का निर्माण हो रहा है। जिससे विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। कुम्हारी में केडिया डिस्टलरी में 2,800 घनमीटर क्षमता का बायोगैस उत्पादन संयंत्र लगाया गया है। यहॉं भी उत्पादित बायोगैस विद्युत उत्पादन में उपयोग हो रही है।

▪ पनबिजली परियोजनाएं

राज्य में 3,000 मेगावॉट की पनबिजली संभाव्यता है परंतु विशाल एवं लघु पनबिजली परियोजनाओं के माध्यम से अभी तक मात्र छोटे से अंश (320 मेगावॉट) को प्राप्त किया गया है। लघु पनबिजली परियोजनाएं दूरस्थ क्षेत्रों, जो कि राज्य में सड़कों के नेटवर्क के माध्यम से किसी न किसी मार्ग से गम्य हैं, में सामान्यतः मुख्य धाराओं/नदियों के मिलन बिन्दु के नजदीक हैं, 'रन–ऑफ–द–रिवर' योजनाओं के रूप में विकसित किया जाना प्रास्तावित है। क्रेडा ने विकल्प पन ऊर्जा केन्द्र, आईआईटी, रुड़की से लघु पन संसाधनों की पहचान तथा राज्य में लघु पन बिजली संभाव्यता का अनुमान लगाने के लिए एक विस्तृत अध्ययन प्रायोजित किया है। वर्तमान अध्ययन में, विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत व्यवहार्य विद्युत उत्पादन हेतु कुल 180 स्थानों की पहचान की गई है। समस्त स्थानों की कुल अनुमानित संभाव्यता लगभग 800 मेगावॉट है। अभिनिर्धारित स्थानों की क्षमता 1 किलोवॉट से 24 मेगोवॉट तक है तथा ये राज्य के विभिन्न भागों में स्थित हैं। लघु पनबिजली विकास तथा सरकार की नीति के अनुरूप, क्रेडा में परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं। इनमें से, 566.94 मेगावॉट की कुल क्षमता की 64 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं तथा इनके कार्यान्वयन हेतु करार किया गया है। 54 मेगावॉट की कुल क्षमता की 05 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं परंतु करार किया जाना शेष है तथा 18 मेगावॉट की कुल क्षमता की दो परियोजनाएं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षित हैं।

गंगरेल जलाशय में 10 मेगावॉट, सोंदूर में 04 मेगावॉट एवं कोरबा में 850 किलोवॉट क्षमता की परियोजनायें कार्यशील हैं।

▪ सौर प्रकाशवोल्टीय कार्यक्रम

राज्य के कुल क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत वनों से घिरा है। राज्य में 1986 में, लमनी ग्राम, जिला बिलासपुर में प्रथम सौर प्रकाशवोल्टीय विद्युत संयंत्र लगाया गया। तब से यह संयंत्र सफलतापूर्वक चल रहा है। क्रेडा के गठन से लेकर अब तक 800 से अधिक गांवों का सौर प्रकाशवोल्टीय द्वारा विद्युतीकरण किया गया है। ये समस्त गांव सुदूर एवं आदिवासी जनजातीय हैं तथा कुछ गांव नक्सल प्रभावित भी हैं।`

विद्युतीकरण दो तरीकों से किया जाता है। बड़े ग्रामों में, केन्द्रीकृत सौर प्रकाशवोल्टीय विद्युत संयंत्र लगाए जाते हैं तथा इनसे विद्युत घरों में भेजी जाती है। सड़कों तथा अन्य स्थलों को रोशन करने के लिए कुछ सड़क रोशनी प्रणालियॉं भी लगाई गई हैं। छोटे ग्रामों में, सौर प्रकाशवोल्टीय घरेलू एवं सड़क रोशनी प्रणालियों की सहायता से विद्युतीकरण किया जाता है। इन सभी ग्रामों में प्राथमिक प्रचालन एवं अनुरक्षण की देखभाल के लिए ग्राम–स्तर की समितियां हैं। प्रणालियों के प्रचालन और अनुरक्षण, निगरानी एवं रखरखाव हेतु क्लस्टर तकनीशियन नियुक्त किए जाते हैं तथा क्रेडा के तकनीकी कर्मचारी भी नियमित रूप से प्रणालियों का प्रबोधन करते हैं। प्रचालन एवं अनुरक्षण की सहायता हेतु कनेक्शन टेरिफ के रूप में प्रत्येक लाभार्थी अंशदान देता है। प्रत्येक लाभार्थी परिवार प्रणाली के अनुरक्षण हेतु ग्राम ऊर्जा समिति को प्रतिमाह रु. 5 का भुगतान कर रहा है। इसके संचालन के लिए एक स्थानीय व्यक्ति को प्रशिक्षित किया गया है। उसे इस कार्य हेतु रु. 400–600 प्रतिमाह का भुगतान किया जाता है। क्लस्टर तकनीशियन को प्रतिमाह लगभग रुपए 3500.00 भुगतान किया जाता है।

इस कार्यक्रम से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में ग्रामीणों विशेषकर आदिवासियों की जीवन–शैली ही बदल गई है। अब यहाँ के रहवासी दूरदर्शन के माध्यम से कृषि व विज्ञान के आधुनिक प्रयोगों से परिचित हो रहे हैं। रात्रि में घर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होने के कारण बच्चे उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अब इन ग्रामों में शाम का माहौल शहरों की तरह रौनकभरा लगता है। इमली से बीज व छिल्का अलग करना, माहुल पत्ते से दोना–पत्तल बनाना एवं झाडू निर्माण जैसे अनगिनत आमदनी जनित कार्य इन ग्रामों में शाम ढलने के बाद भी देखे जा सकते हैं। दूरदर्शन के कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि अब इन ग्रामों में नवजात बच्चों का नाम गुरसू या आयतू की जगह राहुल व प्रदीप रखा जाने लगा है। इन ग्रामिणों के पहनावे में आधुनिकता झलकने लगी है। अब ये किसान भी कृषि के उत्कृष्ठ साधनों व उन्नत बीजों के प्रयोग से खेती कर रहे हैं।

- **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का विद्युतीकरण**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इनक्युबेटर्स, रेफ्रीजरेटर, एक्स–रे एवं ईसीजी जैसे विभिन्न यंत्रों के लिए बिजली की आवश्यकता होती है। राज्य में क्रेडा द्वारा 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सौर प्रकाशवोल्टीय के माध्यम से विद्युतीकरण किया गया है।

- **सौर प्रकाशवोल्टीय सड़क प्रकाश प्रणाली**

रायपुर में, प्रदर्शन हेतु विधानसभा, गांधी उद्यान, जवाहर उद्यान, राजभवन, मुख्य मंत्री निवास, स्पीकर निवास एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी क्लब में सड़क रोशनी प्रणालियां लगाई गई हैं। इसी प्रकार विकसित ऊर्जा पार्क में सौर प्रकाशवोल्टीय सड़क लाइटें लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के लगभग 900 ग्रामों में 12,000 से अधिक सौर पथ प्रकाश संयंत्र स्थापित हैं। उचित रखरखाव व संचालन व्यवस्था के कारण ये सभी पथ प्रकाश संयंत्र विगत 08 वर्षों से निरंतर कार्यशील हैं।

प्रसिद्ध मंदिर भौरमदेव क्षेत्र में सौर प्रकाश वोल्टीय पथ प्रकाश संयंत्र स्थापित हैं। रायपुर स्थित एग्रीकल्चरल कॉलेज परिसर, बस्तर का परचनपाल, सलवा जुडूम राहत शिविर एवं बारनवापारा पर्यटक ग्राम जैसे कई स्थानों पर सौर प्रकाश वोल्टीय पथ प्रकाश संयंत्र स्थापित है।

- **सामुदायिक सौर प्रकाशवोल्टीय प्रणालियां**

सौर प्रकाशवोल्टीय विद्युतीकरण के माध्यम से रात में भी अपने दिन–प्रतिदिन कार्यकलापों को चलाए रखने में समुदायों की सहायता करना संभव है। प्रदेश में क्रेडा ने अब तक 500 से अधिक जनजातीय छात्रावासों का सौर प्रणाली से विद्युतीकरण किया है। विगत 03 वर्षों में यह अनुभव किया गया कि ऐसे विद्युतीकृत छात्रावासों का परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत बहुत बेहतर रहा है। यहाँ अध्ययनरत् छात्र अब रात्रि में भी पढ़ाई कर रहे हैं। अच्छे परीक्षा परिणाम से प्रोत्साहित हो कर ये छात्र उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित होने लगे हैं। सौर प्रणाली से विद्युतीकृत ग्रामों में हाई स्कूलों की मांग उठ रही है।

प्रदेश में लगभग 70 पुलिस थाने जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित हैं, का विद्युतीकरण सौर विद्युत प्रणाली से किया गया है। सामान्य रूप से विद्युतीकृत थानों में बाहर से विद्युत प्रवाह बंद कर नक्सलियों द्वारा हमला किया जाता है। सौर प्रणाली से विद्युतीकृत थानों में ऐसा करना संभव नहीं है।

- **वन विश्राम गृहों एवं पर्यटन केन्द्रों हेतु सौर प्रकाशवोल्टीय विद्युतीकरण**

बार–नवापारा, उदंती एवं तौरंगा में वन्यजीव अभ्यारणों जैसे सुदूर क्षेत्रों में फारेस्ट विश्राम गृहों को सौर प्रकाशवोल्टीय प्रणालियों के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। इसके माध्यम से बार–नवापारा पर्यटन कॉटेजों का भी विद्युतीकरण किया गया है। लगभग 200 पर्यटकों के रुकने की व्यवस्था वाला यह विश्रामगृह पूर्ण रूप से सौर प्रणाली से विद्युतीकृत है। इसके समीप ही ग्राम–मोहदा में नव–निर्मित पर्यटक कॉटेज 10 किलोवॉट क्षमता के सौर संयंत्र से विद्युतीकृत किया गया है। जिला सरगुजा में कैलाश गुफा तथा जिला कबीरधाम में भोरमदेव कुछ पर्यटक स्थल है जिनका सौर प्रणालियों के माध्यम से विद्युतीकरण किया गया है।

सीमित क्षेत्र में दूरसंचार हेतु वायरलैस इन लोकल लूप (WLL) की आवश्यकता होती है। सामान्यतः (WLL) का प्रयोग उन क्षेत्रों में किया जाता है जहां दूरसंचार की अन्य प्रणालियां उपलब्ध नहीं कराई जा सकती। अविद्युतीकरण वाले क्षेत्रों में जहां (WLL)कराया जाता है, वहां बिजली की आवश्यकता सौर प्रकाशवोल्टीय प्रणालियों द्वारा पूर्ण नहीं की जा सकती हैं। ग्राम सरोरा दादर, जिला कबीरधाम में (WLL) सौर प्रकाशवोल्टीय प्रणाली की सहायता से चल रहा है। परम्परागत साधनों की तुलना में ऐसे विद्युतीकरण की लागत बहुत कम है।

▪ सौर जल पंप

सौर प्रकाशवोल्टीय पंपन योजना का मुख्य उद्देश्य विशेषकर अविद्युतीकृत ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराना है। इन पंपों से न केवल पीने का पानी मिलता है, अपितु खेतों में सिंचाई में भी सहायता मिलती है। प्रथम सौर प्रकाशवोल्टीय पंप ग्राम जबेरा, जिला धमतरी में लगाया गया जिसमें लगभग 73 परिवार हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं राज्य सरकार की आर्थिक सहायता से ग्रामों में वन विकास समितियों द्वारा 155 पंप लगाए गए हैं। उनमें से अधिकांश 1,800 वॉट पीवी एरे क्षमता के हैं तथा वन समितियां इनकी स्वामी हैं। सभी पंप संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहे हैं।

▪ सौर जल तापन प्रणाली

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आसान ऋणों तथा अन्य प्रोत्साहनों तथा गुणवत्ता मापदंडों पर बल देने से सौर जल तापन प्रणालियों के निर्माण, स्थापना, वित्तपोषण एवं सर्विसिंग में बहुत अधिक सहायता प्राप्त हुई है। शहरी परिवारों हेतु निम्न पुनर्भुगतान (पे–बैक) एक अतिरिक्त आकर्षण है। क्रेडा ने अब तक 05 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता से अधिक की जल तापन प्रणालियां लगाई हैं। एक अनुमान के अनुसार ये संयंत्र प्रतिवर्ष लाखों रुपए की विद्युत के साथ ही लाखों टन कार्बन उत्सर्जन की बचत कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में शायद ही कोई प्रमुख होटल होगा जहॉं सौर जल तापन प्रणाली स्थापित न हो। अब निजी भवनों में भी इन संयंत्रों का प्रचलन बढ़ा है। प्रतिवर्ष इनकी संख्या दो–गुनी दर से अधिक बढ़ रही है।

रायपुर में पहल नामक स्वयं सेवी संस्था नगर के स्कूलों में 50 हजार बच्चों को मध्यान भोजन वितरण कर रही है। इतनी अधिक मात्रा में भोजन पकाने के लिए सौर गर्म जल संयंत्र स्थापित किया गया है। यह संयंत्र प्रतिदिन 12 व्यवसायिक गैस सिलैण्डर की बचत कर रहा है। ऐसा ही एक संयंत्र धमतरी में 5,000 छात्रों के भोजन बनाने के लिए उपयोग किया जा रहा है। राज्य में स्थापित सौर जल तापन प्रणालियों कीं उपलब्धि तालिका क्र.–7.18 में दर्शाया गया है:–

तलिका क्र.–7.18

राज्य में स्थापित सौर जल तापन प्रणालियों कीं उपलब्धि

वर्ष	(वर्ग मीटर संग्राहक क्षेत्र)	कुल (वर्ग मीटर संग्राहक क्षेत्र) तक
2002–03	36600	36600
2003–04	42000	78600
2004–05	49975	128575
2005–06	113100	241675
2006–07	200475	442150
2007–08	163000	605150



▪ बायोमास विद्युत

छत्तीसगढ़ में, सरकार ने अक्षय ऊर्जा संसाधनों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ लाभों/प्रोत्साहनों का विस्तार करके अपनी ऊर्जा नीति की घोषणा की है। नोडल अभिकरण, क्रेडा, अक्षय ऊर्जा संसाधनों का प्रयोग करके विद्युत उत्पादन हेतु राज्य में आने वाली परियोजनाओं पर विचार करने एवं अनुमोदन देने हेतु सशक्त है। राज्य भारत के सर्वाधिक चांवल उत्पादक राज्यों में से एक है। आधुनिक चावल मिलों में धान के प्रसंस्करण से लगभग 20 प्रतिशत धान की भूसी उत्पादित होती है।

- धान का वार्षिक उत्पादन : 50 लाख टन
- कुल उत्पादित चावल : 37.5 लाख टन
- उत्पादित चावल भूसी : 12.5 लाख टन
- कुल उत्पादित धान भूसी : 112.5 लाख टन
- प्रति मेगावॉट/दिन विद्युत उत्पादन हेतु आवश्यक अपशिष्ट : 36 टन
- प्रति वर्ष/मेगावॉट विद्युत उत्पादन हेतु आवश्यक अपशिष्ट : 10800 टन।

यदि कुल अपशिष्ट का 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन हेतु उपलब्ध होता है तो राज्य में विद्युत उत्पादन हेतु संभाव्यता लगभग 575 मेगावॉट है। राज्य में अब तक 140 मेगावॉट विद्युत बायोमास से उत्पादित की जा रही है। स्थापनाधीन संयंत्रों को मिलाकर कुल क्षमता 325 मेगावॉट हो जाएगी जो भारत में सर्वाधिक है। इन संयंत्रों की स्थापना के पूर्व राज्य में धान की भूसी का कोई मूल्य नहीं था। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 4000 टन धान की भूसी की खपत हो रही है, जिसका बाजार मूल्य औसतन रुपए 32 लाख है। ये संयंत्र प्रतिदिन 33 लाख यूनिट विद्युत उत्पादित कर रहे हैं। जुलाई 09 तक यह क्षमता 300 मेगावॉट पहुॅच जाएगी। प्रदेश में एकमात्र शक्कर कारखाना है जिसके अपशिष्ट से 06 मेगावॉट क्षमता का विद्युत संयंत्र संचालित है।

उसी प्रकार कोयले के वाशरी अपशिष्टों से प्रदेश में लगभग 350 मेगावॉट विद्युत उत्पादन हो रहा है। यह नई तकनीक भारत में प्रथम बार राज्य में ही प्रयोग की गई है। इससे भविष्य में लगभग एक हजार मेगावॉट विद्यु ुत उत्पादन की संभावना है।

▪ सोलर पेसिव आर्किटेक्चर

प्रदेश में इस दिशा में अच्छी प्रगति है। अब तक 07 शासकीय भवनों का निर्माण सोलर पेसिव आर्किटेक्चर पद्यति से किया गया है। सभी प्रमुख नगरों में सेमिनार एवं कार्यशाला आयोजित कर, इस प्रणाली का प्रचार–प्रसार किया गया है।

▪ बैटरी चलित वाहन

छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य है, जहॉ बैटरी चलित वाहनों पर राज्य शासन ने अनुदान देना प्रारंभ किया है। अब तक प्रदेश में 5,000 से अधिक बैटरी चलित दो–पहिया वाहन संचालित हो रहे हैं। जबकि लगभग 25 ति–पहिया वाहन व 08 मिनी बस संचालित हैं। इनसे प्रतिदिन हजारों लीटर पैट्रोल एवं डीजल की बचत के साथ ही लाखों टन कार्बन उत्सर्जन में कमी हो रही है।

तालिका क्. –7.17

राज्य में अक्षय ऊर्जा पर एक नजर (30 जून 2008)

क्.	प्रेगाम	उपलब्धि	आगामी प्रस्ताव
1	सौलर फोटोवोल्टेक विलेज इलेकिट्रीफिकेशन	3345.5 कि.वा.	5500 कि.वा.
2	सोलर होम लाईट सिस्टम	5854 संख्या	15000 संख्या
3	सोलर कम्यूनिटि लाईट	190 संख्या	500 संख्या
4	सोलर वाटर हिटिंग सिस्टम	300000 एल.पी.डी.	200000 एल.पी.डी.
5	सोलर लेनर्टन	3643 संख्या	5000 संख्या
6	सोलर स्टीट लाईट सिस्टम	10015 संख्या	5000 संख्या
7	सोलर जनरेटर	560 संख्या	500 संख्या
8	सोलर डस्क टू डाऊन स्वीच	341 संख्या	500 संख्या
9	इलेकिट्रीफिकेशन थ्रूव फोटोवोल्टेक		
	थ्वलेज	836 संख्या	150 संख्या
	मजरा टोला / हेमलेट	71 संख्या	50 संख्या
10	SPV पंप इन्स्टोलेट	153 संख्या	100 संख्या
11	बायो–मॉस ग्रेसीफायर	32 संख्या	10 संख्या
12	इम्प्रुवड क्रेमेट्रोरिया	29 संख्या	100 संख्या
13	सोलर पैसिव बिल्डिंग डिजिग	07 संख्या	03 संख्या
14	सोलर कुकर ड्रिस टाइप (ड्रिस टाइप)	157 संख्या	200 संख्या
15	इनर्जी ऐजूकेशन पार्क	6 संख्या	11 संख्या
16	फेमेलि टाइप बायो–गैस	22448 संख्या	2000 संख्या
17	कम्यूनिटि / इंस्टीटयूट बायो–गैस	21 संख्या	15 संख्या
18	विंड मॉनीटरिंग स्टेशन	8 संख्या	2 संख्या
19	विंड सोलर हाइब्रीट सिस्टम	1 (1.6 कि.वा.)	----
20	बैटर ओपरेट वेहिकल (थीविलर)	13 संख्या	50 संख्या

	(टूविलर)	4325 संख्या	1000 संख्या
21	स्मॉल हाइड्रो पावर प्लांट	269 मे.वा	500 मे.वा
22	राइस हक पावर प्लाट	17 (140 मे.वा.)	12 (160 मे.वा.)
23	बायोगैस कनर्जवेशन	1	06 मे.वा
24	कोल वाशरी रिजेक्ट	03 (145 मे.वा.)	02/300 मे.वा.
25	इनर्जी फार अरबन एण्ड इण्डस्ट्रीज	01 (1.2 मे.वा.)	-
26	जेटरोफा प्लांटटेशन	39 करोड़	05 करोड़
27	इनर्जी ऑडीट	9 संख्या	30 संख्या

बायोफ्यूल का विकास

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हमेशा से पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों के परिदृश्य में योजना आयोग, भारत सरकार ने, वनस्पति तेलों पर आधारित सस्ता एवं अक्षय तरल–ईंधन पाने के उद्देश्य से' **बायोडीजल पर राष्ट्रीय मिशन**' का आरंभ किया। 'बायोडीजल पर राष्ट्रीय मिशन' की रिपोर्ट वर्ष 2003 में प्रस्तुत कर दी गई थी। जिसमें पेट्रो–डीजल के प्रतिस्थापन के रूप में बायो–डीजल में परिवर्तन हेतु आवश्यक वनस्पति तेल निकालने हेतु जेट्रोफा की एक उपयुक्त तिलहन के रूप में पहचान की गई। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि जेट्रोफा तेल को जो कि प्रकृति में अखाद्य है तथा विशाल क्षेत्रों में फैले जंगलों से आने के कारण इस मिशन के प्रारंभ होने तक बहुत कम ग्राहक मिले। राष्ट्रीय मिशन रिपोर्ट के अनुसार निम्न उद्देश्यों को प्राप्त किया जाना है–

- किसान की परती भूमि के अतिरिक्त सरकारी बंजर भूमि का प्रयोग करना।
- ग्रामीण जनता हेतु अतिरिक्त रोजगार सृजित करना।
- समग्र वातावरणीय सुधार हेतु हरित क्षेत्र बढ़ाना।
- बीजों की बिक्री के माध्यम से किसानों की परती भूमि से उनकी आय में वृद्धि करना।
- ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बायो डीजल उत्पादित करना।
- विद्युत उत्पादन हेतु सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में डी जी सेट्स चलाने हेतु बायो–डीजल का प्रयोग करना।

7.10 राज्य में बायो ईंधन की संभाव्यता

बायो–डीज़ल पर राष्ट्रीय मिशन के अनुरूप राज्य सरकार ने वर्ष 2012 तक राज्य में उपलब्ध 10 लाख हेक्टेयर पड़ती एवं निम्न कोटि की वन भूमि पर जेट्रोफा के पौधरोपण हेतु एक विस्तृत कार्यक्रम आरंभ किया है। इसमें किसानों से संबंधित वह भूमि भी शामिल है जो कि उपयुक्त भू–परिस्थिति के अभाव में अप्रयुक्त पड़ी है। सरकार ने राज्य में बायो–ईंधन कार्यक्रम के संवर्द्धन हेतु 26 जनवरी 2005 को **'छत्तीसगढ़ बायो–ईंधन विकास प्राधिकरण'** नामक एक विशिष्ट अभिकरण की स्थापना की। छत्तीसगढ़ बायोईंधन विकास प्राधिकरण के लक्ष्य एवं उद्देश्य निम्नानुसार हैं :–

- आवश्यकता–आधारित अनुसंधान करने हेतु तथा लक्षित परिणाम की प्राप्ति हेतु उपयुक्त प्रौद्योगिकी एवं विस्तार पैकेजों का विकास करने हेतु अनुसंधान एवं विकास सुविधा का संवर्द्धन।
- ग्रामीण आय में वृद्धि करना तथा महिला सशक्तीकरण सुनिश्चित करना।
- ग्रामीण रोजगार सृजित करना।
- बायोईंधन ऊर्जा का प्रयोग करके अक्षय ऊर्जा का संवर्द्धन।
- वृक्ष–जन्य तिलहन उगाना एवं वृक्ष–जन्य तिलहन हेतु संचालक क्षेत्रों की पहचान के माध्य से बायो–ईंधन निकालना।
- देश/राज्य हेतु तेल के आयात बिल को घटाना।
- जैविक खाद की उपलब्धता का संवर्द्धन।
- बायोईंधन के दहन के दौरान हानिकारक स्राव को घटाना जो कि व्यवहार रूप में सल्फर यौगिकों से मुक्त हैं।
- पौधा तेल आधारित ईंधनों के साथ जैव ईंधन के प्रतिस्थापन के माध्यम से ग्रीनहाउस गैस प्रवाह को घटाना।

राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत वन भूमि के तहत है जो कि अनेकों प्रकार के वृक्ष जन्य तिलहन जैसे जेट्रोफा, करंज, महुआ एवं कुसुम का प्रचुर मात्रा में उत्पादन करता है। यह राज्य में बायोईंधन कार्यक्रम के संवर्द्धन हेतु विशाल अवसर प्रदान करता है। वृक्ष जन्य तिलहन का ताजा पौधरोपण करने हेत विशाल पड़ती भूमि भी उपलब्ध है। यह अनुमान लगाया जाता है कि राज्य में 10 लाख हेक्टेयर पड़ती भूमि पर जेट्रोफा/करंज का पौधरोपण करके निम्नलिखित (6 टन बीज/हेक्टेयर औसत पर) उत्पादन होगा।

जेट्रोफा बीज	–	60 लाख टन
बायोडीज़ल	–	20 लाख टन
तेल रहित केक	–	40 लाख टन (बायो–खाद)
ग्लिसरॉल	–	3 लाख टन
बायोगैस	–	21 000 लाख घन मीटर
विद्युत	–	400 मेगावॉट

राज्य में निजी निवेश के माध्यम से बायोईंधन परियोजनाओं के विकास की विशाल संभाव्यता है।

7.11 राज्य सरकार द्वारा नीति प्रयास

राज्य सरकार निम्नकोटि की वन्य भूमि, सरकारी बंजर भूमि तथा किसानों से संबंधित बंजर/उपयुक्त भूमि को टीबीओ के पौधरोपण हेतु लक्ष्य कर रही है ताकि समय–सीमा के भीतर निर्धारित उद्देश्य पूरे किए जा सकें। राज्य सरकार द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत प्रयास निम्नानुसार हैं:–

▪ किसानों को जेट्रोफा पौधों की आपूर्ति

सरकार ने वन विभाग, कृषि विभाग, वन विकास निगम, क्रेडा तथा कृषि विश्वविद्यालय की नर्सरियों में जेट्रोफा पौधों के उगाने के लिए प्रयास किए हैं। राज्य के किसानों से संबंधित अप्रयुक्त/बंजर भूमि पर पौधरोपण हेतु इन पौधों का वितरण भी किया जा रहा है। 500 जेट्रोफा पौधों तक वितरण मुफ्त किया जाता है तथा तत्प''चात किसानों से 0.50 रुपए प्रति पौधा मूल्य लिया जाता है। एक किसान अपनी बंजर भूमि पर पौधरोपण हेतु अधिकतम 5,000 जेट्रोफा पौधे ले सकता है।

▪ निवेशकों हेतु भूमि आबंटन नीति

तेल उत्पादन करने वाले वृक्षों के (टीबीओ) रोपण तथा बायो–डीज़ल उत्पादन में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने सरकारी संगठनों को भूमि आबंटित करने की एक नवप्रवर्तनकारी नीति अपनाई है। इस नीति की प्रमुख विषेशताएं निम्नानुसार है :–

क) टीबीओ की खेती करने तथा बायो–डीज़ल प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए सरकारी बेकार भूमि किसी सरकारी संगठन को पट्टे पर दी जाएगी।
ख) पट्टाधारी टीबीओ खेती तथा कम्पनी द्वारा प्रबंधित बायो–डीज़ल आधारित प्रोसेसिंग यूनिट, जिसमें पट्टाधारी सरकारी संगठन के कम–से–कम 26 प्रतिशत शेयरधारी होंगे, प्राप्त कर सकता है।
ग) सरकारी व्यर्थ पड़ी भूमि आरंभ में 30 वर्ष हेतु आबंटित की जाएगी तथा इसका विस्तार अगले 10 वर्ष तक किया जा सकेगा।
घ) प्रति हेक्टेयर वार्षिक पट्टा लगान निम्नानुसार होगा

1 वर्ष	– 500 रु.
2 से 5 वर्ष	– 625 रु.
6 से 7 से	– 900 रु.
8 वर्ष और उससे आगे	– 1400 रु.

ङ) 5,000 रु. प्रति हेक्टेयर सुरक्षा जमा के रूप में भुगतान करना होगा जिसे परियोजना की पूर्णता के उपरांत बिना ब्याज से वापस लौटा दिया जाएगा।
च) यदि पट्टेदार को किसी प्रावधान, अधिनियम अथवा प्रवर्तित नियम अथवा पट्टे की शर्तों में बांधा जाता है तो पट्टा निरस्त कर दिया जाएगा।

▪ टीबीओ की खरीद हेतु समर्थन मूल्य

यह सुनिश्चित करने के लिए जेट्रोफा रोपाई के लिए अपनी परती भूमि का प्रयोग करने वाले किसानों को अपने टीबीओ उत्पाद की उचित कीमत मिलें, राज्य सरकार ने इस हेतु समर्थन मूल्य की घोषणा की है। विभिन्न बीजों/तेल हेतु निर्धारित समर्थन मूल्य निम्नानुसार हैं :–

जेट्रोफा बीज	–	650 रु. प्रति क्विंटल
करंज बीज	–	550 रु. प्रति क्विंटल
जेट्रोफा/करंज तेल	–	18 रु. प्रति ली.

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ को एजेंसी बनाया गया है जो कि राज्य भर में फैली अपनी 913 प्राथमिक फारेस्ट कोऑपरेटिव सोसाइटियों के माध्यम से जेट्रोफा/करंज बीजों को प्राप्त कर रही है।

7.12 अब तक की गई प्रगति

सीबीडीए ने लागत युक्त अथवा नाम मात्र की आपूर्ति कीमत पर जेट्रोफा पौध प्रदान करते हुए किसानों की अप्रयुक्त भूमि पर जेट्रोफा रोपाई तथा साथ ही बड़ी मात्रा में बायो–डीज़ल प्रोसेसिंग यूनिटें स्थापित करने के अतिरिक्त सरकारी भूमि पर जेट्रोफा रोपाई हेतु निजी निवेश को आमंत्रित करने का कार्य संर्वाधित किया है।

अब तक की गई विभिन्न उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार हैं :–

- जेट्रोफा रोपण हेतु सरकारी बेकार /परती भूमि की पहचान की गई।
- जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रत्येक जिले में कार्य बल का गठन।
- प्रदेश में विगत 03 वर्षों में लगभग 40 करोड़ रतनजोत पौध रोपण के सफल प्रयास व बीजों के संग्रहण की असीम संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए देश की कई नामी औद्योगिक इकाईंयों ने राज्य में बायोडीजल उत्पादन संयंत्र लगाने में रुचि दिखाई है। प्रदेश में बायोफ्यूल के क्षेत्र में समुचित विकास के लिए देश की प्रमुख तेल कम्पनियों इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के साथ संयुक्त उपक्रम गठित किया गया है। इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन के साथ गठित उपक्रम प्रथम चरण में रुपए 400 करोड़ का निवेश प्रदेश में करेगा। जबकि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के साथ गठित उपक्रम प्रथम चरण में रुपए 250 करोड़ का निवेश प्रदेश में करेगा। इन दोनों ही उपक्रमों में क्रेडा की भागीदारी 26 प्रतिशत है। ये उपक्रम प्रदेश में पूर्व से ही रोपित रतनजोत पौधों की उचित देखभाल करेंगे। प्रदेश की पड़त भूमि पर रतनजोत रोपण के साथ ही प्रदेश के किसानों की अनुपजाउ भूमि पर रतनजोत रोपण के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इन उपक्रमों के द्वारा प्रदेश में बायोडीजल उत्पादन संयंत्र स्थापित होने पर बहुत अधिक मात्रा में रतनजोत व करंज के साथ ही अन्य अखाद्य श्रेणी के बीजों का संग्रहण व क्रय प्रारम्भ हो जाएगा। एक अनुमान के अनुसार इस कार्यक्रम द्व ारा वर्ष 2011 तक प्रदेश में लगभग रुपए 04 हजार करोड़ की अतिरिक्त आय ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित होगी।
- विभिन्न विभागों की नर्सरियों में 40 करोड़ जेट्रोफा पौध उगाई
- पिछले तीन वर्षों के दौरान किसानों से संबंधित एवं सरकारी लगभग 1,60,000 हेक्टेयर बंजर/पड़ती भूमि पर रतनजोत पौधे रोपित किये।
- जेट्रोफा उगाई हेतु 195 किसान प्रशिक्षणों का प्रबंध किया।
- बायोईंधन कार्यक्रम के लाभों के प्रति किसानों को संवेदी बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 800 से अधिक स्टेज–शो किए।
- रायपुर में 3 किलो लीटर/दिन क्षमता के बायो–डीज़ल संयंत्र की स्थापना की।
- करंज/जेट्रोफा बीजों तथा उनके तेल हेतु सरकारी समर्थन मूल्य की घोषणा की।
- 1.5 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से जेट्रोफा/करंज तेलों तथा बायो–डीज़ल पर गुणवत्ता नियंत्रण रखने हेतु आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की गई।
- मुख्य–मंत्री का अधिकारिक वाहन भी शुद्ध बायो–डीज़ल पर चल रहा है।

7.13 राज्य को प्रक्षेपित सामाजिक आर्थिक लाभ

एक मिलियन हेक्टेयर के लक्षित क्षेत्र को वर्ष 2012 तक जेट्रोफा रोपण के तहत लाए जाने पर, राज्य को निम्नलिखित लाभ होंगेः–

- औसत 1 हेक्टेयर जेट्रोफा रोपण से 2 किलो लीटर बायो–डीज़ल मिलता है, प्रतिवर्ष 5,000 करोड़ रु. (25 रु. प्रतिलीटर की वर्तमान कीमत पर) मूल्य का लगभग 20 लाख टन बायो–डीज़ल उत्पादित किया जाएगा। राज्य में वर्तमान में डीज़ल की वार्षिक खपत लगभग 8 लाख किलो लीटर है।

- 10 लाख हेक्टेयर पड़ती भूमि पर जेट्रोफा रोपण के लिए, गड्डे खोदने, पौधे लगाने, इंटर कल्चरल कार्यों तथा अन्य कृषि संबंधी कार्यों हेतु प्रथम 2 वर्षों में लगभग 3,000 लाख मानव दिवसों के शारीरिक श्रम की आवश्यकता होगी। इससे अकेले ही ग्रामीणों हेतु श्रमिक वेतन के रूप में लगभग 1,800 करोड़ रु. (वर्तमान श्रम दर के अनुसार) बनेंगे। बायो–डीज़ल बनाने हेतु तेल प्रसंस्करण के अतिरिक्त खेती–पश्चात् कार्यों के लिए शामिल शारीरिक श्रम इससे कहीं अधिक होगा।
- प्रस्तावित बड़े पैमाने पर जेट्रोफा रोपण वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड खपत कर वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को अत्यधिक घटा देगा। क्योटो प्रोटोकॉल के अनुसरण में, यह राज्य को अत्यधिक उच्च स्तर के प्रदूषण वाले देशों से अंतर्राष्ट्रीय रूप से कार्बन डाइऑक्साइड के व्यापार का अवसर प्रदान करेगा। औसतन एक हेक्टेयर जेट्रोफा रोपण वातावरण से 10 टन कार्बन डाइऑक्साइड खपत करता है और इस प्रकार एक मिलियन हेक्टेयर रोपण वातावरण से 10 मिलियन टन कार्बन–डाइऑक्साइड खपत करेगा। कार्बन डाइऑक्साइड लगभग 10 डॉलर प्रति टन के प्रचलित व्यापार दर के आधार पर भी

राज्य प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय रूप से 450 करोड़ रु. मूल्य से अधिक तक कार्बन डाइऑक्साइड का व्यापार करने की स्थिति में होगा।

- एक मिलियन हेक्टेयर की जेट्रोफा फसल के प्रसंस्करण द्वारा 20 लाख टन बायो–डीज़ल प्राप्त करने के अलावा कृषि क्षेत्र में प्रयोग हेतु प्रीमियम गुणवत्ता की 40 लाख टन बायो–खाद प्राप्त होगी। यह बायो–खाद (जिसमें 6 प्रतिशत नाइट्रोजन) मिट्टी को अत्यधिक आवश्यक प्रमुख तथा सूक्ष्म पोषण प्रदान करने के अतिरिक्त मिट्टी की ह्यूमस बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। यह मिट्टी की गुणवत्ता के संरक्षण के लिए अत्यधिक आवश्यक है जो कि रसायनिक खादों के सतत इस्तेमाल के कारण असंतुलित होती जा रही है। इस बायो–खाद हेतु 2 रु. प्रति किलो ग्राम की नाम मात्र की लागत को ध्यान में रखते हुए भी इस प्रकार से उत्पादित बायो–खाद की कीमत 800 करोड़ रु. वार्षिक के लगभग होगी।

- बायोईंधन कार्यक्रम से होने वाले अन्य लाभों में समग्र पर्यावरणीय सुधार, बंजर भूमि का उन्नत मिट्टी उपजाऊपन, स्थानीय रूप से ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को हासिल करना तथा वर्तमान में जीवाश्म ईंधन के परिवहन पर आने वाली बड़ी लागत को बचाना होगा। इसके अतिरिक्त, यह बड़े पैमाने पर रोपण तथा तेल निकालने वाली/ट्रांसएस्टरीफिकेशन यूनिटों की स्थापना के माध्यम से ग्राम स्तर पर अतिरिक्त रोजगार सृजित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

अध्याय – 8

भू–अभिलेख एवं भू–सुधार

राज्य में कृषि भूमि का क्षेत्रफल 55,80,537 हैक्टेयर गैर कृषि भूमि का क्षेत्रफल 18,54,133 हैक्टेयर है एवं कृषि भूमि के 46,79,222 खातेदार है जिसमें 24,63,000 लघु एवं सीमांत किसान हैं। वर्तमान कृषि संगणना के अनुसार राज्य में कुल 32.56 लाख कृशि जोते पाई गई। कुल जोतों का 75.52 प्रति त जोते 2.00 हेक्टर से कम पाई गई जबकि ऐसी जोतों के अधीन कुल जोतों का 34.41 प्रति त क्षेत्रफल पाया गया।

8.1 भू–अभिलेख एवं भू–सुधार विकास हेतु आबंटन एवं व्यय की प्रगति–

भू–अभिलेख एवं भू–सुधार की संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु बजट आबंटन एवं व्यय की प्रगति को इस दण्ड आरेख में द ाया गया है–



जिससे स्पश्ट होता है कि वर्श 2001–02 में प्राप्त आबंटन रू. 1035.63 लाख के विरूद्ध रू. 210.33 लाख व्यय किया गया जो वर्श 2007–08 में बढ़कर रू. 2224.97 लाख के विरूद्ध रू. 928.46 लाख हो गया ।

8.2 भू–अभिलेख एवं भू–सुधार हेतु संचालित योजनाएं

भू–अभिलेख एवं भू–सुधार के अंतर्गत राज्य में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जैसे–

- **नवीन पटवारी हल्कों का गठन**– दो पंचायतों पर एक पटवारी हल्के का गठन किया गया है । राज्य में 4,906 पटवारी हल्के हैं। पटवारी कार्यालय सह आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

- **ऋण पुस्तकों का कम्प्यूट्रीकरण**– जनहित में खसरा बी–1 एवं नक ों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है ।

- भू–अभिलेखों का संधारण वैज्ञानिक पद्धति से करने एवं अभिलेखों के टेम्पर प्रूफ बनाने के उद्देश्य से भू–अभिलेखों की कम्प्यूटरीकरण योजना राज्य के 16 जिलों की समस्त तहसीलों में जिला प्रशासन के सहयोग से लागू की गई है।

- **प्रमुख फसलों के क्षेत्रफल के अनुमान समय पर भेजना**– राज्य के कुल ग्रामों में से न्यायद र्ि पद्धति द्वारा चुने गये 20 प्रति त ग्रामों में गिरदावरी के प्राप्त परिणामों के आधार पर 18 प्रमुख फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन के अनुमान तैयार कर निर्धारित समय सीमा में केंद्र भाासन को भेजे जाते हैं।

- **हवाई सर्वेक्षण की योजना**– परम्परागत पद्धति से नक ाा तैयार करने की प्रक्रिया अधिक जटील, श्रमसाध्य एवं खर्चीली है जिसके विकल्प के रूप में स्थाई सर्वेक्षण को लिया गया है। जिला बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र में हवाई सर्वे द्वारा फोटोग्राफी नक्शा तैयार किया जा रहा है।

- केन्द्र क्षेत्रीय योजना के अंतर्गत कृषि संगणना योजना, पशु धन संगणना योजना तथा लघु सिंचाई संगणना योजना क्रियान्वित हैं। इन्हें वर्ष 2000–01 के भू–अभिलेखों के आधार पर सम्पन्न कराया गया है तथा पशुधन संगणना प्रत्येक पॉच वर्ष में कराई जाती है ।

- **फसल बीमा** – इस योजना के अंतर्गत कृषकों की फसल हानि की क्षतिपूर्ति हेतु फसल बीमा तथा प्रदेश में बोये जाने वाली फसलों के उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जाते हैं। राज्य में प्रमुख 18 खाद्य, अखाद्य फसले एवं फल भाजियों पर लगभग 12,500 प्रयोगों का आयोजन प्रति वर्श किया जा रहा है।

- **फसलों के पूर्वानुमान**– प्रतिवर्श राज्य की 44 फसलों के जिलेवार क्षेत्रफल उत्पादन के संबंध में 93 फसल पूर्वानुमान जारी किये जाते हैं। यह समस्त पूर्व तिथियों में भारत भाासन व राज्य भाासन को भेजे जाते हैं।

नोट–*रायपुर, महिला–रायपुर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, नगरी–सिहावा, बालोद, बेरला, कबीरधाम, जगदलपुर, तिल्दा–नेवरा, अन्तागढ़, सूरजपुर, वाड्रफनगर, मनेन्द्रगढ़, कांकेर, लैलूंगा, तपकरा, अकतरा, करतला

** कसडोल, बलौदाबाजार

*** रायपुर, महिला रायपुर, कसडोल, गरियाबंद, बेरला, मारो, राजनांदगांव, नगरी–सिहावा, सारंगढ़, कटघोड़ी, बस्तर, गीदम, कवर्धा, बलौदाबाजार, सुरेगांव, संजारी, महिला नारायणपुर, महिला भिलाई

****कन्या छात्रावास भवन– कोनी–बिलासपुर, माना, बस्तर, रायगढ़ ।

- राज्य गठन के उपरान्त संस्थाओं के स्वयं के भवन निर्माण को प्राथमिकता प्रदान करते हुये 18 संस्थाओं को भवन के निर्माण हेतु राशि रू. 1,777.04 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त तकनीकी शिक्षा में छात्राओं को प्रोत्साहन प्रदान करने 04 कन्या छात्रावास भवन निर्माण हेतु राशि रू. 242.99 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।
- वर्तमान में 18 संस्था भवन तथा 04 कन्या छात्रावास भवन निर्माणधीन है।
- राज्य गठन के पश्चात् विभिन्न संस्थाओं के भवनों मरम्मत एवं रखरखाव के साथ ही साथ छोटे मोटे अतिरिक्त निर्माण कार्यो पर राशि 951.458 लाख का व्यय किया गया।
- इसके अतिरिक्त केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत 12 संस्थाओं के पृथक भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

संस्था भवनों का निर्माण–

वित्तीय वर्ष 2007–08 में 03 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं क्रमशः महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर में भवनों के निर्माण हेतु बजट प्रावधान कर स्वीकृति प्रदान की गई।

मशीनों का आधुनिकीकरण–

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओ में प्रशिक्षण अधोसंरचना के आधुनिकीकरण एवं आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संशोधित पाठयक्रम के अनुसार राशि रू. 300.00 लाख के आधुनिक मशीन औजार उपकरणों के क्रय की स्वीकृति प्रदान की गई।

10.3.2.5 प्रशिक्षण संस्थाओं का उन्नयन

- **सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स योजना**

राज्य में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं का उन्नयन कर नवीन आधुनिक व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

डोमेस्टिक फंडिग से अगस्त 2005/फरवरी 2006 से सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित राज्य की आई.टी.आई. की सूची

क्रमांक	संस्था का नाम	सेक्टर
1.	आई.टी.आई. भिलाई, जिला–दुर्ग (अगस्त 2005)	फैब्रिकेशन सेक्टर
2.	आई.टी.आई. माना, जिला–रायपुर(अगस्त 2005)	आटोमोबाईल सेक्टर
3.	आई.टी.आई.कोरबा, जिला–कोरबा (अगस्त 2005)	इलेक्ट्रिकल सेक्टर
4.	आई.टी.आई. रायगढ़, जिला–रायगढ़ (फरवरी	इलेक्ट्रिकल सेक्टर

	2006)	

विश्व बैंक योजनान्तर्गत अगस्त 2006 से सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित राज्य की आई.टी. आई.की सूची

कमांक	संस्था का नाम	सेक्टर
1.	आई.टी.आई. कोनी–बिलासपुर, जिला–बिलासपुर	इंस्ट्रमेंटेंशन सेक्टर
2.	आई.टी.आई. कुरूद, जिला–धमतरी	इंफार्मेशन टेक्नालाजी सेक्टर
3.	आई.टी.आई. अंबिकापुर, जिला–सरगुजा	रेफ्रिजिरेशन एण्ड एअर कंडिशनिंग सेक्टर
4.	आई.टी.आई. बस्तर, जिला–बस्तर	इंडिस्ट्रयल आटोमेशन सेक्टर

वि व बैंक योजनान्तर्गत फरवरी 2008 से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन हेतु स्वीकृति प्राप्त राज्य की आई.टी.आई.की सूची

क्रमांक	संस्था का नाम	प्रस्तावित सेक्टर
1.	आई.टी.आई. दुर्ग, जिला–दुर्ग	प्रोसेस प्लांट मेंटेनेंस सेक्टर
2.	महिला आई.टी.आई. भिलाई, जिला–दुर्ग	इंफार्मेशन टेक्नालाजी सेक्टर
3.	आई.टी.आई. बलौदाबाजार, जिला–रायपुर	प्रोडक्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर
4.	आई.टी.आई. गौरेला, जिला–बिलासपुर	इलेक्ट्रिकल सेक्टर
5.	आई.टी.आई.डौंडीलोहारा, जिला–दुर्ग	प्रोडक्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर
6.	आई.टी.आई. राजनांदगांव, जिला–राजनांदगांव	इलेक्ट्रिकल सेक्टर

तालिका क्र. – 10.64



विश्व स्तरीय बहुकौशलीय कामगार तैयार करने के उद्देश्य से विश्व बैंक की सहायता से केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत वित्तीय वर्श 2007–08 में 06 संस्थाओं क्रमशः बलौदाबाजार, गौरेला, डौंडीलोहारा, दुर्ग, महिला भिलाई एवं राजनांदगांव को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट संस्थान) के रूप में उन्नयन कर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिससे लगभग 600 अतिरिक्त युवा प्रतिवर्ष लाभान्वित।

- **इंगिल्श लैंग्वेज लैब** –नये स्थापित हो रहे विश्व स्तरीय उद्योगों में रोजगार के लिये अवसर प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में संचालित 04 संस्थाओं कुरूद, कोनी–बिलासपुर, कोरबा एवं बस्तर में राशि रू. 40,00 लाख की लागत से इंगिल्श लैंग्वेज लैब की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है।

- **अंग्रेजी भाषा का ज्ञान**–बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में रोजगार में सहायता के लिये प्रशिक्षणार्थियों को अंग्रेजी भाशा का ज्ञान हेतु संचालित समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में अंग्रेजी भाशा के प्रशिक्षण अधिकारियों के पद स्वीकृत किये गये हैं।

- **प्लेसमेंट सेल का गठन**–आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार नियोजन में सहायता के लिये सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में संचालित आई.टी.आई. में प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है ।

10.3.2.6 पब्लिक प्रायवेट पार्टनरि प योजना

वर्श 2007–08 में विभिन्न औद्योगिक समूहों के द्वारा राज्य की 12 संस्थाओं का उन्नयन हेतु सहमति दी गई जिसमें मेसर्स जिंदल पावर एण्ड स्टील रायगढ़, भिलाई इस्पात संयत्र भिलाई, नेशनल थर्मस पावर, लिमिटेड

कोरबा (एन.टी.पी.सी), ए.सी.सी जामुन आदि प्रमुख हैं। योजनान्तर्गत संस्थाओं के उन्नयन हेतु केन्द्र भाासन द्वारा प्रति संस्था 2.50 करोड़ का ब्याज सहित दीर्घकालीन अग्रिम प्रदाय किया गया है ।

10.3.2.7 विश्वकर्मा योजना

राज्य के 16 जिलों में 20 संस्थाओं में अल्प शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उनके निवास के आस–पास ही रोजगार नियोजन में सहायता की दृष्टि से भवन निर्माण सम्बन्धी (मेशन, प्लंबर, घरेलू विद्युत वायरिंग एवं कारपेन्टर) बहुकौशलीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमे प्रति वर्ष लगभग 1600 अतिरिक्त युवा लाभान्वित हो रहे हैं ।

- अनुसूचित जनजाति क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत संचालित संस्थाओं में लायब्रेरी की स्थापना ।
- **प्रशिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने तथा रोजगार/स्वरोजगार के लिये–**

  प्रथम चरण में प्रदेश के प्रमुख 21 संस्थाओं रायपुर, महिला–रायपुर, माना, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, महासमुन्द, कुरूद, बिलासपुर, महिला बिलासपुर, कोरबा, महिला–कोरबा, अम्बिकापुर, महिला–अम्बिकापुर, रायगढ़, महिला–रायगढ़, धमतरी, बलौदाबाजार, महिला–भिलाई, बस्तर, जगदलपुर, में प्रशिक्षणरत सभी व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों को संस्था में ही अपने व्यवसायों के प्रशिक्षण के साथ–साथ पब्लिक–प्रायवेट–पार्टनरशीप के अंतर्गत प्रतिष्ठित कम्प्यूटर संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराया जा रही है। आई.टी.आई. के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य ऐसी पहल करने वाला देश में प्रथम हैं, जहां व्यवसाय के प्रशिक्षण के साथ–साथ कम्प्यूटर प्रशिक्षण का आवश्यक ज्ञान तथा प्रमाणपत्र प्रशिक्षणर्थियों को कोई शुल्क लिये बिना उपलब्ध कराया जा रहा है। इस तरह प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों एवं बाजार में रोजगार/स्वरोजगार के ज्यादा अच्छे अवसर प्राप्त होने के साथ–साथ अधिक परिश्रमिक भी प्राप्त हो रहा है। राज्य के बाहर के आधुनिक उद्योगों में भी आई.टी. आई. से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के नियोजन के अवसर भी बढ़े है। इस योजना से प्रदेश के 5,000 से भी अधिक प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रस्तावित योजनायें–

10.3.2.8 अंग्रेजी में अभिव्यक्ति कौशल का प्रशिक्षण "English Language Lab"–

आई.टी.आई. में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय के ज्ञान के साथ–साथ आधुनिक तकनीकी बारीकियों को सीखने के लिये कम्प्यूटर प्रशिक्षित होने के साथ–साथ अंग्रेजी का ज्ञान भी आवश्यक है। साथ ही हाई–टेक एवं माडर्न इंडस्ट्रीज में रोजगार के अवसरों को अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा में प्राप्त करने के लिये अंग्रेजी का वर्तमान परिवेश में ज्ञान होना आई.टी.आई. के प्रशिक्षणार्थी के लिये आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये प्रथम चरण में राज्य के 04 संस्थाओं, माना, रायगढ़, कोरबा एवं भिलाई जिनमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की योजना चल रही है में "English Language Lab" प्रारंभ करना प्रस्तावित है। इस योजना में कम्प्यूटर आधारित साफ्टवेयर तथा प्रशिक्षक के माध्यम से अंग्रेजी का ज्ञान उपलब्ध कराया जायेगा।

10ण्3ण्2ण्9 आई.टी.आई. में संस्थाओं प्रबंध समिति का गठन –

उद्योगों की जरूरत के लिये तैयार किये जाने वाले श्रमशक्ति के प्रशिक्षण की शासकीय व्यवस्था को उद्योगों के लिये भी जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से प्रथमतया प्रदेश के 12 आई.टी.आई. में संस्थान प्रबंध समिति का गठन प्रतिष्ठित उद्योगपति की अध्यक्षता में तथा उद्योगों से 04 अन्य प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। संस्थान प्रबंध समिति के गठन का प्रथम उद्देश्य प्रशिक्षण की संबंद्वता को बढ़ाना है। साथ ही आई.टी.आई. को ऑटोनॉमस बनाकर स्वपोषित बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश की अन्य संस्थाओं में भी संस्थान प्रबंध समिति का गठन प्रस्तावित है।

10ण्3ण्2ण्10 अल्प शिक्षित युवाओं का प्रशिक्षण–

प्रदेश के ऐसे युवा जो अपरिहार्य कारणों से हाईस्कूल करने पूर्व ही पढ़ाई छोड़ देते है उन युवाओं के लिये संस्थाओं में उपलब्ध अधोसंरचना के अधिकाधिक उपयोग करते हुये 09 संस्थाओं रायपुर, माना, भिलाई, कोनी–बिलासपुर, बस्तर, कोरबा, रायगढ़, कवर्धा एवं कुरूद में इन्फार्मल सेक्टर में अल्पावधि के प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के उपयुक्त बनाया जावेगा।

- प्रशिक्षणार्थियों के सर्वागीण विकास के लिये संस्था, जिला एवं राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

10.3.2.1 एन.सी.सी.–

राज्य की 06 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं क्रमशः रायपुर, बस्तर, दुर्ग, अम्बिकापुर, कुरूद, एवं डौंडीलोहारा में एन.सी.सी. का गठन प्रस्तावित है।

10ण्3ण्2ण्11 राष्ट्रीय सेवा योजना–

औद्योगिक संस्थाओ के छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा के गुणों सहित उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए 07 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में राश्ट्रीय सेवा योजना इकाईयां प्रारंभ की गई है, जिसमें बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, माना, अम्बिकापुर, बस्तर एवं रायगढ़ संस्था के लगभग 700 युवा लाभान्वित हो रहे है तथा आगामी वर्ष में 09 अन्य संस्थाओं केशकाल, कसडोल, महासमुन्द, दुर्ग, डौंडीलोहारा, बस्तर, बलौदा बाजार, कुरूद एवं जगदलपुर में लगभग 900 युवा लाभान्वित होंगे।

11.3.2.13 सुपर न्यूमरीज सीट्स में प्रवेश सुविधा–

संस्थाओं में उपलब्ध अधोसंरचना (भवन, भूमि, मशीन उपकरण, पावर कनेक्शन एवं कर्मचारी अमले) के अधिकाधिक उपयोग के साथ ही अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने संस्थाओं में संचालित तकनीकी व्यवसायों में स्वीकृत सीटों का 20 प्रतिशत एवं गैर तकनीकी व्यवसायों में स्वीकृत सीटों का 10 प्रतिशत संख्याधिक सीटों पर प्रवेश शुल्क के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे राज्य गठन उपरान्त जहां 2,247 अतिरिक्त युवा तकनीकी प्रशिक्षण से लाभान्वित हुये वहीं राशि रू. 304.65 लाख प्राप्त हुआ जिसका उपयोग संस्थाओं में अधोसंरचना एवं प्रि ाक्षण सुविधा के विस्तार हेतु किया जाता है। सत्र अगस्त 2008 से 30 प्रतिशत संख्याधिक सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही की जा रही है जिससे लगभग 4,620 अतिरिक्त युवा तकनीकी प्रशिक्षण से लाभान्वित होंगे ।

10.3.4 अन्य क्षेत्रों में ि ाक्षा

राज्य में सामान्य ि ाक्षा, तकनीकी ि ाक्षा, कृशि ि ाक्षा एवं चिकित्सा ि ाक्षा के अतिरिक्त अन्य आर्थिक एवं मानव संसाधन क्षेत्र में अन्य ि ाक्षा विधा को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें होटल प्रबंधन एवं विधि की ि ाक्षा प्रमुख है ।

10.3.4.1 होटल प्रबंधन

राज्य में वन क्षेत्रों से आच्छादित भू–भाग की अधिकता है तथा जैव विविधता के साथ साथ महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहरों के कारण पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए होटल प्रबंधन क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन विकास के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रायपुर में स्थापित किया जा रहा है । होटल प्रबंधन के क्षेत्र में वर्तमान में प्रवे ा क्षमता 100 सीटों की है जिसे बढ़ाकर भविश्य में 400 सीटों तक करने की योजना है ।

10.3.4.2 विधि वि वविद्यालय

राज्य के राजधानी में न्यायिक ि ाक्षा के क्षेत्र में मानव संसाधन के विकास के लिए हिदायतुल्ला राश्ट्रीय विधि वि वविद्यालय की स्थापना की गई है, जिसमें स्नातक स्तर के 80 तथा स्नातकोत्तर स्तर में 30 सीटो की प्रवे ा क्षमता है । राश्ट्रीय विधि वि वविद्यालय की स्थापना से राज्य विधि क्षेत्र में ि ाक्षा के मानचित्र में उभर कर सामने आया है । वि वविद्यालय के लिए रू. 40.00 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण किया जा रहा है, जो पूर्णता के करीब है तथा वर्श 2008–09 में इसके पूर्ण हो जाने की संभावना है ।

राज्य में तकनीकी रूप से दक्ष मानव संसाधन की आव यकता को देखते हुए राज्य द्वारा भारत सरकार से आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम, एम्स इत्यादि की मांग सदैव की जाती रही है । इस वर्श राज्य में आईआईआईटी, आईआईएम के खोलने की भारत सरकार द्वारा घोशणा की गई है तथा एम्स का निर्माण प्रगति पर है, राज्य द्वारा एम्स के निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि अधिग्रहित कर उपलब्ध करा दी गई है तथा स्थल विकास के लिए आवागमन हेतु सड़को का निर्माण एवं पेयजल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है । उपरोक्त संस्थाओं के स्थापना से भविश्य में उच्च एवं उत्कृश्ट तकनीकी ि ाक्षा के लिए राज्य के युवाओं का पलायन रोकने में सफलता मिलने की संभावना है ।

राज्य में पर्यटन की असीम संभावनाओं एवं उच्च तकनीकी ि ाक्षा के लिए युवाओं के पलायन को देखते हुए भारत सरकार से अनुरोध किया जाना स्वाभाविक लगता है कि राज्य में भारतीय पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आई. टी.एम.आई) एवं भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (आई.आई.टी) भीघ्र खोली जाये ।

10.3.5 चिकित्सा िाक्षा

राज्य की जनसंख्या जनगणना 2001 के अनुसार लगभग 2.08 करोड़ है। तथा इस आबादी को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में चिकित्सा क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन की महती आव यकता है । राज्य में राश्ट्रीय मानक को देखते हुए भाहरी क्षेत्रों में डाक्टर मरीज का अनुपात लगभगत समतुल्य है परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में डाक्टर मरीज का अनुपात आज भी राश्ट्रीय औसत के आधे से कम है ।

राश्ट्रीय मानक को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या (जनगणना 2001 के अनुसार) के लिए आव यक चिकित्सकों की संख्या एवं उपलब्ध चिकित्सकों की संख्या निम्नानुसार है –

तालिका क्र. – 10.65

विवरण	आबादी (करोड़ में)	राश्ट्रीय मानक	आव यकता	राज्य गठन के समय चिकित्सकों की उपलब्धता	वर्तमान में चिकित्सकों की उपलब्धता
चिकित्सक	2.08	1:10000	2080	963	1500
दंत चिकित्सक	2.08	1:20000	1040	85	185
फिजियोथेरेपिस्ट	2.08	1:10000	2080	05	0

उपरोक्त सारिणी से यह स्पश्ट है कि राज्य में 600 चिकित्सक, 865 दंत चिकित्सक एवं 2000 से अधिक फिजियोथेरेपिस्ट की कमी है । चिकित्सा के क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए राज्य में चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना, संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में सीटो की वृद्धि तथा निजी क्षेत्र में चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहन दिये जाने की आव यकता के अनुरूप में राज्य भाासन द्वारा वि ोश प्रयास किये गये जिसके फलस्वरूप निम्नलिखित स्थिति चिकित्सा िाक्षा के क्षेत्र में बनी है।

- राज्य निर्माण के पूर्व एक भाासकीय चिकित्सा महाविद्यालय थी, जिसकी प्रवे ा क्षमता 100 थी जो वर्श 2008 की स्थिति में बढ़कर 03 चिकित्सा महाविद्यालय एवं प्रवे ा क्षमता 250 हो गई है ।
  - ➢ पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर प्रवे ा क्षमता 150
  - ➢ छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर प्रवे ा क्षमता 50
  - ➢ चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर प्रवे ा क्षमता 50
  - ➢ रायगढ़ में भाासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है ।
- राज्य से मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय वर्तमान में 19 कालेजो का संचालन कर रही है जो कि राज्य निर्माण के पूर्व संचालित नही था ।
- राज्य गठन के समय कोई दंत चिकित्सा महाविद्यालय राज्य में नही था । वर्तमान में एक भाासकीय एवं 04 निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हो गई है । इसकी प्रवे ा क्षमता 500 है ।
- राज्य में कोई फिजियोथेरेपी कालेज संचालित नही था, वर्तमान में एक भाासकीय एवं 06 निजी फिजियोथेरेपी कालेज स्थापित है, जिसकी कुल प्रवे ा क्षमता 410 है ।
- पूर्व में राज्य में मात्र एक निजी नर्सिंग कालेज संचालित था एवं प्रवे ा क्षमता 50 थी वर्तमान में बढ़कर 1 भाासकीय एवं 10 निजी नर्सिंग कालेज स्थापित है, जिसकी कुल प्रवे ा क्षमता 480 है ।
- पूर्व में पैरामेडिकल कोर्स राज्य में स्थापित नही था, वर्तमान में 07 कालेज स्थापित है, जिसकी कुलं प्रवे ा क्षमता 537 है ।

10.3.5.1 लोक निजी सहभागिता

चिकित्सा िाक्षा के प्रसार के लिए न सिर्फ चिकित्सा िाक्षा के विभिन्न विधाओं में निजी सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया जिसके फलस्वरूप अनेक महाविद्यालयों की स्थापना हुई बल्कि राज्य भाासन द्वारा बहुप्रतिश्ठित चिकित्सीय संस्थानों को राज्य की ओर से अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराकर राज्य में उनको इकाईयों के स्थापना के लिए प्रयास किये गये ।

- राज्य के नागरिकों को हृदय रोग से संबंधित उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से PPP योजना के तहत् हृदय रोग के उपचार हेतु एस्कार्ट हार्ट कमांड सेंटर की स्थापना की गई ।
- पं0 जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में आयुष्मान इंडोसर्जरी की स्थापना किया गया ।

10.3.5.2 तीन वर्शीय चिकित्सा पाठ्यक्रम–

ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश में तीन वर्शीय चिकित्सा पाठ्यक्रम शुरू किया गया तथा तीन वर्शीय चिकित्सा पाठयक्रम में डिप्लोमा प्राप्त 398 चिकित्सकों को ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य सहायक के रूप में पदस्थ किया गया ।

10.3.5.3 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना –

भारतीय शासन द्वारा राजधानी रायपुर में एम्स की स्थापना का निर्णय लिया गया जिस पर कार्य प्रगति पर है । राज्य शासन द्वारा राज्य में एम्स की भीघ्र स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई तथा संस्थान हेतु अधोसरंचना विकास के रूप में विद्युत एवं जल की व्यवस्था कर दी गई है । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना यथा ाीघ्र हो जाये इसके लिए राज्य भाासन द्वारा निरंतर केन्द्र सरकार से आग्रह किया जा रहा है ।

10.3.5.4 आयुर्विज्ञान वि वविद्यालय की स्थापना –

राज्य में चिकित्सा ि ाक्षा के क्षेत्र में समुचित विकास एवं नवीन पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य में सभी चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण से राज्य में चिकित्सा सेवा के विस्तार के उद्दे य से आयुर्विज्ञान वि वविद्यालय की स्थापना की जा रही है ।

10.3.5.5 विकास के अन्य कार्य

उपरोक्त प्रयासो के अतिरिक्त राज्य में भाासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य भाासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है । उनमें से कुछ प्रयास निम्नानुसार है –

चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर एवं सम्बद्ध चिकित्सालय में उपलब्ध कराया गया अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा :–

- सेन्ट्रल गैस पाईप लाईन की स्थापना ।
- सेन्ट्रल लांड्री की स्थापना ।
- एम आर डी विभाग की स्थापना ।
- ट्रामा यूनिट की स्थापना ।
- सी टी स्केन म ाीन की स्थापना ।
- एम आर आई म ाीन की स्थापना ।
- मम्मोग्राफी म ाीन की स्थापना ।
- हृदय रोग के ईलाज हेतु पी पी पी के अंतर्गत एस्कार्ट हार्ट कमांड सेन्टर की स्थापना।
- चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में बाल/बालिका छात्रावास का निर्माण ।
- स्नातकोत्तर छात्रावास का निर्माण ।
- स्टेट ऑफ आर्ट मार्डन ब्लड बैंक की स्थापना, बायोकेमेस्ट्री विभाग में सेन्टर फॉर जेनेटिक डिसिजेस एंड बायोटेक्नालॉजी खंड की स्थापना, कैंसर विभाग में कोबाल्ट मशीन एवं बेकोथेरेपी मशीन की स्थापना ।
- सीटी स्केन मशीन, कलर डापलर, वेंन्टीलेटर, चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में 100 छात्रों के लिये महिला छात्रावास तथा 50 छात्रों की क्षमता वाले स्नातकोत्तर छात्रावास का निर्माण ।
- बर्न यूनिट एवं ट्रामा यूनिट, पिडियाट्रिक्स नियोनेटल केयर यूनिट, एमआरआई एवं मेमोग्राफी मशीन, टेलीमेडिसीन, चर्म रोग विभाग का अलग से स्थापना किया गया ।

10.3.5.6 बजट एवं व्यय की जानकारी –

चिकित्सा ि ाक्षा पर वर्श 2000–01 से लेकर वर्श 2008–09 तक प्राप्त बजट एवं व्यय की जानकारी निम्नानुसार है –

तालिका क्र. – 10.66

वर्ष	प्राप्त बजट	व्यय
2000-01	39.31	29.3
2001-02	132.5	81.05
2002-03	260.3	132.07
2003-04	1407.06	1290.4
2004-05	1547.36	687.31
2005-06	2422.84	1075.37
2006-07	6372.52	3747.27
2007-08	12092.49	8839.26
2008-09	19500.71	0



10.3.5.7 पैरामेडिकल मानव संसाधन विकास :–

राज्य में चिकित्सा महाविद्यालयों से राज्य को चिकित्सा सेवा क्षेत्र में दक्ष मानव संसाधन प्राप्त हो रहे है । इसके साथ ही चिकित्सा सेवा क्षेत्र में सहायता के लिए पैरामेडिकल स्टॉफ की जरूरत होती है । जिसके लिए राज्य में बी.एस.सी. नर्सिंग कालेज, नर्सिंग प्रि ाक्षण केन्द्र, महिला एवं पुरूश बहुउद्दे ीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रि ाक्षण केन्द्र इत्यादि की स्थापना एवं निजी क्षेत्रों में उनके स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है ।

10.3.5.8 नर्सिंग प्रि ाक्षण केन्द्र –

राज्य में नर्सिंग प्रि ाक्षण हेतु 04 केन्द्रो की स्थापना की गई है । जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने हेतु प्रि ाक्षण दिया जाता है जो कि रायपुर में 120 सीट, दुर्ग में 10 सीट ,बिलासपुर में 10 सीट एवं जगदलपुर में 66 सीट क्षमता वाली है ।

10.3.5.9 महिला एवं पुरूश बहुउद्दे ीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रि ाक्षण केन्द्र –

महिला बहुउद्दे ीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रि ाक्षण केन्द्र राज्य में 07 जिलो में कम ाः रायगढ़ में 60 सीट, अम्बिकापुर में 60 सीट, जगदलपुर में 60 सीट, धमतरी में 60 सीट, राजनांदगांव में 60 सीट, कोंडागांव में 40 सीट, ज ापुर में 30 सीट संचालित किया जा रहा है । पुरूश बहुउद्दे ीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रि ाक्षण केन्द्र दुर्ग, अम्बिकापुर एवं पंखाजूर तीन स्थान पर संचालित किये जा रहे है ।

10.3.6 आयुश शैक्षणिक संस्थाऐं

गठन के समय राज्य में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम हेतु 01 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं 01 निजी होम्योपैथी महाविद्यालय संचालित था । राज्य गठन पश्चात शासन द्वारा निजी क्षेत्रों को प्रोत्साहित किये जाने के कारण स्नातक पाठ्यक्रम हेतु 02 निजी आयुर्वेद महाविद्यालय, 02 निजी होम्योपैथी महाविद्यालय, 01 निजी यूनानी महाविद्यालय एवं 01 निजी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये गये है। इससे प्रतिवर्ष विभिन्न पद्धतियों के राज्य में लगभग 460 चिकित्सक उपलब्ध हो रहे है उक्त में से लगभग 50 छात्रा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु एवं लगभग 150 छात्रा निजी चिकित्सा व्यवसाय हेतु राज्य के बाहर चले जाते है।

राज्य गठन के उपरान्त वर्ष 2000 में आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में 01 विषय में 05 छात्रों हेतु स्नातकोत्तर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध थी जिसमें निरंतर वृद्धि की जाकर 04 नवीन विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किये गये, वर्तमान में कुल 05 विषयों में 17 छात्रों को स्नातकोत्तर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है जिससे प्रतिवर्ष लगभग 17 स्नातकोत्तर चिकित्सक उपलब्ध हो रहे है।

शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर का मॉडल कालेज के रूप में उन्नयन किया गया एवं वर्तमान आवश्कताओं के अनुरूप भवन, उपकरण, कम्प्यूटर लेब, आधुनिक पुस्तकालय एवं छात्राओं के लिए छात्राावास निर्माण कराया गया।

शासकीय क्षेत्र में संचालित चिकित्सालय एवं औषधालयों में 1198 विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियो के पद सृजित है एवं भविष्य में लगभग 800 चिकित्सकों के पदों का सृजन प्रस्तावित है। उक्त के अतिरिक्त प्रदेश के जनसामान्य की आस्था इन पद्धतियों पर अत्याधिक होने के कारण निजी क्षेत्र में भी आयुष चिकित्सकों की आवश्यकता अधिक होगी। इस प्रकार शासकीय एवं निजी क्षेत्र की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्ष अनुमानित 350 आयुर्वेद एवं 300 होम्योपैथी स्नातक की आवश्यकता राज्य में होगी।

वर्तमान में प्रतिवर्ष उपलब्ध होने वाले स्नातक एवं आवश्यक स्नातकों के बीच की कमी की पूर्ति हेतु 02 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं 01 शासकीय होम्योपैथी महाविद्यालय प्रारंभ किया जाना आवश्यक होगा। इससे प्रदेश में आवश्यकता अनुरूप आयुष चिकित्सक उपलब्ध हो सकेगें।

10.3.6.1 आयुष स्नातक महाविद्यालयों एवं उपलब्ध सीटों की तुलनात्मक स्थिति :–

तालिका क्र. – 10.67

विषय	आयुर्वेद		होम्योपैथी		यूनानी		योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	
वर्ष	2001	2008	2001	2008	2001	2008	2001	2008
महाविद्यालय	01	03	01	03	0	01	0	01
सीट	55	170	50	200	0	40	0	50

10.3.6.2 आयुष स्नातकोत्तर स्तर :–

राज्य में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर में ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित है। पाठ्यक्रय की संख्या एवं सीटों की तुलनात्क स्थिति निम्न है :–

तालिका क्र. – 10.68

आयुर्वेद			
महाविद्यालय		सीट संख्या	
2001	2008	2001	2008
01	05	05	17

10.3.6.3 आयुष पैरामेडिकल प्रशिक्षण :–

गठन के समय राज्य में आयुष पैरामेडिकल प्रशिक्षण हेतु कोई भी शासकीय केन्द्र संचालित नहीं था। वर्तमान में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आयुष पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है । कम्पाउण्डर के 468, पंचकर्म सहायक के 152 एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 16 पद वर्तमान में रिक्त है तथा भविष्य में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 617 पद सृजित किया जाना आव यक होगा ।

आवश्यकता की पूर्ति हेतु प्रशिक्षित आयुष पैरामेडिकल स्टॉफ तैयार करने में काफी समय लगेगा। अतः इस अंतर की शीघ्र भरपाई हो सके इस हेतु और प्रशिक्षण केन्द्र खोला जाएगा तथा इस संबंध में निजी क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जावेगा। जिससे पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित आयुष पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध हो सकेगे एवं जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में सहायक होंगे । इससे आयुर्वेद की विशिष्ट विधा पंचकर्म को भी राज्य में लोकप्रिय बनाया जा सकेगा।

शासकीय आयुष पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र एवं सीटों की तुलनात्मक स्थिति :–

तालिका क्र. – 10.69

विषय	कम्पाउण्डर		पंचकर्म		महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता	
वर्ष	2001	2008	2001	2008	2001	2008
प्रशिक्षण केन्द्र	0	01	0	01	0	01
सीट	0	30	0	30	0	30

- राज्य में वनौशधि बहुलता एवं जनमानस के ग्राह्यता के कारण आयुर्वेदिक चिकित्सा के विकास के लिए आयुश वि वविद्यालय खोला जाना प्रक्रियाधीन है ।

10.3.7 कृशि िाक्षा एवं अनुसंधान

जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के विभाजन उपरांत, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 20 जनवरी 1987 को हुई थी। तभी से विश्वविद्यालय अपने कार्यो का सम्पादन सीमित मानव एवं वित्तीय संसाधनों से स्वतंत्र रुप से कर रहा है। स्थापना के समय केवल कृषि महाविद्यालय, रायपुर ही विश्वविद्यालय के आधीन कार्यरत था। इसके अलावा दुग्ध प्रौद्योगिकि महाविद्यालय, रायपुर एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा (दुर्ग) भी इस विश्वविद्यालय के आधीन कियाशील थे। कृषि महाविद्यालय के कुछ विभागों में स्नातकोत्तर कोर्स चालू थे और बहुत ही कम विभागों में मानद उपाधि कोर्स स्वीकृत थे।

1 नवम्बर, 2000 में राज्य बनते ही कृषि शिक्षा को बढ़ावा दिया गया। उच्च शिक्षा प्राप्ति पश्चात् केवल 0.4 प्रतिशत विद्यार्थी महाविद्यालीन कृषि शिक्षा के लिए जाते थे। कृषक परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण, वे अपने बच्चों को उच्च कृषि शिक्षा के लिए रायपुर में दाखिला नही दिला सकते थे। इतना ही नही कृषि महाविद्यालय, रायपुर में सीटों की संख्या भी सीमित थी। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने यह निर्णय लिया कि और संघटक एवं प्राइवेट कृषि एवं अन्य संबंधित संकाय विषयों के महाविद्यालयों को राज्य के अन्य स्थानों पर खोले जाये, जो कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कार्य करेंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, राज्य शासन ने विश्वविद्यालय अधिनियम में सं ाोधन करते हुए, 5 संघटक कृषि महाविद्यालयों की स्थापना की एवं 9 प्राइवेट कृषि महाविद्यालयों, 4 प्राइवेट उद्यानिकी महाविद्यालयों की स्थापना विभिन्न स्थानों पर की। साथ ही साथ 1 संघटक और 2 प्राइवेट कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालयों की स्थापना की जो इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत हैं। राज्य शासन ने वर्तमान में 1 उद्यानिकी महाविद्यालय राजनांदगांव एवं 1 मत्स्य महाविद्यालय, कबीरधाम में खालने की अनुमति प्रदान की है ।

वर्ष 2000 मे ंराज्य बनने के उपरांत, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार में अपेक्षा से अधिक कार्य किया है एवं बहुत सी ऊचाईयों को छुआ हैं। कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों (शिक्षा अनुसंधान एवं प्रसार) का विववरण संक्षिप्त में बिन्दुवार निम्नानुसार है ।

शिक्षा

विश्वविद्यालय के सभी विभागों को कम्पयुटर, मल्टीमीडिया एलसीडी प्रोजेक्टर, इन्टरनेट सुविधा, अत्याधिक सुग्राही प्रयोगशाला समानों से समृद्ध किया गया । इससे विश्वविद्यालय के कई विभागों में शिक्षा प्रणाली की अवधारणा में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है ।

विश्वविद्यालय में स्थानीय शिक्षार्थियों की क्षमता कृषि, दुग्ध प्रौद्योगिकी, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन और कृषि अभियांत्रिकी पर्याप्त है विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों को लेने की क्षमता निम्नानुसार है।

प्रवेश सीटों की संख्या

क.	महाविद्यालय का नाम	प्रारंभ दिनांक	सीटों की संख्या
1.	कृषि महाविद्यालय, रायपुर	मई 1961	स्नातक– 408, स्नातकोत्तर– 588
2.	कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर	सितंबर 2001	153
3.	कृषि महाविद्यालय, अंबिकापुर	सितंबर 2001	138
4.	कृषि महाविद्यालय, जगदलपुर	सितंबर 2001	116
5.	कृषि महाविद्यालय, कर्वधा	25 सितंबर 2007	48
6.	दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर	9 सितंबर 1985	131
7.	पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महा. अंजोरा –दुर्ग	9 सितंबर 1985	324
8.	कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर	19 अप्रेल 1996	13
9.	कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, मुंगेली	25 सितंबर 2007	23

कुल सीटों की संख्या

कृषि संकाय							
स्नातक	2000–01	01–02	02–03	03–04	04–05	05–06	06–07
कृषि महाविद्यालय, रायपुर	96	96	96	96	96	60	60
कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर	-	48	48	48	48	48	48
कृषि महाविद्यालय, अंबिकापुर	-	48	48	48	48	48	48
कृषि महाविद्यालय, जगदलपुर	-	48	48	48	48	48	48
दुग्ध प्रौद्योगिकी संकाय							
दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर	36	36	36	363	36	36	36
पशु चिकित्सा एवं पशु पालन संकाय							
पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महा. अंजोरा –दुर्ग	46	46	46	46	46	46	46
कृषि संकाय							
स्नातकोत्तर (M.Sc.):							
कृषि संकाय, रायपुर							
प्रथम वर्ष	-	100	98	88	107	115	-
अंतिम वर्ष	-	106	198	215	258	228	-
पी.एच.डी.							
नये	-	19	12	0	20	19	-
पुराने	-	19	12	-	20	22	-

अनुसंधानः

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने वर्षा आधारित धान उत्पादन में सुधार, फसल सघनता बढ़ाना, अलग–अलग पर्यावरण में फसल विविधता को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इस विश्वविद्यालय के अनुसंधान की कुछ उपलब्धियों 7 से 8 वर्षो में की है जिनको नीचे संक्षिप्त में वर्णित किया गया है।

1) फसलों की किस्मों का विकास

इस विश्वविद्यालय ने अलग–अलग फसलों की कई किस्मों को विकसित किया है जो प्रत्येक शस्य–वातावरण परिक्षेत्र में तीनो शस्य जलवायु क्षेत्र के लिए उपयुक्त हैं। राज्य बनने के बाद निकाली गई फसलों की किस्में निम्न सारणी में दर्शित है :

फसलों की प्रजातियों का विकास

फसल	2001	2005	2006	2007	2008
धान	बम्लेश्वरी	इंदिरा सुगंधित धान		इन्दिरा सोना	कर्मा मासुरी
				सम्बलेश्वरी	
				चन्द्रहासिनी	
				ज्लदुबी	
गेहूँ					रतन अरपा
अलसी		इंदिरा अलसी 32 कार्तिका		दिपीका	आर एल सी 92
सरसों					छत्तीसगढ़ सरसों
मटर	अम्बिका शुभ्रा		पारस		
चना	वैभव				
तिवड़ा	प्रतीक				महा तिवड़ा
मूंग					इन्दिरा कुन्दरु
अरहर					राजिम लोचन

बरबट्टी				खल्लेश्वरी	
कुन्दरु			इन्दिरा कुन्दरु 35, इन्दिरा कुन्दरू 5		
कोचई			इन्दिरा अरवी–1		
ककोड़ा				इन्दिरा ककोड़ा–1	
शकरकंद			इन्दिरा मधुर		इन्दिरा नवीन इन्दिरा नन्दंनी
आम					छत्तीसगढ़ नदंनीराज
लिची					अंबिका लिची
मशरुम				इंदिरा श्वेता	

(कुछ प्रजातियों की वृहत जानकारी परिशिष्ठ II में दर्शित है)

इस विश्वविद्यालय व्दारा ककोड़ा की किस्म विश्व में प्रथम बार निकाली गई। वर्तमान में नारियल फसल की किस्म कार्यशाला में चिन्हित की गई है जो कि जगदलपुर अनुसंधान केन्द्र व्दारा मूल्यांकित की गई हैं। इस किस्म को देश के 5 राज्यों के लिए अनुमोदित किया गया है। इस किस्म की उपज 100 नग नारियल बस्तर की परिस्थिति में पाया जाता है ।

2) हरी खाद प्रयोगों का अर्थशास्त्र

अधिकांश कृषकों के पास निम्न स्तरीय कृशि संसाधन हैं। अतः वि वविद्यालय ने धान उत्पादकता को निम्न लागत तकनिकी बढ़ाने पर विकसित करने पर जोर दिया है। इससे हरी खाद का उपयोग निम्न लागत तकनिकी से राज्य की धान उपज बढ़ाने में एक है। लागत–लाभ अनुपात के आधार पर सबसे अधिक लाभ हरी खाद का उपयोग बरबट्टी पर था, इसके उपरांत सिसबेनिया, एक्कुलेटा और फिर मूँगबीन पर था जिसमें 100 प्रतिशत नत्रजन हरी खाद से दी गई ।

3) बीज विस्थापन अनुपात

यह प्रमाणित है कि बीज विस्थापन से 20–25 प्रतिशत तक फसल की उपज बढ सकती है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं प्रक्षेत्र विकास निगम का निर्माण हुआ जिससे बीज परिवर्तन के विस्तार में आशातीत विकास हुआ। विश्वविद्यालय बीज निगम एवं कृषि विभाग के समन्वित प्रयास से ''सीड रोलिंग प्लान'' वर्ष 2006 में विकसित किया, जिसके अच्छे परिणाम आये। इसकी प्रगति निम्न सारणी में प्रदर्शित की गई है ।

राज्य में बीज प्रतिविस्थापन वर्ष 2000–2007

क	खरीफ फसल	2000	2001	2002	2003	2004	2005	2006	2007
1	धान	1.79	1.64	1.48	2.23	2.88	7.15	8.50	10.00
2	मक्का	0.58	238	5.74	6.44	3.37	8.83	11.00	11.50
3	अरहर	8.04	5.70	12.33	5.72	5.59	9.80	12.00	13.00
4	उड़द	0.278	0.25	3.46	2.10	3.46	3.50	5.00	6.50
5	मूंग	3067	3.16	2.59	2.13	0.39	4.50	6.75	7.00
6	सोयाबीन	11.96	6.92	12.79	23.49	6.49	22.55	26.00	30.00
7	तिल	6.42	0.25	0.786	2.64	4.76	0.98	2.50	3.25
8	मूंगफली	0.10	0.00	1.09	0.33	0.60	0.38	2.00	2.75
	रबी फसल								
1	गेहूँ	8.77	6.74	5.84	5.12	6.11	7.65	9.00	9.50
2	चना	2.35	1.56	1.23	1.25	1.32	5.60	7.80	9.00
3	मटर	0.72	1.27	2.00	1.50	1.75	5.00	7.50	8.00
4	मसूर	0.00	0.54	0.25	0.46	0.60	4.50	6.25	6.50
5	तोरिया एवं सरसों	0.57	0.97	2.15	5.33	7.50	7.75	9.80	10.00
6	अलसी	0.00	0.00	0.69	0.15	0.51	1.06	2.00	10.00
7	कुसुम	9.12	20.67	19.26	10.81	4.42	9.67	9.80	43.00

4) बीज उत्पादन कार्यक्रम

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व्दारा आयोजित राष्ट्रीय बीज योजना/मेगा सीड प्रोग्राम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय ने वर्ष 2007–08 में कई बीज उत्पादन कार्यक्रम अपने परिक्षेत्रों में भाामिल किये हैं। विश्वविद्यालय व्दारा पिछले 8वर्षों में उत्पादित विभिन्न फसलों के उत्पादित प्रजनन बीज को सारणी में दर्शाया गया है ।

बीज उत्पादन कार्यक्रम

	2000–01				**2001–02**			
	मांग			**उत्पादन (क्विं)**	**मांग**			**उत्पादन (क्विं)**
धान								
सोयाबीन								
मूंग								
अरहर								
गेहूँ								
अलसी								
मटर								
चना								
मसूर								
तिवड़ा								
कुसुम								
उड़द								
कुल								

	2002–03				**2003–04**			
	मांग			**उत्पादन (क्विं)**	**मांग**			**उत्पादन (क्विं)**
धान								
सोयाबीन								
मूंग								
अरहर								
गेहूँ								
अलसी								
मटर								
चना								
मसूर								
तिवड़ा								
कुसुम								
उड़द								
कुल								

	2004–05			2005–06			
	मांग		उत्पादन (क्विं)	मांग			उत्पादन (क्विं)
धान							
सोयाबीन							
मूंग							
अरहर							
गेहूँ							
अलसी							
मटर							
चना							
मसूर							
तिवड़ा							
कुसुम							
उड़द							
कुल							

	2006–07			2007–08			
	मांग		उत्पादन (क्विं)	मांग			उत्पादन (क्विं)
धान							
सोयाबीन							
मूंग							
अरहर							
गेहूँ							
अलसी							
मटर							
चना							
मसूर							
तिवड़ा							
कुसुम							
उड़द							
कुल							

5) अनुसंधान केन्द्र रायपुर व्दारा संकर धान विकसित करना

छत्तीसगढ़ में संकर धान का महत्व बढ़ता जा रहा है। इसे दृष्टिगत् रखते हुये विश्वविद्यालय में वर्ष 2002 से 2005 में सफल प्रयोग किये गये । छत्तीसगढ़ में इन प्रयोगों का महत्व एवं सफलता को निम्न सारणी में दर्शाया गया है ।

संकर / मानक	**उत्पादकता (किलो / हे)**				**औसत उत्पादन (किलो / हे)**	**रैंक**	**डीएम**	**जी टी**
	2002	**2003**	**2004**	**2005**				
पी एच बी 71	7777	7375	7129	6088	7092	1	130	एल एस
पी ए 6201	6811	6925	4500	5625	5965	4	120	एल एस

के आर एच 2	6555	7250	5139	5375	6080	3	130	एम एस
पी ए 6444			7963	6000	6982	2	130	एल एस
आई आर 36 (सी)	4000	4125	3334	5488	4237	5	110	एल एस

मानक आई आर 36 (4237 कि/हे) के विरुद्ध इन संकर धान में पीएचबी–71 अधिकतम उपज 7092 कि/हे दी है उसके उपरांत पी ए 6444 (6982 कि/हे)।

6) उड़द फसल की किस्मों की सफल उलब्धियॉं

बदलते पर्यावरण में धान उत्पादन अनुपयुक्त एवं अलाभकारी होने से राज्य शासन ने फसल विविधीकरण पर जोर दिया । उड़द फसल व्दारा धान को प्रतिविस्थापित करना महत्वपूर्ण एवं लाभकारी सिद्ध हुआ है। अतः राज्य में उड़द किस्मों को मूल्यांकित करने के लिये वर्ष 2003–05 में विभिन्न सफल प्रयोग किये गये । इनके परिणाम निम्न सारणी में दर्शाया गया है ।

प्रजाति	उत्पादकता (किलो/हे)				प्रतिशत वृद्धि मानक के ऊपर
	2003	2004	2005	औसत	
टीपीयू 4 (सी)	444	625	347	472	–
आरबीयू 38 (सी)	438	667	208	438	–
के यू (सी)	529	1153	347	676	–
टी यू 942 (सी)	580	142	382	368	–
आर यू 03–14	1103	764	382	750	10.94
आर यू 03–16	1032	799	625	819	21.15
आर यू 03–22	1136	694	486	772	14.20

आर यू–03–16, आर यू 03–22 और आर यू 03–14 को सफल किस्म पाया गया। चिन्हित के डब्लू–96 से इनकी उत्पादन क्षमता 10 प्रतिशत अधिक है ।

7) कपास फसल की औसत उपलब्धि (खरीफ 2004–05 एवं 2005–06)

छत्तीसगढ़ राज्य में व्यवसायिक फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देना अति आवश्यक है, इनसे अधिक कीमत प्राप्त होती है। कपास की खेती छत्तीसगढ़ राज्य के कृषकों के लिए एक नई संभावना परिलक्षित नजर आती हैं। कपास की कुछ प्रजातियों राज्य के कृषकों के लिए वर्ष 2004–05 मूल्यांकित की गई है। जिनके परिणामें को निम्न सारणी में दर्शाया गया है ।

पृविष्ठी	फूल का समय	पौधे की ऊंचाई (सेमी)	औसत उपज (कि/हे)		
			2004	2005	औसत
एलआरए 5166	75	91.80	1796.00	1320.00	1558.00
अंजलि	74	109.30	2178.00	870.00	1541.00
खण्डवा 2	76	96.00	1731.00	681.00	1206.00
प्रतिमा	74	98.80	2190.00	1979.00	2084.50
सीएनएच36	75	105.00	1889.00	2359.00	2124.00
अक्का (संकर)	70	92.60	—	4791.00	—
औसत			1948.00	2000.00	1974.0
सीडी पी–0–05			321.50	186.50	—
सी व्ही %			10.96	12.60	—

सी एच एन 36 कपास की प्रजाति अधिकतम औसत उपज 2124 कि/हे दे रही है जबकि अक्का प्रजाति वर्ष 2005 अधिकतम औसत उपज 4791 कि/हे थी, इन्हें अन्य परिस्थितियों में परीक्षित किया जाना आवश्यक है ।

8) राज्य में परम्परागत पौध संरक्षण विधियों का सर्वेक्षण

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के व्दारा संचालित तदर्थ अनुसंधान परियोजना के परिणाम)

छत्तीसगढ़ राज्य के कृषक के पास परम्परागत् ज्ञान अत्याधिक है और कृषक इन्हे अपने खेतों पर उपयोग में भी लाते है। वंशानुगत तकनीकी जानकारी के संदर्भ में वर्ष 2002–2005 में राज्य विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया । कुछ महत्वपूर्ण परिणामों को फसल संरक्षण करने के लिये उपयोग की गई वंशानुगत तकनीकी की जानकारियों नीचे संदर्भित किया गया है :

- **वंशनुगत जानकारी के माध्यम से धान के कीड़े एवं बीमारियों का प्रभावित ढंग से व्यवस्थापन :**

कोदों पैरा का छिड़काव 80 ग्रा/वर्ग मी की दर प्रत्येक 10 दिन के अंतराल पर करने पर धान उपज को हानि से बचाता है । कर्रा पौधे की डण्डी प्रत्येक प्रति वर्ग मीटर पर 25 दिनों के अंतराल से लगाने पर आशानुरुप परिणाम प्राप्त हुये। नीम तेल 05 प्रतिशत घोल का छिड़काव करने पर 691 क्विं/हे अधिक उपज प्राप्त होती है यदि इसे बिना छिड़काव वाले परिणामों पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाये ।

करंज केक का छिड़काव 80 ग्राम प्रति वर्ग मीटर पर 10 दिनों के अंतराल से करीब 526 क्विं/हेक्टेयर धान की उपज को कीटों के प्रकोप से बचाया जा सकता है। सलिया पौधे की छड़ी प्रति वर्गमीटर क्षेत्र के अंतराल से प्रत्येक 25 दिनों पर लगाने से सराहनीय परिणाम परिलक्षित होते हैं । गौ मूत्र का छिड़काव 10 प्रतिशत संग्रहता के छिड़काव से 526 क्विं/हे अतिरिक्त धान की उपज प्राप्त होती है ।

(इन परिणमों को मानक चेक एण्डोसल्फान 007 प्रतिशत + मोनोक्रोटोफॉस 005 प्रतिशत + कार्बोफ्यूरान 3 जी 1 किग्रा एआई/हे के छिड़काव से 591 क्विं/हे अधिक उपज बिना छिड़काव वाले परिणामों से प्राप्त होती है ।)

✦ **वंशानुगत तकनीकी ज्ञान व्दारा अरहर फसल को घुन (ब्रूचिडस) का प्रभावशील व्यवस्थापनः**

महुआ तेल का लेप अरहर के बीजों प्रति 10 एमएल प्रति किग्रा अरहर के बीजों का उपचारित करने पर घुन (ब्रूचिडस) का प्रभाव कम हो जाता है। लगभग 95 प्रतिशत तक संग्रहित अरहर दानों को संरक्षित किया जा सकता है। छः माह बाद यदि बीज की बोनी की जाये तो इसका कोई प्रतिरोधी प्रभाव नही होता है।

गाय के गोबर से बने छैना/कण्डा से निकली राख को 100 ग्राम प्रति किलो बीज में मिलाने पर संग्रहित बीजों को 90 प्रतिशत तक संरक्षित किया जा सकता है। इससे बीज अंकुरण पर कोई प्रतिरोधी प्रभाव नहीं पड़ता है यदि इसे छः माह बाद पुनः बोनी की जायें (मानक चेक : सल्फास के 1 गोली प्रति किलो बीज पर रखने से 97 प्रतिशत तक नुकसान को रोकता है ।)

✦ **वंशानुगत तकनीकी व्दारा दीमक का प्रभावशील व्यवस्थापन**

– यदि 200 किग्रा बालू (बारिक रेत) प्रत्येक दीमक घरौंदे में भरा जाये तो 1 वर्ष तक दीमक अपने घर का निर्माण नही कर पाती है ।

– यदि 2 किग्रा नमक प्रत्येक दीमक घरौंदे में भरा जाये तो 1 वर्ष तक दीमक को घर निर्माण करने से रोका जा सकता है ।

(मानक चेक : 10 जी 200 ग्राम प्रति घरौंदे की दर से फोरेट को भरने से 1 वर्ष तक दीमत अपने सामूहिक जीवन को निर्माण करने में असमर्थ हो जाती है)

9) आम उद्यान के अन्तर्गत अंतराशस्य करने पर उपलब्धियॉ :

छत्तीसगढ़ राज्य में उद्यान फसलों की अपार संभवान है विशेषकर देखा जाये तो फलोत्पादन की । राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन के सघन प्रत्यनों व्दारा उद्यानिकी फसलों का राज्य में विकास हुआ हैं। विशेषकर फलोउत्पादन की प्रारम्भिक अवस्था में अन्तराशस्य की अपार सम्भावनाऍ हैं।

ट्रीटमेंट		कंद उपज (टन/हे) अन्तरशस्य (2004-05)	कंद उपज (टन/हे) अन्तरशस्य (2005-06)	औसत उपज (टन/हे)
एमाफॉलस	T1 – C1F1	6.72	08.16	7.44
	T2 – C1F2	7.60	11.43	9.52
सकरकंद	T3 – C2F1	6.46	08.34	7.40
	T4 – C2F2	7.00	10.51	8.76
आरारोट	T5 – C3F1	8.09	6.08	7.09
	T6 – C3F2	9.16	7.60	8.38
हल्दि	T7 – C4F1	7.42	6.50	6.96
	T8 – C4F2	8.20	8.37	8.29

एमॉर फीफेलस अधिकता 952 टन /हे कंद उपज प्रदान करता है इसके बाद शकरकंद (876 टन/हे) और आरा–रोट रुट (838 टन/हे) उपज प्रदान करता है जब इन्हें आम पौध के बीच लगाया जाता है ।

10) फसलो में नये जीन /विभेद (स्ट्रेन) की पहचान

फसल सुधार कार्यक्रम में सर्व प्रथम कार्य नये जीन। विभेद की पहचान करना है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय ने आवश्यक जीन/विभेद की पहचान की है। जो कि फसलों में कीट–बीमारी प्रतिरोधी के साथ–साथ सूखा विभेद क्षमता रखते हैं। इन जीन/प्रजातियों की पहचान वर्ष 2000–2007 के बीच हुई है।

कुछ महत्वपूर्ण जीन/विभेद की पहचान निम्नानुसार है :

अ) ओडीएपी आगर सह बैक्टोरिया का पृथक्करण

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ओम राइजो –4 तिवड़ा के राइजोप्लेन और राइजोस्फियर से ओडीएपी सह बैक्ट्रीरिया के प्रथक्करण उपरांत एक चमत्कारिक बैक्ट्रीरिया प्राप्त हुआ, इसे सूडोमोनॉस प्रजाति (*Pseudomonos sp.*) के अंतर्गत रखा गया । यह बैक्ट्रीरिया आगर में पाये जाने वाले ओडीएपी का क्षरण या तोड़ने का कार्य सम्पादित करता है। इसे पृथक्करण करने के बाद आई जी के व्ही ओम राइजो–4 के नाम से उपाधित किया गया और इसका एक्सेसन नमबर एमटीसीसी 6388 रखा गया है (इस एक्सेसन नम्बर को जीन बैंक संस्थान, सूक्ष्मजीव तकनीकी, चंडीगढ़ ने दिया है)। इस पृथ्क्क बैक्ट्रीरिया का उपयोग न केवल कार्बनिक पदार्थो का 3 पुर्नउपयोग में लाया है बल्कि इसका उपयोग आणविक जीव विज्ञान के माध्यम से तिवड़ा में पाये जाने वाले जहर को कम करने में किया जाता है। अभी इस पृथ्कीय बैक्ट्रीरिया का परिक्षण और अपेक्षित है।

ब) धान का गंगई निरोधक किस्म/प्रजातियॉ विकसित करना

छत्तीसगढ़ राज्य में फसल विविधीकरण सामान्यतया है ही परन्तु धान की विभिन्न किस्म /प्रजातियों का भी विविधीकरण पाया जाता है। कुछ प्रजातियों में गंगई और इससे पैदा होने वाले जैव प्रारुप (बायोटाइप) निरोधक जर्मप्लाज्म (जन्नद्रव्य) उपलब्ध हैं। अनुसंधान कार्य इस दिशा में अग्रेषित है कि ऐसे जीनों की पहचान की जाये जो गंगई और इससे पैदा होने वाले जीवांश के प्रति निरोधक क्षमता रखते हों। इस विश्वविद्यालय में 2000–2005 के दरम्यान कुछ डोनर (दाता जनक) किस्मों का पता लगाया गया है जो गंगई और इसके जीवांश के प्रतिरोधक क्षमता रखते हैं, इन्हें नीचे दी गई सारणी में दर्शाया गया है ।

गगंई निरोधक जीन

जीन	जीन की प्रकृति	दाता/किस्म	स्त्रोत
Gm1	प्रभावी	समृद्धि	ईश्वराकोरा / W 1263
Gm2	प्रभावी	फाल्गुना	श्याम 29 / लौंग 152
Gm3	निष्क्रीय	RP 20681835	वेलूथेचिरा
Gm4	प्रभावी	अभया	Ptb 10
Gm5	प्रभावी	ARC 5984	ARC 5984
Gm7	प्रभावी	ARC 10659	RP 23331568
Gm8	प्रभावी	झिटपीटी	झिटपीटी
Gm9	प्रभावी	माधुरी वंशक्रम #9	माधुरी वंशक्रम #9
Gm10	प्रभावी	BG380	BG380

स) गेरुआ निरोधक धान प्रजातियॉ विकसित करना

राज्य का सरगुजा जिला धान का गेरुआ रोग के लिए सबसे संवेदनशील स्थान है। यहॉ का मौसम गेरुआ रोग के लिये अनुकुल पाया गया है। यहॉ के मौसम में न ही केवल धान का गेरुआ रोग आता है बल्कि यह रोग फैलाने में भी काफी सहायक होता है। विश्वविद्यालय ने इस दिशा में 7–8 वर्षो तक अनुसंधान किया और कुछ धान की गेरुआ निरोधक प्रजातियॉ विकसित की हैं। नीचे दी गई सारणी में धान प्रजातियों को प्राकृतिक वातावरण में रोपड़ी लगाकर गेरुआ निरोधक पाया गया है ।

धान की गेरुआ प्रतिरोधी वंशक्रम

क्र.	प्रवृष्ठी	क्र.	प्रवृष्ठी
1.	R12196502141	8.	R 125446811
2.	R 1238454111	9.	R 125446921
3.	R 1248149328271	10.	IGSR 5110
4.	R 125446131	11.	IGSR 5223
5.	R 125446211	12.	IGSR 5224
6.	R 125446321	13.	IGSR 5226
7.	R 125446411	14.	IGSR 5333

धान की उपज बढ़ाने में धान की पत्ती का विषाणु जनित रोग बहुत बड़ी बाधा है। इस रोग का प्रभाव छत्तीसगढ़ प्लेन में धान प्रजातियों पर प्रथम स्थान रखता है। अतः विश्व विद्यालय ने इस रोग के प्रति निरोधक जीन पता लगाये हैं। इस रोग के प्रति धान प्रजातियों में सहनशीलता विकसित करने के लिए 10 वर्षों से प्रयोग किये जा रहे है। कुछ प्रभावशील धान की प्रजातियॉ पहचान की गयी है जो इस रोग के प्रति निरोधक गुण रखती हैं और इन्हे अलग–अलग मौसम परिवर्तनों पर परीक्षित किया गया है। ये प्रजातियॉ नीचे दी गई सारणी में दर्शाया गया है ।

धान की पत्ती का विषाणु जनित रोग के वंशक्रम

क्र.	प्रवृष्ठी	क्र.	प्रवृष्ठी
1.	R 73886422	6.	R 71411912
2.	R 74623412	7.	R 74115522
3.	IR 410548123	8.	RP 2151733
4.	R 656592	9.	R 71043711
5.	R 71216522	10	OR 6507
6.	BKP 264		

11) बायोफ्यूल अनुसंधान कार्यक्रम

राज्य शासन ने बायोफ्यूल विकास पर अत्याधिक जोर दिया है। विश्वविद्यालय स्तर पर दो परियोजनाए वर्ष 2003–07 में क्रियांवित थी। इन परियोजनाओं का संचालन नोवोड और डीबीटी के माध्यम से किया रहा था। इस संचालित परियोजना के दरम्यान दो उपुयक्त जीन प्रारुप (जिनोटाइप) चिन्हित की गई, जिनको जेट्रोफा करकस और पोन्गामिआ पिन्नाटा नाम से परिलक्षित किया गया है। गुणवत्तायुक्त पौध विकसित करना प्रथम कार्य इस विश्वविद्यालय व्दारा लिया, तदोपरांत अलग–अलग भूमि पर रोपड़ी विधि को विकसित करना था। एक वृहत सर्वेक्षण अलग–अलग शस्य जलवायु परिक्षेत्रों पर किया गया। इस सर्वेक्षण को मध्य भारत और उत्तरी भारत तक सीमित रखा गया थां। इस सर्वेक्षण में कुछ प्रभावित करने वाली प्रजातियों के स्त्रोत ज्ञात हुये, जिनकी उत्पादन क्षमता 3 किलो से अधिक प्रति पौधा है और इसमें उपलब्ध तेल की मात्रा 45 प्रतिशत से भी अधिक है। प्रारम्भिक परिणामों में छत्तीसगढ़ के पेंड्रारोड एवं सरगुजा क्षेत्र में पाई जाने वाली जेट्रोफा की प्रजातियों की उपज सर्वाधिक पायी गई और उनमें पाये जाने वाले तेल की मात्रा भी सर्वाधिक थी। चिन्हित की गई जेट्रोफा प्रजातियों की रोपणी एवं इनका प्रोपोगेशन का मानक तैयार किया जा चुका है। विभिन्न प्रकार के बहुस्तरीय मॉडल इसके लिये विकसित किये गये हैं जैसे एग्री सिल्वी कल्चर । करंज पेड़ पर भी अनुसंधान समयानुसार किया जाता रहा है। इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। कृषक के प्रक्षेत्र पर जेट्रोफा प्रजातियों का वृहत्स्तर पर रोपण किया गया था।

12) पड़त भूमि विकास कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य का भौगोलिक क्षेत्र का 20 प्रतिशत क्षेत्र भाठा पड़त भूमि के अंतर्गत आता है जिसे लगभग 1 प्रतिशत भूमि खान–खदान के अंतर्गत है। विश्व बैंक व्दारा अनुमोदित राष्ट्रीय कृषि तकनीकी परियोजना (एनएटीपी) जिसका संचालन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व्दारा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत उपरवारा ग्राम (माना) में वर्ष 2001–2005 तक के बीच में प्रयोग किये गये। जिसके अंतर्गत पेड़ों को पड़त भूमि पर लगाया गया। पेड़ो को अलग–अलग तकनिकी विधि से विभिन्न प्रकार की पड़त भूमि पर लगाया गया । पड़त भूमि को अपेक्षाकृत सुधार कर मानक स्तर पर लाया गया। इस भाठा भूमि पर ग्मेलिना अरबोरिया, ल्यूसिना ल्यूकोसेफेला, इम्बिलका आफिस्निालिस एवं युकेलिप्टस टेरेटिकारनिस उगाने पर भूमि सुधार हुआं। साथ ही ये पेड़ अधिक उपयुक्त पाये गये । इस भाठा भूमि पर उगाये गये पेड़ों के बीच सील्वीपाश्चुरल पद्धति का अनुपालन किया गया। घास और दलहनी फसलें उपयुक्त पायी गई । इससे भूमि सुधार के साथ ही साथ भूमि की उर्वरता क्षमता भी बढ़ी। खान एवं खदान में इस्तेमाल भूमि पर ग्मेलिना अरबोरिया, ल्यूसिना ल्यूकोसेफेला, डलबरजिया सिसु, पोंगामिया पिन्नाटा, ग्लाईरीसीडिया सेपियम और सिसबेनिया सेसबम्स को उपयुक्त पौध रोपण पाया गया ।

13) धान की सुंगधित प्रजातियों का मूल्यांकन

छत्तीसगढ़ राज्य में अनेक सुगंधित धान की प्रजातियॉ पाई जाती हैं परन्तु उत्पादन क्षमता काफी निम्न ऑकी जाती है। इन सुगंधित धान प्रजातियें की उत्पादन क्षमता ऑकने के लिए वर्ष 2002–2006 में विश्वविद्यालय के 5 अनुसंधान केन्द्रों पर प्रयोग किये गयें। औसत उपज, समयावधि और सुगंधित धान प्रजातियों की ऊंचाई इन प्रयोग पर ऑकी गई, जिनका विवरण नीचे दी गई सारणी में है :

क्षेत्रीय जनन द्रव्य से मूल्यांकित सुगंधित धान प्रजातियां

किस्में	धान की गुणवक्ता मूल्यांकन		
	अवधि (दिन)	ऊंचाई (सेमी)	औसत उपज 5 अनु केन्द्र से (कि/हे)
गोपाल भोग	144	126	4151
लखन भोग	140	140	3907
आमा गोही	148	120	3834
तरुण भोग	144	124	3302
दुबराज	142	127	3879

14) कृषि औजारों का निर्माण

विश्वविद्यालय में कियाशील कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय व्दारा कुछ कृषि औजारों का निर्माण करता है और इन्हें कृषकों को उपलब्ध करवाता है। अतः इसमें प्राप्त आय का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया गया है ।

कृषि औजारों का निर्माण

वर्ष	कृषि औजार की बेची गई संख्या	आय (लाख रु)
2000–01	168	1.17
2001–02	3583	25.42
2002–03	10437	33.75
2003–04	9307	41.14
2004–05	4509	26.00
2005–06	8051	26.39
2006–07	3362	21.21
2007–08	1261	8.07
कुल	**39417**	**175.08**

15) धान की शुष्क (खुर्रा) बोनी से उत्पादकता में सुधार

मानसून की आनाकानी से छत्तीसगढ़ के कृषकों को बहुधा खरीफ धान की बोनी आगे पीछे करने से धान के उत्पादन में काफी हानि उठानी पड़ती है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय व्दारा धान की शुष्क बोनी विधि विकसित की गई है। जिसे क्षेत्रीय भाषा में खुर्राबोनी कहा जाता है। इस विधि से बोई गई धान को पकने में कम समय लगता है और उत्पादन भी अधिक होती है। इससे दूसरी फसल प्राप्त लेने में आसानी होती है। अतः इस विधि से दो–दो लाभ प्राप्त होते हैं। महासमुंद के बागबहरा विकासखण्ड क्षेत्र में कृषक प्रक्षेत्रों में वर्ष 2003–06 के बीच इस विधि के प्रयोग किये गये और इनके परिणामों को आशानुरुप पाया गया ।

कृषि प्रसार

कृषि तकनिकी का प्रसार करना विश्विविघलय तीसरा प्रमुख अंग हैं । जिसके अंतर्गत विकसित कृषि तकनिकी का प्रसार हर संभव प्रसार शामिल है। जिससे कृषकों व्दारा उत्पादित फसलों की उत्पादकता बढ़ाना समाहित होता है। इस प्रसार कार्यक्रम में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, सम्पर्क माध्यम से सलाह, प्रशिक्षण, प्रकाशन और लेखापत्र, निदान सेवाएँ, प्रक्षेत्र अनुसंधान, फसल सर्वेक्षण, कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए आधुनिक पाठ्यक्रम चलाना इत्यादि शामिल है । इस प्रसार कार्यक्रम में 16 कृषि विज्ञान केन्द्र विभिन्न जिलों में खोले गये हैं, इनका विवरण निम्न सारणी दर्शाया गया है ।

क.	कृषि विज्ञान केन्द्र के नाम	जिला	प्रारंभ वर्ष
1	कृषि विज्ञान केन्द्र, बिलासपुर	बिलासपुर	1984
2	कृषि विज्ञान केन्द्र, अंजोरा दुर्ग	दुर्ग	1993
3	कृषि विज्ञान केन्द्र, अंबिकापुर	सरगुजा	1995
4	कृषि विज्ञान केन्द्र, जगदलपुर	जगदलपुर	2000
5	कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद	महासमुंद	2004
6	कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा	भाटापारा	2004
7	कृषि विज्ञान केन्द्र, चापां–जांजगीर	चापां–जांजगीर	2004
8	कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़	रायगढ़	2004
9	कृषि विज्ञान केन्द्र, धमतरी	धमतरी	2004
10	कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा	दंतेवाड़ा	2005
11	कृषि विज्ञान केन्द्र, कोरबा	कोरबा	2007
12	कृषि विज्ञान केन्द्र, जशपुर	जशपुर	2007
13	कृषि विज्ञान केन्द्र, कांकेर	कांकेर	2007
14	कृषि विज्ञान केन्द्र, राजनांदगांव	राजनांदगांव	2008
15	कृषि विज्ञान केन्द्र, कर्वधा	क्बीरधाम	2008
16	कृषि विज्ञान केन्द्र, कोरिया	कोरिया	2008

प्रसार संचालनालय व्दारा प्रशिक्षण देने की वृहत जानकारी

क	वर्ष	प्रशिक्षण आयोजित							
		विशेष प्रशिक्षण		मासिक कार्यशाला		कृषक प्रशिक्षण		अन्य प्रशिक्षण	
		संख्या	प्रशिक्षणार्थी	संख्या	प्रशिक्षणार्थी	संख्या	प्रशिक्षणार्थी	संख्या	प्रशिक्षणार्थी
1	2000–01	12	362	12	284	12	301	–	–
2	2001–02	13	195	12	278	6	181	–	–
3	2002–03	14	398	8	193	12	329	–	–
4	2003–04	21	504	6	290	12	327	–	–
5	2004–05	9	256	12	179	9	352	8	237
6	2005–06	18	635	11	177	3	59	1	11
7	2006–07	10	250	11	99	–	–	–	–
8	2007–08	7	88	12	150	2	44	–	–

प्रकाशन :

प्रसार संचालनालय व्दारा सततः छत्तीसगढ़ खेती पत्रिका प्रकाशित होती है जिसमें कृषि से संबंधित सभी विषयों के आलेख वर्ष 1994 से प्रकाशित होते आ रहे हैं। यह पत्रिका प्रसार अधिकारी, कृषकों एवं विधार्थियों अत्याधिक प्रचलित है। विभिन्न प्रकार के प्रकाशन संचालनालय व्दारा प्रकाशित किये जाते है अतः इनका विवरण नीचे तालिका में है :

इंगांकृवि व्दारा प्रकाशित किये गये प्रकाशनों की वृहत जानकारी

प्रकाशन	2000	2001	2002	2003	2004	2005	2006	2007
सामायिक लेख	30	32	40	42	87	57	52	48
समाचार पत्रक	55	50	54	48	56	60	50	52
छत्तीसगढ खेती	4	4	4	4	4	4	4	2
शोध ग्रंथ पत्रक (जय)	2	2	2	2	2	2	2	2
कृषि युग पंचांग	1	1	1	1	1	1	1	1
कृषि डायरी	1	1	1	1	1	1	1	1
तकनिकी समाचार पत्रक	15	26	19	18	15	22	40	28

सामायिक लेख

प्रगतिशील कृशकों एवं कृषि अधिकारियों से समय–समय पर कृषि एवं इससे संबंधित क्षेत्रों की समस्याएँ की जानकारी से अवगत होते हुए, संचालनालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े हुए वैज्ञानिक अपने अभिलेख दैनिक समाचार पत्रों, पत्रिकाओं एवं अन्य प्रकाशनों में छपवाते रहते हैं। कृषि एवं इससे संबंधित विषयों की सामायिक समस्याओं के अभिलेख वर्श 2000–2007 से लगातार कृषक दुनिया, छत्तीसगढ़ खेती, कृषक स्मारिका, अम्बिका वाणी, कृषक जगत, कृषक दूत (बीज विशेषांक), कृषक वन्दना, कृषि विस्तार समीक्षा, किसान मितान, दैनिक जन कल्याण समाचार पत्र, कृषि जन कल्याण समाचार। इसकी विस्तृत जानाकरी उपर्युक्त सारणी में दर्शित है।

समाचार पत्रक

कृषकों एवं विस्तार अधिकारियों की आवश्यकतानुसार संचालनालय 28 पत्रकों का प्रकाशन कर चुका हैं जिनमें करीब सभी प्रमुख फसलों को कृषि कार्यमाला अवलोकित हैं। ये सभी प्रकाशन हिन्दी में वर्णित है जिनका करीब 7 से 8 वर्षो की समावधि में प्रकाशित किया गया है ।

कृषि युग पंचांग एवं कृषि डायरी

संचालनालय कृषि युग पंचांग एवं कृषि डायरी को वर्ष 2001 से लगातार प्रतिवर्श करते आ रहा है। इन प्रकाशनो को हिन्दी में वर्णित और विभिन्न प्रकार रंगों का प्रयोग करके आकृर्षित बनाया गया है। दोनों ही प्रकाशन अधिक आवश्यक एवं उपयोगी जानकारी से संलिप्त होते हैं जिसमें कृषकों एवं कृषि विस्तार अधिकारी सामायिक समस्याओं का निराकरण करने में सहायक है ।

अध्याय – 11
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की स्थिति छत्तीसगढ़ में एक नजर

राज्य के सामाजिक विकास में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण घटक है । मानव विकास सूचकांकों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सूचकांको का स्थान प्रमुख है । राज्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की स्थिति निम्नानुसार है :–

विशय विवरण	**छत्तीसगढ़**
प्रतिशत दशकीय वृद्धि दर (1991–01)	18.06%
जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग कि.मी.)	154
लिंग अनुपात (महिला / 1000)	989
जन्मदर (2007)	26.9
मृत्युदर (2007)	8.1
शिशु मृत्युदर (2007) प्रति हजार जीवित जन्म	61
सकल प्रजनन दर	2.62
दंपत्ति संरक्षण दर	65.32

11.1 स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु मापदंड एवं स्थिति

इस योजनांतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वाले परिवार के ऐसे मुखिया स्त्री या पुरूश जिनकी आमदनी से परिवार का अधिकां ा खर्च चलता है तथा जिसकी आयु 18 वर्श से अधिक 65 वर्श से कम हो प्राकृतिक/आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर परिवार के वारिस मुखिया को रूपये 10,000/– की एक मु त सहायता प्रदान की रही है।

तालिका क. 12.07
राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही

वर्ष	लाभान्वित हितग्राही
2000-01	10774
2001-02	6972
2002-03	7847
2003-04	8145
2004-05	13704
2005-06	11472
2006-07	11543
2007-08	9645



तालिका क. 12.08
राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की वर्शवार वित्तीय स्थिति

वर्ष	व्यय प्रावधान (लाख रु. में)
2000-01	1053.35
2001-02	863.51
2002-03	797.90
2003-04	797.90
2004-05	1300.00
2005-06	1600.00
2006-07	1450.00
2007-08	1220.00



12ण्2 समाज रक्षा

- कि ोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम – 2000 यथा संशोधित 2006
- अपराधी परिवीक्षा अधिनियम – 1958
- निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता अधिनियम 1970 यथा संशोधित 1977
- न ाबंदी कार्यक्रम
- कलापथक योजना
- वरिश्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम

प्रदे ा के निराश्रित एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता अधिनियम 1970 अंतर्गत अ ाासकीय संथाओं एवं स्थानीय निकायों को वृद्धाश्रम संचालन हेतु जिले में संग्रहित निराश्रित निधि की ब्याज रा‍ि ा से पात्रता अनुसार 90 प्रति ात रा‍ि ा प्रदाय की जाती है। प्रदे ा में 12 वृद्धाश्रम संचालित है जहां 265 वृद्धजन लाभान्वित हो रहे है।

12.3 **नि: ाक्त कल्याण**

12.3.1 **जिला नि: ाक्त पुनर्वास केन्द्र**

जिले में नि: ाक्त व्यक्तियों को पुनर्वास सेवाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराने हेतु राज्य के समस्त जिलों में जिला नि: ाक्त पुनर्वास केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

तालिका क. 12.09
जिला नि:शक्त पुनर्वास केन्द्र

वर्ष	केन्द्र
2001	1
2002	4
2003	4
2004	7
2005	7
2006	16
2007	16
2008	16



12.3.2 **कृत्रिम अंग/उपकरण प्रदाय योजना**

नि: ाक्तजनों की नि: ाक्तता के प्रभावों को न्यूनतम करने तथा गति ाील बनाने के लिए उन्हें संसाधन एवं सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु राज्य भाासन द्वारा स्वयं के वित्तीय स्त्रोत से एवं केन्द्र भाासन की कृत्रिम अंग प्रदाय योजना के माध्यम से नि: ाक्त व्यक्तियों को कैलीपर्स, ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवणयंत्र, भवेतछड़ी व ब्रेल किट आदि प्रदाय किये रहें है।

भाासन द्वारा कृत्रिम अंग/उपकरण प्रदाय हेतु आय सीमा रू0 5,000/– प्रतिमाह तक नि: ाुल्क तथा रू0 5,001/– से रू0 8,000/– तक कृत्रिम अंग/उपकरण का 50 प्रति ात मूल्य जमा कर प्रदाय करने की व्यवस्था की गई है।

तालिका क. 12.10
कृत्रिम अंग/उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही

वर्ष	लाभान्वित हितग्राही
2000-01	1840
2001-02	1995
2002-03	2810
2003-04	3425
2004-05	4125
2005-06	3955
2006-07	4058
2007-08	5021



तालिका क. 12.11
कृत्रिम अंग/उपकरण प्रदाय योजना की वर्शवार वित्तीय स्थिति

वर्ष	व्यय प्रावधान
2000-01	4.32
2001-02	4.52
2002-03	45.00
2003-04	44.00
2004-05	50.00
2005-06	57.00
2006-07	65.00
2007-08	165.00



◁ 7 ▷

12.3.3 नि: ाक्त व्यक्तियों के लिए पदों का चिन्हांकन

विभिन्न भाासकीय सेवाओं में नि: ाक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदो ंके चिन्हांकन हेतु अधिनियम के प्रावधान के तहत् माननीय उच्चतम न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्दे ों के परिपालन में विभाग ने पहल कर सर्वप्रथम नि: ाक्त व्यक्तियों के पदों का चिन्हांकन किया तत्प चात् कृशि, मत्स्य उद्योग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ संवर्ग के विभागीय पदों में से नि: ाक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पद चिन्हित किये गये हैं ।

तालिका क. 12.12
नि:शक्त शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहन के तहत् लाभांवित कर्मचारी

वर्ष	लाभान्वित कर्मचारी
2000-01	347
2001-02	426
2002-03	445
2003-04	455
2004-05	459
2005-06	572
2006-07	596
2007-08	625



12.3.4 राश्ट्रीय न्यास (स्वपरायणता, प्रतमस्तिश्क अंगाघात, मानसिक मंदता एवं बहु नि: ाक्तता ग्रस्त व्यक्ति कल्याण) अधिनियम 1999 का कियान्वयन

राश्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के क्रियान्वयन हेतु स्वपरायणता, प्रमस्तिश्क अंगाघात, बौद्धिक मंदता तथा बहुविकलांगता से प्रभावित बच्चों के पालकों को वैधानिक अभिभावक नियुक्त करने के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में 14 जिलों में स्थानीय स्तरीय समिति का गठन किया गया है। राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी का गठन रायपुर में किया गया है ।

12.3.5 कुश्ठ कल्याण योजना

कुश्ठ मुक्त व्यक्तियों के आवासीय व्यवस्था एवं पुनर्वास हेतु विभागीय मान्यता प्राप्त एक संस्था को सहायक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। योजनांतर्गत वर्श 2007—08 में 173 हितग्राही लाभान्वित हुए।

12.3.6 भौक्षणिक कार्यक्रम

स्वैच्छिक संस्थाओं को निःशक्त कल्याण हेतु प्रोत्साहन

नि: ाक्तजन अधिनियम 1995 के प्रावधानों के अनुसार राज्य में आवासीय संस्थाएं संचालित हैं। प्रदे ा में नि: ाक्तजनों के ि ाक्षण–प्रि ाक्षण तथा समग्र पुनर्वास में स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिि चत करने के लिए राज्य भाासन द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं को मान्यता प्रदान कर उनके द्वारा आवेदन करने पर पात्रता/नियमानुसार सहायक अनुदान स्वीकृत किया जा रहा है।

तालिका क. 12.13
स्वैच्छिक संस्थाओं को निःशक्त कल्याण हेतु प्रोत्साहन के तहत लाभांवित हितग्राही

वर्ष	लाभान्वित हितग्राही
2000-01	300
2001-02	450
2002-03	850
2003-04	1169
2004-05	1830
2005-06	2480
2006-07	1605
2007-08	1765



◁ 9 ▷

तालिका क. 12.14
स्वैच्छिक संस्थाओं को निःशक्त कल्याण हेतु वर्शवार वित्तीय स्थिति

वर्ष	व्यय प्रावधान
2000-01	20.63
2001-02	27.05
2002-03	69.55
2003-04	63.85
2004-05	142.61
2005-06	157.92
2006-07	143.53
2007-08	132.4



निःशक्त छात्रवृत्ति योजना

नि: ाक्त व्यक्तियों को छात्रवृत्तियॉ वितरित की जाती है जिसकी वर्शवार लाभान्वित हितग्राही अग्रानुसार है :–

तालिका क. 12.15
नि:शक्त छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लाभांवित हितग्राही

वर्ष	लाभान्वित हितग्राही
2000-01	4376
2001-02	5225
2002-03	6956
2003-04	7500
2004-05	8200
2005-06	13299
2006-07	13783
2007-08	13885



वर्शवार नि: ाक्त छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार प्रावधान उपलब्ध कराया गया :—

तालिका क. 12.16
नि:शक्त छात्रवृत्ति योजना हेतु वर्शवार वित्तीय स्थिति

नि:शक्त छात्रवृत्ति योजना

वर्ष	प्रावधान (लाख रु. में)
2000-01	17.08
2001-02	25.00
2002-03	29.00
2003-04	52.00
2004-05	72.00
2005-06	98.00
2006-07	106.00
2007-08	106.00



◁ 10 ▷

12.3.7 नि: ाक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना

नि: ाक्तजनों के सामाजिक पुनर्वास एवं उन्हें स्वावलम्बी बनाने हेतु नि: ाक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना 18 वर्श से 45 वर्श की महिलाओं तथा 21 वर्श से 45 वर्श के लिए नि: ाक्त पुरूश विवाह के लिए 1 अप्रेल 2005 से प्रदे ा में लागू की गई है। इस योजना के तहत विवाहित जोड़ों को रू0 21,000/— की प्रोत्साहन रा‍ि ा दी जा रही है।

तालिका क. 12.17
नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभांवित हितग्राही

वर्ष	लाभान्वित हितग्राही
2000-01	0
2001-02	0
2002-03	0
2003-04	0
2004-05	0
2005-06	148
2006-07	194
2007-08	454



12.3.8 निः ाक्तजन प्रमाणीकरण

निः ाक्तजनों को विकलांगता के कारण ाासन की नीतियों के अनुसार आरक्षण एवं अन्य हितलाभ प्राप्त होते हैं। राज्य में वर्शवार निम्नानुसार निः ाक्तजनों का प्रमाणीकरण किया गया है।

तालिका क्र. 12.18
निःशक्तजनों की जानकारी

वर्श	निःशक्तजनों की संख्या
2000-01	48000
2001-02	48250
2002-03	48250
2003-04	52000
2004-05	81002
2005-06	101803
2006-07	131946
2007-08	148562



12.3.9 मण्डल/उपक्रम/संस्थाएँ

विभागीय योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु विभाग अंतर्गत निम्नानुसार मण्डल/उपक्रम/स्वायत ाासी संस्था संचालित है :-

12.3.9.1 छत्तीसगढ़ निः ाक्तजन वित्त एवं विकास निगम ◁ 11 ▷

निः ाक्त व्यक्तियों की अधिकारिता विकसित करने तथा उन्हें स्वरोजगार प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ वित्त एवं विकास निगम की स्थापना की गयी है। इस निगम को राश्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम की चैनेलाईजिंग एजेंसी घोशित किया गया है। छत्तीसगढ़ निः ाक्तजन वित्त विकास निगम को उपलब्ध करायी गई राि ा का विवरण निम्नानुसार है :-

तालिका क्र. 12.19
छत्तीसगढ़ निःशक्त वित्त एवं विकास निगम

वर्ष	व्यय प्रावधान
2004-05	165.00
2005-06	247.00
2006-07	147.00
2007-08	146.50



12.3.9.2 आयुक्त निः ाक्तजन

निः ाक्तजन अधिनियम 1995 के विभिन्न प्रावधानों के पर्यवेक्षण, मूल्यांकन एवं निः ाक्त व्यक्तियों को समाजन अवसर अधिकारों के संरक्षण तथा पूर्ण सहभागिता प्रदान करने हेतु अधिनियम की धारा 60 के अनुसार जिला पंचायत परिसर, दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य निः ाक्तजन आयुक्त कार्यालय संचालित है।

तालिका क्र. 12.20
आयुक्त निःशक्तजन हेतु बजट प्रावधान

वर्ष	व्यय प्रावधान
2002-03	5.00
2003-04	10.00
2004-05	6.91
2005-06	6.83
2006-07	12.08
2007-08	15.26



12.3.9.3 राज्य श्रोत (निः ाक्तजन) संस्थान

राज्य में स्वायत्त ाासी स्वैच्छिक निकाय के रूप में निः ाक्त व्यक्ति अधिनियम के तहत निः ाक्त व्यक्तियों को अनुसरण सेवाएं, संसाधन, पर्यवेक्षण, मूल्यांकन एवं अनुसंधान हेतु राज्य श्रोत (निः ाक्तजन) संस्थान की रायपुर में स्थापना की गई है।

12ण्3ण्9ण्4 स्वावलंबन केन्द्र

श्रवण बाधित, निः ाक्तजनों की संख्या में वृद्धि को दृश्टिगत रखते हुए राज्य में तकनीकी रूप से सक्षम स्वावलंबन केन्द्र की स्थापना की जा रही है। जिसमें नवजात ि ा ुओं की श्रवण भाक्ति की जांच की जावेगी। श्रवण बधित निः ाक्तता की श्रेणी के आधार पर उनका उपचार एवं पुर्नवास कार्यक्रम सुनि ि चत किया जावेगा।

अध्याय – 13
महिला एवं बाल विकास

जनगणना वर्श 2001 के अनुसार महिलाओं की जनसंख्या 1.03 करोड़ है। भारत में प्रत्येक 1000 पुरूश पर स्त्री–पुरूश अनुपात 933 है जबकि छत्तीसगढ़ में यह अनुपात 989 है जो कि राश्ट्रीय औसत से बेहतर है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की प्रमुख समस्याएँ निम्नलिखित है।

- पुरूश की तुलना में साक्षरता दर में कमी होना।
- ि ा ु मृत्यु दर 61 प्रति 1000 होना (जो एस.आर.एस. बुलेटिन 2000 में 79 थी)।
- मातृत्व मृत्यु दर 379 प्रतिलाख होना।
- कुपोशण 52 प्रति ात होना (जो एन.एफ.एच.एस.–2 1998 के अनुसार 61 थी)।
- जन्म दर 2.69 प्रति ात होना।
- सामाजिक कुरीति के रूप में टोनही प्रताड़ना का होना।

राज्य में महिला एवं बाल विकास के लिए कार्यरत् संस्थाओं की स्थिति निम्नलिखित है –

आई.सी.डी.एस.–

- आई.सी.डी.एस. परियोजना की संख्या – 163
- आदिवासी परियोजना की संख्या – 86
- ग्रामीण परियोजना की संख्या – 63
- शहरी परियोजना की संख्या – 14
- कुल स्वीकृत आंगनवाड़ी केन्द्र – 34937
- कुल स्वीकृत मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र – 2319
- कुल हितग्राही (एस.एन.पी.) – 32.23 लाख
- 0–6 वर्ष के बच्चे – 18.57 लाख
- गर्भवती एवं धात्री महिलाएँ – 5.05 लाख
- किशोरी बालिकाएँ – 8.61 लाख

13.1 महिला ि ाक्षा :–

राज्य की औसत साक्षरता दर 64.80 प्रति ात है। जिसमें पुरूशों की साक्षरता दर 77.40 प्रति ात है वहीं महिलाओं की साक्षरता मात्र 51.90 प्रति ात है। यह साक्षरता अनुसूचित जनजाति महिलाओं में मात्र 39.30 प्रति ात है। अतः राज्य भाासन द्वारा राज्य में महिला साक्षरता वि ोशकर अनुसूचित जाति/जनजाति में महिला साक्षरता को प्रोत्साहित करने के लिए वि ोश प्रयास किये गये हैं।

- सर्व ि ाक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा आठवीं तक सभी छात्र–छात्राओं को निः ाुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है।
- हाई–स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की अनुसूचित जाति/जनजाति की छात्राओं को निः ाुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदाय किये जा रहे हैं।
- अनुसूचित जाति/जनजाति की छात्राओं को निः ाुल्क स्कूल ड्रेस का वितरण किया जा रहा है।

13.1.1 सरस्वती सायकल योजना :–

छत्तीसगढ़ भाासन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बालिकाओं के ि ाक्षा के प्रति वि ोश रूप से प्रयासरत् है। हाई स्कूल में कक्षा नवमीं में प्रवे ा लेने वाली अनुसूचित जाति/जनजाति की बालिकाओं को निः ाुल्क सायकल वर्श 2004–05 से तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली अन्य पिछड़ी जाति एवं अन्य वर्ग की बालिकाओं को वर्श 2007–08 से वितरित की जा रही है। वर्श 2007–08 तक इस योजना से 75,000 से अधिक बालिकाएँ लाभान्वित हुई है। इस योजना के प्रारंभ होने से हाई स्कूल की इस वर्ग की दर्ज संख्या में आ ातीत वृद्धि हुई है।

13.1.2 दत्तक पुत्री शिक्षा योजना :–

इस योजना के अंतर्गत ऐसी गरीब बालिकाओं को जिनकी पढ़ाई का खर्च पालकों द्वारा वहन किया जाना कठिन होता है, सक्षम व्यक्तियों/समाजसेवी संस्थाओं से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर उन्हें शालाओं में प्रवेश दिलाकर उनको निरन्तर शिक्षा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्राथमिक शाला में पढ़ने वाली बालिका के लिए रूपये 300.00 प्रति वर्ष तथा माध्यमिक शाला में पढ़ने वाली बालिका के लिए रूपये 400.00 प्रतिवर्ष की सहायता जो कि नगद राशि के अलावा कपड़े, पुस्तक आदि के रूप में हो सकती है, उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

तालिका क. 13.01
दत्तक पुत्री शिक्षा योजनांतर्गत वर्शवार लाभांवित बालिकाऍं



13.1.3 बालिकाओं की प्रारंभिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPEGEL) :

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत 6 से 14 आयु समूह के सभी बालिकाओं की प्रारंभिक शिक्षा सुनिश्चित करने, महिला भेदभाव समाप्त करने तथा महिला–पुरूश साक्षरता दर को समाप्त करने के लिए, महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने एवं उन्हें भौक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने हेतु शिविर आदि आयोजित करने के लिए यह विशेष कार्यक्रम लागू किया गया है । उक्त कार्यक्रम संचालित करने का मापदंड यह है कि –

- ग्रामीण महिला साक्षरता दर, राश्ट्रीय दर 46.13 से कम है तथा महिला पुरूश साक्षरता दर में अंतर, राश्ट्रीय महिला पुरूश साक्षरता दर में अंतर 21.7 से अधिक है ।
- जहां अनु. जाति/जनजाति की संख्या 5 प्रतिशत या उससे अधिक है जहां महिला साक्षरता दर 10 प्रतिशत से कम है ।
- भाहरी गंदी बस्ती ।

यह योजना राज्य के 101 विकासखण्डों में 1426 संकुलों में संचालित हो रही थी, जो घटकर अब 1059 संकुलों में संचालित है, जो इस बात का द्योतक है कि महिला साक्षरता में निरंतर सुधार हो रहा है।

13.1.4 कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय :

उच्च प्राथमिक भालाओं से भाला त्यागी ऐसी बालिकाऐं जो निम्नलिखित स्थानीय कारणों से जैसे :–

1. परिवार के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा मेहनत, मजदूरी के लिए पलायन करना।
2. वर्शा के दिनों में नदी नाले में पानी भर जाने के कारण भाला नही जा पाना।
3. परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होना।
4. स्कूल अधिक दूरी में होने के कारण तथा कामकाजी बालिकाऐं जो 5वीं पास होने के बाद आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है।

ऐसी बालिकाओं के लिए यह भाला उन क्षेत्रों में खोली जाती है जिस विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की साक्षरता दर वर्श 2001 की जनगणना के अनुरूप राश्ट्रीय औसत महिला साक्षरता दर से कम है तथा महिला पुरूश साक्षरता दर में भी राश्ट्रीय औसत से अधिक अंतर है।

वर्श 2004–05 में कुल 51 कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खोला गया था। वर्तमान में 2008–09 में राज्य में कुल 93 कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित है, जिनमें 9100 बालिकाओं को कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा का लक्ष्य रखा गया है।

तालिका क. 13.02
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों

वर्ष	संख्या
2004-05	51
2005-06	51
2006-07	51
2007-08	84



13.1.5 बालिका शिक्षा के विस्तार हेतु पंचायतों को पुरस्कार :–

योजनांतर्गत बालिका शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2008–09 के बजट में राशि रू. 50. 00 लाख का प्रावधान किया गया है।

13.2 महिला स्वास्थ्य :–

ि ा ु मृत्युदर, मातृत्व मृत्युदर, पेरीनेटल मृत्युदर इत्यादि की स्थिति में परस्पर सुधार हो रहा है, परन्तु इसमें सहस्त्राब्दी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वि ेश प्रयास करने की जरूरत महसूस की गयी है तथा राज्य भाासन द्वारा इसके लिए नवीन योजनाएँ लाकर सकारात्मक प्रयास किया गया है।

13.2.1 आयुष्मति योजना :–

योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र की भूमिहीन परिवार की गरीब महिलाओं एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाओं को जिला चिकित्सालय/मेडिकल कालेज अस्पताल/खण्ड स्तरीय चिकित्सालय/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक सप्ताह तक उपचार हेतु भर्ती रहने पर 400.00 रूपये तक तथा एक सप्ताह से अधिक भर्ती रहने पर 1000.00 रूपये तक की चिकित्सा सुविधा के तहत दवा, पौष्टिक आहार आदि उपलब्ध कराया जा रहा है । योजना के अंतर्गत हुए व्यय एवं भौतिक उपलब्धि निम्नानुसार है –

तालिका क. 13.03
योजनांतर्गत वर्शवार बजट आबंटन एवं हितग्राहियों की संख्या

क.	वर्ष	वित्तीय		हितग्राही
		आबंटन (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2003-2004	46.71	38.96	11445
2	2004-2005	53.75	53.53	15527
3	2005-2006	65.84	62.96	16927
4	2006-2007	70.15	64.38	15449
5	2007-2008	87.14	80.84	22747





13.2.2 कि ोरी भाक्ति योजना :–

कि ोरी भाक्ति योजना, भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित की जाती है। यह योजना 11–18 वर्श आयु की बालिकाओं के लिए है। इसके अंतर्गत कि ोरी बालिकाओं को आंगनबाड़ी में संलग्न कर स्वास्थ्य, पोशण, स्वच्छता, बच्चों की देखभाल तथा अन्य आव यक विशयों का प्रि क्षण, पूरक पोशण आहार, रक्ताल्पता होने पर आयरन फोलिक एसिड, टीकाकरण (टी.टी.), स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवा आदि की यथा संभव व्यवस्था किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

भारत ॥ासन के निर्दे ॥ानुसार तैयार कार्ययोजना के तहत प्रत्येक परियोजना में 300 बालिकाओं को उपरोक्तानुसार प्रि क्षण दिया जा रहा है। इनमें से 30 बालिकाओं का चयन कर आय उपार्जन गतिविधियों के लिए व्यवसायिक प्रि क्षण दिए जाने का प्रावधान है। योजनांतर्गत प्रत्येक परियोजना के लिए रू. 1.10 लाख व्यय का प्रावधान है। योजनांतर्गत उपलब्धियॉ निम्नानुसार है :–

तालिका क. 13.04
योजनांतर्गत वर्शवार बजट आबंटन एवं कियान्वित परियोजनाओं की संख्या

क.	वर्ष	वित्तीय		कियान्वित परियोजना
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2003-2004	167.20	164.31	152
2	2004-2005	136.40	135.39	152
3	2005-2006	कियान्वयन नही		
4	2006-2007	167.20	165.19	152
5	2007-2008	173.80	171.49	158





13.2.3 जननी सुरक्षा योजना :–

इस योजना अंतर्गत गरीब परिवार की गर्भवती महिलाओं को चिकित्सीय तथा वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के कारण गर्भवती माताओं में एनीमिया (रक्त अल्पतता) के विरूद्ध काफी सफलता मिली है तथा मातृत्व मृत्युदर तथा ि ा ु मृत्युदर में कमी आई है।

- राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रथम रीफरल इकाईयों की स्थापना की गयी है, जिससे गर्भवती माताओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके यह मातृत्व मृत्युदर तथा ि ा ु मृत्युदर को नियंत्रित करने में काफी सहायक सिद्ध हो रहा है।
- राज्य में संस्थागत प्रसव मात्र 26.44 प्रति ात है, जिस कारण मातृत्व मृत्युदर एव ि ा ु मृत्युदर की संभावना अधिक होती है, इसे कम करने के लिए राज्य भाासन द्वारा संस्थागत प्रसव को वि ोश रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- राज्य लगभग 60 हजार मितानिन की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर की गयी है तथा उन्हें ''फर्स्ट एड'' व जीवन रक्षक दवा से सुसज्जित ''मुख्यमंत्री दवा पेटी'' उपलब्ध करायी गयी है। मितानिन स्वास्थ्य रक्षक का कार्य सफलता पूर्वक कर रही है।

13.3 महिला स ाक्तिकरण :–

छठवीं पंचवर्शीय योजनाओं से महिला स ाक्तिकरण के जो प्रयास किये जा रहे हैं, राज्य निर्माण के प चात राज्य में उन प्रयासों की गति और बढाई गयी है तथा अनेक नवीन एवं अभिनव योजनाओं के द्वारा महिला स ाक्तिकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है।

13.3.1 महिला कल्याण :–

13.3.1.1 राज्य समाज कल्याण बोर्ड :–

महिलाओं के कल्याण, विकास और सशक्तिकरण के लिए गैर सरकारी संगठनों के साथ सहभागिता एवं समाज कल्याण गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश में राज्य समाज कल्याण बोर्ड गठन किया गया है । छत्तीसगढ़ राज्य समाज कल्याण बोर्ड द्वारा महिलाओं के लिए कामकाजी महिला वसति गृह, अल्पकालीन आवास गृह, परिवार परामर्श केन्द्र, जागरूकता कार्यक्रम तथा महिलाओं के लिए संक्षिप्त पाठ्यक्रम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

13.3.1.2 नारी निकेतन :–

16 वर्ष से अधिक आयु की अनाथ कन्याओं, विधवा, निराश्रित, परित्यक्ता, अविवाहित माताओं, तिरस्कृत व बेसहारा, समाज से प्रताड़ित महिलाओं को आश्रय व सहारा प्रदान करने तथा उनके निःशुल्क परिपालन व पुर्नवास के लिए प्रदेश में रायपुर, सरगुजा एवं दंतेवाड़ा में नारी निकेतन संचालित है। संस्था में इन महिलाओं के निःशुल्क आवास, भरण पोषण, शिक्षण, प्रशिक्षण और पुर्नवास की व्यवस्था की जा रही है।

13.3.1.3 मातृ–कुटीर

इस योजना का उद्दे य अनाथ बच्चों व निराश्रित महिला को एक साथ परिवार के रूप में गठित करके पारिवारिक वातारवण निर्मित करना है ताकि बच्चों को धात्री मॉ का व महिला को बच्चों का स्नेह मिल सके। संस्था में मॉ एवं बच्चों के ि ाक्षण, प्रि ाक्षण, स्वास्थ्य की देखभाल आदि की सुविधा मुहैया करायी जा रही

है। बच्चे व्यस्क होने और स्थापित होने तक संस्था में रहते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदे ा में बिलासपुर तथा राजनांदगांव में मातृ–कुटीर संचालित है। दुर्ग एवं जगदलपुर में मातृ–कुटीर संस्था के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

13.3.1.4 शासकीय झूलाघर

निम्न मध्यम आय वर्ग की कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल के लिए प्रदेश में 2 शासकीय झूलाघर क्रमशः बिलासपुर एवं रायपुर में संचालित किये जा रहे हैं। इन झूलाघरों के माध्यम से वर्ष 2007–08 में माह मार्च 2008 की स्थिति में 50 बच्चे लाभान्वित हुये हैं।

13.3.1.5 महिला कल्याण संस्थाओं को अनुदान :–

महिला कल्याण के क्षेत्र में स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने, इस क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को बढ़ावा देने तथा उन्हें महिला कल्याण की विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्रदान करने हेतु इस योजना के अंतर्गत महिला कल्याण क्षेत्रों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं को अनुदान प्रदान करने के लिए बजट प्रावधान सम्मिलित किया जा रहा है । राज्य निर्माण से लेकर वर्तमान तक महिला कल्याण संस्थाओं को अनुदान के अंतर्गत हुए व्यय एवं भौतिक उपलब्धि निम्नानुसार है –

तालिका क. 13.05

योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं लाभान्वित संस्थाओं की संख्या

क.	वर्ष	वित्तीय		लाभान्वित संस्थाएँ
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2000-2001	10.00	1.44	300
2	2001-2002	11.00	3.09	590
3	2002-2003	6.00	2.55	314
4	2003-2004	5.00	2.15	429
5	2004-2005	5.00	4.60	412
6	2005-2006	5.00	1.99	75
7	2006-2007	5.50	3.49	149
8	2007-2008	6.75	3.79	100





13.3.1.6 निर्धन युवतियों का विवाह :–

इस योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को 4000.00 रूपये तक की आर्थिक सहायता सामग्री के रूप में दी जा रही है। सामूहिक विवाह आयोजन के लिए प्रति कन्या राशि रूपये 1000.00 तक व्यय की जा रही है। इस प्रकार योजनान्तर्गत प्रत्येक कन्या के विवाह हेतु अधिकतम 5000.00 रूपये की सहायता राशि देय है। योजनांतर्गत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति अग्रानुसार है –

तालिका क्र. 13.06
योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं लाभान्वितों की संख्या

क्र.	वर्ष	वित्तीय		भौतिक	
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	लक्ष्य	उपलब्धि
1	2004-2005	17.00	0.00		0
2	2005-2006	250.00	247.48	5000	4535
3	2006-2007	250.00	247.73	5000	4595
4	2007-2008	250.00	247.04	5000	4776





13.3.1.7 मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) :–

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला/अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष **"मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)"** प्रदान किया जा रहा है । इसके तहत् एक महिला/संस्था को 2.00 लाख रू. की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जा रहा है ।

13.3.2 क्षमता विकास :–

13.3.2.1 राज्यस्तरीय संसाधन केन्द्र :–

राज्यस्तरीय संसाधन केन्द्र के गठन पश्चात संचालन रायपुर जिले में 2006 से प्रारंभ हुआ। राज्यस्तरीय संसाधन केन्द्र द्वारा परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकों व अन्य विभाग हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहें हैं । वित्तीय वर्ष 2008–09 में राशि रूपये 53.56 लाख का प्रावधान उपलब्ध कराया गया है ।

13.3.2.2 क्षेत्रीय महिला एवं प्रशिक्षण संस्थान :–

प्रदेश में 02 क्षेत्रीय महिला एवं प्रशिक्षण संस्थान जिला बिलासपुर व जगदलपुर में वर्ष 2006 से संचालित है । इन प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से अन्य विभाग के अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहें हैं ।

13.3.2.3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र :–

प्रदेश में 07 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है । प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन की स्थिति अग्रानुसार है :–

तालिका क. 13.07
जिलावार आंगनबाड़ी प्रि ाक्षण केन्द्र

क्र.	जिला	संस्था
1	रायपुर	छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद
2	दुर्ग	छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद
3	रायगढ़	छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद
4	जगदलपुर	छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद
5	बिलासपुर	छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद
6	महासमुंद	विनिता महिला समाज
7	राजनांदगांव	नेहरू युवा केन्द्र

इन प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से आंगनवाडी कार्यकर्ताओं का मूलभूत एवं प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहें हैं । वर्ष 2008–09 में इन प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु राशि रूपये 02.00 करोड का बजट उपलब्ध कराया गया है ।

13.3.3 स ाक्तिकरण कार्यक्रम :–

13.3.3.1 एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम (स्वयंसिद्धा) :–

महिलाओं को सामाजिक आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योजना भारत शासन की स्वीकृति से प्रदेश के चयनित 17 विकासखंडो में लागू की गई है। ◁ 20 ▷ समूह को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 17 विकासखण्डों में योजना अनुरूप गठित 1620 महिला स्वसहायता समूहों में 20806 महिलाओं को जोड़ा गया है। योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति निम्नानसुार है –

तालिका क. 13.08
योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं व्यय

वर्ष	वित्तीय	
	प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)
2001-2002	74.00	12.01
2002-2003	30.00	27.31
2003-2004	90.00	26.00
2004-2005	120.00	30.97
2005-2006	120.00	35.40
2006-2007	160.00	63.20
2007-2008	89.51	71.68



13.3.3.2 महिला जागृति शिविर :–

ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला जागृति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उददेश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, प्रावधानों के प्रति जागृत करना, विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक एवं सक्रिय बनाना तथा विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध महिलाओं को जागृत व संगठित करना है। आयोजित शिविरों एवं लाभांवितों की जानकारी अग्रानुसार है :–

तालिका क. 13.09
योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं उपलब्धि

क.	वर्ष	वित्तीय		उपलब्धि
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2000-2001	5.25	4.30	65990
2	2001-2002	15.95	11.51	168492
3	2002-2003	34.00	31.24	24561
4	2003-2004	42.00	37.19	449041
5	2004-2005	48.00	43.57	515200
6	2005-2006	54.00	51.03	479000
7	2006-2007	54.00	52.13	539000





13.3.3.3 दिशा दर्शन एवं भ्रमण :–

इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए दिशा दर्शन व भ्रमण करने हेतु बजट प्रावधान सम्मिलित किया गया है । राज्य निर्माण से लेकर वर्तमान तक दिशा दर्शन एवं भ्रमण योजना के अंतर्गत हुए व्यय एवं भौतिक उपलब्धि निम्नानुसार है :–

तालिका क. 13.10
योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं हितग्राहियों की संख्या

क.	वर्ष	वित्तीय		हितग्राही
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2000-2001	2.00	1.80	1290
2	2001-2002	1.00	0.70	1165
3	2002-2003	5.00	5.00	1206
4	2003-2004	5.00	4.64	1996
5	2004-2005	6.00	5.93	2299
6	2005-2006	6.00	5.66	3805
7	2006-2007	7.00	6.65	12407
8	2007-2008	8.00	7.99	14187





13.3.3.4 राज्य महिला आयोग :—

प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं के हितों की देखभाल व उनका संरक्षण करने, महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था, स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने हेतु पहल कर उनकी गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचार, अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए प्रदेश में राज्य महिला आयोग का गठन किया गया है ।

आयोग का कार्य :—

(अ) आयोग निम्नलिखित समस्त या उनमें से किन्हीं भी कृत्यों का पालन करेगा, अर्थातः—

- महिलाओं के लिए संविधान तथा अन्य विधियों के अधीन उपबंधित संरक्षणों से संबंधित समस्त मामलों का अन्वेषण तथा परीक्षण करना ।
- राज्य सरकार को वार्षिक रूप से तथा ऐसे अन्य समयों पर, जैसा कि आयोग उचित समझे, ऐसे संरक्षणों के कार्यान्वयन के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करना ।

- संविधान तथा अन्य विधियों में महिलाओं के संबंध में किए गए उपबंधों के उल्लघंन के मामलों को समुचित प्राधिकारियों तक ले जाना ।
- महिलाओं के सामाजिक—आर्थिक विकास की योजना तैयार करने संबंधी प्रक्रिया में भाग लेना तथा सलाह देना ।
- ऐसे मुकदमों को धन देना, जिनमें ऐसे मुद्दे अन्तर्वलित है जो महिलाओं के बड़े समूह पर प्रभाव डालते है ।
- निम्नलिखित के संबंध में गहन अध्ययन करना :—

1. राज्य की महिलाओं की आर्थिक, शैक्षणिक तथा स्वास्थ्य संबंधी स्थिति, इसमें विशिष्टतया आदिवासी जिलों तथा ऐसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो महिलाओं की साक्षरता, मृत्यु दर तथा आर्थिक विकास की दृष्टि से कम विकसित है।
2. वे परिस्थितियां जिनमें महिलाएं कारखानों, स्थापनाओं, निर्माण स्थलों तथा वैसी ही अन्य स्थितियों में कार्य करती है और उक्त क्षेत्रों में महिलाओं की प्रास्थिति में सुधार हेतु विशिष्ट रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार को सिफारिश करना।

- राज्य में या चुने हुए क्षेत्रों में, महिलाओं के विरूद्ध उन समस्त अपराधों की, जिनके अंतर्गत महिलाओं के विवाह तथा दहेज, बलात्कार, अपहरण, छेड़छाड़, महिलाओं के अनैतिक व्यापार से संबंधित मामले तथा प्रसव करवाने या नसबंदी करवाने के समय चिकित्सीय उपेक्षा, गर्भधारण या शिशु जन्म से संबंधित चिकित्सीय हस्तक्षेप के मामलों में समय—समय पर जानकारी संकलित करना ।
- महिलाओं के प्रति अत्याचारों के विरूद्ध संपूर्ण राज्य में या विर्निदिष्ट क्षेत्रों में लोकमत जुटाने के लिए राज्य प्रकोष्ठ और जिला प्रकोष्ठों, यदि कोई हों, के साथ समन्वय करना जिससे ऐसे अत्याचारों संबंधी अपराध की शीघ्र रिपोर्ट की जाने तथा पता लगाये जाने और ऐसे अपराधों के विरूद्ध लोकमत जुटाने में सहायता मिलेगी ।

- निम्नलिखित से संबंधित शिकायतें प्राप्त करना :–

1. महिलाओं पर अत्याचार और महिलाओं के विरूद्ध अपराध ।
2. महिलाओं को उनके न्यूनतम मजदूरी, प्राथमिक स्वास्थ्य और प्रसूति सुविधाओं से संबंधित अधिकारों से वंचित करना ।
3. महिलाओं के संबंध में, राज्य सरकार के नीतिगत विनिश्चयों का पालन न किया जाना ।
4. परित्यक्ता और निराश्रित महिलाओं और वैश्यावृत्ति करने के लिए विवश की गई महिलाओं का पुनर्वास ।
5. ऐसी महिलाओं पर जो अभिरक्षा में है, अत्याचार और उन्हें समुचित उपचारी उपाय के लिए संबद्ध प्राधिकारियों तक ले जाना।

- निर्धन महिलाओं को विधिक परामर्श देने और ऐसी महिलाओं को विधिक सहायता प्राप्त करने में समर्थ बनाने के लिए राज्य के गैर सरकारी संगठनों को सहायता करना, प्रशिक्षित करना और प्रेरित करना ।

- किसी जेल, प्रतिप्रेषण गृह महिलाओं की संस्था या अभिरक्षा में रखने के अन्य स्थान का, जहां महिलाओं को कैदियों के रूप में या अन्यथा रखा जाता है, निरीक्षण करना या निरीक्षण करवाना और यदि आवश्यक समझा जाए तो उपचारी कार्यवाही के लिए संबंद्ध प्राधिकारियों तक ले जाना ।

किसी अन्य ऐसे मामले के संबंध में कृत्यों का पालन करना जो कि राज्य सरकार द्वारा उसे निर्दिष्ट किया जाए ।

13.3.3.5 छत्तीसगढ़ महिला कोष

छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा महिला स्व–सहायता समूहों को आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए **ऋण योजना** का संचालन दिनांक 15.8.03 से किया जा रहा है । योजनांतर्गत स्वयं सहायता समूहों को उनकी बचत राशि का न्यूनतम 4 से अधिकतम 10 गुना अथवा अधिकतम 10000.00 रूपये तक का ऋण प्रथम बार में प्रदान किया जा रहा है । ऐसे स्वयं सहायता समूह जिनके द्वारा ऋण की राशि नियत अवधि में कोष को वापस कर दी जाती है, उनको आवश्यकतानुसार राशि रूपये 10000 से 20000 तक का ऋण 500 रूपये के गुणांक में पुनः प्रदान किये जाने का प्रावधान हैं । ◁ 23 ▷

- योजना के तहत छ.ग.महिला कोष द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह को 6.5 प्रतिशत एवं स्वैच्छिक संगठनों को 5.5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है ।
- ऋण योजना प्रारंभ से जून 2008 10,506 महिला स्वयं सहायता समूहों को 884.97 लाख रूपये की राशि ऋण के रूप में वितरित की गई हैं ।
- **छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना :–** इस योजना के अंतर्गत प्रति वर्श 1.00 करोड़ का प्रावधान वर्श 2003–04 से किया जा रहा है।

तालिका क. 13.11
योजनांतर्गत वर्शवार समूहों की संख्या



- **कौशल उन्नयन योजना** – इस योजना का संचालन वर्ष 2007–08 से प्रारंभ किया गया हैं । योजनांतर्गत आय उपार्जन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल वृद्धि कर अधिक लाभ पहुँचाने के उद्‌देश्य से एक से तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं । योजना के तहत जून 2008 में 690 महिलाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है ।
- **उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम** – इस योजना को वर्ष 2007–08 से प्रारंभ किया गया हैं । योजनांतर्गत महिलाओं को उद्यमशील गतिविधियों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने, उनमें उद्यमिता विकास करने, स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करने के उद्‌देश्य से तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता संचालित किये जा रहे हैं । पूरे राज्य में लगभग 800 महिलाओं को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की गई है।

13.3.3.6 महिला स्व–सहायता समूहों का गठन

महिलाओं को संगठित करने, उन्हें समूह में छोटी–छोटी बचत करने एवं अपनी छोटी–मोटी जरूरतों की पूर्ति हेतु समूह में ही न्यूनतम दर पर लेनदेन करने के लिए सक्षम बनाने में सहयोग प्रदान करने तथा महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु प्रदेश में स्व–सहायता समूहों का गठन प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 73 हजार 4 सौ 53 महिला स्वयं सहायता समूह गठित किये गये है, जिनके तहत् लगभग 8.86 लाख महिलाऐं संगठित हुई है तथा इन समूहों व्दारा अब तक लगभग 44.82 करोड़ रूपये की राशि बचत की गई है।

विभिन्न कार्यो में संलग्न महिला स्व–सहायता समूह

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान के संचालन कर रहे महिला स्व–सहायता समूहों की संख्या – 2295
- मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का संचालन कर रहे महिला स्व–सहायता समूहों की संख्या – 14129
- आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार व्यवस्था का संचालन कर रहे महिला स्व – सहायता समूहों की संख्या – 15032

13.3.3.7 शक्ति स्वरूपा योजनाः–

विषम परिस्थिति में विधवा महिलाओं के कल्याण तथा स्वावलंबन के लिए वित्तीय वर्ष 2008–09 में शक्ति स्वरूपा योजना स्वीकृत की गई है । वित्तीय वर्ष 2008–09 के विभागीय बजट में योजना अंतर्गत राशि रूपये 25 लाख का प्रावधान किया गया है। योजना अन्तर्गत विधवा महिलाओं को उच्च शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण अथवा स्वयं के व्यवसाय के संचालन के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। यह योजना वर्ष 2008–09 में प्रदेश के चार जिलों बस्तर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर में लागू की जानी है ।

13.3.3.8 तेजस्विनी योजना :–

महिला स्व–सहायता समूहों के सशक्तिकरण तथा उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्‌देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला स्व–सहायता समूहों के प्रेरक/ मास्टर ट्रेनर्स के रूप मे प्रशिक्षण दिये जाने हेतु विभागीय बजट में राशि रूपये 1.5 करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

13.3.4 महिलाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधान :–

13.3.4.1 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 :–

महिलाओं के लिये हिंसा मुक्त घरेलू जीवन का अधिकार दिलाने तथा इन अधिकारों का हनन होने पर शीघ्र कानूनी सहायता तथा संरक्षण उपलब्ध कराने हेतु भारत शासन द्वारा घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 लागू किया गया है । छत्तीसगढ़ राज्य में अधिनियम लागू किया गया है तथा समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को संरक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

13.3.4.2 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006

बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 प्रभावी किया गया है। अधिनियम के कियान्वयन हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ बाल विवाह प्रतिषेध नियम, 2007 बनाए गये हैं तथा समस्त जिलों में जिला

कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को बाल विवाह की रोकथाम तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

13.3.4.3 छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 :—

महिलाओं को टोनही के रूप में चिन्हित कर उन्हें उत्पीड़ित किये जाने की घटनाओं को रोकने एवं इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन हेतु छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 लागू किया गया है।

13.3.4.4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 का कियान्वयन :—

दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्रावधान अनुसार राज्य में दहेज प्रतिषेध अधिकारियों को अधिसूचित किया गया है, दहेज प्रतिषेध नियम बनाये गये हैं तथा सभी जिलों में दहेज प्रतिषेध सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है ।

13.4 पोशण आहार

एन.एफ.एच.एस. — II के वर्श 1998 के बुलेटिन के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के क्षेत्र में कुपोशण 61 प्रति ात थी जो एन.एफ.एच.एस. — III के बुलेटिन के अनुसार घटकर 52 प्रति ात रह गई है। एकीकृत महिला बाल विकास योजना, पूरक पोशण आहार व्यवस्था, मध्याहन भोजन योजना द्वारा कुपोशण कमी करने के क्षेत्र में काफी सराहनीय सफलता मिली है। इसके अतिरिक्त राज्य भाासन द्वारा 1 नवम्बर 2007 से महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना प्रारंभ की गई है जिससे कुपोशण के विरूद्ध एक अभियान के रूप में कार्य करने में राज्य भाासन को सहायता मिल रही है।

13.4.1 एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस) :—

0 से 6 आयु के बच्चे तथा महिलाओं के समग्र विकास हेतु एकीकृत बाल विकास सेवा योजना प्रदेश में संचालित की जा रही है । योजनांतर्गत 0 से 6 वर्ष के आयु के बच्चों में कुपोषण की दर, रूगण्ता की दर, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्युदर में कमी लाने तथा बाल विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं के कार्यो में समन्वय स्थापित करने हेतु आंगनबाडी केन्द्र के माध्यम से 0 से 6 आयु वर्ग के बच्चों तथा गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को छः सेवायें—पूरक पोषण आहार, स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवा, स्वास्थ एवं पोषण शिक्षा प्रदाय की जा रही है।

- राज्य निर्माण के समय प्रदे ा में 152 बाल विकास परियोजनाएँ स्वीकृत थी जो वर्श 2007—08 में बढ़कर 163 हो गई।
- राज्य निर्माण के समय 20289 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत थी, वर्श 2007—08 में 34937 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 2319 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हैं।
- एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के विस्तार एवं सर्वव्यापीकरण हेतु तृतीय चरण हेतु प्रदे ा में 180 नवीन बाल विकास परियोजनाएँ, 20772 आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं 6362 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रस्ताव भारत भाासन को प्रेशित किये गये है ।

परियोजना अंतर्गत स्थापना, प्रशिक्षण एवं किशोरी शक्ति योजना सहित वर्ष 2000—01 से वर्ष 2008—09 तक वित्तीय प्रावधान एवं व्यय तथा भौतिक उपलब्धि की जानकारी का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है :—

तालिका क्र. 13.12
योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं व्यय

क्र.	वर्ष	वित्तीय		हितग्राही
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2000-2001	2653.33	1750.88	1163577
2	2001-2002	7776.70	4347.50	1382926
3	2002-2003	6900.57	5242.07	1420290
4	2003-2004	8173.44	5884.24	1754640
5	2004-2005	7741.97	5860.73	1798230
6	2005-2006	8271.86	6140.91	1828109
7	2006-2007	13126.74	8235.58	2096985
8	2007-2008	12389.22	8786.31	2930107





13.4.2 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार व्यवस्था :–

एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती व शिशुवती माताओं तथा किशोरी बालिकाओं को चावल आधारित पूरक पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है । 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म भोजन का प्रदाय किया जा रहा है । 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों, गर्भवती व शिशुवती माताओं तथा किशोरी बालिकाओं को टेक होम राशन के माध्यम से पूरक पोषण आहार का प्रदाय किया जा रहा है । पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2000–01 से वर्ष 2008–09 तक वित्तीय प्रावधान एवं व्यय तथा भौतिक उपलब्धि की जानकारी का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:–

तालिका क्र. 13.13
योजनांतर्गत वर्शवार वित्तीय प्रावधान एवं व्यय

क्र.	वर्ष	वित्तीय		हितग्राही
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2000-2001	556.50	491.90	1163577
2	2001-2002	2523.42	1326.29	1382926
3	2002-2003	3557.32	3025.74	1434460
4	2003-2004	6152.21	5751.70	1814033
5	2004-2005	7258.21	7086.39	2022506
6	2005-2006	12545.93	11118.79	1930848
7	2006-2007	20891.00	7848.51	2300979
8	2007-2008	19500.00	15115.19	2930107





पूरक पोशण आहार की विकेन्द्रीकृत नवीन व्यवस्था जिसमें पोशण आहार का कार्य ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों एवं महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है। 1 अप्रैल 2007 से प्रारंभ की गई है।

क्र.	हितग्राही	वित्तीय मापदण्ड
1.	6 माह से 6 वर्श के सामान्य बच्चे	रू. 2/– प्रति हितग्राही प्रतिदिन
2.	6 माह से 6 वर्श के गंभीर कुपोशित बच्चे	रू. 2.70/– प्रति हितग्राही प्रतिदिन
3.	गर्भवती/शिशुवती माताएँ एवं समस्त किशोरी बालिकाएँ (11 से 18 वर्श)	रू. 2.30/– प्रति हितग्राही प्रतिदिन

- **समेकित बाल विकास सेवा योजनांतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं को दिये जा रहे मानदेय के अतिरिक्त राज्य आयोजना मद से राज्य शासन द्वारा 1 अप्रेल 2007 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 200/– रू. प्रतिमाह तथा सहायिकाओं को 100/– रू. प्रतिमाह अतिरिक्त मानदेय दिया जा रहा है।**

- **1 अप्रैल 2008 से अतिरिक्त मानदेय में वृद्धि की गई है। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिकाओं हेतु 300/– तथा आंगनबाड़ी सहायक सहायिकाओं हेतु 150/– रू. प्रतिमाह के स्थान पर अब आंगनबाड़ी सहायिकाओं हेतु 500/– तथा आंगनबाड़ी सहायक सहायिकओं हेतु 250/– रू. प्रतिमाह का अतिरिक्त मानदेय दिये जाने का राज्य भाासन द्वारा निर्णय लिया गया है।**
- **राज्य शासन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर राज्य मद से आश्रित परिवार को 10.00 हजार रू. एक्सग्रेसिया 15 अगस्त 2007 के बाद से दिये जाने का निर्णय लिया गया है ।**

13.4.3 आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्ता उन्ननयन के प्रयासों के परिणाम :–

आंगनबाड़ी केन्द्र में किये गये गुणवत्ता उन्नयन के प्रयासों के फलस्वरूप कुपोशण की स्थिति में सुधार तथा शिशु मृत्यु दर कम करने की दिशा में उपलब्धि प्राप्त हुई इनकी जानकारी निम्नानुसार है :–

1. एस.आर.एस. बुलेटिन के अनुसार वर्श 2000 में छत्तीसगढ़ में एम.आई.आर. (शिशु मृत्यु दर) 79 था जो कि 2005 में घटकर 63 हो गई है ।
2. एन.एफ.एच.एस.–2 (वर्श 1998) के अनुसार छत्तीसगढ़ में बच्चों में कुपोशर्ण का स्तर 61 प्रतिशत था जो एन.एफ.एच.एस.–3 (वर्श 2005) के अनुसार घटकर 52 प्रतिशत हो गया है।

तालिका क. 13.14
वर्शवार शिशु मृत्युदर

तालिका क. 13.15
वर्शवार कुपोशण





3. **हितग्राहियों की संख्या में वृद्धि :–** विगत वर्शों में सेवाओं के विस्तार तथा गुणवत्ता में किये गये प्रयासों के सकारात्मक परिणामों के रूप में हितग्राहियों की संख्या में वृद्धि परिलक्षित हुई है और सेवाओं की पहुंच व अच्छादन अपेक्षाकृत काफी विस्तृत हो गया है। इसका विवरण अग्रानुसार है :–

तालिका क. 13.16
वर्शवार लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या

वर्ष	लाभान्वित हितग्राही (संख्या लाख में)
2000-01	11.63
2002-03	17.34
2006-07	28.09



13.4.4 किशोरी शक्ति योजना :–

यह योजना 11–18 वर्ष की बालिकाओं के लिये है । इसके अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को आंगनबाड़ी में संलग्न कर स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, बच्चों की देखभाल तथा अन्य आवश्यक विषयों पर प्रशिक्षण, पूरक पोषण आहार, रक्ताल्पता होने पर आयरन फोलिक एसिड, टीकाकरण (टी.टी.), स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवा आदि की यथासंभव व्यवस्था किये जाने का प्रयास किया जा रहा है । भारत शासन की स्वीकृति अनुसार यह योजना वर्ष 2007–08 में 158 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में संचालित किया गया । किशोरी शक्ति योजना के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर भारत शासन के निर्देशानुसार प्रति परियोजना 300 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाना है ।

किशोरी शक्ति योजना अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को आय उपार्जन गतिविधियों में प्रत्येक परियोजनाओं के 30 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया है । क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक परियोजना 1.10 लाख रू. का प्रावधान है । योजनांतर्गत उपलब्धियां निम्नानुसार है।

क्र.	वर्ष	परियोजना	वित्तीय		भौतिक	
			प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	लक्ष्य	उपलब्धि
1.	2006–07	152	167.20	165.19	45600	45300
2.	2007–08	158	173.80	171.49	47400	47400

13.4.5 कुपोषण मुक्ति कार्यक्रम :–

समेकित बाल विकास सेवा अंतर्गत कुपोषण की दर, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिये किये जा रहे प्रयास को गति देने तथा नवीन पोषण आहार व्यवस्था हेतु राज्य आयोजना मद से वर्ष 2008–09 हेतु 803.00 लाख का बजट प्रावधान किया गया है । इस प्रावधान में आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन मशीन एवं बर्तन आदि प्रदाय किये जाने हेतु बजट प्रावधान किया है ।

13.4.6 जनजागरण अभियान :–

इस योजना के अंतर्गत जनजागरण अभियान के शिविरार्थियों को प्रोत्साहन, राहत शिविरों में पोषण व्यवस्था के लिए बजट प्रावधान सम्मिलित किया गया है । वर्ष 2008–09 में इस योजना के अंतर्गत 2.00 करोड़ का प्रावधान किया है ।

13.4.7 मिनीमाता पोशण आहार योजना :–

सरगुजा जिले में लड़कियों में कुपोशण की स्थिति को देखते हुए वि ोश योजना ''मिनीमाता पोशण आहार योजना'' संचालित की जा रही है। प्रत्येक वर्श इस योजना के लिए रू. 4–8 करोड़ का प्रावधान किया जा रहा है।

13.4.8 पोशण निगरानी योजना :–

कन्याओं में कुपोशण को कम करने के लिए अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिले दंतेवाड़ा एवं बीजापुर में इस योजना को लागू किया गया है।

13.5 बाल विकास :–

13.5.1 शासकीय बाल संरक्षण गृह

कुष्ठ रोगियों के 18 वर्ष आयु तक के स्वस्थ बच्चों को उनके माता–पिता से अलग रखकर उन्हें स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित इस संस्था में उन्हें आवास, शिक्षण, भोजन, वस्त्र तथा प्रशिक्षण की सुविधा दी जाती है। प्रत्येक केन्द्र में 50 बालक/बालिका के रहने की व्यवस्था है। प्रदेश में 5 बाल संरक्षण गृह क्रमशः बालकों के लिए कवर्धा, जगदलपुर तथा दुर्ग एवं बालिकाओं के लिए बिलासपुर तथा रायपुर में संचालित है।

13.5.2 बालवाड़ी सह–संस्कार केन्द्र

वर्तमान में प्रदेश में 06 वर्ष आयु तक के बच्चों के मानसिक तथा शारीरिक विकास के लिए 02 शासकीय बालवाड़ी सह–संस्कार केन्द्र क्रमशः रायपुर एवं बिलासपुर में संचालित है।

13.5.3 मातृ–कुटीर

इस योजना का उद्देश्य अनाथ बच्चों व निराश्रित महिला को एक साथ परिवार के रूप में गठित करके पारिवारिक वातावरण निर्मित करना है ताकि बच्चों को धात्री मॉ का व महिला को बच्चो का स्नेह मिल सके। संस्था में मॉ एवं बच्चों के शिक्षण, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य की देखभाल आदि की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। बच्चे वयस्क होने और स्थापित होने तक संस्था में रहते है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिलासपुर तथा राजनांदगांव में मातृ कुटीर संचालित है। दुर्ग एवं जगदलपुर में मातृ–कुटीर संस्था के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है ।

13.5.4 बाल कल्याण संस्थाओं को अनुदान :–

बच्चों के विकास तथा कल्याण के क्षेत्र में स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने, इस क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को बढ़ावा देने तथा उन्हें बाल कल्याण की विभिन्न गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्रदान करने /आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु इस योजना के अंतर्गत बाल कल्याण क्षेत्रों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं को अनुदान प्रदान करने के लिए बजट प्रावधान सम्मिलित किया जा रहा है । राज्य निर्माण से लेकर वर्तमान तक बाल कल्याण संस्थाओं कौ अनुदान के अंतर्गत हुए व्यय एवं भौतिक उपलब्धि निम्नानुसार है –

तालिका क. 13.17
वर्शवार लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या

क.	वर्ष	वित्तीय		भौतिक उपलब्धि
		प्रावधान (लाख में)	व्यय (लाख में)	
1	2000-2001	15.00	4.80	200
2	2001-2002	11.00	6.63	607
3	2002-2003	19.00	9.94	620
4	2003-2004	18.21	14.25	570
5	2004-2005	12.14	11.03	498
6	2005-2006	19.00	17.60	615
7	2006-2007	21.00	19.52	622
8	2007-2008	25.60	23.09	634





13.5.5 अनौपचारिक शिक्षा :–

आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के 3–6 वर्श के स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है। प्रदेश के स्कूल पूर्व शिक्षा के लाभांवित हितग्राहियों की संख्या निम्नानुसार है :–

तालिका क. 13.18
वर्शवार लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या

क्र.	वर्श (माह मार्च की स्थिति में)	संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या	स्कूल पूर्ण शिक्षा से लाभांवित		
			बालक	बलिका	योग
1.	2005–06	20290	289918	298082	**588000**
2.	2006–07	26435	360879	370882	**731761**
3.	2007–08	29101	405133	412811	**817944**

13.5.6 राज्य वीरता पुरस्कार :–

प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए पुरस्कृत करने हेतु राज्य वीरता पुरस्कार योजना क्रियान्वित की जा रही है । योजना का क्रियान्वयन राज्य बाल कल्याण परिषद के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रतिवर्ष राशि रू. 1.00 लाख का प्रावधान किया जा रहा है ।

13.5.7 शौर्य पुरस्कार से सम्मानित बालक/बालिकाओं के लिए छात्रवृत्ति :–

राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार/राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित बालक/बालिका को अध्ययन के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिये छात्रवृत्ति नियम लागू किये गये हैं । पुरस्कार प्राप्त बालक/बालिका को स्कूल शिक्षा के दौरान रू. 200.00 प्रतिमाह तथा महाविद्यालय शिक्षा के दौरान रूपये 500.00 प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति दी जा रही है । योजना का क्रियान्वयन राज्य बाल कल्याण परिषद के माध्यम से किया जाता है ।

13.6 अधोसंरचना निर्माण :–

स्वीकृत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु प्रतिवर्ष बजट में प्रावधान किया जाता है । राज्य निर्माण से लेकर वर्तमान तक राशि रू. 101.04 करोड़ व्यय कर 3880 आंगनबाड़ी भवन निर्माण किया गया है। राज्य में भवन युक्त आंगनबाड़ियों की स्थिति अग्रानुसार है –

तालिका क्र. 13.19
वर्शवार लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या





उपरोक्त वृत्तचित्र से स्पश्ट है कि संचालित आंगनबाड़ी तथा स्वंय के भवन युक्त आंगनबाड़ी वाले केन्द्रों के बीच काफी बड़ा अंतर है। एकीकृत बाल विकास योजना से होने वाले लाभों को देखते हुए आंगनबाडियों के लिए भवन निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाना होगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर भारत सरकार से सहायता प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है ।

अध्याय – 15
रोजगार सुविधाओं का विकास

भारत में रोजगार सेवा का इतिहास सन् 1921 से शुरू होता है, जब हमने सन् 1919 के अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन कनवेन्‍ ान को स्वीकार किया था। सन् 1943–44 में सर्वप्रथम 09 रोजगार कार्यालय युद्व में तकनीकी कर्मचारियों को भारी कमी को दूर करने के उद्देश्य से स्थापित किये गये। तदपश्चात 1945 में द्वितीय विश्व युद्व उपरांत छंटनी किये गये सैनिकों एवं सेना के सहायक कर्मियों को सुव्यवस्थित तरीके से नागरिक सेवा में स्थापित करने एवं 1947 में देश के विभाजन के फलस्वरूप विस्थापित हुये लोगों के पुर्नःवास का दायित्व संगठन को सौंपा गया।

रोजगार सेवा की बढ़ती हुयी लोकप्रियता के कारण शासन ने इसका कार्यक्षेत्र 1948 में सभी श्रेणियों के आवेदकों के लिये खोल दिये परिणामस्वरूप रोजगार कार्यालय एक पुर्नःवास एजेंसी से बढ़कर अखिल भारतीय नियोजन एजेंसी का रूप ले लिया। 01 नवम्बर 1956 को शिवाराम समिति की सिफारिशों के आधार पर रोजगार सेवा के दैनिक प्रशासक राज्य सरकारों को सौंप दिया गया। इन गतिविधियों को वैधानिक रूप देने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम,1959 दिनांक 01 मई 1960 से पूरे देश में लागू किया गया। श्री पी.सी.मैथ्यू समिति (1978) की सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रीय रोजगार सेवा के लिये केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की अलग–अलग जिम्मेदारियॉ तय की गयी, जिसके तहत् प्रदेश के रोजगार कार्यालय निरंतर अपनी सेवायें रोजगार सहायता के इच्छुक आवेदकों को प्रदान कर रहें हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उपरांत रोजगार कार्यालय अपने नये नाम जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के रूप में जाना जा रहा है।

संगठित क्षेत्रों विशेषकर शासकीय क्षेत्रों में रोजगार की निरंतर कम होती हुई परिस्थिति के मद्देनजर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र वृहत पैमाने में रोजगार सहायता के इच्छुक आवेदकों का रोजगार / स्वरोजगार के लिये मार्गदर्शन तथा स्वरोजगार स्थापना के लिये विभिन्न व्यवसायों में आवश्यक प्रशिक्षण देने का कार्य संपादित कर रहा है।

राज्य में रोजगार कार्यालय जिले के रोजगार बाजार संबंधी सूचनाओं को एकत्र कर जिले में विभिन्न नियोजन में आवश्यक श्रम शक्ति का अनुमान लगाता है तथा रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम 1959 के प्रावधानों के अंतर्गत इन सूचनाओं को एकत्रित कर उन्हें महानिदेशालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नई दिल्ली को उपलब्ध कराता है। जिसका उपयोग केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं को तैयार करने मे किया जाता है।

15.1 आवेदकों का पंजीयन–

रोजगार सहायता के इच्छुक आवेदकों का पंजीयन कार्यालय द्वारा किया जाता है। इसके लिये आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों के साथ तथा अन्य प्रमाण पत्रों यथा जाति, निवास, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांग प्रमाण पत्र इत्यादि सहित कार्यालय में स्वयं उपस्थित होता है। राज्य में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों के अतिरिक्त विकासखंड स्तर पर भी पंजीयन, नवीनीकरण की सुविधा नियमानुसार प्रदान की जाती है जिसके अनुसार विकासखंड मुख्यालय की दूरी संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय से न्यूनतम 50 कि.मी. होनी चाहिए। पंजीयन के लिए उपस्थित आवेदको को आवश्यकतानुसार पंजीयन मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

रोजगार कार्यालय में पंजीकृत आवेदकों की प्रगति–

राज्य में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत आवेदकों की प्रगति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–



दण्ड आरेख से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2001 में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 1,42,462 थी, जो वर्ष 2007 में बढ़कर 1,96,755 हो गई। इस प्रकार इस अवधि के दौरान पंजीकृत आवेदकों की संख्या में 38.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

पंजीयन का नवीनीकरण–

कार्यालय में पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के पंजीयन रिकार्ड का नवीनीकरण पंजीयन माह के तीन वर्ष पश्चात् किया जाता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् नवीनीकरण के अभाव में निरस्त हुए समस्त पंजीयन अभिलेख कार्यालय की जीवित पंजी से हटाकर निरस्त कर दिए जाते हैं।

राज्य के रोजगार कार्यालयों में आज तक जीवित पंजीयन की प्रगति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–

में



दण्ड आरेख से स्पष्ट होता है कि रोजगार कार्यालय होने वाले पंजीकृत आवेदकों की जीवित पंजी में वर्ष 2000–01 से निरंतर वृद्धि हो रही है । वर्ष 2001 तक जहाँ कुल 8,15,073 जीवित पंजीयन थें वहीं वर्ष 2007 तक ये बढ़कर 10,94,650 हो गये।

15.2 रिक्तियों की अधिसूचना प्रस्तुतीकरण एवं नियुक्ति–

विभिन्न नियोजकों द्वारा रिक्तियों की अधिसूचना कार्यालय को प्राप्त होने पर इन रिक्तियों संबंधी प्रलेखन निर्धारित प्रारूप में दर्ज किया जाता है। रिक्तियों के दर्ज होने के पश्चात् कार्यालय की चयन सूची से अथवा जीवित पंजी से उपयुक्त आवेदकों का नाम नियमानुसार वरिष्ठता क्रम में तय कर संप्रेषण हेतु चयन योजना प्रारूप में तैयार कर सूची नियोजक को प्रेषित की जाती है। वर्तमान में एक रिक्ती हेतु 12 आवेदकों के नाम

प्रेषित किए जाने का प्रावधान है। एक आवेदक को निरंतर दो नियमित एवं स्थायी रिक्तियों के लिए संप्रेषण का मौका प्राप्त होता है। जिन आवेदकों का चयन कार्यालय द्वारा संप्रेषित सूची से नियुक्ति हेतु नियोजक द्वारा कर लिया जाता है उनका नाम जीवित पंजी से हटाकर उनका पंजीयन निरस्त कर दिया जाता है।

रोजगार कार्यालयों को अधिसूचित रिक्त स्थानों की स्थिति को इस दण्ड आरेख में दर्शाया गया है–



दण्ड आरेख से स्पष्ट होता है कि रोजगार कार्यालयों को विभिन्न वर्षो में अधिसूचित रिक्तियों की स्थिति में काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहे है, जबकि पंजीयकृत आवेदनों में निरंतर वृद्धि देखने को मिल रही है। सर्वाधिक रिक्तियों की अधिसूचना वर्ष 2003 में प्राप्त हुई राज्य बनने से मार्च 2008 तक कुल 17,256 रिक्तियों की अधिसूचना रोजगार कार्यालयों को प्राप्त हुई।

रोजगार कार्यालयों द्वारा नियोक्ताओं को प्रेषित आवेदनों एवं नियुक्तियों की प्रगति –

रोजगार कार्यलायों द्वारा नियोंक्ताओं को प्रेषित आवेदनों एवं नियुक्तियों की प्रगति को इस ग्राफ में दर्शाया गया है–



  नगरों में डेयरियों के कारण उत्पन्न आवागमन की असुविधा को देखते हुए गोकुल नगर योजनांतर्गत भाहर से बाहर 08 गोकुल नगर की परियोजनाओं को स्वीकृति दी जाकर रू. 13.98 करोड़ की स्वीकृति है।

- **प्रतीक्षा बस स्टैण्ड योजना–**

  नगरों में बस स्टैण्ड को सर्व सुविधायुक्त बनाने के साथ–साथ निकायों को आय का नया स्रोत पैदा करने हेतु **प्रतीक्षा बस स्टैण्ड योजना** प्रांरभ की गई जिसमें रू. 19.39 करोड़ का व्यय किया है।

- **सार्वजनिक प्रसाधन योजना–**

  नगरीय निकायों में सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजनिक भौचालय जैसी आवश्यक जन सुविधाओं की कमी को देखते हुए समस्त नगरीय निकायों में भात–प्रतिशत अनुदान दे कर सार्वजनिक भौचालय निर्माण की योजना प्रारंभ की गई है। इसके तहत् नगर निगमों में रू. 10.00 लाख लागत की 86 सार्वजनिक भौचालय, नगर पालिकाओं में रू. 9.00 लाख लागत की 57 सार्वजनिक भौचालय एवं नगर पंचायतों में रू. 6.00 लाख लागत की 73 सार्वजनिक भौचालयों का निर्माण करने की योजना है। इस पर कुल व्यय रू. 1,805 लाख अनुमानित है जिसके विरूद्ध कुल 216 भौचालयों के लिए रू. 1,378.50 लाख

जारी किए गये हैं । 79 भौचालयों के निर्माण कार्य पूर्ण किया जा कर 106 भौचालयों के कार्य प्रगति पर है।

- **मुक्तिधाम निर्माण योजना–**

  मुक्तिधाम योजनांतर्गत 110 नगरीय निकायों में रूपए 10.10 करोड़ की 133 योजना स्वीकृत की गई है जिसमें इन स्थलों के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्वारा का कार्य किया है।

  - **कुशाभाऊ ठाकरे युवा जन विकास योजना–**

  इसी प्रकार गरीबी रेखा के आसपास जीवन यापन करने वाले परिवार के अशिक्षित एवं अल्पशिक्षित बेरोजगारों को प्रशिक्षण का आयोजन करने हेतु कुशाभाऊ ठाकरे युवा जन विकास योजनांतर्गत सम्मानजनक जीवकोपार्जन कराने की योजनांतर्गत रू. 190 लाख का आंबटन उपलब्ध कराया है।

  - **शहरों में हाट बाजार समृद्धि योजना–**

  एक बड़े स्थान को हाट बाजार योजना के रूप में विकसित कर, नीलामी चबूतरा, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश, जलप्रदाय, नालियों एवं सार्वजनिक प्रसाधन का निर्माण कर बाजार को व्यवस्थित रूप दिया जाएगा। योजनांतर्गत नगर निगम को रूपये 1.00 करोड़ नगर पालिकाओं को रू. 70.00 लाख एवं नगर पंचायतों को 40.00 लाख की योजनाएं सवीकृत की जाएगी। अभी तक हाट बाजार योजनांतर्गत 12 परियोजनाओं के लिए रू. 5.05 करोड़ की स्वीकृति दी है।

  - **सांस्कृति भवन निर्माण योजना–**

  सांस्कृतिक भवन योजनांतर्गत भाहरी क्षेत्रों में सांस्कृतिक, मांगलिक एवं सामाजिक कार्यो के लिए सुव्यवस्थित, सुलभ एवं सुसज्जित भवन उपलब्ध कराने की योजनांतर्गत नगर निगमों को रू. 75.00 लाख से रू. 1.00 करोड़, नगर पालिकाओं में रू. 35 लाख से 50 लाख एवं नगर पंचायतों में न्यूनतम 25 लाख के भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। अभी तक 11 परियोजनाओं के लिए रू. 3.19 करोड़ की स्वीकृति दी है ।

  - **शहरी गरीबों की पहचान एवं गणना–**

  भाहरी क्षेत्रों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का सर्वेक्षण राज्य गठन के पूर्व वर्श 1997–98 में तत्कालीन मध्यप्रदेश राज्य के समय कराया गया था। राज्य गठन पश्चात् नगरी क्षेत्रों के सीमाओं में वृद्वि एवं नगरीय निकायों की गठन के फलस्वरूप नवीन सर्वेक्षण की आवश्यकता को देखते हुए पूरे प्रदेश में नये सिरे से बी.पी.एल.सर्वे की आवश्यकता का निर्णय लिया गया। सर्वेक्षण कार्य प्रक्रियाधीन है।

  - **गौरव पथ योजना (मॉडल रोड)** के रूप में समस्त नगरीय निकायों में एक मार्ग का चयन कर उसे सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए डामरीकरण/कांक्रीटीकरण, नाली, डिवाईडर, प्रकाश व्यवस्था, फुटपाथ एवं आवश्यकतानुसार डक्ट आदि के निर्माण का प्रावधान रखा है। इस कार्य हेतु लगभग रू. 129.57 करोड़ की स्वीकृत प्रदान की है । नगरों में नालियों के निर्माण के लिए राशि रू. 42.57 करोड़ का आंबटन नगरीय निकायों को सौपा है।

- **व्यवसायिक पारिसरों का निर्माण–**

  भाहरी क्षेत्रों में निकाय के आय के स्त्रोतों में वृद्वि हेतु व्यावसायिक पारिसर का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होने के साथ–साथ एक ही स्थल पर सभी प्रकार की सामाग्री मिल सकेगी ।

- **नगरों में ठोस अपशिष्ठ के प्रबंधन के लिए कार्ययोजना–**

  राज्य के 09 बडे भाहरों – नगर निगम रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर एवं नगर पालिका भिलाईचरौदा के ठोस अपशिश्ठ के प्रबंधन हेतु रैपीड एक्शन प्लान बनाने

का कार्य राश्ट्रीय उत्पादकता परिशद्, नई दिल्ली के द्वारा किया गया है। नगर निगम रायपुर में लैण्ड फिल साईट चयन संबंधी रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है।

- **सफाई कर्मचारियों के लिए समूह बीमा योजना–**

प्रदेश के समस्त नगरपालिक निगमों, नगरपालिका परिशदों, नगर पंचायतों की नियमित स्थापना में कार्यरत सफाई कामगारों को समूह बीमा योजना में सम्मिलित किया गया है। यह योजना दिनांक जून 1999 से भारतीय जीवन बीन को सौंपी जा चुकी है। इस केन्द्र प्रवर्तित योजना का वार्शिक प्रीमियम राशि रू. 50 है, जिसमें रू. 25 का भुगतान सामाजिक सुरक्षा निधि से भारत सरकार द्वारा तथा भोश रू. 25 का अंशदान प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है। सेवाकाल में मृत्यु होने पर रू. 25,000 का भुगतान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया जाता है। इसी प्रकार स्थाई अपंगता के लिए रू. 15,500 का भुगतान भी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमित व्यक्ति को किया जाता है। समूह बीमा योजना के अंतर्गत किये जाने वाले व्यय की प्रगति को इस ग्राफ में दर्शाया गया है।



- **नेशनल अर्बन इंफारमेशन सिस्टम** (NUIS)–

भाहरी विकास मंत्राल भारत भाासन द्वारा नेशनल अर्बन इंफारमेशन सिस्टम (NUIS) योजना लागू की गई है। परियोजना के अंतर्गत भारत के 137 नगरों के लिए जी.आई.एस. आधारित डाटाबेस एवं उनमें से 24 नगरों के लिए यूटिलिटी मैपिंग की जावेगी। प्रदेश के भिलाई नगर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा एवं रायपुर को प्रथम चरण की योजना में सम्मिलित किया गया है, जिसमें रायपुर नगर की यूटिलिटी मैपिंग भी की जावेगी।

परियोजना लागत रू. 115.55 लाख है तथा इसकी 25 प्रतिशत राशि रू. 28.89 लाख राज्यांश के रूप में विभाग द्वारा दिया जा चुका है। परियोजना की गाईडलाइन में राज्य के नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।

- नगरीयों निकायों को पावर रोड़ स्वीपिंग मशीन, सक्शन मशीन जैसे आधुनिकतम तकनीकी से युक्त मशीनें उपलब्ध करायी जा रही है।

- नगरीय निकायों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए बकाया विद्युत देयकों का वर्श 31 मई 2006 की स्थिति में रू. 74.00 करोड़ के विरूद्व रू. 50.00 करोड़ में छ.ग. विद्युत मण्डल को भुगतान कर समायोजन किया है। नगरीय निकायों के द्वारा लिए गए पेयजल योजना, विकास योजनाओं, गंदी बस्ती योजनाओं के लिए ऋण एवं ऑडिट फीस की रा ि रू. 68.00 करोड़ का समायोजन कर निकायों को ऋण मुक्त किया है।

अध्याय – 21
नगरीय नियोजन एवं ग्राम विकास

छत्तीसगढ़ नगर एवं ग्राम निवे ा अधिनियम, 1973 के अधीन नगर तथा ग्राम निवे ा संचालनालय प्रमुखतः नगरों के नियोजित एवं समन्वित विकास को दृश्टिगत रखते हुए नगरों की विकास योजनाएं बनाता है। नगरों के विकास से सम्बद्ध भाासकीय/अर्द्ध ाासकीय एवं स्वायत्त ाासी संस्थाओं को नियोजन के संबंध में पराम ि/अभिमत/अनुज्ञा प्रदान करता है एवं योजनाओं के अनुसार विकास पर नियंत्रण करना है।

संचालनालय का मुख्यालय राजधानी नगर रायपुर में एवं इसके अधीन 9 क्षेत्रीय कार्यालय क्रम ाः –रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जगदलपुर, राजनांदगांव, धमतरी, रायगढ़ एवं अम्बिकापुर में कार्यरत हैं।

21.1 अधि ाासित अधिनियम/नियम–

- छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवे ा अधिनियम, 1973
- छ.ग. भूमि विकास नियम, 1984
- छ.ग. अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम, 2002
- छ.ग. अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण नियम, 2002
- छ.ग. अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम, 2003 (सं ाोधित)
- छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवे ा नियम, 1975
- म.प्र. नगर तथा ग्राम निवे ा विकसित भूमियों, गृहों, भवनों तथा अन्य संरचनाओं का व्ययन नियम, 1975।

21.2 विकास योजनाएं–

- वर्श 2007–08 में रायगढ़, अम्बिकापुर, बालोद एवं कवर्धा विकास योजना (प्रारूप) तथा रायपुर विकास योजना उपांतरित (प्रारूप) प्रकाि ात की गई है एवं इनके अंतिम प्रका ान की कर्यवाही की जा रही है।

- विकास योजना पुनर्विलोकन, सं ाोधन एवं उपांतरण कुल के अंतर्गत 5 नगरों यथा राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, कोरबा एवं जगदलपुर की उपांतरित विकास योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। दो नगरों की उपांतरित विकास योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। दो नगरों की उपांतरित विकास योजना के प्रका ान का लक्ष्य रखा गया है।

- वर्श 2007–08 में प्रकाि ात विकास योजना (प्रारूप) में रायगढ़, अम्बिकापुर तथा रायपुर हेतु आपत्तियां/सुझाव प्राप्त किये गये। रायपुर में प्राप्त आपत्ति एवं सुझावों पर सुनवाई की गई। रायगढ़ तथा अम्बिकापुर में सुनवाई की प्रक्रिया जारी है।

21ण्3 रिजनल रिमोट सेन्सिंग सर्विसेस सेन्टर (आर.आर.एस.एस.सी.)–

राज्य के 57 नगरों में उपग्रह से प्राप्त मानचित्र के आधार पर डिजिटल खसरा बेसमैप तैयार कराये जा रहे हैं, जिसके तहत् भाासन के निर्दे ाानुसार आर.आर.एस.एस.सी., नागपुर एवं संचालक, नगर तथा ग्राम निवे ा, रायपुर के मध्य एम.ओ.यू. निश्पादित किया गया है। उक्त आधार पर मानचित्र विकास योजना तैयार किया जाना प्रथम चरण के लिये मूलभूत रूप से आव यक है। आर.आर.एस.एस.सी. नागपुर द्वारा तैयार किये जाने वाले बेसमैप हेतु चयनित नगर क्रम ाः राजिम–नवापारा, बड़ी बचेली–किरन्दुल, दन्तेवाड़ा, बागबाहरा, गरियाबंद, सरायपाली, छुईखदान, दल्लीराजहरा, नारायपुर, चम्पारण, बालोद, तिल्दानेवरा, खरोरा, आरंग, सिमगा, डोंगरगांव, पाटन, धमधा, साजा, भानुप्रतापपुर, चारामा, अभनपुर, मुंगेली, मनेन्द्रगढ़, पेण्ड्रा, बलौदा, पण्डरिया, लोरमी, बिल्हा, चिरमिरी, पत्थलगांव, ज ापुर नगर, बाराद्वार, कोटा, अड़भार, अकलतरा,

पामगढ़, गौरेला, मालखरोद, डभरा, दीपका, अम्बिकापुर, रायगढ़, कटघोरा, कुरूद, बेमेतरा, खैरागढ़, सीपत, खरसिया, अहिवारा, सारंगढ़, भाटापारा, कोण्डागांव, कोरबा, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई हैं।

सिटी इन्ड्रस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरे ान (सिडको) नवी मुंबई को विकास योजना तैयार करने के लिये आव यक सभी आंकड़े/जानकारी एकत्रित कर आव यक मानचित्र तथा निवे ा क्षेत्र गठित कर एवं वर्तमान भूमि उपयोग को प्रका ित करने के उपरान्त विकास योजना तैयार करने का कार्य दिया गया है। सिडको द्वारा तैयार की जा रही विकास योजना में – नवापारा/राजिम, सक्ती, बलौदाबाजार, भाटापारा, कोण्डागांव, खैरागढ़, सीपत, खरसिया, अहिवारा एवं सारंगढ़ भाामिल हैं। सिडको को 80 प्रति ात आंकडे/जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। सिडको के द्वारा 10 नगरों में से 4 नगरों की विकास योजना का प्रका ान किया जा चुका है।

सोसायटी फार पार्टीसीपेटरी रिसर्च इन एरिया (प्रिया) को भी सभी आंकड़े/जानकारी/मानचित्र उपलब्ध कराते हुए आरंग एवं अकलतरा की विकास योजना तैयार करने का कार्य दिया गया है।

21.4 राश्ट्रीय भाहरी सूचना प्रणाली (ने ानल अर्बन इनफारमें ान सिस्टम (NUIS)) –

ने ानल अर्बन इनफारमें ान सिस्टम (NUIS) स्कीम (केन्द्रीय परिवर्तित योजना)– इस योजना की अनुमानित लागत रू. 66.27 करोड़ है जिसमें से 18.52 लाख केन्द्र भाासन ने कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर कम्पोनेंट के लिये मुक्त किये गये है। छत्तीसगढ़ राज्य के पांच नगरों – रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग एवं कोरबा को चयनित किया गया है जिसके तहत चयनित नगरों के लिये डाटा बेस तैयार किया जा रहा है।

संचालनालय स्तर पर स्टेट नोडल अधिकारी के अधीनस्थ NUIS सेल का गठन किया गया है तथा चयनित नगर की स्थानीय निकायों में भी NUIS सेल स्थापित कराया गया है। नगर तथा ग्राम नियोजन संगठन, भारत सरकार, भाहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित प्रि ाक्षण कार्यक्रम में संचालनालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रि ाक्षित कराया गया है, तथा चयनित पांचों नगरों के स्थानीय निकायों के 9 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रि ाक्षित कराया गया हैं।

राश्ट्रीय भाहरी सूचना प्रणाली (एन.यू.आई.एस.) के तहत चयनित पांचों नगरों के सर्वेक्षण कार्य हेतु भारतीय सर्वेक्षण विभाग भारत सरकार, देहरादून को कार्य दिया गया है। जिसके तहत दुर्ग भिलाई का कार्य पूर्ण कर कोरबा नगर में कार्य प्रारंभ किया गया है तथा कोरबा एवं बिलासपुर में प्रिसे ान जी.पी.एस. स्टे ान पाईन्ट बनाया गया है।

21ण्5 विशेश क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन–

ऐसे नगर जो अपने आप में कुछ वि ोशता लिये हों तथा जिनका विकास आव यक हो ऐसे नगरों के लिये वि ोश क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन प्रस्तावित है जिसके तहत (1) तमनार जिला–रायगढ़ (2) गोरवानी जिला–रायगढ़ एवं (3) सीपत जिला–बिलासपुर के प्रस्ताव भाासन के समक्ष वि ोश क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठन हेतु भेजे गये हैं।

छ.ग. अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 का सफल कियान्वयन किया जा रहा है। आज दिनांक तक नियमितिकरण मद में कुल रू. 200.78 लाख की रा ि ा जमा की गई है।

तालिका क्र. – 21.1
अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण

क्र.	क्षेत्रीय कार्यालय का नाम	कुल प्राप्त प्रकरण	निराकृत प्रकरण	शेष प्रकरण	कुल अधिरोपित शास्ति राशि लाख रू.में	वसूल गई राशि लाख रू.में	वसूली शेष राशि लाख रू.में
1	रायपुर	**4213**	**2951**	1262	1475.82	213.28	1262.54
2	बिलासपुर	914	361	553	102.99	23.47	79.52
3	दुर्ग	57	57	-	1.90	1.90	-
4	कोरबा	252	69	183	5.18	3.87	1.31
5	जगदलपुर	374	374	-	87.09	11.20	75.88
6	राजनांदगांव	172	18	154	1.09	1.09	-
7	धमतरी	331	331	-	67.29	0.79	66.50
8	रायगढ़	376	376	-	33.94	1.60	32.35
9	अम्बिकापुर	190	34	156	5.69	1.53	4.15
	कुल योग	6879	4571	2308	1780.99	258.73	1522.25

नया रायपुर विकास

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के प चात् रायपुर भाहर को राज्य की राजधानी का दर्जा प्रदान किया गया। राजधानी के अनुरूप भाहर के विकास की आव यकताओं को देखते हुए आवास एवं पर्यावरण विभाग के अंतर्गत नई राजधानी निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवे ा अधिनियम ,1973 की धारा 64 के अधीन **राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण** (काडा) का गठन किया जिसका नाम परिवर्तन कर **"नया रायपुर डेव्हलेपमेंट अथारिटी"** किया गया।

21.6 नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी के अधीन संचालित योजनाएं एवं विकास–

- **नया रायपुर क्षेत्र का विकास**– राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 61 ग्रामों को अधिसूचित कर निवे ा क्षेत्र का गठन किया गया था। भाासन की अधिसूचना क्रं 322/1274/32/2002 रायपुर दिनांक 19.02.2007 से इसमें से 20 ग्रामों को एन.आर.डी.ए. से पृथक करते हुए सीमाएं सं ाोधित की गई हैं। वर्तमान में एन.आर.डी.ए के अंतर्गत 41 ग्राम भाामिल हैं।

- **नया रायपुर विकास योजना**– उपरोक्त 41 ग्रामों को भाामिल करते हुए "नया रायपुर" उप नगर के नियोजन के लिए वि ोशज्ञ परामर्श ादाता की सेवाएं प्राप्त की गईं। नया रायपुर डेव्हलेपमेंट अथारिटी द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवे ा अधिनियम 1973 के प्रावधानों के अंतर्गत "नया रायपुर विकास योजना प्रारूप 2031" की अधिसूचना क्रं 1105/एन आर डी ए/2007, दिनांक 19 मार्च 2007 द्वारा जारी की गई तथा आपत्तिया आमंत्रित की गई। प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई इस हेतु गठित समिति द्वारा की गई तथा अपनी अनु ांसा दी गई है। आपत्तियों पर निर्णय हेतु अनु ांसा को ध्यान में रखते हुए विकास योजना को सं ाोधित कर छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवे ा अधिनियम 1973 की धारा 19 के अंतर्गत अंतिम प्रका ान हेतु प्रस्ताव भाासन को प्रेशित किया गया।

- **केपिटल काम्पलेक्स** – "नया रायपुर" में केपिटल काम्पलेक्स का क्षेत्रफल लगभग 78.50 हेक्टर है। केपिटल काम्पलेक्स के अंतर्गत मंत्रालय भवन, विभागाध्यक्षों के कार्यालय, विधान सभा के निर्माण एवं

स्थल विकास, लेन्ड स्केप, पौधारोपण, पहुॅच मार्गों तथा वाहन पार्किंग के कार्य भाामिल हैं। सर्वप्रथम मंत्रालय भवन का निर्माण कार्य ही प्रारम्भ किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नानुसार है–

(अ) भवन का कुल निर्मित क्षेत्रफल – 6,70,000 वर्ग फीट।
(ब) भवन में प्रावधान – भवन ब्लाको की संख्या 05 होगी

ब्लाक कं 01 – (जी + 5) मुख्य मंत्री एवं मंत्रियों के लिए–
मुख्य मंत्री मंत्रालय पॉचवे तल पर स्थित है, जिसमें मुख्यमंत्री कक्ष तथा मुख्यामंत्री मंत्रालय के सचिव, उपसचिव एवं अवर सचिव के लिए 6 कक्ष, मुख्यमंत्री से मिलने आने वाले अतिथियों के लिए वेटिंग अतिथि कक्ष भाामिल है। मंत्रियों के लिए कक्षों की संख्या 26 है। इस ब्लाक में एक केबनिट हाल, एक कान्फ्रेन्स हाल, तथा भूतल में एक्जिवि ान हाल का प्रावधान है।

ब्लाक कं 02 – (जी + 4) सेकेटरीज ब्लाक–
इस ब्लाक में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों एवं सचिवों के लिए 29 कक्षों का प्रावधान किया गया है। वि ोश सचिवों उपसचिव एवं अवर सचिवों के लिए अलग से प्रावधान है। इसमें 3 कान्फ्रेन्स हाल, 1 मीटिंग हाल तथा एक केंटिन का प्रावधान है।

ब्लाक कं 03 – (जी + 3) मंत्रालय कर्मचारी के लिए–
इस ब्लाक में मंत्रालयीन कर्मचारियों के लिए 72 हाल का प्रावधान है।

ब्लाक कं 04 – (जी + 2) एन्सलेरी ब्लाक–
इस ब्लाक में मंत्रालय से संबंधित सुरक्षा गार्ड, पम्प स्टे ान, बिजली के पैनल वार्ड, पैनल रूम, बिजली सबस्टे ान, फायरफायटिंग एवं उनसे संबंधित कार्यालयों का प्रावधान है।

ब्लाक कं 05 – (जी + 5) लाबी ब्लाक–
इस ब्लाक में लाबी का प्रावधान किया गया है जो भवनों के चारो ब्लाकों को जोड़ती है।

भवन की वि ोशताएं हैं–

- पूर्ण भवन में 30 प्रति ात क्षेत्रफल केन्द्रीय वातानुकुलित है तथा 70 प्रति ात क्षेत्र केन्द्रीय एयरकुल है।
- 13 लिफ्टों का प्रावधान किया गया है।
- अत्याधुनिक अग्नि भाामक यंत्रों का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए कम्प्यूटर पाईन्ट दिया गया है।
- अग्नि रक्षात्मक दरवाजों का प्रावधान है।
- हाईग्रेड एल्यूमिनियम पावडर कोटेड एल्यूमिनियम सेक ान निर्माता कंपनियों द्वारा निर्मित एल्युमिनियम सेक्सन का प्रावधान है।
- भवन के तापमान कंट्रोल के लिए भवन के चारों तरफ कांक्रीट की दीवार का कटआऊट के साथ का निर्माण किया जावेगा तथा छत पर सेरेमिक क्रेजी टाइल्स का प्रावधान किया गया है जो भवन के अंदर तापमान कम करने में सहायक होगा।
- भवन के चारों तरफ पौधा रोपण एवं प्राकृतिक छटा का विस्तृत प्रावधान है।

मंत्रालय भवन निर्माण हेतु मेसर्स आई.व्ही.आर.सी.एल. लिमिटेड, हैदराबाद को रू. 179.12 करोड़ की स्वीकृति नवम्बर, 2007 को दी गई, तथा अनुबंध निश्पादित कर कार्यादे ा जारी किया गया है। कार्य दिनांक 21 जनवरी 2008 को प्रारंभ किया गया। निर्माण अवधि 24 माह रखी गई है। उपरोक्त निर्माण कार्य का गुणवत्ता एवं समयबद्वता पर नियंत्रण रखने हेतु परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में मेसर्स हास्पिटेक मैनेजमेंट कन्सल्टेंट प्रा. लिमिटेड नई दिल्ली से अनुबंध निश्पादित किया गया। अनुबंध उपरान्त से कार्यादे ा जारी किया गया है।

- **सड़क निर्माण–**

नया रायपुर की विकास योजना के अंतर्गत कुल 219.71 किलो मीटर लंबाई के मार्गो का निर्माण किया जाना है, जिसकी चौडाई 100 किलो मीटर से लेकर 40 मीटर तक होगी जिसमें 8 लेन एक्सप्रेस–वे एवं 6–लेन मार्गो के दोनो और पर सर्विस लेन एवं डेडिकेटेड बस का प्रावधान है। इसमें से प्रथम चरण में नये 4–लेन मार्ग निर्माण की योजना में 67.00 कि.मी. मार्ग निर्माण हेतु कार्य को दो पैकेज में विभक्त कर निविदा आमंत्रित की गई। पैकेज–I के अंतर्गत कुल 32 कि.मी. एवं पैकेज–II के अंतर्गत कुल 35 कि.मी. लम्बाई की सड़को को सम्मिलित किया गया है। निर्माण में 4–लेन मार्ग, राश्ट्रीय राज्य मार्ग 6 पर इंटरचेंज एवं राश्ट्रीय राजमार्ग 6 एवं 43 पर ग्रेट–सेपरेटर, अण्डरपास तथा पुल एवं पुलियों को निर्माण आदि सम्मिलित किये गये है। पैकेज–I एवं पैकेज–II के निर्माण कार्य हेतु न्यूनतम दर मेसर्स बी. सिनैया एण्ड कंपनी (प्रोजेक्टस) लिमिटेड, हैदराबाद से प्राप्त हुई। पैकेज–I के लिए रू. 157.63 करोड़ एवं पैकेज–II के लिए रू. 144.96 करोड़ की स्वीकृति देते हुई अनुबंध निश्पादित कर कार्यादे ा जारी किया गया है। निर्माण की अवधि 24 माह रखी गई है।

उपरोक्त निर्माण कार्य की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने तथा गुणवत्ता एवं समयबद्वता पर नियंत्रण रखने हेतु परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में मेसर्स सेलाडिया एसोसियेट्ट, Inc,USA से अनुबंध निश्पादित किया गया। कार्य प्रगति पर है।

- **आपसी सहमति से भू–अर्जन–**

नया रायपुर के अंतर्गत माह जनवरी 2008 तक कुल 2025.291 हेक्टेयर निजी भूमि आपसी सहमति के तहत् क्रय कर ली गई है तथा उक्त हेतु रू. 278.18 करोड़ रा ि ा भूमि स्वामियों को मुआवजा के रूप में दी गई। भूमि के अर्जन हेतु राज्य भाासन द्वारा वर्श 2006–07 में रा ि ा रूपये 500 करोड़ का ऋण एन.आर.डी.ए. को उपलब्ध कराया गया है।

- **नया राखी का निर्माण–**

"नया रायपुर" योजना के अंतर्गत अपरिहार्य कारणों से अन्य कोई विकल्प न उपलब्ध होने पर किये जाने वाले व्यवस्थापन के पुनर्वास के लिये राखी ग्राम के समीप "नया राखी" का निर्माण/विकास छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के माध्यम से कराया जा रहा है। इसमें कुल 255 भवनों के निर्माण का लक्ष्य है, जिसमें से 150 भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निविदा मूल्य रू. 975.52 लाख है, जिसके विरूद्व नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी द्वारा रू. 534.26 लाख की रा ि ा गृह निर्माण मण्डल को वितरित गई। अभी तक लगभग रू. 300.00 लाख का निर्माण कार्य किया गया।

- **नया रायपुर आवासीय परिसर –**

नये रायपुर में मंत्रालय भवन के समीप भाासकीय, अर्द्व ाासकीय निकायों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसामान्य के लिए आवास गृह निर्माण की परियोजना के कियान्वयन का दायित्व छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को सौंपा गया है। इस हेतु विस्तृत परियोजना तैयार की गई तथा फरवरी 2008 से पंजीयन प्रांरभ किया गया। योजना के अंतर्गत 50 प्रति ात आवास, जिसमें एकल भवन और फ्लैट्स दोनों प्रकार के भवन हैं भाासकीय, अर्द्व ाासकीय अधिकारियों–कर्मचारियों के लिए आरक्षित किया गया है।

- विभाग प्रमुखों हेतु भवन के निर्माण हेतु प्राक्कलन, ड्राईग डिजाईन एवं निविदा भार्ते आदि बनाने की प्रक्रिया पूर्णता की और है।

- **जल प्रदाय एवं सिवरेज–**

नये रायपुर के लिए वर्श 2041 की आव यकता हेतु जल प्रदाय योजना का डी.पी.आर. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। योजना की कुल लागत रू. 239.18 करोड़ अनुमानित है। योजना वर्श 2011 में 34 एम.एल.डी. 2026 में 93 एम.एल.डी., तथा 2041 में 122 एम.एल.डी. जल की आव यकता की पूर्ति तैयार की गई है। योजना के लिए महानदी से प्रथम चरण में ग्राम टीला के समीप जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट तैयार किया जावेगा उक्त एनीकट से पानी 23 कि.मी. पाइपलाइन द्वारा नया रायपुर में प्रस्तावित वाटर ट्रीटमेंट प्लाण्ट तक पहुचाया जावेगा। जल प्रदाय को सिवरेज की योजना पब्लिक पाइवेट पार्टनरशि प के आधार पर लागू करने के लिए परियोजना तैयार कर बिड आंमत्रित हेतु दस्तावेज तैयार करने तथा बिड प्रोसेस मैनेजमेंट के लिए नया रायपुर डेव्हलमेंट अथारिटी द्वारा आई.टी.एफ.सी. को सलाहकार नियुक्ति किया गया है।

- **विद्युत व्यवस्था–**

नया रायपुर के लिए विद्युत व्यवस्था करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा सर्वेक्षण कर विस्तृत योजना बनाई जा रही है।

- **दूरसंचार –**

नया रायपुर में अत्याधुनिक दूरसंचार सुविधा स्थापित करने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशि प के आधार पर मॉडल तैयार करने के लिए मेसर्स दारा ॉ एण्ड कंपनी मुम्बई को सलाहकार नियुक्ति किया गया है। उनके पराम र्श से एक्सप्रे ान ऑफ इन्ट्रेस्ट आमंत्रित किये गये, जिसमे प्रतिश्ठित सेवादाताओं द्वारा रूचि प्रद िात कर पी.पी.पी. मॉडल सुझाए गये।

- **रेलवे से जुड़ाव –**

नया रायपुर की रेल्वे कनेक्टिवटी स्थापित करने के लिए प्री–फीजिलीबिलिटी स्टडी करने हेतु राज्य भाासन द्वारा राइट्स लिमिटेड से अध्ययन कार्य कराने हेतु नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी को अधिकृत किया गया है। राइट्स लिमिटेड द्वारा सर्वेक्षण और अध्ययन किया जा रहा है।

- जवाहरलाल नेहरू अरबन रिनीवल मि ान के अंतर्गत नया रायपुर को मि ान सिटी के रूप में सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। मि ान के गाईडलाइन के अनुसार नया रायपुर के लिए सर्वप्रथम सिटी डेव्हलपमेंट प्लान तैयार कराना आव यक है, जिस हेतु प्रस्ताव प्राप्त कर न्यूनतम दर दाता में कंसल्टिंग इंजीनियरिंग सर्विसेस की दरें स्वीकृत की गई। सी.डी.पी. (City Development Plan) भीघ्र तैयार कर भारत सरकार की स्वीकृत हेतु प्रस्तुत किया जावेगा।

- ग्लोबल इन्वारमेंट फेसीलिटी के अंतर्गत दे ा के 8 भाहरों को जिसमें नया रायपुर भी सम्मिलित है, डिमॉस्ट्रे ान सिटी के रूप में चयनित किया गया है। उक्त परियोजना के अंतर्गत बस ट्रांसपोर्ट सिस्टम तथा उससे संबंधित परियोजना तैयार करने एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के लिए आई.डी.एफ.सी. को परार्म ादाता नियुक्ति किया गया है। उनके द्वारा परियोजना तैयार की जा रही है।

- वि ोश क्षेत्र विकास प्राधिकारी की अचल संपत्ति के व्ययन हेतु नियम नही बनाये गए हैं। छत्तीसगढ़ वि ोश क्षेत्र (भूमियों तथा संपत्तियों का व्ययन) नियम, 2007 के आधार पर प्रारूप तैयार किया गया हैं। इसकी विधिक स्वीकृत के उपरान्त राजपत्र में प्रका ात किया जावेगा।

- **वाणिज्यि एवं सार्वजनिक/अर्द्वसार्वजनिक कार्यालय–**

नया रायपुर में सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रीक तथा ऑफिस काम्पलेक्स के प्लानिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाईन, बिड प्रोसेस मैनेजमेंट हेतु पराम र्श दाताओं में प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। चयन की प्रक्रिया जारी है। चयनित पराम र्शदाता द्वारा तैयार किये डिजाईन की स्वीकृति के बाद विकास कार्य कीये जावेंगे।

21ण्7 परियोजना विकास–

इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फायनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड तथा नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी के मध्य नया रायपुर में पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशि ाप के आधार पर विभिन्न परियोजनाओं के विकास हेतु जुलाई, 2006 मेमोरेण्डम आफ एग्रीमेंट को निश्पादित किया गया। उक्त अनुबंध के अनुसार नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी तथा आई.एल.एण्ड.एफ.एस. की ग्रुप कंपनी के साथ एक स्पे ाल परपज कंपनी का गठन किया गया है।

"नया रायपुर प्रोजेक्ट डेव्हलपमेंट कंपनी प्रायव्हेट लिमिटेड" नामक उक्त स्पे ाल परपजकंपनी के चेयरमेंन, नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी के अध्यक्ष हैं।

नया रायपुर प्रोजेक्ट डेव्हलपमेंट कंपनी प्रायवेट लिमिटेड के माध्यम से–

- इनफॉरमे ान टेक्नोलॉजी स्पे ाल इकॉनामिक जोन,
- फाइव स्टार होटल एवं कन्वे ान सेंटर विथ कमर्शि ायल फैसेलिटिज,
- थीम टाउनशि ाप विथ गोल्फ कोर्स एवं
- लाजिस्टिक हब की परियोजनाओं को पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशि ाप के आधार पर विकसित किया गया है। प्रथम तीन परियोजनाओं के लिए नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी द्वारा बिड आमंत्रित करने हेतु प्रतिश्ठित निवे ाकों ने आर.एफ.पी. दस्तावेज क्रय किया। थीम टाउन ाीप विथ गोल्फ कोर्स परियोजना के लिए निर्धारित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। लाजिस्टिक हब की परियोजना तैयार की गई है जिनका आर.एफ.पी. नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथारिटी द्वारा भीघ्र जारी किया जावेगा। इनफारमे ान टेक्नोलॉजी स्पे ाल इकॉनामिक जोन एवं फाइव स्टार होटल एवं कन्वे ान सेंटर विथ कमर्शि ायल फैसेलिटीज के लिये आर.एफ.पी. को सं ाोधित कर पुनः जारी किये जाने की प्रक्रिया जारी है।

नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण

छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवे ा अधिनियम 1973 की धारा 38 में यह प्रावधान है की ऐसे क्षेत्र के लिए जो कि अधिसूचना में विनिर्दिश्ट किया जाए, नगर तथा ग्राम निवे ा प्राधिकारी का गठन किया जावेगा। मध्यप्रदे ा राज्य में पुर्नगठन के समय रायपुर तथा बिलासपुर में विकास प्राधिकरण गठित थे। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के प चात दोनों प्राधिकरणों का विघटन कर समस्त आस्तियों एवं दायित्वों को संबंधित नगर पालिका निगम में निहित किया गया। रायपुर विकास प्राधिकरण की 2004 से पुनः स्थापना की गयी तथा रायपुर विकास प्राधिकरण की आस्तियां एवं दायित्व नगर निगम रायपुर से रायपुर विकास प्राधिकरण को हस्तान्तरित हुई।

21.8 रायपुर विकास प्राधिकरण की गतिविधियां– नगर विकास स्कीम तैयार करना जिसमें–

- नगर विस्तार के प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन, उसका विकास तथा विक्रय या उसका पट्टा पर दिया जाना।
- ऐसे क्षेत्रों का जिसका दोशपूर्ण ढंग से अभिन्यास किया गया हो या जो इस प्रकार विकसित हुये हो जिससे गंदी बस्ती बन गई हो, अर्जन का पुनः अभिन्यास पुननिर्माण या पुनः स्थानीयकरण।

- गृह निर्माण के विकास, बाजार–केन्द्रों, सांस्कृतिक केन्द्रों, प्र ाासनिक केन्द्रों के विकास जैसे लोक प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन तथा विकास।
- वाणिज्यिक तथा औद्योगिक प्रयोजनों के लिए क्षेत्रों का अर्जन तथा विकास।
- ऐसा निर्माण या सन्निर्माण कार्य हाथ में लेना जो गृह निर्माण संबंधी, बाजार संबंधी, वाणिज्यिक अन्य सुविधाओं का उपबन्ध करने के लिये आव यक हो।
- मार्ग तथा सड़क के प्रतिरूपों का अभिन्यास करने या उनका पुनः प्रतिरूप करने (रिमाडलिंग) के प्रयोजन के लिये भूमि के अर्जन तथा उसका विकास।
- खेल के मैदानों, उपवनों आमोद प्रमोद के केन्द्रों तथा कीड़ांगनों के लिए भूमि का अर्जन तथा विकास।
- भवनों, मार्गो, नालियों, मल–वहन लाईनों तथा अन्य वैसी ही सुख सुविधाओं के प्रयोजन के लिए प्लाटों का पुर्नगठन।
- इस प्रकार का कोई अन्य कार्य जिससे परिवे ा संबंधी सुधार हो सकते हो, जो कि प्राधिकारी द्वारा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से आरंभ किया जा सकेगा।

- राज्य प्रवर्तित डॉ. भयामाप्रसाद आवास योजना के अंतर्गत न्यून निम्न आय वर्ग के लिए मकानों का निर्माण।
- रायपुर विकास योजना के तहत भाहर का विकास।
- रायपुर विकास योजना में प्रस्तावित रिंग रोड़ क्रमांक 3 एवं 4 का निर्माण व विकास।

21.9 विकास एवं निर्माण संबंधी जानकारी–

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में किये गये एवं किये जा रहे विकास/निर्माण की जानकारी निम्नानुसार हैः–

- देवेन्द्र नगर योजना सेक्टर 4–5 में 6.51 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया गया है। इसी योजना में खुले क्षेत्र में 27.70 लाख की लागत से पाथवे का निर्माण कराया जा रहा है जो प्रगति पर है।

- देवेन्द्र नगर व्यावसायिक परिसर (पुराना कपड़ा मार्केट) में 1.69 लाख की लागत से जल प्रदाय व्यवस्था का कार्य एवं 4.39 लाख की लागत से रोड़, नाली, पुलिया का कार्य पूर्ण कराया गया है। महालक्ष्मी क्लाथ मार्केट में 10.83 लाख की लागत से डब्लू.बी.एम.रोड़ का कार्य प्रारंभ किया जाना है साथ ही 25.11 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य प्रगति पर है।

- देवेन्द्र योजना के सेक्टर 5 एवं पंडरी रोड से भम ाानघाट तक 28.48 लाख की लागत से बाह्य विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया गया है साथ ही 70.21 लाख की लागत से भोश बाह्य विकास का कार्य प्रारंभ किया जाना है।

- कटोरातालाब योजना में मुख्य मार्ग से टिकरापारा तक 19.01 लाख की लागत से विद्युत व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराया गया है। इसी योजना में 117.71 लाख की लागत से नाली, पुलिया एवं कांक्रीट रोड का निर्माण कराया जा रहा है जो प्रगति पर है। कटोरातालाब योजना सेक्टर–7 में 23 लाख की लागत से बाह्य विद्युतीयकरण का कार्य पूर्ण कराया गया है साथ ही 108 फ्लैटस में जलप्रदाय की व्यवस्था 2.49 लाख की लागत से पूर्ण की गई है।

- विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराया गया है साथ ही 108 फलैटस में जलप्रदाय की व्यवस्था 2. 49 लाख की लागत से पूर्ण की गई है।

- कटोरातालाब सेक्टर 1,5 एवं भौलेन्द्र नगर योजना में खुले क्षेत्र में 6.92 की लागत से पाथवे का निर्माण 11.34 लाख की लागत से चारदीवारी का निर्माण 5.71 लाख की लागत से डब्लू.बी.एम. का निर्माण एवं पंकज विकम परिसर से इ योरेंस बिल्ड़िग तक 10.90 लाख की लागत से मार्ग विभाजन का निर्माण 75 प्रति ात कार्य पूर्ण कराया गया है।

- राजेन्द्र नगर योजना खुले क्षेत्र में 2.38 लाख की लागत से बाउण्ड्रीबाल का निर्माण पूर्ण कराया गया तथा 4.86 लाख की लागत से नाली एवं कांक्रीटीकरण का कार्य किया जाना है।

- हनुमान मंदिर योजना 4.37 लाख की लागत से कांक्रीटीकरण 19.92 लाख की लागत से कार्यालय भवन में कक्ष का निर्माण एवं 3.01 लाख की लागत से विद्युत पेनल बोर्ड का प्रदाय एवं स्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया है।

- भाारदा चौक योजना के अंतर्गत 1.14 लाख लागत से 3 छोटी दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसका व्ययन भीघ्र ही किया जाना है। इसके अतिरिक्त पुराने भवनों का मरम्मत कार्य भी कराया गया है।

- बाम्बे मार्केट योजना के अंतर्गत ब्लाक सी के प्रथम तल पर स्थित कार्यालय भवन का सुधार का कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 61.86 लाख की लागत से ब्लाक ए एव ंबी के द्वितीय तल पर कार्यालय भवन का निर्माण कार्य किया गया है जिसका निविदा के माध्यम से निर्वतन किया जाना है।

- भाहीद वीर नारायणसिंह व्यावसायिक परिसर में स्थित नगर घड़ी को डिजीटल करते हुए 3. 64 लाख की लागत से घड़ी का प्रदाय एवं सौपने का कार्य किया जाना है।

- प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर/कटोरातालाब एवं भौलेन्द्र नगर योजना में कार्य हेतु सुरक्षित क्षेत्र में चारदीवारी का निर्माण किया जा कर पार्क विकसित करने का कार्य प्रगति पर है।

- प्राधिकरण के विभिन्न योजनाओं के मुख्य मार्गो में रोड डिवाइडर का कार्य पूर्ण करा वृक्षारोपण का कार्य कराया जा रहा है तथा इसी में विद्युत व्यवस्था भी की गई है।

उपरोक्त आवासीय योजना में विकास कार्य पूर्ण कर संधारण हेतु नगर निगम रायपुर को हस्तान्तरित करने हेतु पत्राचार किया गया है। वर्श 1992 में देवेन्द्र नगर सेक्टर 1 से 3 टिकरापारा एवं जलविहार की कालोनी का हस्तान्तरण नगर निगम, रायपुर को किया जा चुका है।

डॉ. खूबचंद बघेल ट्रांसपोर्ट नगर योजना रांवाभाठा—

इस योजना हेतु रांवाभाठा में 98 एकड़ भाासकीय भूमि को 131.25 लाख की लागत से समतलीयकरण कर डॉ. खूबचन बघेल के नाम से ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जा रहा है। इस योजना को पूर्ण रूप से विकसित किया जा चुका है। इस योजना में विकसित किये गये विभिन्न प्रकार के भूखंडों का आंबटन प्रथम आया, प्रथम पाया के आधार पर किया गया है। स्वीकृत अभिन्यास में बड़े आकार के भूखंडो को छोटे भूखंडों में परिवर्तित करने की कार्यवाही की जा रही है ताकि खमतराई से रांवाभाठा के बीच ट्रांसपोर्ट संबंधित कार्य करने वाले लोगों को भूखंडों का आबंटन किया जा सके।

सिटी सेंटर कम मल्टीप्लेक्स—

देवेन्द्र नगर योजना के अंतर्गत 5.70 एकड़ भूमि पर बी.ओ.ओ.टी. पद्धति से सिटी सेंटर कम मल्टीप्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कार्य मेसर्स गुप्ता इन्फास्ट्रक्चर (इंडिया) प्रा.लि.

नागपुर द्वारा किया जा रहा है। निर्माण हेतु अनुज्ञा मई 2006 को प्राप्त हुई है तथा जून 2006 से मिट्टी खुदाई का कार्य प्रारंभ है। कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि 10 नवम्बर 2008 के पूर्व है। उक्त कार्य से प्राधिकरण को 41 करोड़ 51 लाख रू. चार वर्शो में भुगतान लाइसेन्स फीस के रूप में प्राप्त होगी। प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त की रा‍ि ा प्राप्त हो चुकी है। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण को प्रब्याजि रा‍ि ा का 6.5 प्रति ात वार्शिक दर से भूभाटक प्राप्त होगा। साथ ही 4,000 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्र भी प्राप्त होगा। वर्तमान में दोनों बेसमेंट का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्रथम तल का कार्य 90 प्रति ात पूर्ण हुआ है।

डॉ. भयामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना–

यह योजना राज्य प्रविर्तित है जिसके अंतर्गत भाासन द्वारा वर्श 2005–06 में 2000 मकान एवं 2006–07 में 3000 मकान निर्मित करने का लक्ष्य प्राधिकरण को दिया गया। उक्त योजना हेतु भाासकीय भूमि रियायती दर पर प्राधिकरण को प्राप्त होना है जिस पर 1.25 लाख की लागत वाले मकान न्यून निम्न आय वर्ग जिनकी वार्शिक आय 72 हजार रू. या उससे कम है के लिए निर्मित करना है।

- ग्राम हीरापुर में प्राप्त 8.13 एकड़ भूमि पर 816 फलैट् का निर्माण पूर्ण किया जाकर लाटरी से आबंटन किया गया है तथा बाह्य विकास का कार्य पूर्णता पर है इस हेतु हुडको से ऋण लिया गया।
- ग्राम सरोना में 300 फलैट् का निर्माण चार ग्रुप में कराया जा रहा है जो पूर्णता पर है। इस हेतु पंजीयन कराया जा चुका है तथा पात्र पंजीयनकरताओं को लाटरी से आबंटन किया जाना है। पात्र पंजीयनकर्ताओं की सूची आबंटन समिति को भेजी जा चुकी है।
- ग्राम रायपुर में भाासन से प्राप्त 7.53 एकड़ भूमि पर 972 फलैट्स का निर्माण कार्य प्रारंभ कर विकास कार्य हेतु कार्यादे ा दिया जा चुका है। इस कार्य हेतु हुडको से ऋण लिए जाने की कार्यावाही की जा रही है। योजना क्षेत्र में व्यावसायिक परिसर निर्माण की निविदा की कार्यावाही भी की जा चुकी है। प्लैट आबंटन हेतु पंजीयन की कार्यावाही प्रारंभ है।
- ग्राम बोरियाखुर्द में 1800 प्लैट् निर्माण की योजना है जिसकी अनुमानित लागत रू. 31.60 करोड़ है। निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है निर्माण हेतु हुडको से ऋण लेने की कार्यावाही की जा रही है। फलैटों के लिए पंजीयन जारी है।

गोविन्द सारंग व्यावसायिक परिसर योजना–

रायपुर विकास प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना सेक्टर –7 के अंतर्गत 44,162 वर्गफीट क्षेत्रफल पर व्यासायिक परिसर का निर्माण करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा नवम्बर को भूमि पूंजन किया गया। भूतल पर विभिन्न प्रकार के 80 दुकानों का निर्माण किया जाकर विक्रय किया जा चुका है। प्रथम तल पर कार्यालय भवन का निर्माण कर केन्द्रीय पुरातत्व विभाग को आबंटित किया गया है। द्वितीय एवं तृतीय तल पर भवनों के निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसकी अनुमानित लागत 334.00 लाख है। उक्त योजना में पर्याप्त पार्किंग, दो लिफट, पृथक–पृथक ब्लाक हेतु सीढ़ी की व्यवस्था के साथ–साथ पानी एवं बिजली की पूरी व्यवस्था उपलब्ध होगी।

भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर–

कटोरातालाब सेक्टर 6 एवं 7 के मध्य प्राधिकरण के स्वामित्व की 51,500 वर्गफुट भूमि पर भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर के निर्माण हेतु अभिन्यास का अनुमोदन नगर तथा ग्राम निवे ा से हो चुका है। योजना के अनुमानित लागत 7.94 करोड़ है। उक्त योजना के बेसमेंट में पार्किंग, भूतल पर विभिन्न प्रकार के 71 दुकाने, प्रथम तल पर विभिन्न आकार के 57 दुकानों एवं द्वितीय तल पर 18,353 वर्गफीट कार्यालय भवन निर्माण की योजना है। वर्तमान में बेसमेंट की खुदाई का कार्य प्रगति पर है।

कु ााभाऊ ठाकरे आवास योजना–

प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना के अंतर्गत राजेन्द्र नगर क्षेत्र में उपलब्ध 1.71 एकड़ भूमि पर चार ग्रुप में विभिन्न आकार के 108 फलैट् का निर्माण कराया गया है। उक्त योजना की कुल लागत रू. 7.24 करोड़ है। इस हेतु 6.53 करोड़ का ऋण हुडकों से लिया गया है। उक्त प्लैट का आबंटन सभी पंजीकृत व्यक्तियों को किया जा चुका है।

तेलीबांधा तालाब का सौदर्यीकरण का कार्य–

रायपुर नगर स्थित तेलीबांधा तालाब का सौदर्यीकरण किये जाने हेतु भाासन द्वारा रायपुर विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया है। इस योजना की कुल अनुमानित लागत 505.21 लाख है। योजना के अंतर्गत तालाब से लगे हुए दो उद्यानों के सौदर्यीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

21.10 प्राधिकरण की भावी योजनाएं–

- कोटा, चिरहुलडीह आवासीय योजना।
- तेलीबांधा आवासीय योजना।
- सड्डू आवासीय योजना।
- डूमरातराई आवासीय योजना।
- भाठागांव आवासीय योजना।
- रायपुरा आवासीय योजना।
- रायपुरा में स्नो हाउस का निर्माण।
- रायपुरा में अर्न्तराश्ट्रीय स्तर पर स्वींमिग पुल का निर्माण।
- रायपुरा विकास योजना में प्रस्तावित रिंग रोड न. 3 एवं 4 का निर्माण एवं उसके आस–पास की भूमिका अर्जन एवं विकास।

अध्याय – 22
वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास

राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों के कुशल नेटवर्क की भी कमी हैं। नवप्रवर्तकीय ज्ञानसंपदायुक्त प्रशिक्षित अमला भी भविष्य की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति हेतु अत्यावश्यक है। साईंस सिटी की स्थापना, अनुसंधान एवं विकासीय गतिविधियां, केन्द्रीय प्रयोगशाला, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास अध्ययन केन्द्र एवं प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग कार्यक्रम सुविधा द्वारा प्रदेश के वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधार्थी आदि को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट अनुसंधान सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस हेतु राज्य में विज्ञान एवं तकनीकी विकास परिषद की स्थापना की गई है। राज्य की वैज्ञानिक एवं तकनीकी गतिविधियॉ निम्नानुसार हैं–

22.1 विज्ञान का लोकव्यापीकरण–

विद्यार्थियों एवं जनमानस में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने, उनमें विज्ञान के प्रति जिज्ञासा विकसित करने एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के व्यवहारिक उपयोग की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं जिससे मुख्य रुप से बाल तथा युवा छात्र–छात्राऐं, विज्ञान शिक्षक/अध्यापक, शिक्षाविद् एवं आम नागरिक लाभान्वित होते हैं।

साईंस सिटी की स्थापना–

समाज में विज्ञान के प्रति जागरूकता निर्मित करने, खेल–खेल में परस्पर गतिशील विज्ञान गतिविधि केन्द्र विकसित करने, लोक सराहना तथा समझ विकसित किए जाने हेतु आश्चर्यकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शन आयोजित करने, वस्तुनिष्ठ विज्ञान शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करने, बाल एवं युवा वैज्ञानिकों, छात्र–छात्राओं में विज्ञान के प्रति उत्कंठा एवं अभिचेतना जागृत करने, सामान्य जन व विज्ञान विकास के बीच परस्पर संवाद स्थापित करने तथा विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से साईंस सिटी की स्थापना की जा रही है।

प्रथम चरण में रीजनल साईंस सेन्टर की स्थापना के अन्तर्गत राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रू. 6.5 करोड़ की लागत से रीजनल साईंस सेन्टर की स्थापना हेतु ग्राम दलदल सिवनी में साईंस सिटी की स्थापना हेतु प्रदत्त 40 एकड़ भूमि में से 10 एकड़ भूमि पर एन.सी.एस.एम. द्वारा रूपांकित रीजनल साईंस सेन्टर के भवन निर्माण का कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर द्वारा आरंभ किया गया है।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस–

इस गतिविधि का उद्देश्य कनिष्ठ वर्ग (10 से 14 वर्ष) तथा वरिष्ठ वर्ग (14^{+} से 17 वर्ष) समूह के छात्र–छात्राओं को अपनी जिज्ञासा को आगे बढ़ाने, स्थानीय विषयों को समझने, उन्हें हल करने, प्रयोग एवं विज्ञान विधि के इस्तेमाल करने, खोजी प्रक्रिया को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक चेतना को झकझोरने तथा प्रयोग, आंकड़ा संकलन, शोध विश्लेषण का अवसर प्रदान करना है। यह गतिविधि राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है।

प्रदेश में प्रथम बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2002–03 में किया गया। बाल विज्ञान कांग्रेस प्रति वर्ष एक मुख्य कथानक एवं उसके उपविषयों पर आयोजित की जाती है। वर्ष 2002–03 एवं 2003–04 में "भोजन प्रणाली सबके पोषण हेतु", वर्ष 2004–05एवं 2005–06 में "जल संसाधन बचायें सुरक्षित भविष्य के लियें", वर्ष 2006–07 एवं 2007–08 में "जैव विविधताः प्रकृति बचायें भविष्य संवारे" विषयों पर आयोजित की गई। बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजनों की प्रगति को तालिका क्र.–22.1 में द ाया गया है

तालिका क्र.–22.1

बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजनों की प्रगति

वर्ष	राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस		राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस हेतु चयनित संख्या	भारतीय विज्ञान कांग्रेस में सहभागी
	आयोजक जिले	बाल वैज्ञानिक संख्या		
2002-03	10	49	10	2
2003-04	11	55	12	2
2004-05	12	59	12	2
2005-06	14	66	13	2
2006-07	14	62	13	2
2007-08	14	60	14	_

छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस

राज्य के नवप्रवर्तकीय अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देने तथा युवा शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य में प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में शोध कार्य कर रहे प्रदेश के 32 वर्ष से कम उम्र के युवकों तथा 35 वर्ष से कम उम्र की युवतियों द्वारा एग्रीकल्चरल सांईस, वेटर्नरी सांईस एवं एनीमल हसबेण्ड्री, बिहैवियोरल सांईस, बायोसांईस, बॉटनी, जूलॉजी, फिजिक्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सांईस, केमेस्ट्री; अर्थसांईसेस के अन्तर्गत – जिओलॉजी, जियोग्राफी, ओशेनोग्राफी, मेटिरियोलॉजी एवं जिओफिजिक्स, इंजीनियरिंग सांईस एवं टेक्नॉलोजी, एनवायर्नमेन्टल सांईस, फॉरेस्ट्री, मैथेमेटिक्स, स्टॅटिस्टिक्स एवं कम्प्यूटर सांईस, मेडिकल सांईसेस के अन्तर्गत फार्मास्यूटिकल, होमसांईसेस के अन्तर्गत टेक्सटाईल, फूड एवं न्यूट्रिशन व चाइल्ड साईकोलॉजी, बायोटेक्नॉलॉजी, बायोकेमेस्ट्री व बायोफिजिक्स चिन्हांकित 14 विषयों में से प्राप्त विषयों पर अनुसंधानात्मक शोधपत्रों का मूल्यांकनकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया जाता हैं। प्रत्येक विषय से चयनित युवा वैज्ञानिकों को प्रशस्ति पत्र व राशि रू. 1100 का नगद पुरस्कार तथा दो माह की अवधि के लिये किसी भी राष्ट्रीय प्रयोगशाला में शोध कार्य के लिये अवसर प्रदान किया जाता है। निहित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के आयोजन निम्नानुसार तालिका क्र.–22.2 में प्रस्तुत किया गया है :–

तालिका क्र. – 22.2

छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के आयोजन

वर्ष	आयोजन सील	प्रस्तुत परियोजनाएं	पुरस्कृत युवा वैज्ञानिक
2002 – 03	पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (2–3 सितम्बर 03)	64	11
2003 – 04	गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (28–29 फरवरी 04)	80	13
2004 – 05	पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (28 फरवरी एवं 01 मार्च 05)	104	14
2005 – 06	ठंदिरा गाधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (28 फरवरी एवं 01 मार्च 06)	66	14
2006 – 07	स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई (28 फरवरी एवं 01 मार्च 07)	88	14
2007–08	गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में (28–29 फरवरी 2008)	88	14

विज्ञान पहेली प्रतियोगिता–

विज्ञान पहेली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राज्य के कनिष्ठ वर्ग में 7वीं व 8वीं तथा वरिष्ठ वर्ग में 9वीं व 10वीं के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करना तथा वैज्ञानिक चिंतन व सृजनात्मक क्षमता का विकास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है। विज्ञान पहेली प्रतियोगिता कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन जिला, जोन, व राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष किया जाता है। राज्य स्तर पर भाग लेने वाले 60 प्रतिभागियों को प्रति छात्र रू. 300, किताब का सेट एवं राज्य स्तर पर चयनित 10 प्रतिभागियों को राशि रू. 2,000 नगद पुरस्कार दिया जाता है। वर्ष 2002–03 से 2007–08 तक आयोजित विज्ञान पहेली प्रतियोगिता में कुल 6,889 छात्र–छात्रा लाभान्वित हुए।

राष्ट्रीय विज्ञान सेमीनार–

राष्ट्रीय विज्ञान सेमीनार का मुख्य उद्देश्य कक्षा दसवीं तक के छात्र–छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने तथा उनमें विज्ञान के क्षेत्र में भौतिक एवं तार्किक चिंतन का विकास करना है। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता द्वारा प्रायोजित मुख्य कथानक पर राष्ट्रीय विज्ञान सेमीनार का आयोजन राज्य में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर तथा सीकॉस्ट द्वारा प्रदेश में ब्लॉक, जिला, जोन तथा राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2002–03 से 2007–08 तक कुल 06 छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लिया तथा कुल 2,489 छात्र–छात्रा कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

पश्चिम भारत विज्ञान मेला–

पश्चिम भारत विज्ञान मेले के आयोजन का उद्देश्य कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं गणित विषय में सक्रिय भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करना तथा उनकी रचनात्मकता को संपोषित करना हैं। मेले में विद्यार्थियों के लिये व्यक्तिगत एवं समूह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता तथा शिक्षकों के लिये सहायक शिक्षण सामग्री का आयोजन चार चरणों : ब्लॉक, जिला, जोन एवं राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष किया जाता है। वर्ष 2002–03 से 2007–08 तक 63 छात्र–छात्रा तथा 17 शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लिया गया।

विज्ञान पार्क, सामुदायिक विज्ञान क्लब एवं लोकप्रिय विज्ञान वाचनालय–

खेल–खेल में विज्ञान सीखने और सिखाने के लिए तथा दैनिक जीवन में उपयोगी वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से विज्ञान पार्क की स्थापना की गई है। प्रदेश में राज्य स्थापना से पूर्व स्थापित दो विज्ञान पार्क – विवेकानन्द विद्यापीठ, रायपुर तथा रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर में कार्यरत हैं विवेकानन्द विद्यापीठ विज्ञान पार्क, रायपुर के उन्नयन हेतु तथा जगदलपुर में विज्ञान पार्क की स्थापना हेतु परिषद द्वारा अनुदान प्रदान किया गया । विवेकानन्द विद्यापीठ विज्ञान पार्क में मुक्ताकाश (आउटडोर) में स्थापित विभिन्न मॉडल जैसे – ऊर्जा पहेली (Energy Maze), झुके हुए तल (Inclined Plane), घिरनियाँ और पेटियाँ (Pulies and Belt) आदि हैं। इसके अतिरिक्त इनडोर मॉडल्स जैसे – लेसर, क्लाईंबिंग स्पार्क, होलोग्राम, कॉर्नरक्यूब, टेलिस्कोप आदि हैं। ये मॉडल्स विज्ञान के मूल सिद्धान्तों पर आधारित हैं।

वर्ष 2002–03 में राज्य में 13 सामुदायिक विज्ञान क्लब तथा 6 सांईस बुक कार्नर कार्यरत थे जिन्हें परिषद द्वारा संपोषित किया गया। वर्ष 2005–06 एवं 2006–07 में राज्य के प्रत्येक जिले में नये सामुदायिक विज्ञान क्लब तथा पॉपुलर साईंस बुक कॉर्नर स्थापित कर वर्तमान में सामुदायिक विज्ञान क्लब की संख्या 113 तथा पॉपुलर बुक कॉर्नर की संख्या 48 किये जाने हेतु जिला कलेक्टर को राशि प्रदान की गई है।

विज्ञान प्रदर्शनी–

विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यालयीन छात्र/छात्राओं तथा शिक्षकों में वैज्ञानिक अभिवृत्तियाँ विकसित करना है ताकि उन्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक प्रासंगिकता और भावी वैज्ञानिकों को जिम्मेदारियों का एहसास प्रदान करना एवं साथ ही भावी एवं वर्तमान शिक्षकों के

अनुभव में वृद्धि करना है। यह प्रदर्शनी छात्रों और शिक्षकों को एक–दूसरे के अनुभव द्वारा सीखने में सहायता प्रदान करती है।

विज्ञान प्रदर्शनी कार्य{म के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिये प्रादर्श प्रतियोगिता, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान क्लब, विज्ञान सेमीनार प्रतियोगिताओं का आयोजन चार चरणों : विकासखण्ड, जिला, जोन एवं राज्य स्तर पर किया जाता है। विभिन्न स्तरों के आयोजन में अब तक 10,355 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी कार्य{म का आयोजन राज्य ौक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परि ादद्व रायपुर द्वारा किया जाता है।

राश्ट्रीय विज्ञान दिवस–

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन का उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सहायता से प्रदेश के जनमानस तथा विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने, उनमें विज्ञान के प्रति जिज्ञासा विकसित करने तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के व्यवहारिक उपयोग की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 28 फरवरी को किया जाता है। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की सहायता तथा इनके द्वारा निर्धारित विषय पर छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों के लिये किया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में सेमीनार, कार्यशाला, कैम्प, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के माध्यम से आयोजित किया जाता है।

''नई जिज्ञासा'' वैज्ञानिक पत्रिका–

स्कूली छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासाओं के समाधान के लिये ''नई जिज्ञासा'' वैज्ञानिक पत्रिका का अर्धवार्षिक प्रकाशन किया जाता हैं। इस पत्रिका का प्रकाशन नवम्बर, 2004 से निरंतर किया जा रहा है। स्कूली छात्रों से पोस्टकार्ड पर प्राप्त प्रश्नों के सहज एवं सरल उत्तर विषय–विशेषज्ञों के माध्यम से प्राप्त कर पत्रिका में प्रकाशन उपरांत इसे निःशुल्क वितरित किया जाता है। अंक की निर्धारित प्रतियां विधानसभा सचिवालय, निर्वाचित प्रतिनिधियों, स्कूली शिक्षा विभाग तथा मिडिल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूली छात्रों तथा पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के जनपद एवं ग्राम पंचायत वाचनालय में सन्दर्भ हेतु वितरित की गई हैं।

भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी (मोबाईल वेन)–

छात्र, छात्राओं, ि क्षकों एवं जनमानस को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के आधारभूत सिद्वान्तों को खेल–खेल में समझने, मोबाईल वैन प्रदर्शनी में टच–स्{न प्रादर्शों एवं पोस्टरों के माध्यम से विज्ञान के सि,ान्तों को समझने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नये–नये क्षेत्रों को चिन्हांकित करने के उद्देश्य से रा ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परि ादद्व कोलकाता से ''ऊर्जा'' वि ाय पर केन्द्रित प्रादर्शयुक्त मोबाईल वैन के क्रय एवं वैन में रखने योग्य रूपांकित स्वचालित/टच–स्क्रीन विज्ञान प्रादर्शों को प्राप्त करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। मोबाईल वैन के निर्माण हेतु रा ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परि ाद, कोलकाता को राशि उपलब्ध कराई गई है।

वैज्ञानिक जागरूकता व ि 2004–

राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2004–05 को वैज्ञानिक जागरूकता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। राज्य हेतु इस कार्यक्रम के राज्यव्यापी क्रियान्वयन का दायित्व छ. ग. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद को सौपा गया। वैज्ञानिक जागरूकता एवं विज्ञान प्रचार–प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों में अंधविश्वास उन्मूलन हेतु राज्य की 2,000 शालाओं के ग्रंथालयों को "परख–चमत्कार तर्क की कसौटी पर" पुस्तक संचालक, संचालनालय लोक शिक्षण के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।

इंडियन सांईस कांग्रेस 2004–

इंडियन सांईस कांग्रेस –2004 में आयोजित प्रदर्शनी का मुख्य कथानक "प्राइड ऑफ इंडिया" में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की ओर से परिषद द्वारा भाग लिया गया।प्रदेश के

शैक्षणिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों में विभिन्न विषयों पर हो रहे शोध कार्यों का प्रदर्शन भी इंडियन सांईस कांग्रेस –2004 में आयोजित प्रदर्शनी में किया गया।

शताब्दी की अद्भुत खगोलीय घटनाः शुक्र पारगमन (Venus Transit)–

ऐतिहासिक खगोलीय घटना 8 जून 2004 को 121 साल बाद घटित शुक्र पारगमन का अवलोकन राज्य भर में किया गया। राज्य के सभी जिलों में 800 शुक्र पारगमन किट्स (चश्में) बच्चों से बुजुर्गों तक के अवलोकन हेतु वितरित किए गए तथा 20 दूरबीनों से शुक्र पारगमन अदभुत दृश्य देखने की व्यवस्था की गई। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, डॉ. रमन सिंह जी, मंत्रिमंडल के सम्माननीय सदस्य, विधायकगण, उच्च अधिकारियों/कर्मचारियों, पत्रकारों, प्रदेश के स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं से लेकर गृहणियों तथा लाखों नागरिकों ने इस ऐतिहासिक एवं शताब्दी की खगोलीय घटना शुक्र पारगमन (Venus Transit) का नजारा देखा।

विज्ञान रेल प्रदर्शनी–

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (भारत सरकार) की 'पहियों पर विज्ञान प्रदर्शनी' का अवलोकन दुर्ग शहर में 27 से 31 मार्च 2004 की अवधि में स्थानीय तथा आस–पास के हजारों बच्चों तथा नागरिकों ने किया तथा देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त किया।

पृथ्वी ग्रह राष्ट्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वयन–

छात्र, छात्राओं, शिक्षकों एवं जनमानस में पृथ्वी की उत्पत्ति, वायुमण्डल, जलमण्डल, जैवमण्डल विषयों पर जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से पृथ्वी ग्रह राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत 03 जनवरी 2008 को ईको–रन रैली का आयोजन प्रदेश के 07 जिलों में किया गया।

22.2 अनुसंधान एवं विकासीय गतिविधियां–

अनुसंधान एवं विकासीय गतिविधियां कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के वैज्ञानिकों एवं शोध विद्यार्थियों को शोध कार्य के अवसर तथा प्रोत्साहन प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के लाभार्थी राज्य के शोध विद्यार्थी, वैज्ञानिक, अध्यापक तथा शिक्षाविद् हैं।

लघुशोध परियोजनाऐं, संगोष्ठी/सेमीनार/सिम्पोजिया/कार्यशाला, यात्रा अनुदान

राज्य की आवश्यकतानुसार लघुशोध कार्य के अवसर प्रदान करने तथा प्रोत्साहन देने हेतु प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों से प्राप्त लघुशोध परियोजनाओं को परिषद द्वारा प्रतिवर्ष वित्तीय अनुदान दिया जाता है। विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों से प्राप्त लघुशोध परियोजनाओं का राज्य की आवश्यकतानुसार मूल्यांकन विषय विषेशज्ञों द्वारा किया जाता है। स्वीकृत लघुशोध परियोजना हेतु अधिकतम वित्तीय अनुदान राशि रु. 2.00 लाख दिया जाता है। वर्ष 2007–08 वर्तमान में 13 नई लघु शोध परियोजनाओं को स्वीकृत प्रदान की गई तथा 28 परियोजनाऐं निरंतर जारी। परिषद द्वारा अब तक कुल 73 संगोष्ठी/सेमीनार/सिम्पोजिया/कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। परिषद द्वारा अब तक 37 यात्रा अनुदान प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रका ान अनुदान–

वर्ष 2004–05 में 02 प्रकाशन अनुदान प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई, वर्ष 2005–06 में छ.ग. जर्नल ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी एवं जी.जी.यू. जर्नल ऑफ बिजनेस के प्रकाशन को स्वीकृति प्रदान की गई वर्ष 2006–07 में 01 प्रकाशन अनुदान प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई तथा वर्ष 2007–08 में छ.ग. जर्नल ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी एवं जी.जी.यू. जर्नल ऑफ बिजनेस के निरंतर प्रकाशन की कार्यवाही की गई है।

केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा–

क्षेत्रीय आर्थिक तथा सामाजिक विकास हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। अतः विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। होनहार छात्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा प्राप्त करने हेतु अनुकूल प्रोत्साहन प्रदान कर आवश्यकतानुसार अनुसंधान एवं विकास कार्य का प्रशिक्षण तथा प्रयोगशाला सुविधा उपलब्ध की जाना सामयिक आवश्यकता है। केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा का उद्देश्य प्रदेश के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं, उद्यमियों तथा नवप्रवर्तकों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास कार्यो को बढ़ावा देने योग्य **स्टेट ऑफ आर्ट–सेंट्रल लेबोरेटरी फेसिलिटी** (केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा) विकसित करना है।

केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा हेतु आवश्यक स्टेट ऑफ आर्ट – उपकरण प्राप्त करने के लिए कार्यवाही की जा रही है। केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा को और अधिक सुदृढ़ एवं उपयुक्त बनाने के दृष्टि से केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा का विस्तार किया जाना है जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध किया जाना आवश्यक है। प्रथम चरण में केन्द्रीय प्रयोगशाला सुविधा में जैव यौगिकों के परीक्षण हेतु सुविधा उपलब्ध किया जाना प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत परियोजना प्रस्ताव वित्तीय सहायता हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है।

छत्तीसगढ़ अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र–

राज्य के लिये सुदूर संवेदन उपयोगिता एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली से सम्बन्धित कार्य करने, उपग्रह संचार माध्यम के प्रशिक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि से सम्बन्धित कार्य करने तथा राज्य एवं राज्य के बाहर राष्ट्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र की स्थापना की गई है।

फसल क्षेत्र एवं उत्पादन आंकलन–

छत्तीसगढ़ अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र द्वारा सहयोगी संस्था के रूप में अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार, अहमदाबाद की सहायता से उपग्रह चित्रों, सुदूर संवेदन एवं जी.आई.एस. तकनीक से धान फसल के क्षेत्र का आंकलन फसल कटाई के पूर्व प्रतिवर्ष प्रायोगिक स्तर पर किया जा रहा है। वर्ष 2007–08 हेतु खरीफ धान फसल के क्षेत्र एवं उत्पादन के आंकलन का कार्य पूर्ण किया गया है। फसल कटाई के पूर्व धान फसल के क्षेत्र के आंकलन के आंकड़े कृषि विभाग एवं योजना विभाग भारत सरकार के निति निर्धारण एवं योजना क्रियान्वयन हेतु अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, इसरो, भारत सरकार प्रति वर्ष उपलब्ध कराता है।

वेस्टलैण्ड एटलस अपडेशन–

राज्य के चार जिलों के वेस्टलैण्ड (पड़त भूमि) एटलस के अपडेशन का कार्य उपग्रह चित्रों की सहायता से किया गया है। यह कार्य परिषद एवं राष्ट्रीय सुदूर संवेदन अभिकरण, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार की इमेज प्रोसेसिंग तथा जी.आई.एस. प्रयोगात्मक सहायता से किया गया है। इस कार्य हेतु वित्तीय सहायता राष्ट्रीय सुदूर संवेदन अभिकरण, हैदराबाद द्वारा प्रदान की गई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा रायपुर, दुर्ग, धमतरी तथा महासमुंद के जिलेवार पड़त भूमि मानचित्रण का अद्यतन एवं सम्पूर्ण प्रदेश के पड़त भूमि का सांख्यिकी विश्लेषण का कार्य संपन्न किया। डेटाबेस तथा पड़तभूमि के जिलेवार सांख्यिकी आंकड़ों को "नेशनल वेस्ट लैंड एटलस" में राष्ट्रीय सुदूर संवेदन अभिकरण, हैदराबाद ने प्रकाशित किया गया है।

सुदूर संवेदन तकनीक से जलग्रहण क्षेत्रों में भूजल संवर्धन/प्रबंधन–

लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्षा जलसंग्रहण एवं भूजल संवर्धन बाबत् जलग्रहण क्षेत्रवार राज्य के सभी 16 जिलों के भूजल संवर्धन एवं संरक्षण, विकास एवं प्रबंधन कार्यक्रम हेतु अनुभवी एवं दक्ष सलाहकारों/संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये। इस कार्य हेतु लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग को एक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अमानत राशि के साथ सौंपा गया। परिषद को बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के दो वॉटरशेड (जोगीनाला एवं जियानाला) डोंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्रा में एक वाटरशेड (बागमन्डी नाला)

तथा बालोद विधान सभा क्षेत्रा मे एक वॉटरशेड (गुरूर वॉटरशेड) का कार्य प्राप्त हुआ। उक्त कार्य पूर्ण कर, परियोजना रिपोर्ट लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग को सौपी जा चुकी है।

वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण–

परिषद के वैज्ञानिकों को उच्चतर प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। आई.आई.आर.एस., देहरादून एवं आई.टी.सी., नीदरलैण्ड द्वारा आयोजित संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिषद के 01 वैज्ञानिक को प्रशिक्षण दिया गया तथा एक अन्य वैज्ञानिक को प्रशिक्षण हेतु प्रायोजित किया गया है।

शिक्षा मानचित्रण–

प्रदेश में उच्च शिक्षा सुविधाओं से सम्पन्न सभी शासकीय महाविद्यालयों को उच्च शिक्षा मान चित्रण में तकनीकी शिक्षा सुविधाओं से सम्पन्न सभी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक्स को तकनीकी शिक्षा मानचित्र में तथा जनशक्ति नियोजन से संबंधित सुविधाओं से सम्पन्न सभी आई.टी.आई. को जनशक्ति नियोजन मानचित्र में दर्शाया गया है। उक्त कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

विचार उत्प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन–

राज्य के प्राकृतिक संसाधनों के प्रबन्धन हेतु रणनीति तैयार करने के लिए विचार उत्प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन अक्टूबर, 2006 को किया गया जिसमें देश–विदेश के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन तथा कार्बन क्रेडिट एवं ट्रेडिंग विषय पर नवीनतम जानकारी प्रदान कर राज्य के प्राकृतिक संसाधन डेटा प्रबन्धन के सम्बन्ध में विचार किया गया।

उपग्रह (एज्युसैट) के माध्यम से विज्ञान का प्रचार–प्रसार एवं शिक्षा–

परिषद में विज्ञान प्रसार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा स्थापित एज्युसैट सैटेलाईट इन्टरएक्टिव टर्मिनल (एस.आई.टी.) द्वारा एज्युसैट उपग्रह नेटवर्क के माध्यम से लाईव टेलीकास्ट, वीडियो कॉन्फरेन्सिंग द्वारा विज्ञान विषय पर नियमित रूप से आयोजित रोचक व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सामूहिक चर्चा में परिषद द्वारा आमंत्रित विद्यालयों, महाविद्यालयों, तथा विश्वविद्यालयों के अध्यापक एवं विद्यार्थीग तथा विज्ञान जागरूकता कार्यकर्ता आदि भाग लेकर लाभान्वित हो रहे हैं।

समन्वयक प्रकोष्ठ–

वर्ष 2002–03 में परिषद की गतिविधियों के समन्वयन हेतु राज्य के शासकीय विश्वविद्यालयों, अभियांत्रिकी एवं चिकित्सा महाविद्यालयों में परिषद के समन्वयक प्रकोष्ठ की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। परिषद की गतिविधियों के समन्वयन हेतु राज्य के शासकीय विश्वविद्यालयों, अभियांत्रिकी एवं चिकित्सा महाविद्यालयों में परिषद के 09 समन्वयक प्रकोष्ठ स्थापित तथा कार्यरत हैं।

समाज के लिये विज्ञान कार्य{म–

अनुसूचित जाति, जनजाति तथा कमजोर वर्ग, महिलाओं एवं जनजातीय क्षेत्रों का विज्ञान एवं प्रौद्य ोगिकी के माध्यम से आर्थिक उन्नयन हेतु समाज के लिये विज्ञान कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राज्य के विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालयों आदि अनुसंधान तथा विकास संस्थाओं से उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्राप्त परियोजनाओं पर अनुदान परिषद द्वारा विगत वर्षों से दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2002–03 में 03, वर्ष 2003–04 में 05, वर्ष 2005–06 में 04, वर्ष 2006–07 में 03 एवं वित्तीय वर्ष 2007–08 में 03 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

पुस्तकालय – सह – प्रलेखन केन्द्र–

विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों को विज्ञान विषय पर नवीनतम साहित्य एवं जानकारियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तकालय सहप्रलेखन केन्द्र की स्थापना की गई है । इस केन्द्र में विभिन्न विषयों पर करेंट कंटेंट, जर्नल, मेगजीन, विज्ञान विषयक जर्नल उपलब्ध हैं।

एक्वाकल्चर प्रकोष्ठ की सीपना–

एक्वाकल्चर प्रकोष्ठ की स्थापना का उद्देश्य टेक्नॉलाजी सोर्सिंग, हाइटेक शोध क्षेत्रों की पहचान, लेब टू लैंड कार्यक्रम चिन्हित करना ताकि इस क्षेत्रा में कार्यरत जनमानस को लाभ पहुंच सके। एक्वाकल्चर प्रकोष्ठ की स्थापना मत्स्य विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में किया गया है।

पर्यावरण संबंधी अनुसंधान की सुविधा–

पर्यावरण संबंधी अनुसंधान हेतु रसायन अध्ययन शाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में सुविधा विकसित की गई है इसके अंतर्गत भारी धातु के जहरीलेपन (हैवी मेटल टॉक्सीसीटी) के मूल्यांकन हेतु सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा के अन्तर्गत राजनांदगांव जिले के आर्सेनिक एवं फ्लोराईडयुक्त हानिकारक भूजल नमूनों की जांच कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को रिपोर्ट सौंपी गई है। परिषद द्वारा राजनांदगांव जिले के कोड़िकसा तथा मुरैथीटोला गांव में स्थापित आर्सेनिक पृथक्करण संयंत्रों से प्रसंस्करण पश्चात् प्राप्त नमूनों की पीने योग्य जलशुद्धता से सम्बन्धित समय–समय पर जांच की जा रही है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास अध्ययन केन्द्र–

राज्य में रत्न सम्पदा उद्योगों की सम्भावना को देखते हुए अंचल के युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने तथा राज्य के खनिज (रत्न) संसाधनों के उपयोग से क्षेत्र में रत्न उद्योग के विकास को गति प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ इन्स्टीट्यूट ऑफ जेमोलॉजी के साथ संयुक्त रूप से रत्न पहचान, कटाई तथा पॉलिशिंग में रोजगारोन्मुखी रत्न प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रदेश में रत्न उद्योग को बढ़ावा मिला है एवं कई युवा स्वउद्यम की ओर प्रेरित हुए हैं।

औषधीय एवं सुगन्धित पौध केन्द्र–

औषधीय एवं सुगंधित पौध विकास केन्द्र की स्थापना जैविकी विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में की गई है। केन्द्र में 45 औषधीय प्रजातीय पौधों का रोपण किया गया है। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में केन्द्र की स्थापना प्रगति पर है।

पेटेन्ट सूचना केन्द्र–

मुक्त व्यापार व्यवस्था एवं व्यापार के अंतर्राष्ट्रीयकरण के चलते बौद्धिक संपदा अधिकार को सुरक्षित करना विश्व स्तर पर एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। प्रदेश में बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय को संबोधित करने हेतु टेक्नोलॉजी इन्फरमेशन, फोरकांस्टिंग एंड असेसमेंट काउंसिल (टाईफेक) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की सहायता से छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा नवम्बर, 2002 को रायपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा पेटेंट सूचना केन्द की स्थापना, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर में टाईफेक की सहायता से की गई।

पेटेन्ट सूचना केन्द्र द्वारा 2 पेटेन्ट एवं 6 कॉपीराइट आवेदकों को आवेदन हेतु सहायता प्रदान की गई। पेंटेट सूचना केन्द्र द्वारा कुल 2 पेंटेट तथा 1 डिजाईन आवेदन हेतु आवेदकों को सहायता प्रदान की गई है। वर्ष 2005–06 में अभी तक 4 पेटेंट तथा 2 ट्रेड मार्क आवेदन हेतु आवेदकों को सहायता प्रदान की गई। पेंटेट सूचना केन्द्र द्वारा विगत वर्षों में कुल 4,500 व्यक्तियों को बौद्धिक संपदा अधिकार विषय के प्रति जागरुक किया।

ज्ञान (ग्रासरुट इनोवेशन ऑगमेंटेशन नेटवर्क) केन्द्र–

प्रदेश के जनमानस द्वारा किये गये नवप्रवर्तनों को प्रोत्साहन देने हेतु राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान, अहमदाबाद की सहायता से परिषद द्वारा ज्ञान केन्द्र की स्थापना की गई है। ज्ञान केन्द्र द्वारा विगत वर्षों में दो नवप्रवर्तकों के प्रस्ताव राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान, अहमदाबाद को प्रेषित किए गए हैं।

क्षेत्रों की पहचान – प्रौद्योगिकी ग्राम की स्थापना–

क्षेत्रों की पहचान उपरांत ग्रामीण जीवन शैली में गुणात्मक विकास लाने, अनुकूल प्रौद्योगिकी से किसानों को अतिरिक्त आय सृजन हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षित करने तथा रोजगारोन्मुखी साधन उपलब्ध करने के लिए प्रदेश के चिन्हांकित गांवों में प्रौद्योगिकी ग्राम (टेक्नोलॉजी विलेज) की स्थापना की जा रही है। प्रथम चरण में जिला कबीरधाम के रामपुर (ठाठापुर) एवं जिला धमतरी के सिर्री ग्राम का चयन किया गया है। प्रौद्योगिकी ग्राम का शिलान्यास अक्टूबर, 2006 को किया गया है। प्रौद्योगिकी ग्रामों की स्थापना हेतु ग्रामों की चयनित सूची निम्नानुसार है :–

तालिका क्र.–22.3

प्रौद्योगिकी ग्रामों की चयनित सूची

क्र.	ग्राम का नाम	विकास खंड	जिला
1.	ठाठापुर	सहसपुर–लोहारा	कबीरधाम
2.	सिर्री	कुरूद	धमतरी
3.	गेदी	कोरबा	कोरबा
4.	गतौरा	मस्तूरी	बिलासपुर
5.	बोइरडीही	छुरिया	
6.	कोडेबेडा, पो. लोहंडीगुडा	बस्तर	बस्तर
7.	घोटुलबेड़ा पो. बोंदानार	अंतागढ़	कांकेर
8.	कुम्हाररास	दंतेवाड़ा	दंतेवाड़ा

बस्तर पारिस्थितिकीय योजना–

बस्तर पारिस्थितिकीय योजना के अन्तर्गत स्थानीय समस्याओं एवं विशेषताओं के सन्दर्भ में 18 चिन्हित विकासखण्डों में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया गया। प्राप्त आंकड़ों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूर्ण कर योजना रिपोर्ट तैयार कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को प्रेषित की गई है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं पर नीति निर्धारण मानचित्रण–

इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उपयोग की आवश्यकताओं को चिन्हांकित कर सफलतम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकियों को उपलब्ध करने हेतु योजना मानचित्रण किया गया है एवं विश्लेषण का कार्य पूर्ण कर अनंतिम योजना रिपोर्ट तैयार कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को प्रेषित की गई है।

आर्सेनिक पृथक्करण संयंत्रों की स्थापना–

राजनांदगांव जिले के चौकी विकासखण्ड में भूजल में आर्सेनिक प्रभावित पाँच स्थानों (ग्राम कोड़िकसा में 04 एवं ग्राम मुरैथीटोला में 01) पर जल शुद्धिकरण हेतु आगरकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पुणें द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी आधारित आर्सेनिक पृथक्करण संयंत्र स्थापित किये गये हैं। इन स्थानों पर भूजल के शुद्धिकरण हेतु प्रयोगात्मक एवं अनुसंधानपूरक परीक्षण कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा रहा है।

एलीट पौधों का आदर्श पौध रोपण–परियोजना–

राष्ट्रीय तिलहन एवं वनस्पति तेल विकास बोर्ड, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार, गुड़गांव द्वारा प्रदेश में शासकीय तथा संस्थागत उपलब्ध पड़तभूमि पर कृषकों तथा हितग्राहियों को अतिरिक्त आय के साधन मुहैया करने के उद्देश्य से रतनजोत (जट्रोफा) परियोजना स्वीकृत की गई। इस परियोजना का मंथन ग्रामीण एवं समाज सेवा समिति द्वारा क्रियान्वित किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत राज्य में जेट्रोफा रोपण 294.55 हेक्टेयर भूमि में किया गया तथा 03 हेक्टेयर भूमि में वृक्ष मूल तिलहन बगीचे स्थापित किए गए। साथ ही 05 कृषक गोष्ठी एवं 02 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

22.3 नवीन परियोजनाएं–

सांईस एण्ड टेक्नॉलॉजी इन्टरवेन्शन फॉर मिटिगेशन ऑफ आयरन कन्टेमिनेशन इन ग्राउन्डवाटर (ड्रिंकिंग वाटर) इन छत्तीसगढ़–

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल का मुख्य स्त्रोत भूजल है। इसके अतिरिक्त कृषि एवं औद्य ोगिकी सेक्टर के लिए भी भूजल एक मुख्य स्त्रोत है। अब तक भूजल को प्रदूषण रहित माना जाता रहा है। विगत वर्षों में भूजल में अनेकानेक तत्वों के प्रदूषण के अत्याधिक प्रकरण पाये गये हैं तथा राज्य के 14 जिलों में भूजल में लौह प्रदूषण पाया गया है। बस्तर, दन्तेवाड़ा एवं कांकेर जिले के भूजल में लौह प्रदूषण के सर्वाधिक स्थान चिन्हित किये गये हैं। जल में लौह तत्व की अधिकता से हीमेक्रोमेटोसिस नामक त्वचा रोग होता है साथ ही इस जल के दैनिक कार्य में उपयोग नही किया जा सकता है। लौह प्रदूषित पानी से उत्पन्न व्याधियों को ध्यान में रखते हुये परिषद द्वारा यह योजना विकसित की गई। इस योजनांतर्गत भूजल से लौह पृथक्करण संयंत्र स्थापित करने, लौहयुक्त जल पीने के खतरों से ग्रामीणों को अवगत कराना तथा उन्हें प्रौद्योगिकी के उपयोगों को व्यवहार में लाने में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक परियोजना प्रस्ताव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को प्रेषित किया गया था। उक्त परियोजना को प्रायोगिक तौर पर पांच जिलों में 15 पृथक्करण संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ सम्मिलित रूप से किया जावेगा।

सांईस एण्ड टेक्नोलॉजी इन्टरवेन्शन फॉर मिटिगेशन ऑफ फ्लोराईड कॉन्टेमिनेशन इन ग्राउंडवाटर (ड्रिकिंग वाटर) इन छत्तीसगढ़–

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल का मुख्य स्त्रोत भूजल है। विगत वर्षों में भूजल में अनेक स्थानों पर फ्लोराईड तत्व के प्रदूषण के प्रकरण पाये गये हैं तथा राज्य के 05 जिलों में भूजल में फ्लोराईड प्रदूषण पाया गया है। जल में फ्लोराईड तत्व की अधिकता से फ्लोरोसिस नामक हड्डी रोग होता है अतएव इस जल को पीने के उपयोग में नही लिया जा सकता है। फ्लोराईड प्रदूषण से उत्पन्न व्याधियों को ध्यान में रखते हुये परिषद द्वारा यह योजना विकसित की गई। इस योजनांतर्गत भूजल से फ्लोराईड पृथक्करण संयंत्र स्थापित करने, फ्लोराईडयुक्त जल पीने के खतरों से ग्रामीणों को अवगत कराना तथा उन्हें प्रौद्योगिकी के उपयोगों को व्यवहार में लाने में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक परियोजना प्रस्ताव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को प्रेषित किया गया। उक्त परियोजना को प्रायोगिक तौर पर पांच स्थानों में 5 पृथक्करण संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ सम्मिलित रूप से किया जावेगा।

साईंस एण्ड टेक्नॉलॉजी इन्टरवेशन फॉर हॉस्पिटल वेस्ट डिस्पोजल युजिंग प्लाज्मा पायरोलायसिस–

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अन्य क्षेत्रों की भांति स्वास्थ्य सेवाओं में भी उन्नति हुई है एवं स्वास्थ्य सेवायें आम जनता तक पहुंची हैं। चिकित्सा विज्ञान की तरक्की एवं संबंधित कार्यकलापों जैसे कि हॉस्पिटल, नर्सिग होम, क्लिनिक की स्वास्थ सेवाएं आदि में बढ़ोत्तरी होने के साथ–साथ संबंधित अपशेष में भी वृद्धि हुई। कुछ अपशेष अत्यधिक विषैले होते हैं जो कि न केवल पर्यावरण संबंधी समस्यायें उत्पन्न करते हैं बल्कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। चिकित्सीय अपशेष का निस्तार केवल विषैलापन एवं पर्यावरण संबंधी समस्याओं को रोकने के लिए ही आवश्यक नहीं है बल्कि इनके पुनः उपयोग को रोकने के लिए भी आवश्यक है। अस्पताल के अपशेषों के प्रदूषण रहित निस्तार हेतु नवीनतम प्रौद्य ोगिकी प्लाज्मा पायरोलिसिस के उपयोग हेतु यह परियोजना विकसित की गई है तथा परियोजना के क्रियान्वयन हेतु अहमदाबाद में पूर्व में स्थापित प्लाज्मा पायरोलिसिस संयंत्र का निरीक्षण करने हेतु सचिव, स्वास्थ्य विभाग, छ. ग. शासन को स्वास्थ्य सेवाओं से उपयुक्त व्यक्तियों का नामांकन करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

जैविक खेती एवं प्रौद्योगिकी हेतु कार्य{म–

जैविक खेती व उससे सम्बन्धित क्षेत्रों के विकास हेतु इस परियोजना की अवधारणा विकसित की गई है। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 280,35 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं

समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है। इस योजनान्तर्गत निम्नानुसार 13 कार्यक्रमों का चिन्हांकन किया गया हैः–

प्रमाणीकरण एवं निरीक्षण संस्थाओं तथा सेवा प्रदाय करने वालों के लिए परीक्षण कार्य{म–

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य जैविक कृषि प्रमाणीकरण निरीक्षण प्रक्रिया तथा जैविक कृषि पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के संबंध में धारणात्मक ढ़ाचा विकसित करना, प्रमाणीकरण एवं निरीक्षण, निवेश प्रबंधन, प्रलेखीकरण, बाजार आंकलन के दौरान विवाद सुलझाने के लिए आवश्यक निपुणता प्रदान करना, जैविक कृषक, सेवा प्रदाय करने वाले तथा प्रमाणीकरण एवं निरीक्षण प्रक्रिया आदि का अभिलेखों का रखरखाव तथा उपयोगी वार्षिक निवे ा की सूची तैयार करना। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 2.55 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

जैविक निवेश उत्पादन एवं गुणवत्ता नियंत्रण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम–

जैविक खाद के प्रकार, कृषि में जैविक खाद का महत्व एवं योगदान, विभिन्न जैविक खाद के गुण एवं व्याख्या, जैविक खाद के व्यापारिक स्तर पर उत्पादन तथा उसका वित्तीय पक्ष, जैविक खाद के व्यापार एवं बिक्री के मार्ग में रूकावटे, जैविक खाद उपयोग की प्रौद्योगिकी, भारत वर्ष में जैविक खाद उत्पादन की स्थिति इत्यादि के क्षेत्र में प्रदेश में मुख्य रूप से कृषकों में जागरूकता लाने हेतु यह कार्यक्रम विकसित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हरी खाद के गुण एवं प्रकृति, हरी खाद की भूमिका एवं उपयोग, कर्बनिक खाद उत्पादन, विभिन्न कार्बनिक खाद अपशेष से खाद उत्पादन का सिद्धान्त एवं पद्धति, उपयोग विधियॉ, जैविक खाद उत्पादन तरल खाद, खाद का मापदण्ड, परीक्षण प्रक्रिया एवं उनके गुणवत्ता नियंत्रण आदि के संबंध में राज्य शासन, अर्धशासकीय, गैर–शासकीय संस्था एवं अन्य निर्माण संस्थाओं के अधिकारी, तकनीकी अधिकारी को 10 दिन के अवधि के 10 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जावेगा। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 5.1 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

कार्बनिक कृषि पर विस्तार/क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम–

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्‌देश्य जैविक कृषि सिद्धांत एवं धारणा के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना, जैविक कृषि के विभिन्न घटकों के बारे में ज्ञान प्रदान करना तथा पौध संरक्षण हेतु ग्राहय एवं अग्राहय पोषण के बारे में ज्ञान प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच दिवस की अवधि के 30 प्रशिक्षण कार्यक्रम जैविक कृषि के विकास क्षेत्र में कार्यरत राज्य शासन, अर्धशासकीय, गैरशासकीय संस्थाओं के 20 प्रतिभागी को प्रशिक्षित किया जावेगा। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 11.70 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

जैविक कृषि पर कृषकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम–

इस कार्यक्रम में कृषकों को जैव कृषि के उपयोग हेतु आवश्यक ज्ञान प्रदान करने के लिये वास्तविक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 2 दिवस के कुल 50 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 कृषक प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। इन कृषकों को प्रशिक्षण अवधि में अपनी कृषि भूमि को जैव कृषि हेतु रूपांतरित करने हेतु प्रेरित किया जावेगा। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 6.50 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

जैविक निवेश एवं कृषक मेला पर क्षेत्र प्रदर्शनी कार्यक्रम–

कृषक जब अपनी भूमि पर जैविक निवेश का फायदेमंद परिणाम देखते हैं तो उसका बेहतर प्रभाव पड़ता है। जैविक कृषि एक नई प्रौद्योगिकी होने के कारण इसका अधिक संख्या में क्षेत्र प्रदर्शन किसानों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिये अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्बनिक प्रौद्योगिकी के प्रचार हेतु फसल उत्पाद में 50 कार्बनिक कृषकों का एक दिवसीय किसान मेला आयोजन किया जावेगा।

इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 5.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

समृद्ध बायो–गैस स्लरी के उपयोग पर क्षेत्र प्रदर्शनी एवं किसान मेला–

मवेशियों के गोबर से बायोगैस का निर्माण दोहरा लाभदायक है क्योकि इससे एक तरफ इंधन की पूर्ति हो जाती है एवं दूसरी तरफ आवश्यक खाद की भी पूर्ति होती है। प्रौद्योगिकी के प्रचार हेतु 50 कार्बनिक कृषकों का एक दिवसीय किसान मेला आयोजन किया जावेगा। किसानों को उनकी क्षेत्रीय भाषा में कार्बनिक प्रौद्योगिकी से संबंधित तकनीकी सामग्रियां उपलब्ध कराई जावेगी ताकि वे आसानी से समझ सकें। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 8.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

आदर्श कार्बनिक कृषि स्थापित करने हेतु मार्गदर्शिका–

हरित क्रांति के फलस्वरुप कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई परंतु साथ–साथ कई प्रकार की नयी समस्यायें भी उत्पन्न हुई जैसे कि जल संसाधन एवं भूमि संसाधन के स्तर में गिरावट, जैव विवधता में कमी, पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि आदि। इन स्थितियों में भूमि की उर्वरता एवं फसलों की उत्पादन में वृद्धि हेतु कार्बनिक कृषि का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि भूमि में ही सभी प्रकार के आवश्यक निवेशों को उत्पन्न कर एवं किसी अन्य बाहरी निवेशों पर निर्भर न रहकर कार्बनिक कृषि का भौतिक प्रदर्शन करना। इस प्रकार की आदर्श प्रदर्शनी, क्षेत्र के कार्बनिक उत्पादकों एवं कृषकों के लिये सीधे प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं प्रचार–प्रसार हेतु कार्य करेगी। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 40.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

सेवा प्रदायकर्ताओं के लिए दिशानिर्देश–

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों हेतु सेवा प्रदायकर्ताओं के लिए वृहद स्तर पर दिशानिर्देशों का निर्माण करना। इस योजनान्तर्गत प्रदेश में कार्यरत जैविक खेती के सेवा प्रदायदाताओं को सामूहिक प्रमाणीकरण करना जो कि आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 3.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सीओ एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

जैविक प्रमाणीकरण–

इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में उत्पन्न होने वाले जैविक उत्पादों को प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध कराना। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 22.50 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी. ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

नई पहल–

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न फसलों के लिये स्थानीय विशेष पैकेज एवं प्रेक्टिस प्रौद्योगिकी का वैज्ञानिक प्रमाणीकरण एवं क्षेत्रप्रदर्शन, आदर्श जैव प्रौद्योगिकी ग्राम एवं प्रदर्शनी केन्द्र की स्थापना तथा जैविक ग्राम विशेष कार्यक्रम को अपनाना, हाईब्रिड कम्पोस्टिंग तकनीक जैसे सीपी.पी., ट्री पेस्ट आदि, विभिन्न जैविक पेस्टीसाइड, कम्पोस्टिंग तकनीक का प्रदर्शन, जैव कृषि क्षेत्र में कार्यरत सभी संस्थाओं अशासकीय संस्थाओं, निजी उपकरण, कृषि एवं सहकारी संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करना तथा राज्य निर्देशिका प्रकाशित करना उद्देशित है। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 14.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

जागरूकता शिविर, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के सेमीनार, प्रदर्शनी, प्रकाशन एवं प्रचार आदि–

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के संदर्भ में विशेष जैविक खेती पर पारंपरिक एवं वैदिक ज्ञान का प्रलेखीकरण एवं प्रकाशन, जैविक खेती में हुये विकास के उपयोग कर्ता, बिक्रीकर्ता, क्रयकर्ता हेतु

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, चलित प्रदर्शनी एवं वृहत्तस्तर पर जैविक खेती के प्रादर्शो का प्रदर्शन एवं जैविक खेती से संबंधित साहित्य का सरल एवं सुबोध प्रकाशन है। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 25.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

वर्मी–कल्चर हैचरीज–

इस योजना के अन्तर्गत राज्य में 50 वर्मी–कल्चर हैचरीज स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है तथा इस योजना के अन्तर्गत उपयोगी गौशालाएँ एवं पंजीकृत संस्थाओं को हितग्राही के रुप में चयन किया जावेगा। राज्य में वर्मी–कल्चर हैचरीज स्थापना मुख्य रुप से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई. टी.आई.) में किए जाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम हेतु राशि रु. 37.50 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

नवीन प्रौद्योगिकियों का विस्तार एवं जैविक उत्पादों को प्रोत्साहन–

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में होने वाली फसलों के लिए नवीन जैविक प्रौद्योगिकियों के उपयोग का विस्तार, जैविक उत्पादों के प्रोसेसिंग पद्धति को प्रोत्साहन तथा जैविक उत्पादों हेतु व्यापारिक जागरूकता एवं जैविक उत्पाद के व्यापारियों, व्यापार प्रेक्षेत्रों को सूचीबद्ध करना। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 20.00 लाख की परियोजना विकसित कर एन.सी.ओ.एफ., कृषि एवं समन्वय मंत्रालय, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग कार्यक्रम–

जीवन शैली में गुणात्मक विकास लाने, अनुकूल प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण करने के उद्देश्य से प्रदेश मे प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जाना प्रस्तावित है। प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की आवश्यकतानुसार एवं संरचनानुसार बहुउपयोगी प्रौद्योगिकियों का चयन एवं विकास प्रदेश स्तर पर क्रियान्वयित किया जावेगा। इस हेतु देश के विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानो में विकसित प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण कर जीवन में गुणात्मक सुधार हेतु, अपरिवर्तन मुक्त संसाधनों हेतु न्यूनतम उपयोग की मांग अनुसार पद्धतियों को संतुलित कर स्थापित किया जावेगा। इस तरह अनुकूल पारंपरिक तथा उपयोग मुक्त आच्छादित प्रौद्योगिकियों के उन्नयन हेतु, एकीकृत प्रौद्योगिकी परिवेश में राज्य के उन्नयन हेतु सतत विकास दृष्टि को साकार किया जायेगा। प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक सफल प्रौद्योगिकियों के युक्तिसंगत एकीकरण द्वारा प्रदेश में सर्वांगीण विकास किया जा सकेगा। इस कार्यक्रम हेतु राशि रू. 19,375.50 लाख की परियोजना विकसित कर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारत सरकार की ओर वित्तीय सहायता हेतु प्रेषित की गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विकास

राज्य में सूचना प्रौद्यागिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी का विकास करने के लिए राज्य भाासन ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग का गठन किया है। इस विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ इन्फोटेक एंड बायोटेक प्रमो न सोसायटी (चिप्स) कार्यरत है, यह संस्था फर्म एवं सोसायटी नियमों के अंतर्गत पंजीकृत संस्था है। विभाग के दो पृथक विषय है– (1) सूचना प्रौद्योगिकी, (2) जैव प्रौद्य ोगिकी।

सूचना प्रौद्योगिकी गतिविधियॉ–

राज्य में विभाग की गतिविधियों का मूल उद्दे य है राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी के लिये आधारभूत संरचना स्थापित करना, जिसमें उद्योगों के लिये बेहतर वातावरण तैयार हो तथा ई– ाासन की सेवाओं के माध्यम से राज्य के आम आदमी को सेवाएं प्रदान की जा सके।

22.4 राज्य की सूचना प्रौद्योगिकी नीति–

वि व के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नई तकनीकें आई हैं तथा इस क्षेत्र में हुए कार्यो के परिणाम आ चुके हैं। तदनुरूप राज्य शासन की दृष्टि के अनुरूप नई सूचना प्रौद्योगिकी नीति तैयार करने का कार्य किया गया। यह नीति छत्तीसगढ़ शासन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अप्रैल 2005 से जारी की गई। इस नीति का मूल दृष्टिकोण यह है कि राज्य अपने आर्थिक विकास और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिये सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का सहयोग ले तथा ऐसा **ई–एनेबल्ड** समाज तैयार करे जो राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में प्रभावी योगदान दे। इस नीति के प्रमुख उद्दे य निम्नानुसार रखे गये हैं–

- रोजगार देने वाले के लिये वातावरण तैयार करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना।
- राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों के विकास के लिये कार्य करना।
- राज्य के अंतिम छोर तक नागरिकों को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शासन की सेवाएं पहुंचाना। इसी के साथ राज्य शासन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी उद्योगों को थ्रस्ट उद्योग के रूप में शामिल कर लाभ देने का कार्य किया जा रहा है।

22.5 सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाएं एवं विकास–

सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से राज्य में आर्थिक विकास एवं नागरिकों के स ाक्तिकरण हेतु विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इस राज्य में विकास की काफी संभावनाएं हैं। इस हेतु विभाग द्वारा स्मार्ट गवर्नमेंट के अंतर्गत राज्य के माननीय मंत्रीगण, संसदीय सचिव, निगम मण्डल और आयोग के अध्यक्ष एवं अधिकारियों को प्रि ाक्षण, चॉईस परियोजना, सी.जी. स्वान परियोजना, ई–प्रोक्योरमेंट परियोजना, भौगोलिक सूचना प्रणाली आदि का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली विभिन्न परियोजनाएं निम्नानुसार हैं–

छत्तीसगढ़ ऑन लाईन इन्फर्मे ान फॉर सिटीजन एम्पावमेंट (चॉईस) परियोजना के अंतर्गत नागरिकों को सरकार की अनेक सेवाएं उनके निवास के आस–पास "कभी भी कहीं भी" उपलब्ध करवाने की पहल की जा रही है। यह परियोजना दे ा के Open Source पर तैयार की गई सबसे बड़ी eGovernence परियोजना है। इस परियोजना का संचालन राज्य शासन अपने संसाधनों से कर रहा है। आई.आई.टी. कानपुर द्वारा चॉईस परियोजना के साफ्टवेअर की टेस्टींग भी की जा चुकी है। रायपुर नगर निगम क्षेत्र में फूलचौक स्थिति हेल्प सेन्टर, कलेक्टर कार्यालय एवं इक्कीस चॉईस एजेन्ट्स के माध्यम से इस परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विगत वर्ष तक 133 प्रकार की सेवाएं इस परियोजनांतर्गत चुनी जा चुकी हैं जिसमें से 20 सेवाऐं नागरिको के उपयोग हेतु सुचारू रूप से शुरू हो चुकी हैं। चॉईस परियोजना के अंतर्गत नगर निगम रायपुर क्षेत्र में पूरी सेवाऐं दी जाना प्रारंभ कर दी गयी हैं।



इन सेवाओं में ई–भुगतान की सेवाऐं भी प्रारंभ की गई जिनमें बिजली बिल भुगतान की सुविधा भाामिल है। विगत वर्ष से 21 चॉईस केन्द्र कार्य कर रहे हैं। इस परियोजना में अब तक निम्न सेवाओं से जारी प्रमाण–पत्रों एवं दस्तावेजों की प्रिंट नागरिकों को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं (6 अगस्त 2008 की स्थिती में) जो इस प्रकार हैं–

तालिका क्र.–22.4

जारी प्रमाण पत्रों की संख्या

सेवाऐं	जारी प्रमाण–पत्रों की संख्या
जन्म प्रमाण–पत्र	1,47,137
मृत्यु	23,807
निवास प्रमाण–पत्र	7,500
आय प्रमाण–पत्र	1,630
अ.पि.व. प्रमाण–पत्र	3,214
अ.जा./अ.ज.जा. प्रमाण–पत्र	564
राशन ए.पी.एल	53
गुमास्ता	108
कुल योग	**1,84,013**

परियोजना में लगभग डेढ़ लाख ट्रान्जेक ान हो चुके हैं। इन केन्द्रों से लगभग एक करोड़ रू. के बिजली बिलों का भुगतान प्राप्त किया जा चुका है। प्रतिवेदन वर्ष में चॉईस परियोजना पर दे ा के विभिन्न संस्थानों ने रूचि दिखाई हैं। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार ने इस परियोजना को Impact Assessment Study के द्वितीय चरण हेतु इस परियोजना का चयन किया है। इस वर्ष 05 नये जिलों दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, जगदलपुर तथा सरगुजा में इसका कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इन 05 जिलों का मास्टर डाटा परीक्षण एवं सर्वर में मास्टर डाटा अपलोड किया जा चुका है।

वर्ष 2007–08 में स्कॉच इन्टरने ानल द्वारा चॉईस परियोजना को अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने इसकी प्र ांसा करते हुए पूरे दे ा में इसे लागू करने हेतु भारत सरकार को सुझाव दिया है। केबिनेट सचिव ने इसकी सराहना की है। गुजरात, कर्नाटक सहित अनेक राज्यों के प्रतिनिधि मण्डलों नें इस परियोजना का अवलोकन कर सराहना की है।

चॉईस परियोजना की सेवाएं राज्य के सुदूर अंचलों तक पहुंचाने के लिए राज्य में 6 ग्राम समूहों के बीच एक ग्रामीण चॉईस केन्द्र, (कुल 3,380 से अधिक केन्द्र) प्रारंभ करने का लक्ष्य है, जो निजी–सार्वजनिक सहभागिता के आधार पर कार्य करेंगे। इस परियोजना के प्रारंभ होने से ग्रामों में स्वरोजगार के व्यापक अवसर होंगे तथा गांवों में कम्प्यूटर ि ाक्षित नौजवानों को रोजगार प्राप्त होंगे। इन केन्द्रों के प्रारंभ होने पर ग्रामीणों को दस्तावेज, सार्टिफिकेट और जमीन के अभिलेख अपने गांव या उसके आस–पास प्राप्त हो सकेंगे। यह परियोजना लगभग 54 करोड़ रू. की है जिसकी क्रियान्वयन प्रारंभ हो चुका है।

ई–ग्राम सुराज परियोजना (ग्रामीण चॉईस परियोजना) –

यह परियोजना राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी विकास के लिये तैयार की जा रही है, जिसकी लागत रू. 250 लाख है। इसमें 75 प्रति ात रा ि ग्रामीण विकास तथा 25 प्रति ात रा ि यू.एन.डी.पी. से प्राप्त हुई थी। इस रा ि से राज्य की ग्राम पंचायतों में सिम्प्यूटर नाम का उपकरण उपलब्ध कराया गया है, जो कम्प्यूटर का छोटा रूप है। इस डिवाईस पर हिन्दी भाषा में प्रोगाम तैयार किया जा सकता है तथा इस डिवाईस को वायरलेस, टेलीफोन, ऑप्टिकल फायबर के माध्यम से इंटरनेट से जोड़ा जा सकता है। इस परियोजना के अंतर्गत सिम्प्यूटर में ग्रामों की आधारभूत जानकारी, भू–अभिलेख के ऑकड़े एवं ग्राम पंचायत की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। यह योजना राज्य के 10 विकास खण्डों के 876 ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित की गई है। इस हेतु सरपंचों एवं पंचायत सचिवों को विस्तार से प्रि ाक्षण दिया गया है, तथा उनके द्वारा सफलता पूर्वक उपयोग किया जा रहा हैं।

भौगोलिक सूचना प्रणाली–

- **विभागों के लिये भौगोलिक सूचना प्रणाली–**

विभाग द्वारा भौगोलिक सूचना प्रणाली का कार्य किया जा रहा है, जिसमें भू–अभिलेख नक ाा, टोपोग्राफी, भूमि के उपयोग, भूमि की जल निकासी, मिट्टी की किस्म, भूमि की उर्वरता, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति, वन, जंगल, जल संग्रहण, खनिज, खदान एवं जनसंख्या संबंधी डेटा का संग्रहण किया गया है। इस प्रणाली के 37 लेयर्स हैं, जिसमें से अधिकां ा लेयर्स का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कतिपय लेयर्स पर रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना है।

राज्य की भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग अनेक विभागों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें से मुख्य विभाग हैं– स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्योग एवं खनिज विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भू–अभिलेख विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगर एवं ग्राम निवे ा विभाग, नया रायपुर विकास प्राधिकरण, राज्य निर्वाचन आयोग, कृषि वि वविद्यालय रायपुर एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल।

इसके अतिरिक्त राज्य में निवे ा करने वाले उद्यमियों को उनकी मांग के अनुसार जी आई एस नक ाों के प्रिन्ट स ाुल्क उपलब्ध कराये गये हैं।

- **पटवारी नक्शों का कम्प्यूटरीकरण–**

भौगोलिक सूचना प्रणाली के अंतर्गत ग्राम की भूमि के नक ाों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। राज्य में कुल 20,007 ग्राम ऐसे हैं, जिनके नक ो उपलब्ध हैं जिनका कम्प्यूटरीकरण किया जाना है। इसमें से दंतेवाड़ा जिले के कुछ ग्रामों को छोड़कर राज्य के सभी ग्रामों का कार्य पूर्ण हो चुका है।

- **पटवारी नक्शों के ऑनलाईन अद्यतीकरण का सॉफ्टवेयर–**

पटवारी नक ाों के ऑनलाईन अद्यतीकरण के लिए आई.आई.टी. कानपुर के माध्यम से सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। शीघ्र ही राज्य के रायपुर तहसील में पायलट परियोजना प्रारंभ की जा रही है।

- **जलग्रहण विकास परियोजना–**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संचालित जलग्रहण परियोजना विकसित करने के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग किया जाना है। जिसके माध्यम से राज्य के विभिन्न जी.आई.एस. लेयर्स जैसे एडमिनिस्ट्रेटिव बाऊंड्री, लैंड यूज/लैंड कवर, सॉईल, स्लोप तथा अन्य लेयर्स पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रदाय की जाने की कार्यवाही जारी है।

- **सड़क सूचना प्रणाली–**

1:50000 के स्केल पर टोपो ाीटवार सड़कों से संबंधित सूचना प्रणाली लोक निर्माण विभाग को उपयोग हेतु दी गयी है।

- **ज्ञान–विनिमय कार्यक्रम–**

ज्ञान–विनियम कार्यक्रम के अंतर्गत आई.आई.टी. कानपुर के सहयोग से इंजीनियरिंग कालेज रायपुर एवं सूचना प्रौद्योगिकी अध्ययन ााला गुरू घासीदास वि वविद्यालय, बिलासपुर में ई–क्लास रूम संचालित किये गये। उच्च ि ाक्षा विभाग से प्राप्त राि ा द्वारा कुरूद, राजनांदगांव, कबीरधाम एवं रायपुर के लिये 4 नये स्वीकृत किये गये ई–क्लास रूम में कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं इन महाविद्यालयों में आई.आई.टी. कानपुर में उपलब्ध वर्तमान अधोसंरचना के माध्यम से विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देने हेतु योजना बनाई गई है।

- **ई–प्रोक्योरमेंट–**

ई–प्रोक्योरमेंट का अर्थ किसी भी कार्य, सेवा या वस्तु की पूर्ति इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाना है। इसमें इन्डेन्ट प्रबंधन, ई–टेन्डरिंग, अनुबंध प्रबंधन, ई–भुगतान जैसी सुविधायें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त होगी। ई–प्रोक्योरमेंट का लाभ यह है कि इससे धन, समय एवं मानवीय श्रम मे बचत होगी तथा खरीदी प्रकिया सरल, पारद र्ी, गुणवत्तापूर्ण एवं सही–सही होगी।



इस परियोजना का लोकार्पण अगस्त 2007 को किया गया है। वर्तमान में यह योजना लोक निर्माण विभाग, सी.एस.आई.डी.सी. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग में लागू की गई है। इन विभागों के रू. 20 लाख से अधिक की प्रोक्यारमेंट प्रक्रिया इसी माध्यम से पूर्ण की जायेगी। अब तक ई– प्रोक्यारमेंट के माध्यम से रू छः सौ करोड. से अधिक की 375 निविदायें खोली जा चुकी हैं। इन विभागों द्वारा इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी का नामांकन किया गया है।

इस प्रणाली की कार्य पद्वति की जानकारी प्रदान करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं निविदाकर्त्ताओं की कार्य ाालाओं का आयोजन किया गया है। इस प्रणाली पर कार्य करने हेतु वि ोष प्रि ाक्षण भी दिया गया है।

- **राष्ट्रीय ई– ।ासन योजना–**

राष्ट्रीय ई– ।ासन योजना (एन.ई.जी.पी.) भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से स्वीकृत परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत राज्य में निम्नलिखित योजनाएं संचालित की जा रही हैं–

- **स्वान (स्टेट वाईड एरिया नेटवर्क) परियोजना–**

छत्तीसगढ़ स्टेट वाईड एरिया नेटवर्क परियोजना भारत शासन से स्वीकृत परियोजना है। इस परियोजना में राज्य के विभिन्न शासकीय कार्यालयों को ब्राडबैण्ड से जोड़ा जाना है। सी.जी. स्वान से सुरक्षित रूप से सूचना का Transaction संभव होगा, सामान्य सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.) का आधार होगा, आपदा प्रबंधन में सहायक होगा, नागरिकों की शासकीय सेवाएं कभी भी एवं कहीं भी प्राप्त हो सकेंगी। यह परियोजना BOOT Model (Build, Own,Operate, Transfer) पर आधारित होगी।

पांच वर्ष की इस परियोजना हेतु स्वीकृत कुल 91.27 करोड़ की रा‍ि ।ा में भारत शासन का अं ।ा 51.25 करोड़ तथा राज्य शासन का अं ।ा 40.02 करोड़ प्रस्तावित है इस परियोजना के कियान्वयन हेतु तैयार की गई आर.एफ.पी. को भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है।
राज्य में 1 राज्य प्रबंध केन्द्र रायपुर में, 17 जिला प्रबंधन केन्द्र एवं 131 विकास खण्ड प्रबंधन केन्द्र बनाये जायेंगे इस हेतु PWD को रू. 324.10 लाख की रा‍ि ।ा प्रदान की गई। उपरोक्त केंन्द्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड स्तर तक 2 Mbps की connectivity दी जायेगी इस हेतु BSNL से बेंडविड्थ हेतु MOU करने संबंधी स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है।

- **क्षमता विकास कार्यकम–**

राज्य में राश्ट्रीय ई– ।ासन कार्यक्रम लागू करने के लिए क्षमता विकास कार्य किया जा रहा है। इस हेतु राज्य का क्षमता विकास रोड मेप एन.आई.एस.जी. की कंसलटेंसी से तैयार किया गया है जिसके आधार पर यह परियोजना कियान्वित करना है, इसमें मूलतः मानव संसाधन महत्वपूर्ण है। ई– ।ासन रोड मेप के अंतर्गत राज्य की प्रारंभिक आव ।यकताओं का आंकलन किया जा चुका है, जिसके आधार पर क्षमता विकास कार्यकम की परियोजना तैयार कर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी गई है। उक्त योजना रू. 913 लाख की प्रस्तावित की गई है।

- **सामान्य सेवा केन्द्र (ग्रामीण चॉयीस सेन्टर)–**

ग्रामीण अंचल में सामान्य जन को राज्य शासन की जनोपयोगी जानकारियों को एक ही स्थान में शीघ्रता से पूरी वि ।वसनीयता से प्रदान करने हेतु सुविधा प्रदान करने के लिए सामान्य सेवा केन्द्र (जिसे ग्रामीण चॉईस सेंटर कहा जायेगा) रहेगा। यह केन्द्र स्वान परियोजना के नेटवर्क का प्रयोग कर जानकारियां प्रदान कर सकेगा। इस परियोजना में राज्य के प्रत्येक छः ग्रामों के बीच एक ग्राम में सामान्य सेवा केन्द्र बनाया जावेगा। यह केन्द्र स्वान परियोजना के नेटवर्क से मुख्यालय से जुड़ा रहेगा।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ई–गवर्नेस योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण भारत में एक लाख सामान्य सेवा केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 3,385 सामान्य सेवा केन्द्र राज्य़ के विभिन्न जिलों में स्थापित किये जायेगें। इस परियोजना के लिए रू. 53 करोड़ की रा‍ि ।ा भारत सरकार द्वारा परियोजना संचालन के लिए स्वीकृत की गई है। इस रा‍ि ।ा का 50 प्रति ।ात रू. 26.50 करोड़ एस.डी.ए. (सर्विस सेंटर एजेंसी) जो कि चिप्स है, को दिया जायेगा व शेष 50 प्रति ।ात रा‍ि ।ा राज्य को अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में प्रदान की जायेगी।

सामान्य सेवा केन्द्र परियोजना पब्लिक प्रायवेट पार्टनर ।ीप आधार पर संचालित की जायेगी। इस परियोजना में राज्य को 4 जोन में विभाजित किया गया हैं इन चार जोन के लिए निविदा बुलाकर एस.डी.ए. (सर्विस सेंटर एजेंसी) नियुक्त किये जायेगें। ये एस सी ए अपने जोन में आने वाले सामान्य सेवा केन्द्र के लिए वी.एल.ई. (विलेज लेवल इंटरप्रिनर) नियुक्त करेगा।

वर्ष 2008–09 में प्रदे ा में कुल 3,385 ग्रामों में ये केन्द्र खेले जाएगे। इन केन्द्रों में आधुनिकतम तकनीकी के माध्यम से ग्रामीणों को अपने गांव के आस–पास भाासन की कम्प्यूटरीकृत सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। इस परियोजना के कियान्वयन हेतु Requset for Proposal (RFP) का अनुमोदन भारत सरकार द्वारा किया जा चुका है। निविदा जारी किये जाने की कार्यवाहीं प्रगति पर है। वर्श 2008–09 के बजट प्रस्ताव में रू. 6.71 करोड़ का प्रावधान है यह राि ा राज्य को अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में भारत शासन से प्राप्त होगी।

- **ई–शासन रोड मैप–**

छत्तीसगढ़ दे ा का प्रथम राज्य है जो ई– ाासन की सुविधाओं को राज्य में प्रदाय करने के लिये रोड मैप तैयार कर चुका है। ई– ाासन का अर्थ शासकीय सेवाओं को सुविधापूर्ण तथा पारद ीि रूप से (इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से) नागरिकों को उपलब्ध कराया जाना है। इन सेवाओं को राज्य में प्रदान करने हेतु दस्तावेज तैयार किया जा चुका है, जिसका नाम ई– ाासन रोड मैप है। यह दस्तावेज सरकार के कार्यो को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रदान करने हेतु दि ाा बतायेगा। इस दस्तावेज के तीन भाग है– ई– ाासन दृष्टि, ई– ाासन रणनीति एवं ई– ाासन ब्लू प्रिंट।

इस कार्य हेतु एन.आई.एस.जी. को कंसलटेंट नियुक्त कर ई– ाासन दृष्टि प्रतिवेदन, ई– ाासन रणनीति प्रतिवेदन तथा ई– ाासन ब्लू प्रिंट तैयार किये जा चुके हैं, जिन पर विभागों की राय प्राप्त कर इसे अद्यतन कर लिया गया है। यह प्रतिवेदन जारी करने हेतु तैयार है।

- **स्टेट डाटा सेन्टर–**

भारत शासन, की राष्ट्रीय ई–गवर्नेस परियोजनाओं का एकीकृत डाटा भंडारण हेतु सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत शासन की वित्तीय सहायता हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी हैं। इस हेतु भारत शासन द्वारा नियुक्त कन्सल्टेन्ट द्वारा लगभग रू. 41.00 करोड़ की परियोजना प्रस्तावित की है।

- **गुणवत्ता प्रमाण पत्र–**

चिप्स में आई.एस.ओ. 9001:2000 के सफल कियान्वयन के लिये स्टीयरिंग कमेटी एवं कोर कमेटी का गठन किया गया है। चिप्स की विभिन्न शाखाओं की समय–समय पर बैठकों में विचार विम ा एवं असेसमेंट के पश्चात् क्वालिटी मैन्यूअल बनाया गया है। अगले चरण में इन्टरनल ऑडिटर, चिप्स की कोर कमेटी एवं स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों को प्रि ाक्षण प्रदान किया गया है।

- **BOSS (Bharat Operating System Solution)–**

चिप्स एवं सी–डैक, जो भारत सरकार की संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित परियोजना NRCFOSS programme के लिये समन्वयक विज्ञान वेत्ता संस्था है, के मध्य एम.ओ.यू. का निष्पादन अक्टूबर, 2007 को हुआ है। सी–डैक द्वारा ओपन सोर्स/लिनक्स पर BOSS (Bharat Operating System Solution) सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जो समस्त भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। सी–डैक सुपर कम्प्यूटिंग तथा क्षेत्रीय भाषाओं में कार्य करने के लिये जाना जाता है। यह ऑपरेटिंग सिस्टम अन्य सॉफ्टवेयर के मुकाबले सरलतापूर्वक कार्य करता है। यह सॉफ्टवेयर चिप्स को सी–डैक द्वारा निः ाुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। सी–डैक मध्य भारत में अपना पहला सेन्टर इसी राज्य में स्थापित कर रहा है। जहां से वह निकट के प्रदे ाों के उद्योगों तथा वि ोश कर कम्प्यूटर छात्रों, शैक्षणिक संस्थाओ के लिये विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करेगा। इस संबंध में विभिन्न विभागों को यह सूचित किया गया है कि उनके कार्यालय को इस संबंध में किसी भी प्रकार के सहयोग की आव यकता हो तो तत्काल इस कार्यालय से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इस कार्यालय द्वारा उक्त सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में विस्तृत मार्गद ान एवं सहयोग प्रदान किया जा सकेगा।

- **राज्य की छात्राओं में सूचना एवं संचार माध्यम से क्षमता का विकास–**

राज्य के मॉडल क्लस्टर स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं में सूचना एवं संचार माध्यम से क्षमता विकास करने के लिए भारत सरकार ने रू. 32 लाख की परियोजना पर स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न जिलों के 100 स्कूलों को एक–एक कम्प्यूटर प्रदान कर विभिन्न संस्थानों से प्राप्त सॉफ्टवेयर और कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं की बौद्विक क्षमता का विकास किया जायेगा। यह परियोजना राजीव गांधी ि क्षा मि ान के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना अंतर्गत कार्य करने के लिए संबंधित 100 शालाओं के ि क्षकों को जिला स्तर पर प्रि क्षण दिया जा चुका है तथा समस्त 100 शालाओं में हार्डवेयर उपलब्ध कर ि क्षा प्रदान करने का कार्य जारी है।

- **चिप्स द्वारा विभिन्न विभागों को दी जा रही तकनीकी सहायता–**

  - **एग्रीसनेट–** एग्रीसनेट योजना का मुख्य उद्दे य प्रदे ा के कृषको को इंटरनेट के माध्यम से उन्नत कृषि, बीज, उपकरण एवं कृषि तरीकों की जानकारी दी जाना है, ताकि कृषक उन्नत तकनीक का प्रयोग कर लाभ प्राप्त कर सकें। यह केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जो कृषि विभाग द्वारा संचालित किया जाना है। इस उन्नत तकनीक को ग्रामों तक पहुंचाने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित तकनीकी अधोसंरचना तैयार करने के लिये विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन बनाने हेतु कृषि विभाग ने चिप्स को दायित्व सौंपा जिसका विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर कृषि विभाग को प्रदान किया गया।

  - **जनसम्पर्क विभाग के समाचारों की इंटरनेट पर होस्टिंग–** चिप्स एवं जनसम्पर्क विभाग के मध्य फरवरी 2007 में हुए एम.ओ.यू. के अनुसार संस्था को जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार किये जा रहे समाचारों, अलेखों तथा फोटो आदि को विभाग की वेबसाईट पर तत्काल होस्ट करने हेतु जनसम्पर्क विभाग ने रू. 5.86 लाख की राि ा उपलब्ध कराई है।

  - **पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय हेतु पोर्टल की स्थापना–** वि ववविद्यालय के छात्रों हेतु एज्युके ान एवं नॉलेज पोर्टल हेतु आव यक तकनीकी सहायता चिप्स द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

  - **राज्य ग्रामीण विकास संस्थान हेतु ऑनलाईन ट्रेनिंग नेटवर्क–** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के दूरस्थ 110 ट्रेनिंग सेन्टर एवं 05 स्टूडियों की स्थापना एवं आर्फलाईन ट्रेनिंग हेतु नेटवर्क की स्थापना के लिये आव यक तकनीकी सहायता इसरो की सहयोग से प्रदान की जा रही है।

- **भिलाई में साफ्टवेअर पार्क की स्थापना–**

भिलाई में साफ्टवेअर टेक्नालॉजी पार्क स्थापित है। एस.टी.पी.आई. भिलाई के अंतर्गत कम्प्यूटर साफ्टवेअर के निर्माण हेतु विभिन्न साफ्टवेअर कम्पनीयों को कम लागत पर स्थान, ब्राडबैण्ड एवं विद्युत आदि की सुविधाऍ उपलब्ध करवाई जा रही है। वर्तमान में लगभग नौ विभिन्न साफ्टवेअर कम्पनीयां पंजीकृत हैं एवं इनके 85 व्यक्ति एस.टी.पी.आई में उक्त सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

- **सूचना सामर्थ्य योजना–**

राज्य के निवासियों को आई.टी. के क्षेत्र में रोजगार देने के लिये यह योजना प्रस्तावित है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के निवासी युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी की समर्थित सेवाओं में रोजगार देने वाले उद्योगों में कम से कम दो वर्ष के लिये रोजगार प्रदान किया जाना लक्षित है। बजट में प्रस्तावित राि ा रोजगार प्रदान करने वाले उद्योगों को बिना ब्याज के वित्तीय सहायता दिये जाने के लिये उपलब्ध करवाई जा सकेगी।

22.6 जैव प्रौद्योगिकी गतिविधियां–

जैव प्रौद्योगिकी के कार्यो का मूल लक्ष्य नागरिकों के हित में राज्य के जैविक संसाधनों का संरक्षण एवं विकास करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य में अद्योसंरचना का विकास तथा

मानवीय संसाधनों में वृद्धि करने का कार्य किया जा रहा है। जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निम्नलिखित परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं–

- **चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम–**

राज्य के एक मात्र शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में माह जुलाई 2005 से चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी में एम.एस.सी. का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम को पंडित रवि ांकर वि वविद्याालय की मान्यता प्राप्त है।

- **अनुवांशिक बीमारियों के निदान के लिये क्षेत्रीय केन्द्र एवं प्रयोग शाला–**

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के जैव रसायन विभाग में अनुवां ाक बीमारियों के निदान हेतु मालिक्यूलर बायोलॉजी स्तर की जांच के लिये केन्द्र की स्थापना की गई है। इस प्रकार की जांच का कोई केन्द्र राज्य में नहीं है। प्रतिवेदन अवधि में इस केन्द्र में 1,00,000 से अधिक रोगियों की जांच की गई है। इस केन्द्र सिकलसेल बीमारी के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका है।



नोटः– Door-To-Door Survey के कारण जिनेटिक काउंसिलिंग सेंटर पर मरीजों की संख्या कम है।

- **जैव प्रौद्योगिकी उद्यान–**

राज्य में जैव प्रौद्योगिकी उद्यान की स्थापना के लिये परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा चुका है। यह कार्य भारत सरकार द्वारा प्रमोटेड संस्थान बॉयोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड द्वारा किया गया है, संस्था द्वारा प्रतिवेदन तैयार किया जा कर संबंधित विभागों को विचारार्थ एवं सुझाव हेतु भेजा गया हैं। यह प्रतिवेदन अंतिम रूप से तैयार होने पर इस पर वित्तीय सहायता ली जा कर उद्य ान तैयार किया जायेगा।

- **पुरस्कार–**

बैंगलोर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बायोफेयर में विभाग को ज्यूरी स्पे ाल अवार्ड प्राप्त हुआ है।

अध्याय – 24

24.1 जेल

प्रदे ा में पांच सेन्ट्रल जेल, 10 जिला जेलें और 12 उप जेलें है। सभी जेलों का प्र ाासन जेल मुख्यालय से होता है। प्रदे ा के दुरांचल में स्थापित जेलों की प्र ाासन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिये समस्त जेलों को 05 अंचलों (सर्किल) में बांटा गया है। पांच सर्किल जेलें रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर और दुर्ग है। सभी जेलों की अधिकृत आवास क्षमता 3219 है।

24.1.1 बजट आबंटन तथा व्यय

जेलों के प्र ाासकीय तथा कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिये राज्य निर्माण के बाद से बजट आबंटन तथा व्यय निम्नानुसार रहा है।

तालिका क. – 24.01
बजट आबंटन तथा व्यय

(रा ि लाख रू. में)

क.	वर्श	आबंटन	व्यय
1	2000–01	1.52	1.93
2	2001–02	0.51	13.70
3	2002–03	113.56	124.91
4	2003–04	206.23	139.68
5	2004–05	217.14	195.26
6	2005–06	160.00	102.03
7	2006–07	256.00	199.17



24.1.2 बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रि ाक्षण

बंदी सजा के दौरान तथा सजा काटने के प चात आत्मनिर्भर बन सके इसलिये बन्दियों को प्रि ाक्षित बन्दियों तथा प्रि ाक्षकों के माध्यम से प्रि ाक्षण दिया जाता है। इसमे सिलाई, बुनाई, बढ़ई, लोहारी, वुडकार्विंग, प्रिन्टिग, बेलमेटल, फर्नीचर, मसाला बनाने, साबुन, जूट के सजावटी समान, टेराकोटा तथा मूर्ति उद्योग आदि का प्रि ाक्षण दिया जाता है। केन्द्रीय जेलों में महिला बंदियों को सिलाई, बुनाई, कढ़ाई आदि का प्रि ाक्षण दिया जाता है।

24.1.3 कल्याणकारी कार्य

योजना मद में प्राप्त रा ि से प्रदे ा की विभिन्न जेलों में किचन भोड, बाउण्ड्रीवॉल, वॉच टॉवर, कर्मचारियों के आवासगृह तथा अतिरिक्त बैरकों का निर्माण किया गया है।

24.2 विधिक सहायता

24.2.1 गरीबों को कानूनी सहायता :–

गरीबों तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों को कानूनी सहायता पहुंचाने एवं उन्हे अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण/उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निः ुल्क कानूनी सहायता उलब्ध करायी जा रही है । इस योजना के अंतर्गत किये गये व्यय एवं हितग्राहियों की जानकारी निम्नानुसार है :–

तालिका क. – 24.02

(राशि लाख में)

वर्ष	आबंटन	व्यय
2002-03	12.80	12.80
2003-04	20.00	20.00
2004-05	19.50	19.50
2005-06	21.50	21.50
2006-07	48.50	48.50
2007-08	123.50	98.50



तालिका क. – 24.03



उपरोक्त दंड आरेख से स्पश्ट है कि लोगों में अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा उनके द्वारा कानूनी सहायता प्राप्त की जा रही है ।

24.2.2 अधोसंरचना विकास
निर्माण कार्य –

राज्य में न्यायालयीन भवनों एवं न्यायिक सेवा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने पर वि ोश ध्यान दिया गया है । सभी न्यायालयों को मापदंडानुसार भवन उपलब्ध कराने का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है । जहॉ जहॉ अतिरिक्त भवन निर्माण विस्तारण किया जाना था, वहॉ अतिरिक्त निर्माण कराया जा रहा है ।

बोदरी, बिलासपुर में रू. 84.55 करोड़ की लागत से उच्च न्यायालय भवन एवं रू. 37.50 करोड़ की लागत से उच्च न्यायालय के न्यायाधी ों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कालानी का निर्माण पूर्णता पर है ।

तालिका क. – 24.04

न्यायालय भवन के लिए स्वीकृत राशि एवं व्यय की जानकारी

वर्ष	स्वीकृत राशि	व्यय
2003-04	12.38	183.72
2004-05	606.87	127.4
2005-06	860.55	185.49
2006-07	166.43	243.48
2007-08	8882.82	4899.51



कम्प्यूटरीकरण –

राज्य में उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों को कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रगति पर है। न्यायालयों के कम्प्यूटरीकरण पर वर्शवार निम्नानुसार व्यय किया गया है :–

तालिका क. – 24.05

वर्ष	व्यय (राि ा लाख में)
2004-05	27.00
2005-06	24.00
2006-07	27.00
2007-08	50.00